Foreword

BY

DEWAN BAHADUR HARBILAS SARDA

Literature embodies not only the intellect of a nation but also its spirit. It is a record of a people's learning, its wisdom, its refinement and its achievements in the material and the moral world. It is the embodiment of its culture and its civilization.

The Hindi Literature is the mirror which reflects the thought and the spirit of the Hindus during the time that Hindi has been their national language. To preserve this literature is to preserve for the benefit of the coming generations the traditions and the culture of the Hindus.

The Hindi literature is an index to the character and the capacities of the Hindus. Owing to geographical, historical and other reasons, Hindi has been the vehicle of expression of the thought and the spirit of the Hindus of the Northern and Central Hindustan including Rajasthan, which province has played a most important part in the history of India. Historically, Rajasthan has played a part in the history of India which no other province has done. It opposed and fought against the invaders in the twelfth century when Shahbuddin Ghori invaded India in 1191 A. D. and continued uninterruptedly to fight against the Pathans and the Mughals till the middle of the eighteenth century, when the Mughal Empire broke up. No other province kept up the fight so long. And the result was that not a foot of the land of Rajasthan was in the possession of the Mughals when the British succeeded the latter. The literary productions of Rajasthan, therefore, show what Rajasthan has thought, felt and achieved during the last ten centuries.

The Hindi literature of Rajasthan is a vast store-house. One branch of it is in *Dingal*, a form of Hindi, and is of the greatest importance. Literature in *Dingal* is of an unique quality, and the like of it is not to be found anywhere in India. The Rajputs are the most warlike people in the world. From father to son, for generations beyond count, the warrior's blood has been running in their veins. The war poetry of Rajasthan is all in *Dingal*. A recital of it tingles the blood and stirs one to action, as nothing else in the world does.

Before the Western education took root in Rajputana, literary productions in *Dingal* were universally recited and read, and the people were fired with enthusiasm and love of adventure. It was not the Rajputs alone but the people of "all the thirty six castes" that were roused to action by the recital of the brave deeds and the heroic lives of the people of Rajasthan. The Charans, the Bhats, the Dhadees and others sang the heroic deeds, and recited the *bats* (tales). the couplets and *Kahanees* (stories) of the lives of great men in every village and town in this Land of Chivalry. The Western system of education and the introduction af English which is the language of the administration, alas! killed that learning and knowledge, with the result that the youngmen in Rajputana have become more or less strangers to the chivalrous traditions and the high culture of this ancient province. Conditions of life also having been changed, the *Dingal* literature has been neglected so much so that men who understand the *Dingal* language and idiom have become scarce. The Rajput Rulers of Rajputana and their Sardars and Nobles who patronised and encouraged this literature have become strangers to it. There is no demand for *Dingal* literature, and priceless manuscripts in that language are disappearing. Spasmodic efforts have been made to save them from perishing. Col. James Tod, the immortal author of that wonderful book, *The Annals and Antiquities of Rajasthan*, and of

Travels in Western Rajputana, collected a few of these manuscripts and took them away to England on his retirement in the thirties of the nineteenth century. Dr. Rajendralal Mitter and later, Mahamahopadhaya Hari Prasad Sastri came to Rajputana from Calcutta to search for them. Dr. Buhler and Prof. S. Bhandarkar went to Jaisalmer and other places to find them. Dr. L. C. Tessitory did good work in his search for old Hindi manuscripts. He edited some of them.

The task of collecting and preserving these most valuable manuscripts is a stupendous one. There are *bhandars* and libraries in temples and *ashramas* and *upasaras* in the various states of Rajputana. Private collections and *Bakhars* innumerable, exist in all parts of Rajputana. What has so far been done in the matter is less than a farthing in a pound sterling. There are whole regions unexplored, treasures to be unearthed, underground cellars stocked with manuscripts, where the rays of light have not yet penetrated to be brought to light. These manuscripts will not only widen our horizon and make life richer, but will prove the essential unity of Indian life and culture, and reveal the inexhaustible source of national inspiration, and unfold the national future of the Hindus.

The Udaipur Hindi Vidyapith enterprise in collecting and preserving Hindi manuscripts is deserving of great praise, and its workers are to be congratulated on doing this nation-building work. Looking to the gigantic character of the work to be done, and considering the meagre resources at the command of the Udaipur Hindi Vidyapith, or of the individual workers in the field, great credit is due to P. Moti Lal Menaria M.A., who has already published an interesting book named *Dingal men Vir Ras,* for writing and publishing this new book, *Rajasthan men Hindi ki hastlikhit grantho ki Khoj.* He has devoted much time and energy to the discovery of old Hindi manuscripts in Rajputana, and all lovers of Hindi literature

are under obligation to him for the admirable work he is doing. The present book "The Search for Hindi Manuscripts in Rajasthan" is an important contribution to the efforts that have to be made by the people of Rajputana to preserve their literary heritage. I hope and trust P. Menaria's work will be appreciated by the Mewar State, and the enlightened Prime Minister of Udaipur, D. B. Sir T. V. Vijayaraghavachariar, K. B. E., with his love of learning, will give such financial and other help as will enable the Udaipur Vidyapith to continue its laudable work.

The present book enumerates 175 manuscripts and gives short notes on each one of them. Of these 175 books, 114 are in ordinary Hindi or *Braj Bhasha*, and 24 in *Dingal*. As regard the subjects of these 175 books, religious devotion, भक्ती, is the subject of twenty-seven of them, only nine being historical poems. The book has four appendices containing useful information.

I recommend the book to all lovers of historical traditions and culture of Rajasthan, and to all students of Hindi Literature.

AJMER,
24th April, 1942.

प्राक्कथन

राजस्थान हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के प्रथमाधिवेशन में स्वीकृत एक प्रस्ताव के अनुसार हिंदी विद्यापीठ, उदयपुर की कार्य-समिति जिस समय प्राचीन साहित्य के संग्रह, प्रकाशन आदि के लिये एक योजना तैयार करने बैठी उस समय मैंने समिति के सामने यह सुझाव रखा कि सब से पहले राजस्थान में हिंदी के हस्त-लिखित ग्रन्थों की खोज का कार्य किया जाय और जब यह काम पूरा हो जाय अथवा ठीक तरह से चलने लगे तब इसी तरह के किसी दूसरे ठोस साहित्यिक कार्य को हाथ में लिया जाय। मेरी यह राय समिति को पसन्द आई, लेकिन 'जो बोले सो तेल को जाय' वाली कहावत के अनुसार इसके श्रीगणेश का भार भी मेरे ही कंधों पर पड़ा। अतः समिति के आदेशानुसार मैंने खोज के सारे कार्य की एक सीमा-रेखा निश्चित की और सब से पहले मेवाड़, और मेवाड़ में भी सब से पहले यहाँ के तीन प्रसिद्ध राजकीय पुस्तकालयों—सरस्वती भंडार, सज्जन-वाणी-विलास और विक्टोरिया हॉल लाइब्रेरी—से ही इस काम को शुरु करना तय किया। तदनुसार इन पुस्तकालयों को देखने की आज्ञा-प्राप्ति के लिये मेवाड़ सरकार से प्रार्थना की गई और जब वहाँ से आज्ञा मिल गई तब ठीक वसंत पंचमी (शनिवार, सं० १९९७) के दिन अन्वेषण-कार्य प्रारंभ हुआ।

उल्लिखित राजकीय पुस्तकालयों में 'सरस्वती भंडार' यहाँ का सब से प्राचीन एवं महत्वपूर्ण पुस्तकालय है। इसमे हिंदी, संस्कृत, प्राकृत आदि कई भाषाओं के दो हजार के लगभग हस्तलिखित ग्रंथों का अच्छा संग्रह है जिनमें कई ऐसे हैं जो अभी तक न तो कहीं से प्रकाशित हुए हैं और न सर्वसाधारण की जानकारी में आये हैं। महाराणा भीमसिंह (सं० १८३४-८५) के समय में कर्नल टॉड ने इस पुस्तकालय को टटोला था और कुछ ग्रंथों की प्रतिलिपियाँ भी करवाकर वे अपने साथ विलायत लिवा ले गये थे। उनके बाद किसी भी दूसरे व्यक्ति को इसे सांगोपांग रूप से देखने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ। मेरा, कहना चाहिये, हिंदी का, बड़ा भाग्य है कि इसी सरस्वती भंडार की उन कोठरियों में जहाँ सूर्य-किरणों की पहुँच भी कठिनता से और कभी-कभी हो सकती थी कई महीनों तक बैठकर मैंने काम किया और वहाँ की ग्रंथ-संपत्ति की झाँकी हिंदी-संसार को कराई। 'सज्जन वाणी विलास' को महाराणा सज्जनसिंह (सं० १९३१-४१) ने सं० १९३२ में स्थापित किया था।

इसमें भी पांच सौ के लगभग हस्तलिखित ग्रंथ हैं। 'विक्टोरिया हॉल लाइब्रेरी' में इतिहास एवं पुरातत्व विषयक सामग्री अधिक और हस्तलिखित ग्रंथ थोड़े हैं। प्रस्तुत पुस्तक में दिये हुए विवरण अधिकतः इन्हीं पुस्तकालयों के ग्रंथों के हैं। कोई दस के क़रीब ग्रंथों के विवरण उदयपुर की अन्य प्राइवेट लाइब्रेरियों के भी हैं जिनका नामोल्लेख यथास्थान उनके विवरण के नीचे कर दिया गया है।

प्रारंभ में मेरा इरादा जितने भी हस्तलिखित ग्रंथ हाथ में आयें उन सब के नोटिस लेने का था। लेकिन बाद में, जब एक ही ग्रंथ की कई पाँडुलिपियाँ मिलीं, तब इस विचार को बदलना पड़ा। उदाहरणार्थ 'रसिक प्रिया' की ३१, 'कवि प्रिया की २७, 'सदैवछ सावलिंगा री वात' की १६, ढोला मारू रा दूहा' की १५, 'भाषा भूषण' की १५, 'जगत विनोद' की १२, 'सुंदर शृंगार' की ११ और 'विहारी सतसई' की १० प्रतियाँ प्राप्त हुईं। इसी तरह और भी कई ग्रन्थों की एक से अधिक प्रतियाँ देखने को मिलीं। इन सब प्रतियों के विवरण लेने तथा लेकर छपवाने में धन, समय और श्रम सभी का वृथा व्यय होता। अतएव मैंने एक ही ग्रन्थ की उपलब्ध सभी हस्तलिखित प्रतियों का एक साथ तुलनात्मक अध्ययन किया और जिन जिन ग्रंथों की विभिन्न प्रतियों में पाठान्तर पाया उन सब के नोटिस ले लिये और जिन जिन ग्रंथों की भिन्न भिन्न प्रतियों में पाठान्तर दिखाई नहीं दिया उनमें से सिर्फ एक, सब से प्राचीन, प्रति का विवरण लेकर शेष को छोड़ दिया। लेकिन इस नियम का निर्वाह भी पूरी तरह से न हो सका। कुछ विशेष कारणों से निम्नांकित चार ग्रंथों की सभी प्रतियों के विवरण लेने पड़े:—

(१) पृथ्वीराज रासो—इस ग्रंथ के संबंध में विद्वानों में कई वर्षों से वाद-विवाद चल रहा है, पर अभी तक कोई निश्चित मत स्थिर नहीं हो पाया है। इसके कई कारण हैं जिनमें एक यह भी है कि रासो का कोई प्रामाणिक एवं शुद्ध संस्करण अभी तक कहीं से भी प्रकाशित नहीं हुआ है। नागरी प्रचारिणी सभा, काशी की ओर से जो संस्करण निकला है वह पाठ की दृष्टि से बहुत भ्रमात्मक एवं भाषा-शास्त्र की दृष्टि से बहुत अशुद्ध है। वस्तुतः रासो की प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों में इतना छंदोभंग और पाठ की इतनी गड़बड़ी दिखाई नहीं देती जितनी कि इस मुद्रित संस्करण में देखी जाती है। अतः रासो की जितनी भी हस्तलिखित प्रतियाँ प्राप्त हो सकें उनको एकत्रकर उनके आधार पर एक नवीन संस्करण के प्रकाशन की इस समय बड़ी आवश्यकता है। और इसी आवश्यकता का अनुभव कर रासो की जितनी भी हस्तलिखित प्रतियाँ इस खोज में प्राप्त हुईं उन सब के विवरण मैंने

इस पुस्तक में दे दिये हैं। इधर इस पुस्तक को प्रेस में दे देने के बाद दो-एक प्रतियाँ और भी उपलब्ध हुई हैं। मेरा अनुमान है कि रासो की और भी १०-१५ प्रतियाँ मेवाड़ में मिलेंगी।

(२) सूर-सागर—इसका एक नवीन संस्करण कुछ वर्षों से नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के तत्वावधान में 'सूर समिति' की देख-रेख में खंडशः प्रकाशित हो रहा है जिसके सात अंक निकल भी चुके हैं। इस के संपादन-कार्य में २० प्राचीन प्रतियों से सहायता ली जा रही है जिनमें १८ हस्तलिखित और २ मुद्रित हैं। हस्त-लिखित प्रतियों में सब से प्राचीन प्रति श्रीयुत केशवदास शाह, रईस, काशी की है जो सं० १७५३ की लिखी हुई है। इधर सूरदास के बहुत उत्कृष्ट एवं चुनिंदा पदों के, सूर-सागर नाम के, दो संग्रह प्रस्तुत खोज में भी मिले हैं। इनमें से एक में ८१२ और दूसरे में १५० पद हैं। बड़े संग्रह की प्रति सं० १६६५ की लिखी हुई है। यह प्रति राठौड़ वंश की मेड़तिया शाखा के महाराज किशनदास के पठनार्थ लिखी गई थी। दूसरे संग्रह की प्रति सं० १७६३ की लिखी हुई है। यदि 'सूर-समिति' के सदस्य सूर-सागर के आगामी अंकों को निकालने के पहले इन प्रतियों को भी देखने का प्रबंध करलें तो कुछ अधिक लाभ होने की संभावना है।

(३) वेलि क्रिसन रुकमणी री— इसके अभी तक सिर्फ दो संस्करण छपे हैं—एक बंगाल की रॉयल एशियाटिक सोसाइटी की ओर से और दूसरा हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयाग की ओर से। इन दोनों के अंतिम दोहले में 'वेलि' का रचना काल सं० १६३७ [वरसि अचल (७) गुण (३) अंग (६) ससी (१) संवति] बतलाया गया है। लेकिन इसकी जो प्रतियाँ इधर मेरे देखने में आई हैं उनमें इसका निर्माण-काल सं० १६४४ (सोलै सै संवत चौमालै सै वरसै, सोम तीज वैसाष सुदि) लिखा मिलता है। यह बात विद्वानों के लिये विचारणीय है।

(४) बिहारी सतसई—इसके कई संस्करण हिंदी के भिन्न भिन्न प्रेसों से निकले हैं जिनमें स्वर्गीय बाबू जगन्नाथदास 'रत्नाकर', बी० ए० का 'बिहारी-रत्नाकर' सर्वश्रेष्ठ माना गया है। यह संस्करण वास्तव में बहुत अच्छा है और इसके पाठ-निर्णय, पाठ-संशोधन आदि पर परिश्रम भी बहुत किया गया है जो रत्नाकरजी जैसे विद्वान्, ब्रजभाषा पटु और काव्य-मर्मज्ञ ही का काम है। लेकिन दुर्भाग्य से इसमें भी एक दोष आ गया है। बिहारी की भाषा को रत्नाकर जी ने इतना माँज दिया है कि वह बिहारी की भाषा न रहकर एक तरह से रत्नाकर जी की भाषा हो गई है। बिहारी-रत्नाकर में कविता बिहारीलाल की भले ही हो लेकिन भाषा

अधिकतः उनकी नहीं है। सतसई की प्राचीन हस्तलिखित प्रतियाँ मेरे इस कथन का पुष्ट प्रमाण है। इसके सिवा रत्नाकरजी के 'कवच-शतक,' 'गंगावतरण' आदि की भाषा के साथ 'बिहारी-रत्नाकर' की भाषा का मिलानकर के भी इस कथन की सार्थकता सिद्ध की जा सकती है। अतः यह एक ऐसी न्यूनता है जो भविष्य में किसी समय भाषा-वैज्ञानिकों तथा व्रजभाषा-विकास का क्रमागत इतिहास लिखने वालों को उलझन में डाल सकती है। यदि हिंदी के विद्वानों का ध्यान कभी मेरे इस कथन की ओर आकर्षित हुआ और फलस्वरूप बिहारी की मूल भाषा को देखने की उत्कंठा उनमें जागरित हुई तो प्रस्तुत खोज में मिली हुई 'सतसई' की दस प्रतियाँ भी उनके लिये बड़े काम की सिद्ध होंगी।

कुल मिलाकर मैंने १२०० ग्रन्थों की १५०० के लगभग प्रतियाँ देखीं और ३०० के नोटिस लिये। मूल योजना के अनुसार इस प्रथम भाग में इन तीन सौ ही प्रतियों के विवरण दिये जाने को थे, लेकिन कागज की महँगी के कारण ऐसा न हो सका और १७५ ग्रन्थों (२०१ प्रतियों) के विवरण देकर ही संतोष करना पड़ा इन १७५ ग्रंथों में २६ ग्रंथ (परिशिष्ट २) ऐसे हैं जिनके रचयिताओं के नाम पहले से ज्ञात थे, पर ये ग्रन्थ उनके नये मिले हैं। ४४ ग्रंथकारों के रचे हुए ५० ऐसे ग्रन्थों (परिशिष्ट ३) का पता लगा है जिनके नाम मिश्रबंधु विनोद में नहीं हैं। इनमें पाँच-चार ग्रन्थ ऐसे भी हैं जो कर्नल टॉड, डा० टैसीटरी, मोहनलाल-दलीचंद देसाई आदि अन्य विद्वानों को भी मिले हैं। इनके अतिरिक्त १३ ग्रन्थों (परिशिष्ट ४) के रचयिताओं के नाम अज्ञात हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर ८० के लगभग ग्रंथ इस खोज में नये मिले हैं। समस्त १७५ ग्रंथ निम्नलिखित विषयों में इस प्रकार विभक्त हैं:—

(१)	भक्ति	... २७	(११)	संगीत	... २
(२)	रीति और पिंगल	.... २३	(१२)	राजनीति	... १
(३)	सामान्य काव्य	... २२	(१३)	शालिहोत्र	.... १
(४)	कथा-कहानी	... १८	(१४)	वृष्टि-विज्ञान	... १
(५)	धर्म अध्यात्म और दर्शन	... १४	(१५)	गणित	... १
(६)	टीका	... १०	(१६)	स्तोत्र	... १
(७)	ऐतिहासिक काव्य	... ८	(१७)	वैद्यक	... १
(८)	जीवन-चरित	.. ७	(१८)	कोश	... १
(९)	शृंगार काव्य	.... ५	(१९)	विविध	... १८
(१०)	नाटक	... ४	(२०)	संग्रह	... १०

उपरोक्त ग्रन्थों में ११४ ग्रन्थ ब्रजभाषा के, २४ डिंगल के, २० बोलचाल की राजस्थानी के तथा २ अवभ्रंश भाषा के हैं और. शेष १५ ग्रन्थों की भाषा पिंगल-राजस्थानी का मिश्रण है।

अनुसंधान की सारी योजना को कार्यान्वित करने तथा उसे गति देने में कई सज्जनों का हाथ रहा है और इन सब के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना भी एक आवश्यक बात है। लेकिन यह काम श्रीयुत जनार्दनराय जी नागर का है और वही इसे करेंगे। परन्तु श्रीयुत लक्ष्मीलाल जी जोशी, एम० ए०, एल एल० बी० डाइरेक्टर ऑफ पब्लिक इंस्ट्रक्शन, मेवाड़ तथा श्रीयुत जनार्दनराय जी को धन्यवाद देने की नैतिक जिम्मेदारी मेरे ऊपर है। जिस लगन, धैर्य और निस्वार्थ भाव से इन दोनों सज्जनों ने मेवाड़ में हिंदी के लिये क्षेत्र तैयार किया है, वह वास्तव में एक इतिहास की बात है। यदि मेवाड़वासियों का यह कहना कि 'सर० टी० विजय राघवाचार्य (प्रधान मंत्री) और राव साहब मनोहरसिंह जी (गृह-सचिव) ने अपनी उदार नीति से मेवाड़ की जनता को राजनैतिक क्षेत्र में दो कदम आगे बढ़ाया है', ठीक है, तो फिर यह भी सत्य है कि उनके जन-जागृति के संदेश को हिंदी माध्यम द्वारा जनसाधारण तक पहुँचाकर उनके मार्ग को सुलभ जोशी जी और नागर जी ने किया है। हिंदीवालों में अब यहाँ हीनता का भाव (Inferiority Complex) नहीं रहा। उनमें इतना नैतिक बल आ गया है कि अंग्रेजी पढ़े-लिखों के सामने खड़े होकर वे भी अपने विचार प्रकट कर सकते हैं, उनकी भी प्रतिष्ठा है और वे भी शिक्षित माने जाते हैं। मेवाड़ में हिंदी-ज्ञान अब दूषण नहीं रहा, गुण बन गया है। इतना ही नहीं, हिंदी पढ़-लिखकर लोग अब यहाँ सम्मानपूर्वक अपनी उदर-पूर्ति भी कर सकते हैं और कर भी रहे हैं। मेवाड़ के लिये यह बात कितने महत्व की है, इसका ठीक ठीक अनुमान सिर्फ वही लोग लगा सकते हैं जिनको रजवाड़ों की पश्चाद्वर्त्ती गति-नीति का पता है। अस्तु, इन सज्जनों ने मेवाड़ में हिंदी-प्रचार ही नहीं किया, बल्कि जनता की नैतिक दशा (Moral Tone) को भी बढ़ाया है और प्रस्तुत खोज की सफलता, यदि इसे सफलता कही जा सके, का श्रेय तो अधिकतर इन्हीं दोनों को है। अतः मैं इनके प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकाशित करता हूँ।

राजस्थान में अनेक यशस्वी साहित्यान्वेषी हो गये हैं और इस समय भी यहाँ कई ऐसे विद्वान मौजूद हैं जो अपने पूर्वगत साहित्य-ऐतिहासिकों की चलाई हुई शोध-परंपरा का बड़ी योग्यता तथा सचाई के साथ पालन कर रहे हैं। इन सब

के विद्यमान होते हुए भी मैंने इस काम को हाथ में लिया, यह वास्तव में एक बहुत हास्यजनक बात और संकोच का विषय है। लेकिन कुछ तो मित्रों के आग्रह से और कुछ यह सोचकर कि राष्ट्रभाषा हिंदी की सेवा, थोड़ी-बहुत और खोटी-खरी, जैसी भी बन सके, करने का अधिकार सभी को है मैंने यह निर्लज्जता स्वीकार की है। वस्तुतः जिस समय मैंने इस काम को हाथ में लिया मेरे सामने वही समस्या और मेरे मन में वही भाव थे जो कविराजा जोगीदास के मन में उस समय उठे थे जिस समय उन्होंने 'हरि-पिंगल-प्रबंध' को लिखने के लिये क़लम उठाई थी। अतः अच्छा तो यही होगा कि इस संबंध में मैं अपनी तरफ से अधिक कुछ न कहकर उन्हीं के शब्दों को दोहराकर अपने प्रेमी पाठकों से विदा लूँ:—

> चाखी सैसव चारखा, मैं मन कीधऊ पेष।
> कांकीड़ा छोड़ै न की गज घूमंतां देष॥
> हणमत सहजै डाकियो, गो लोपै महराण।
> न की न कूदे दादरो, हत्थ बेहत्थ प्रमाण॥
> रांणी गज-मोताहलॉ श्रोढ़ मँडै सणगार।
> की भीली झालै नहीं गल गुँजाहल हार॥

उदयपुर,
ता० १०-४-४२

—मोतीलाल मेनारिया।

निवेदन

अपने पाँच वर्षों के शिशुकाल में हिन्दी-विद्यापीठ ने निस्सन्देह ऐसे कार्य किये हैं जो उसके अस्तित्व के लिए प्रमाण-पत्र हो सकते हैं। उदाहरणार्थ अखिल भारतीय *हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग द्वारा संचालित हिन्दी-विश्व-विद्यालय* की परीक्षाओं के लिए नियमित रात्रि-विद्यालय चलाना, प्रगतिशील साहित्यकारों का संगठन करना, विद्वानों द्वारा नागरिकता-प्रवचन करवाना, राजस्थान-हिन्दी-साहित्य सम्मेलन का प्रथमाधिवेशन बुलाना तथा पूरे १॥ वर्ष तक उसके प्रान्तव्यापी कार्य का नम्रतापूर्वक संचालन करना, आस पास के खेड़ों में रात्रिशालाएँ चलाना और साक्षरता प्रचार के लिए मनोवृत्ति तथा आन्दोलन करना। इन छोटे-मोटे लोक-जीवन के निर्माण कार्यों के अलावा हि० वि० पी० ने अब खोज तथा प्रकाशन-विभाग की स्थापना कर मानो अपने हृदय की ही जैसे स्थापना कर ली है। इस प्रकार हिन्दी-विद्यापीठ अब पाँच वर्षों से राष्ट्रभाषा हिन्दी और प्राचीन राजस्थानी साहित्य के प्रचार, प्रसार और उद्धार आदि का एक लोकमान्य प्रयत्न कर रहा है।

मेवाड़ ही नहीं, राजस्थान के प्राचीन साहित्य की खोज, सम्पादन तथा प्रकाशन का काय अनिवार्यतः आवश्यक है। राजस्थान के प्राचीन साहित्य के प्रकाशन और उसकी अधुनातन साहित्य-निर्माण की प्रवृत्तियों में उसके पृष्टवत् समन्वय के बिना यह संभव नहीं है कि राजस्थान की लोकवंद्य आत्मा अपनी सच्ची रसवती अभिव्यक्ति पा सके और राष्ट्रवाणी के शील, शक्ति तथा सौन्दर्य के निर्माण और स्पर्श में उचित योग और आधार दे सके। दिन था, राजस्थान ने मुगल-काल में सारे आर्य भारत का सांस्कृतिक और क्रान्तिकारी नेतृत्व किया था। भारतीय स्वाधीनता के ऐतिहासिक युद्धों तथा राजपुरुषों और नेताओं तथा सन्तों की यह तेज पुञ्ज धरणी है। उसकी दबी हुई आत्मा के वाग्विलास के प्रदर्शन बिना, उन अमर और दूबे रस-झरणों से एका किये बिना हिन्दी के राष्ट्रीय साहित्य में जीवन का ऐतिहासिक परम्परा का बल कैसे आयेगा? जिस प्रकार कोई भी सरिता समुद्र से अयुक्त नहीं रह सकती, राजस्थान के प्राचीन साहित्य के दर्शन, स्पर्श और अनुभूति से अलग भी हमारी कोई भी स्वस्थ राष्ट्रीय धारा नहीं रह सकती। राजस्थान के प्राचीन साहित्य—विशेषकर डिंगल—के योजनाबद्ध और विवेकशील उद्धार तथा प्रकाशन

और प्रचार के बिना अतीत का गौरव राजस्थान और भारत का मध्य युग आज के महिमामय भारत तथा उसके आधुनिक युग के साथ संयोग नहीं साध सकता।

इसीलिए हि० वि० पी० ने समस्त राजस्थान के प्राचीन साहित्य की खोज, सम्पादन और प्रकाशन के लिए अपने विस्तृत और दृढ़ संगठन में अलग अलग विभाग खोल दिये हैं और मेवाड़ के अनुभवी साहित्य-मर्मज्ञों तथा जानकारों के सहयोग में इस विभाग ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है—सब से पहिला काम जो उसने उठाया है, वह मेवाड़ के प्राचीन डिंगल-पिंगल साहित्य के ग्रंथों का परिचय-पत्रक तैयार करना है। यह सारा काम १०।१२ भागों में समाप्त होने की संभावना है। इसके बाद यही काम राजस्थान में फैला दिया जायेगा। इस काम के साथ २ डिंगल ग्रंथों के सम्पादन तथा प्रकाशन के कार्यक्रम पर भी ध्यान दिया जायगा। शब्द कोष, गद्य का इतिहास, आधुनिक विश्रुत साहित्यकारों के सम्मान तथा उनकी कृतियों के प्रकाशन का काय भी किया जायगा। प्रारंभ में ही हमें जिस प्रेम के साथ राजस्थान के गण्यमान्य जनों का सजीव सहयोग प्राप्त हुआ है उसे देखते हुए यह कार्य सांगोपांग समाप्त होगा, ऐसी आशा है। ईश्वर ने आज दिन तक हि० वि० पी० की कोई भी मनोवांछा अधूरी या अपूर्ण नहीं रक्खी। तीन रुपये से प्रारंभ होकर आज प्रति मास पांचसौ रुपये खर्च करने तक का बल आजाना भगवान की कृपा न कहें तो और क्या कहा जायगा? क्योंकि हि० वि० पी० के सभी कार्यकर्त्ता मजदूर पेशा हैं। कोई पूँजीपति नहीं, कोई सत्ताधारी नहीं। ऐसे निराधार शिक्षकों और मध्यवर्ग के व्यक्तियों के आन्दोलनों का सारा बल निर्बल के बल राम ही तो हैं।

इस महान् कार्य के उठाते ही हमें पाँच हजार की प्रारम्भिक आवश्यकता आ पड़ी है। इतने मूल धन से हम इस कार्य को स्थायी बना देने की आशा रखते हैं। हर्ष का विषय है कि श्रीमान रामगोपालजी मोहता के संबंधी श्री गोपाल जी मोहता ने इस फंड के लिए ५००) रु० एक मुश्त देकर हमें प्रोत्साहित ही नहीं, वरन आभारी भी किया है। अब हमारी चिन्ता ४५००) रु० ही की रही है। इस चिन्ता को हल्का करने में मेवाड़ सरकार ने भी हमें उचित सहायता देकर उत्साहित किया है। मेवाड़ सरकार तथा उसके वर्तमान प्रधान मंत्री श्री टी० विजयराघवाचार्य जी की ही बदौलत हम राजकीय पुस्तक भाण्डारों की पुस्तकों को जनता के लाभ के लिए इस प्रकार सुलभ करवा सके हैं नहीं तो वहाँ सूर्य की रश्मि का पहुँचना भी दुष्कर था। प्रचीन ज्ञान तथा साहित्य के ऐसे महत्वपूर्ण संग्रहालयों को तो लोक

मन्दिर होना चाहिये। ईश्वर के परम अनुग्रह से रा. हि. सा. सम्मेलन के अवसर पर प्रदर्शिनी में हम पहली बार जनता को प्राचीन पुस्तकों का दर्शन करा सके। यह सब श्री राघवाचार्य जी की ही बदौलत हो सका है। अब भी यह उन्हीं का प्रोत्साहन है कि हम इतना बड़ा कार्य हाथ में ले बैठे हैं। श्रीयुत रावत सुजानसिंह जी, भगवानपुरा, महता साहब श्री फतहलालजी तथा श्रीयुत ठाकुर करणी दानजी साहब को हम क्या धन्यवाद दें ? ये तो हमारे गुरुजन हैं। हमें इस कार्य में तन, मन तथा धन से यही सहायता कर रहे हैं और करते रहेंगे। यह इन्हीं का काम है।

राजस्थान के डिंगल तथा अन्य प्राचीन साहित्य के उद्धार के प्रेमी तथा साधकों में रायबहादुर श्री रामदेव जी चोखानी का सादर उल्लेख होना ही चाहिये। आप ही ने धन तथा अन्य सहायता से इस कार्य का श्रीगणेश करवाया था। आप जैसे आदरणीय जन इस यज्ञ के पुरोहित हैं। श्री भागीरथ जी कानोड़िया ने भी हमें आर्थिक सहायता दी है। इनकी निष्काम सहायता हमारी आन्तरिक शक्ति है। इसके अलावा हमें राजस्थान भर के प्राचीन साहित्य के प्रेमियों की मदद के आश्वासन मिले हैं। युद्ध के इस कठिन काल में कागज के दाम अत्यधिक बढ़ जाने पर भी हमने पहला भाग निकालना ही उचित समझा। साधुमना तपस्वी प्रसिद्ध विद्वान श्रीमान मुनि जिन विजयजी ने खोज विभाग के साथ अपना अधिक से अधिक सहयोग देने का वचन दिया है। श्रीमान मुनिजी तो हमारे इस माने में सब से बड़े अभिभावक ही हैं। श्री उदयसिंह जी भटनागर, एम० ए०, इस विभाग के संयोजक हैं और दूसरे भाग का काम यही कर रहे हैं। मेवाड़ के एक अच्छे कवि, कार्यकर्त्ता तथा विद्वान का इस प्रकार कांक्षापूर्ण सहकार्य पाकर कौन सहयोगी कृतकृत्य न होगा ?

अन्त में श्रद्धेय हर बिलास जी सारड़ा को धन्यवाद देना भी मैं अपना परम कर्त्तव्य समझता हूँ जिन्होंने इस पुस्तक की भूमिका लिख देने की महती कृपा की है।

हिन्दी विद्यापीठ,
उदयपुर

जनार्दनराय नागर,
प्रधान मंत्री

भूमिका

राजस्थान में हिन्दी-साहित्य विषयक शोध।

हिन्दी साहित्य के निर्माण, विकास एवं प्रसार में भारतवर्ष के जिन जिन प्रान्तों ने भाग लिया है उनमें राजस्थान का अपना एक विशेष स्थान है। राजस्थान-वासियों को इस बात का गर्व है कि उनके कवि-कोविदों ने हिन्दी साहित्य के प्रायः सभी अंगों पर अनेक ग्रंथों की रचनाकर उनके द्वारा हिन्दी के भंडार को भरा है। राजस्थान में सैंकड़ों ही ऐसे प्रतिभाशाली साहित्यकार हो गये हैं जिनके ग्रंथ हिन्दी साहित्य की अमूल्य संपत्ति और हिन्दी भाषा-भाषियों के गौरव की वस्तु माने जाते हैं। हिन्दी के आदि काल का इतिहास तो एक तरह से राजस्थान के कवियों ही की कृतियों का इतिहास है। राजस्थान का डिंगल साहित्य, जो वस्तुतः हिन्दू जाति का प्रतिनिधि साहित्य कहा जा सकता है और जिसमें हिन्दू संस्कृति की झलक सुरक्षित है, यहाँ के साहित्यिकों की हिन्दी साहित्य को अपनी एक अपूर्व देन है। यह समस्त साहित्य बहुत सजीव, बहुत उज्ज्वल एवं बहुत मार्मिक है और साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ साथ इतिहास और भाषा-शास्त्र की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है। लेकिन खेद है कि हिन्दी के विद्वानों ने इसे अभी तक उपेक्षा के भाव से देखा है। परिणामस्वरूप इसका एक बहुत बड़ा अंश तो नष्ट हो गया है और थोड़ा बहुत जो बच रहा है वह भी शनैः शनैः दीमक-चूहों का आहार बनता जा रहा है।

हिन्दी भाषा की यह अमूल्य और अवशिष्ट साहित्यिक सामग्री जो राजस्थान में स्थान स्थान पर अस्त-व्यस्त दशा में पड़ी हुई है और जिसको नष्ट होने से बचाना हिन्दी-हितैषियों का प्रथम आवश्यक कर्त्तव्य है, भाषा की दृष्टि से चार भागों में विभक्त हो सकती है— (१) डिंगल साहित्य (२) पिंगल साहित्य (३) जैन साहित्य और (४) लोक साहित्य।

(१) डिंगल साहित्य

राजस्थान का प्राचीन और मध्यकालीन साहित्य अधिकतर डिंगल भाषा में लिखा हुआ मिलता है। यह डिंगल राजस्थान की बोलचाल की भाषा राजस्थानी का साहित्यिक रूप है और पिंगल (ब्रजभाषा) की अपेक्षा अधिक प्राचीन, अधिक साहित्य-संपन्न तथा अधिक ओज-गुण-विशिष्ट है और नागर अपभ्रंश से पैदा हुई है। डिंगल का अपना पृथक् छंद-शास्त्र, पृथक् काव्य-शैली और पृथक् व्याकरण है। यद्यपि ब्राह्मण, राजपूत, भाट, मोतीसर, ढाढ़ी आदि कई जातियों के लोगों ने अपने ग्रंथों द्वारा डिंगल साहित्य को समृद्धिशाली बनाया है, पर इसके विकास, पोषण और उन्नयन में चारण जाति का हाथ विशेष रहा है और इसलिये कोई कोई विद्वान डिंगल साहित्य को चारण साहित्य भी कहते हैं। हिन्दी के प्रति की हुई चारण जाति की अमूल्य सेवाओं को चिरस्मरणीय रखने के लिये यह नाम उचित और न्याय-संगत भी प्रतीत होता है।

डिंगल में ऐतिहासिक काव्य-ग्रंथ तथा फुटकर गीत, दोहा, छप्पय आदि विशेष मिलते हैं जिनमें प्रसंगानुसार शृंगार, शान्त आदि नवों रसों का उद्रेक बड़ी सफलता के साथ हुआ है, लेकिन प्रधानता वीररस की है। कुछ ग्रंथ ऐसे भी हैं जिनमें भगवान श्रीराम-कृष्ण की लीलाएँ वर्णित हैं। इनके सिवा धर्म, नीति, इतिहास, छन्द-शास्त्र, शालिहोत्र, वृष्टि-विज्ञान इत्यादि अन्यान्य विषयों के ग्रंथ भी डिंगल में एक बहुत बड़ी संख्या में उपलब्ध होते हैं। ये ग्रंथ गद्य-पद्य दोनों में हैं। विषय और रचना-प्रणाली की भिन्नता के विचार से डिंगल की इस समस्त सामग्री को स्थूल रूप से हम चार भागों में विभक्त कर सकते हैं:—

(१) महाकाव्य तथा खंडकाव्य (ऐतिहासिक और पौराणिक)
(२) फुटकर गीत, दूहा, छप्पय, झूलणा आदि
(३) ख्यात-वचनिकाएँ, वंशावलियां आदि
(४) धर्म, नीति, शालिहोत्र, छद शास्त्र, शिल्प शास्त्र आदि विषयक ग्रंथ

(२) पिंगल साहित्य

शुद्ध ब्रजभाषा अथवा राजस्थानी मिश्रित ब्रजभाषा के लिये राजस्थान में पिंगल नाम प्रचलित है। राजस्थान में पिंगल के ग्रंथ तथा फुटकर कवित्त-सवैये भी प्रचुर परिमाण में मिलते हैं। ये कविताएँ अधिकांश में राजाश्रित कवियों द्वारा लिखी गई हैं और इनमें शृंगाररस के विषय अधिक देखने में आते हैं। कहीं कहीं शान्त और वीररस भी है। इसके सिवा दादू पंथ, चरणदासी पंथ, निरंजनी पंथ, राम

स्नेही पंथ के अनुयायी संत-महात्माओं का साहित्य भी इसी भाषा में लिखा मिलता है। हिंदी-साहित्यान्वेषकों ने संयुक्तप्रान्त के पिंगल ग्रंथों को खोज निकालने का तो स्तुत्य उद्योग किया है, पर राजस्थान के पिंगल कवियों के बारे में उनकी जानकारी प्रायः नहीं के बराबर है। अतएव इन कवियों के विषय में उन्होंने अपने हिंदी साहित्य के इतिहास कहे जाने वाले ग्रंथों में बहुत सी निराधार, भ्रमात्मक और कपोल-कल्पित बातें लिख मारी हैं। इन भ्रांतियों को दूर करना अत्यावश्यक है और लाभप्रद भी। लेकिन जबतक इस समस्त सामग्री का ठीक तरह से संग्रह, संपादन और प्रकाशन नहीं हो जाता तबतक इस दिशा में क़दम उठाना अनुचित और वृथा है। अतएव इस दृष्टि से भी राजस्थान के पिंगल साहित्य को एकत्र करना वांछनीय प्रतीत होता है।

(३) जैन साहित्य

राजस्थान के साहित्य-सृजन में जैन धर्मावलंबियों का भी एक बहुत बड़ा हाथ रहा है। जैन कवियों और जैन विद्वानों के लिखे हुए बहुत से ग्रंथ यहाँ के जैन उपाश्रयों तथा अन्य पुस्तकालयों में उपलब्ध होते हैं जिनमें साहित्य के अतिरिक्त धर्म-शास्त्र, वैद्यक, कामशास्त्र आदि अनेकानेक विषयों का वैज्ञानिक विवेचन किया हुआ मिलता है। इसके सिवा प्राकृत, संस्कृत तथा डिंगल-ग्रंथों के अनुवाद और उनकी तिलक-टीकाएँ भी बहुत सी मिलती हैं। इन ग्रंथों की भाषा राजस्थानी मिश्रित हिन्दी है जिस पर गुजराती का प्रभाव बहुत अधिक दिखाई पड़ता है। गुजरात में जैन मतानुयायी सेठ-साहूकारों तथा जैन साहित्य-प्रेमी विद्वानों ने इसकी खोज और रक्षा का अच्छा प्रबन्ध कर रखा है। राजस्थान मे भी इस प्रकार के उद्योगों की बड़ी आवश्यकता है।

(४) लोक साहित्य

डिंगल साहित्य ही के समान सजीव, सरस एवं भावपूर्ण राजस्थान का लोक साहित्य भी है जो सैंकड़ों वर्षों से लोगों के कंठों में बस रहा है और जिसका राज-स्थान के घर-घर में प्रचार है। यह कंठस्थ साहित्य अधिकतः गीत-कहानियों के रूप में मिलता है और राजस्थान-निवासियों के रक्त में इस तरह घुल-मिल गया है कि उनके जीवन का एक अविभाज्य अंग बन गया है। राजस्थान का कोई त्यौहार, कोई उत्सव और कोई धार्मिक अनुष्ठान ऐसा नहीं जो इन गीतों के बिना पूरा हो सके। वर्षा ऋतु में, होली-गणगोर के दिनों में और विवाह आदि धार्मिक संस्कारों के मौक़ों पर जब कभी स्त्रियों के कंठ से निकलकर इन गीतों की ध्वनि कर्णगोचर

होती है तब मन की विचित्र दशा हो जाती है और सुननेवाले बड़े-बड़े कवियों का काव्य-चमत्कार और गायकों का स्वर-माधुर्य्य भूल जाते हैं। इन गीतों में राजस्थान के लोक जीवन की प्रकृत एवं सुकुमार भावनाओं की अभिव्यंजना दृष्टिगोचर होती है। गीत क्या हैं, राजस्थान-वासियों के गार्हस्थ्य जीवन, उनके सुख-दुख, उनकी आशा-निराशाओं के सजीव चित्र हैं।

गीतों के बाद राजस्थान के लोक साहित्य का दूसरा महत्वपूर्ण अंग कहानियाँ हैं जिनको राजस्थानी में 'वातों' कहते हैं। इन कहानियों में धार्मिक, नैतिक, पौराणिक, ऐतिहासिक आदि अनेकानेक विषयों का उद्घाटन सीधी-सादी, घर की बोली में बड़ी रोचकता के साथ किया गया है और ये गद्य-पद्य दोनों में मिलती हैं। ये वही कहानियाँ हैं जिनको सुना-सुनाकर राजस्थान की माताएँ अपने पुत्रों को देशाभिमान तथा पुत्रियों को पातिव्रत धर्म की शिक्षा देती आई हैं। ये वही कहानियाँ हैं जिन में वर्णित आदर्शों का पालनकर राजस्थान के असंख्य वीर-वीरांगनाओं ने अपने वीरोचित कार्यों द्वारा राजस्थान और भारतवर्ष के इतिहास को ही नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति के इतिहास को प्रकाशमान कर दिया है! लेकिन दुख है कि ऐसे गौरवपूर्ण साहित्य की इस समय बड़ी दुर्दशा हो रही है। कारण है, पाश्चात्य शिक्षा। इसकी वजह से लोग अब इसे गँवारू तथा हीन श्रेणी का समझने लग गये हैं और दिन-दिन भुलाते जारहे हैं। अतएव इस समय इस बात की बड़ी आवश्यकता है कि इस समस्त मौखिक साहित्य को लिपिबद्ध कर लिया जाय। यदि राजस्थान के साहित्य सेवियों ने शीघ्र ही इस ओर ध्यान नहीं दिया तो पीढ़ी-दर-पीढ़ी से आई हुई उनकी यह सारी साहित्यिक संपत्ति उनके देखते ही देखते धरापृष्ठ से अवलुप्त हो जायगी और इस के अभाव में राजस्थान-वासियों का लौकिक जीवन भी उतना ही शुष्क और नीरस हो जायगा जितना शुष्क और नीरस यहाँ का मरुस्थल है, न कम न ज्यादा।

राजस्थान की लोक साहित्य विषयक समस्त सामग्री का वर्गीकरण नीचे लिखे अनुसार हो सकता है:—

(१) लोक गीत और ग्राम्य गीत
(२) कहानियाँ (वातों)
(३) दंतकथाएँ, वातलार्थ और प्राचीन ऐतिह्य
(४) कहावत-मुहावरे, पहेलियाँ, ओखाणाँ आदि

राजस्थान में हिंदी साहित्य संबंधी जो कुछ सामग्री जिस जिस रूप में भी उपलब्ध होती है उसका दिग्दर्शन ऊपर कराया गया है। इस से स्पष्ट है कि यदि इस समस्त सामग्री को एकत्र किया जाय तो इससे हिंदी साहित्य के इतिहास पर ही नहीं, किन्तु अखिल भारतवर्ष के धार्मिक, सांस्कृतिक तथा राजनैतिक इतिहास पर भी एक नवीन एवं अभूतपूर्व प्रकाश पड़ सकता है। राजस्थान तथा राजस्थान के बाहर के कुछ विद्वानों के प्रयत्नों से इस साहित्य का थोड़ा सा अंश प्रकाश में आया अवश्य है, लेकिन इसे यहाँ की उस विशाल साहित्य-राशि का एक अणु मात्र ही समझना चाहिये जो अभी तक अंधकार में है। आगे हम राजस्थान में हिन्दी साहित्य विषयक शोध करनेवाले विद्वानों का कुछ परिचय देते हैं।

(१) कर्नल जेम्स टॉड—ये स्कॉटलैंड के निवासी मिस्टर जेम्स टॉड के दूसरे पुत्र और हेनरी टॉड के पौत्र थे। इनका जन्म सं० १८३६ में इंग्लैंड के इसलिंग्टन नामक स्थान में हुआ था। संवत १८५६ में जब इनकी आयु १७ वर्ष की थी तब ये भारतवर्ष में आये और पहले पहल देशी पैदल सेना में लैफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त हुए। इंजीनियरी के काम में निपुण होने के कारण दूसरे ही वर्ष गवर्नमेंट ने इन्हें दिल्ली के पास पुरानी नहर की पैमाइश का काम सौंपा जिसे इन्होंने बड़ी योग्यता के साथ पूरा किया। सं० १८६२ में ये दौलतराव सिंधिया के दरबार के सरकारी राजदूत तथा रेजिडेंट मि० ग्रीम मर्सर के साथ रहनेवाली सरकारी सेना के अध्यक्ष बनाये गये। उस वक्त सिंधिया का मुकाम मेवाड़ में था और मि० मर्सर को आगरे से जयपुर की दक्षिणी सीमा में होते हुए उदयपुर पहुँचना था। आगरे से रवाना होते ही कर्नल टॉड ने अपना पैमाइश का साज-सामान संभाला और बड़ी मेहनत करके सारे मार्ग की पैमाइश का कार्य पूर्ण किया। शनैः शनैः इन्होंने राजस्थान के अन्य मार्गों के भी इस तरह के छोटे २ कई नक़शे बना लिये जिनके आधार पर एक बहुत बड़ा नक़शा तैयार किया गया जिससे आगे चलकर राजस्थान में पिंडारी-मरहट्टों आदि का दमन करने में सरकार को बड़ी मदद मिली।

सं० १८७० में टॉड साहब को कप्तान का पद मिला और चार वर्ष बाद, सं० १८७४ में जब अंग्रेजी सरकार ने राजस्थान के विभिन्न राज्यों से संधि करना प्रारंभ किया तब ये उदयपुर, जोधपुर, कोटा, बूंदी, सिरोही और जैसलमेर राज्यों के पोलिटिकल एजेंट नियुक्त हुए और सं० १८७९ तक इस पद पर बने रहे। फिर स्वदेश को चले गये जहाँ सं० १८६२ में इनका देहान्त हुआ।

टॉड साहब बड़े वीर, सहृदय एवं सरल प्रकृति के पुरुष थे और छोटे-बड़े, अमीर-ग़रीब सभी तरह के लोगों से मिलते तथा उनके दुख-दर्द को सुनते थे। उक्त गुणों के कारण थोड़े ही दिनों में ये राजस्थान में इतने लोकप्रिय हो गए कि जब कभी किसी गाँव में जाते तो लोगों के झुंड के झुंड उनका स्वागत करने के लिये सामने आते थे। कई गाँवों में तो देशी प्रथा के अनुसार गीत गाती हुई ग्रामीण स्त्रियाँ आकर उनको कलश बँदाती थीं। राजस्थान की राजपूत जाति से टॉड साहब को विशेष प्रेम था। राजपूत वीरों की कहानियाँ और उनकी वीरता के गीत सुनते सुनते आनंदोद्रेक मे वे कभी कभी इतने मस्त हो जाते थे कि अपनी सुध-बुध भूल जाते थे और कभी कभी उनके मुख मंडल पर एक विचित्र प्रकार का हर्षोल्लास दिखाई पड़ता था। कहा करते थे—"मैं अपनी शेष आयु यहीं व्यतीत कर के राजपूतों की इस वीर भूमि को ही अर्पण कर देना चाहता हूँ"। लेकिन सरकारी कुचक्रों के कारण उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हुई। राजस्थान के कारण टॉड साहब समस्त भारतवर्ष को ही एक पवित्र देश समझने लग गये थे और अपनी मातृभूमि इंग्लैंड की तरह इसे भी पूज्य और महान् समझते थे। अतः सं० १८८० में इंग्लैंड जाने के लिये जब ये बंबई से जहाज में बैठे तब इनको बड़ा दुख हो रहा था। जहाज के किनारा छोड़ते ही ये उसके डेक पर चढ़ गये और जब तक हिन्दुस्तान की धरती इनकी आँखों से ओझल नहीं हो गई तब तक डबडबाई आँखों से बराबर उसकी ओर देखते रहे।

टॉड साहब लगभग २५ वर्ष तक राजस्थान में रहे। लेकिन इस सारे समय को उन्होंने केवल सरकारी नौकरी में ही नष्ट नहीं किया। सरकारी काम-काज के साथ साथ वे ऐतिहासिक शोध का कार्य भी करते रहे और यहाँ से रवाना होने के समय तक उन्होंने शिलालेख, ताम्रपत्र, सिक्के आदि का इतना बड़ा संग्रह कर लिया कि विलायत पहुँचने पर ७५ पौंड तो उन्हें उसके महसूल ही के देने पड़े। हिंदी-डिंगल के ग्रंथ भी टॉड साहब ने कई इकट्ठे किये थे जिनमें पृथ्वीराज रासो, खुँमाण रासो, हमीर रासो, रतन रासो, विजय-विलास, सूर्य प्रकाश, जगत विलास, राज-प्रकाश आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। राजस्थान में रहकर टॉड साहब ने यही समृद्धि जमा की और इसी को वे अपना जीवन सर्वस्व समझते थे। उनकी मृत्यु के बाद यह सब सामग्री लंदन की रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के भेंट हुई।

उपरोक्त सामग्री के आधार पर टॉड साहब ने 'ऐनल्स ऍड-ऍटिक्विटीज़-ऑव

राजस्थान' नामक एक भारी इतिहास-ग्रंथ का निर्माण किया जिसका पहला खंड सं० १८८६ में और दूसरा सं० १८८६ में प्रकाशित हुआ। इसने कर्नल टॉड और राजपूत जाति दोनों को अमर कर दिया। इतिहास-ग्रंथ तो संसार में और भी कई हैं लेकिन टॉडकृत 'राजस्थान' अपने ढंग का एक ही है। कारण, इसमें इतिहास की प्रामाणिकता और महाकाव्य की भव्यता है। राजपूतों की वीरता, उनके उत्कर्ष, उनकी डाँवाडोल स्थिति और पतनादि का टॉड साहब ने ऐसा सजीव, निष्पक्ष, नैसर्गिक एवं क्षोभपूर्ण वर्णन किया है कि पढ़ते ही रोमांच खड़े हो जाते हैं और राजस्थान का प्राचीन गौरवपूर्ण इतिहास मूर्तिमान होकर आँखों के सामने घूमने लगता है। राजस्थान में रहने के कारण टॉड साहब राजस्थान के लोक जीवन, राजस्थान की संस्कृति और राजस्थान के रीति-रिवाजों से पूरी तरह से परिचित हो गये थे। अतः उनके इस ग्रंथ से यह नहीं सूचित होता कि यह किसी विदेशी विद्वान की रचना है। यही प्रतीत होता है, मानों विदेशी भाषा के माध्यम द्वारा किसी राजस्थानी विद्वान की आत्मा बोल रही है।

ऐसे समय में जब कि राजस्थान में रेल, डाक, सड़कों आदि की कोई सुविधा न थी, टॉड साहब ने सैंकड़ों मील की पैदल तथा घोड़ा-गाड़ी में यात्राकर यहाँ ऐतिहासिक शोध का उपक्रम किया, इससे उनके अगाध इतिहास-प्रेम, अथाह परिश्रम तथा अद्वितीय शोध-बुद्धि का परिचय मिलता है और इस सुयोग के लिये उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाय थोड़ी है।

(२) कविराजा श्यामलदास—ये दधवाड़िया गोत्र के चारण मेवाड़ राज्य के ढोकलिया गाँव के निवासी थे। इन के पूर्वज मारवाड़ राज्य के मेड़ते परगने के गाँव दधवाड़ा में रहते थे और रूण के सांखले राजाओं के पोलपात थे। जब राठोड़ों ने सांखलों से उनका राज्य छीन लिया तब वे मेवाड़ में चले आये। उनके साथ श्यामलदास जी की के पूर्वज भी यहाँ आकर बसे। दधवाड़ा गाँव से आने के कारण ये दधवाड़िया कहलाये।

श्यामलदासजी का जन्म सं० १८६३ में आषाढ़ कृष्णा ३, मंगलवार को हुआ था। इनके पिता का नाम कमजी और दादा का रामदीन था। ये हिन्दी, संस्कृत, डिंगल आदि कई भाषाओं के मर्मज्ञ विद्वान और प्रतिभावान कवि थे। इन्होंने 'वीर विनोद' नामक एक बहुत बड़ा इतिहास-ग्रंथ बनाया जिसके लिये सामग्री आदि जुटाने में मेवाड़ सरकार का एक लाख रुपया खर्च हुआ था। 'वीर विनोद' में मुख्यतः मेवाड़ का इतिहास ही वर्णित है पर प्रसंगवश जयपुर, जोधपुर, जैसल-

मेर आदि राजस्थान की अन्य रियासतों तथा बहुत से मुसलमान बादशाहों का विवरण भी इस में आ गया है जिससे इसकी उपादेयता और भी बढ़ गई है। प्राचीन शिलालेखों, दानपत्रों, सिक्कों, बादशाही फरमानों इत्यादि का इसमें अपूर्व संग्रह हुआ है।

'वीर विनोद' के सिवा 'पृथ्वीराज रहस्य की नवीनता' नामक एक दूसरा छोटा ग्रन्थ भी श्यामलदासजी ने लिखा था। इसमें इन्होंने ऐतिहासिक प्रमाण-युक्तियों द्वारा पृथ्वीराज रासो को एक जाली काव्य-ग्रंथ सिद्ध किया है। श्यामलदासजी पहले व्यक्ति थे जिन्होंने पृथ्वीराज रासो में वर्णित संवत्-घटनाओं को अशुद्ध तथा अनैतिहासिक बतलाया और उसके वास्तविक महत्व को हिंदी संसार के सामने रखा।

राजस्थान के विभिन्न राज्यों में अपने आदमियों को भेजकर श्यामलदासजी ने हिंदी, डिंगल आदि के बहुत से प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथ भी मंगवाये थे जो इस समय यहाँ के राजकीय पुस्तकालय 'सरस्वती भण्डार' और 'सज्जन-वाणी-विलास' में सुरक्षित हैं।

इनके ऐतिहासिक शोध के कार्य्य और पांडित्य से प्रसन्न होकर अंग्रेजी सरकार ने इन्हें महामहोपाध्याय की और महाराणा सज्जनसिंहजी ने कविराजा की उपाधि से विभूषित किया था। इनका देहान्त सं० १९५१ में हुआ।

(३) डा० एल० पी० टैसीटरी—ये इटली देश के निवासी थे। इनका जन्म सं० १९४५ में हुआ था। सं०१९७१ में प्रसिद्ध भाषा-वैज्ञानिक डा०ग्रियर्सन की सिफारश पर बंगाल की एशियाटिक सोसाइटी की ओर से डिंगल भाषा के ग्रंथों की शोध का काम करने के लिये ये भारतवर्ष में आये। यहाँ आकर इन्होंने सब से पहले अपने कार्य की एक विस्तृत योजना तैयार की और उसे उक्त सोसाइटी की कौंसिल के सामने रखा और जब वह वहाँ से स्वीकृत हो गई तब उसके अनुसार कार्य करना प्रारंभ किया। खोज का कार्य पहले थोड़ा सा जोधपुर में और बाद में बीकानेर रियासत में हुआ। परिणामस्वरूप डिंगल साहित्य तथा राजस्थान के इतिहास संबंधी बहुत सी नई सामग्री प्रकाश में आई। इस काम के करने में डाक्टर साहब को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जिसका अनुमान रजवाड़ों में इस तरह का कार्य करनेवालों ही को हो सकता है। लेकिन डाक्टर साहब को अपने काम की धुन थी। अतः इन अड़चनों की कुछ भी परवा न करके ये अपने काम को उत्तरोत्तर आगे बढ़ाते रहे। जोधपुर-बीकानेर के बाद राजस्थान की अन्य रियासतों

में भी ये खोज का कार्य करना चाहते थे, पर उनकी यह इच्छा फलवती नहीं हुई। हिंदुस्तान के उष्ण जलवायु तथा खोज के कठिन परिश्रम के कारण उनका स्वास्थ्य दिन-दिन गिरता गया और अंततः सं० १९७५ में केवल ३० वर्ष की अल्पायु में उनका देहान्त हो गया।

डा० टैसीटरी एक विदेशी विद्वान थे और डिंगल उनके लिये एक बिल्कुल ही नई भाषा थी। फिर भी बहुत थोड़े ही समय में उन्होंने इस भाषा को सीख लिया और इसकी विशेषताओं से परिचित हो गये। शोध के काम को बराबर जारी रखते हुए इन्होंने डिंगल के कुछ ग्रंथों का संपादन किया और अनेक हस्तलिखित प्रतियों के विवरण तैयार किये जिनको बंगाल की एशियाटिक सोसाइटी ने पुस्तकाकार तीन भागों में प्रकाशित किया है।

संपादित ग्रन्थों के नाम ये हैं:—

(१) छंद राउ जैतसी रउ

(२) वचनिका राठौड़ रतनसिंहजी री महेसदासोत री

(३) वेलि क्रिसन रुकमणी री

उल्लिखित तीनों ग्रन्थों के प्रारंभ में टैसीटरी महोदय की लिखी हुई भूमिकाएँ हैं जिनमें उनके रचयिताओं की कविता, भाषा-शैली आदि की बड़ी मार्मिक और विद्वतापूर्ण आलोचना की गई है। कर्नल टॉड के बाद डा० टैसीटरी दूसरे ऐसे विदेशी विद्वान् यहाँ आये जिन्होंने डिंगल साहित्य का अध्ययनकर उसकी ऐतिहासिक तथा भाषा-विज्ञान संबंधी विशेषताओं को पाश्चात्य विद्वानों के सामने रखा और उसकी प्रतिष्ठा बढ़ाई। वस्तुतः भारतीय वाङ्मय में आज डिंगल साहित्य को थोड़ा-बहुत जो भी गौरव का स्थान मिला है, इसे बहुत कुछ डा० टैसीटरी के परिश्रम और लेखन-चातुर्य ही का फल समझना चाहिये।

(४) मुंशी देवीप्रसाद—ये गौड़ जाति के कायस्थ थे। इनका जन्म सं० १९०४ में अपने नाना के घर जयपुर में हुआ था। इनके पिता का नाम नत्थनलाल था। सोलह वर्ष की आयु में मुंशी जी पहले पहल टोंक रियासत में नौकर हुए जहाँ इन्होंने १९ वर्ष तक नौकरी की। लेकिन बाद में हिन्दुओं के हित की रक्षा के प्रयत्न में इनकी टोंक के मुसलमान अधिकारियों से अनबन हो गई जिससे इन्हें उक्त रियासत को छोड़ना पड़ा। टोंक से ये सीधे जोधपुर चले गये। वहाँ इन्होंने कई वर्षों तक मुंसिफ का काम किया और मर्दुमशुमारी के महकमें पर भी रहे। वहीं सं० १९८० में इनका देहावसान हुआ।

मुंशी जी बड़े विद्या-रसिक, बहुश्रुत और इतिहास-प्रेमी थे। सरकारी नौकरी के बाद जितना भी समय शेष रहता उसे ये ऐतिहासिक खोज के कार्य में लगाते थे। इन्होंने पचास से ऊपर ग्रन्थ और कई फुटकर लेख लिखे जिनसे भारतीय इतिहास, विशेषतः भारत के मुसलमानकालीन इतिहास, पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। इन ग्रन्थों में 'कविरत्नमाला' 'महिला-मृदुवाणी' 'राजरसनामृत' और 'राजस्थान में हिन्दी पुस्तकों की खोज,' ये चार ग्रन्थ ऐसे हैं जो हिन्दी साहित्य के इतिहास के लिये भी अत्यन्त उपयोगी सामग्री प्रस्तुत करते हैं।

मुंशी जी ने राजस्थान और राजस्थान के बाहर के लगभग ८०० हिन्दी कवियों की एक सूची तैयारकर के मिश्रबंधुओं के पास भेजी थी जिसमें २०० के लगभग कवि बिल्कुल नये थे। हमारे खयाल से शिवसिंह सेंगर के बाद मुंशी जी के सिवा और कोई भी व्यक्ति हिन्दी में ऐसा नहीं हुआ जिसने अकेले अपने ही अनुसंधान से इतनी बड़ी संख्या में हिन्दी के प्राचीन कवियों का परिचय हिन्दी-संसार को दिया हो। एक बात और है। शिवसिंहजी ने अपने ग्रन्थ 'सरोज' में संग्रहीत कविताओं के रचयिताओं के विषय में जो टिप्पणियाँ दी हैं वे अधिकांश में अनुमानाश्रित और अनैतिहासिक हैं। लेकिन मुंशी जी ने 'कवि रत्नमाला,' 'महिला मृदु वाणी' आदि में कवियों के जो जीवन-चरित्र लिखे हैं वे प्रमाण-पुष्ट एवं तर्क-संगत हैं और इतिहास की कसौटी पर भी खरे उतरते हैं।

(५) बाबू रामनारायण दूगड़—इनका जन्म सं० १६०६ में उदयपुर में हुआ था। ये जाति के दूगड़ महाजन थे। इनके पिता का नाम शेषमल था। दूगड़ जी उर्दू, फ़ारसी, संस्कृत, अंग्रेजी आदि कई भाषाएँ जानते थे और हिंदी भी बहुत अच्छी लिखते थे। राजस्थानी भाषा और राजस्थान के इतिहास से इनकी बड़ी अभिरुचि थी। इन्होंने 'मुंहणोत नैणसी री ख्यात' के प्रथम भाग और 'बांकीदास ग्रन्थावली' के दूसरे भाग का संपादन किया जो नागरी प्रचारिणी सभा, काशी की ओर से प्रकाशित हुए हैं। इनके सिवा इन्होंने बड़ी खोजकर के नीचे लिखे चार ग्रन्थ और भी बनाये थे जिनका इतिहास प्रेमियों में बड़ा आदर है:—

(१) राजस्थान रत्नाकर
(२) राणा साँगा
(३) पृथ्वीराज चरित्र
(४) वीर भूमि चित्तौड़गढ़

बाबू रामनारायण जी की मृत्यु सं० १६८८ में हुई।

(६) महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री—ये शांडिल्य गोत्र के ब्राह्मण थे। इनका जन्म सं० १६१० में नैहाटी नामक गाँव में हुआ था, जो कलकत्ते से २४ मील उत्तर दिशा में है। इनके पिता का नाम रामकमल था। शास्त्री जी संस्कृत भाषा के उद्भट विद्वान और संस्कृत-साहित्य के अनन्य प्रेमी थे। बंगाल की एशियाटिक सोसाइटी की ओर से इन्होंने कई वर्षों तक बड़ी लगन और बड़े परिश्रम के साथ संस्कृत-साहित्य की खोज का काम किया जिससे सैकड़ों ही नवीन ग्रन्थ प्रकाश में आये और संस्कृत के बहुत से प्राचीन कवियों के रचना-काल, वंश आदि के विषय में नई बातें मालूम हुईं।

संवत् १६६६ में उक्त सोसाइटी ने डिंगल भाषा के ग्रन्थों के अनुसंधान का कार्य भी इन्हीं को सौंपा। एतदर्थ इन्होंने राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, भरतपुर, बूंदी आदि विभिन्न राज्यों का तीन बार दौरा किया और डिंगल भाषा के थोड़े से ग्रन्थों को खरीदकर और ६०।७० की प्रतिलिपियाँ करवाकर अपने साथ बंगाल की एशियाटिक सोसाइटी की लाइब्रेरी के लिये लिवा ले गये। सं० १६७० में शास्त्री जी ने अपने भ्रमणका पूरा हाल लिखकर उक्त सोसाइटी को दिया जिसे उसने 'Preliminary Report On The Operation In Search Of Mss. Of Bardic Chronicles' के नाम से प्रकाशित किया है। यह रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा में है और इसमें डिंगल शब्द की उत्पत्ति, डिंगल भाषा और साहित्य, चन्दबरदाई और पृथ्वीराजरासो, चारण, भाट, मोतीसर आदि जातियों का इतिहास, क्षत्रिय जाति की सूची, शेखावाटी का इतिहास इत्यादि बातों पर संक्षेप में प्रकाश डाला गया है।

इस प्रकार एशियाटिक सोसाइटी के तत्वावधान में शास्त्रीजी द्वारा व्यवस्थित रूप में डिंगल साहित्य की खोज का श्रीगणेश हुआ। आगे चलकर इसी काम को डा० टैसीटरी ने अपने हाथों में लिया जिनका परिचय ऊपर दिया जा चुका है।

महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री का देहान्त सं० १६८८ में ७८ वर्ष की अवस्था में हुआ।

(७) ठाकुर भूरसिंह शेखावत—ये जयपुर राज्य के मलसीसर ठिकाने के स्वामी थे। इनका जन्म सं० १६१६ में हुआ था। बड़े सदाचारी और सात्विक विचारों के सज्जन थे। ये कई वर्षों तक जयपुर स्टेट कौंसिल के मेंबर रहे और बड़ी नेकनीयती के साथ अपने काम को संभाला। ठाकुर साहब इतिहास तथा

कविता के मर्मज्ञ विद्वान और साहित्य-चर्चा के प्रेमी थे। इन्होंने 'विविध संग्रह' तथा 'महाराणायशप्रकाश', ये दो संग्रह-ग्रन्थ तैयार किये जो राजस्थान में बहुत लोकप्रिय हुए। 'विविध संग्रह' में डिंगल और पिंगल के कवियों की नीति, उपदेश आदि विभिन्न विषयों की थोड़ी सी कविताओं का संकलन किया गया है। 'महाराणा यश प्रकाश' में बाप्पारावल से लगाकर महाराणा फतहसिंह तक के मेवाड़ के महाराणाओं की प्रशंसा में लिखे हुए राजस्थानी कवियों के डिंगल भाषा के गीत, कवित्त आदि हैं। संवत १९८२ में जिस समय यह ग्रन्थ प्रकाशित होकर सामने आया तब लोगों ने इसकी बड़ी प्रशंसा की और डा० ग्रियर्सन, डा० ओझा, दीवान बहादुर हरविलास सारड़ा आदि विद्वानों ने इसे इतिहास की दृष्टि से भी अत्यन्त महत्वपूर्ण बतलाया। डिंगल कवियों की कविताओं को संकलित करके हिंदी-संसार के समक्ष रखने का राजस्थान में यह एक छोटा पर पहला प्रयत्न था।

श्रीयुत ठाकुर भूरसिंहजी का देहान्त सं० १९८६ में हुआ।

(८) **श्री सूर्य्यकरण पारीक**—इनका जन्म सं० १९५६ में बीकानेर के एक उच्च पारीक ब्राह्मण कुल में हुआ था। इनके पिता का नाम उदयलाल था, जो बीकानेर के श्री दरबार हाई स्कूल में अध्यापन का कार्य करते थे। पारीकजी ने हिन्दू विश्व विद्यालय से अंग्रेजी और हिंदी दोनों में एम० ए० पास किया था। ये बिड़ला कॉलेज, पिलाणी के वाइस प्रिंसिपिल तथा हिंदी-अंग्रेजी के प्रोफेसर थे। सुयोग्य अध्यापक एवं प्राचीन साहित्यान्वेषी होने के साथ ही साथ पारीक जी बहुत अच्छे लेखक तथा समालोचक भी थे और राजस्थानी साहित्य की सेवा और उसके पुनरुद्धार को अपने जीवन का लक्ष्य समझते थे। इन्होंने राजस्थानी साहित्य संबंधी १५ के लगभग उच्च कोटि के लेख लिखे और निम्नांकित चार ग्रन्थों का संपादन किया:—

(१) ढोला मारू रा दूहा
(२) *वेलि क्रिसन रुक्मणी री*
(३) राजस्थानी वार्ता
(४) राजस्थानी लोक गीत
(५) जटमल ग्रन्थावली
(६) राउ जैतसी रो छंद

उपरोक्त ग्रन्थों में अंतिम दो अप्रकाशित हैं, शेष सब छप चुके हैं। इनके संपादन-कार्य में श्रीयुत ठाकुर रामसिंहजी तथा श्रीयुत नरोत्तम स्वामी का भी हाथ

रहा है। लेकिन इनकी भूमिकाएँ विशेषतः पारीक जी ही की लिखी हुई हैं।

पारीकजी का देहान्त सं० १९९६ में हुआ।

(६) पं० रामकर्ण आसोपा—पंडित जी का जन्म वि० सं० १९१४ भादो वदि २, शुक्रवार को अपने नाना के घर मारवाड़ राज्य के बड़लू नामक गाँव में हुआ था। ये जाति के दाहिमा ब्राह्मण हैं। इनका आद्य स्थान मेड़ता है, जहाँ से इनके पिता बलदेवजी जोधपुर में आकर बस गये थे। पंडित जी की माता का नाम शृङ्गार देवी था, जो पति की परम भक्त और पतिव्रता स्त्रियों में गणना करने योग्य महिला थी।

पंडित जी जब पाँच वर्ष के थे तब इनकी शिक्षा प्रारंभ हुई। हिन्दी तथा गणित का थोड़ा सा ज्ञान हो जाने पर इन्होंने 'सारस्वत' पढ़ना प्रारंभ किया जिसके साथ साथ श्रीमद्भागवत के दशम स्कंध का पाठ भी चलता रहा। तदनन्तर इन्हें रघुवंश आदि काव्य एवं ज्योतिष तथा वैद्यक के ग्रन्थ पढ़ाये गये। फिर अपने पिता के साथ बंबई चले गये जहाँ भारत मार्तण्ड, प्रज्ञाचक्षु प्रसिद्ध पंडित गट्टूलाल जी के पास रहकर सिद्धान्त कौमुदी, महाभाष्य, वेदान्त, काव्य, नाटक, साहित्य इत्यादि विषयों का अध्ययन किया। संवत् १९४२ में ये श्री दरबार हाई स्कूल, जोधपुर में अध्यापक नियुक्त हुए, जहाँ सोलह वर्ष तक रहे। वहाँ से इनका तबादला राजकीय इतिहास-कार्यालय में हुआ। यहाँ पर इनका मुख्य काम शिलालेखों को पढ़ने तथा उनका अनुवाद करने का था। इन्होंने सैंकड़ों पुराने शिलालेख तथा ताम्रपत्र पढ़े और कई पुरातत्व-शोधक यूरोपियन विद्वानों के पढ़े हुए लेखों का संशोधनकर उन्हें Indian Antiquary, Epigraphia Indica आदि जरनलों में छपवाये। पंडित जी दो साल के लिये कलकत्ता विश्वविद्यालय में राजपूत इतिहास के लेक्चरार भी रह चुके हैं।

राजस्थान के वर्तमान साहित्य सेवियों में पंडित रामकर्ण जी सब से वृद्ध हैं। इनकी आयु इस समय ८४ वर्ष की है। ये संस्कृत-हिंदी के सुज्ञाता, प्रसिद्ध इतिहासकार तथा पुरातत्व के लब्धप्रतिष्ठ पंडित हैं और इस समय के डिंगल भाषा के विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं। इनके द्वारा रचित तथा संपादित ग्रन्थों की संख्या ४५ के लगभग है जिनमें से हिन्दी-डिंगल के संपादित ग्रन्थों के नाम नीचे दिये जाते हैं:—

(१) अनुभव प्रकास (२) वंश भास्कर (३) जसवंत जसो भूषण (४) जसवंत भूषण (५) अमृत रस संग्रह (६) मुंहणोत नैणसी री ख्यात (७) कवि

कल्पलता (८) सूरज प्रकास (एक अंक) (९) राज रूपक (१०) बाँकीदास ग्रन्थावली (प्रथम भाग) (११) कर्ण पर्व

इस समय पंडित जी डिंगल भाषा का एक बृहत् कोष तैयार कर रहे हैं। जिसके लिये ६०००० के लगभग शब्दों का संग्रह हो चुका है।

(१०) डा० गौरीशंकर-हीराचंद ओझा—इनका जन्म सिरोही राज्यान्तर्गत रोहेड़ा नामक गाँव में सं० १९२० में हुआ था। ये सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण हैं। इनके पिता का नाम हीराचंद और दादा का पीताम्बर था। इनके पूर्वज मेवाड़ के रहनेवाले थे। किन्तु लगभग ३०० वर्ष से वे सिरोही में जाकर बस गये थे। पंडित जी के पिता एक विद्यानुरागी तथा कर्मनिष्ठ व्यक्ति थे और अपने तीन पुत्रों में इन्हें सबसे होनहार एवं चतुर समझते थे। इसलिये आर्थिक स्थिति के खराब होते हुए भी उन्होंने इन्हें ऊँची शिक्षा दिलाने का दृढ़ निश्चय कर लिया और हिंदी, संस्कृत, गणित आदि की जितनी भी शिक्षा इनके गाँव में मिल सकती थी उतनी इन्होंने प्राप्त कर ली तब इनके बड़े भाई नंदराम के साथ इन्हें बंबई भेज दिया। अर्थ संकट और नाना प्रकार कठिनाइयों का सामना करते हुये सं० १९४२ में पंडित जी ने मेट्रिक्युलेशन की परीक्षा पास की और बाद में विल्सन कॉलेज में भर्ती हुए। पर शारीरिक अस्वस्थता के कारण इंटरमीडियेट की परीक्षा में न बैठ सके और अपने गाँव रोहेड़ा में चले आये।

बंबई में पण्डित जी को अपनी मानसिक शक्तियों को विकसित करने का अच्छा अवसर मिला। स्कूल तथा कालेज में जो पाठ्य पुस्तकें नियत थीं, उनके सिवा भी इन्होंने ग्रीस तथा रोम के इतिहास और पुरातत्व संबन्धी बहुत से ग्रन्थों का मनन किया। राजस्थान के इतिहास की ओर इनका झुकाव कर्नल टॉड के अमर ग्रन्थ 'ऐनाल्स एण्ड एण्टिक्विटीज ऑफ राजस्थान' के पढ़ने से हुआ। अपना ऐतिहासिक ज्ञान बढ़ाने के लिये इन्होंने राजस्थान में भ्रमण करना निश्चित किया और सब से पहले उदयपुर आये। जिस समय ये उदयपुर पहुँचे उस समय वहाँ कविराजा श्यामलदासजी की अध्यक्षता में 'वीर विनोद' नामक एक बहुत बड़ा इतिहास ग्रन्थ लिखा जा रहा था। पंडित जी जब कविराजा जी से मिले तब वे इनकी इतिहास विषयक जानकारी एवं धारणा-शक्ति से बहुत प्रभावित हुए और इन्हें पहले अपना सहायक मंत्री तथा बाद में प्रधान मन्त्री नियुक्त किया। तदनन्तर ये उदयपुर म्यूजियम के अध्यक्ष नियुक्त हुए। सं० १९६४ में ये राजपूताना म्यूजियम अजमेर के क्यूरेटर बनाये गये। अजमेर में रहकर इन्होंने ऐतिहासिक शोध का बहुत काम

किया जिससे सं० १६७१ में इनको अंग्रेजी सरकार की ओर से 'रायबहादुर' की और सं० १६८५ में 'महामहोपाध्याय' की उपाधि मिली। सं० १६६५ में जब इनकी लिखी 'प्राचीन लिपि माला' का दूसरा संस्करण निकला तब इनको हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग की ओर से 'मंगलाप्रसाद' पारितोषक दिया गया। हिन्दुस्तानी एकेडेमी, प्रयाग के तत्वावधान में मध्यकालीन भारतीय संस्कृति पर तीन व्याख्यान भी इन्होंने दिये हैं जो प्रकाशित हो चुके हैं। इसके सिवा हिन्दू विश्वविद्यालय ने इनको 'डी० लिट्' की उपाधि से और हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने 'साहित्य-वाचस्पति' की उपाधि से विभूषित किया है। ये नागरी प्रचारिणी सभा के संपादक और साहित्य सम्मेलन के प्रधान भी रह चुके हैं। सं० १६६४ से पंडितजी को पेंशन मिलने लगी है।

ओझाजी हिंदी, संस्कृत, प्राकृत, पाली, आदि कई भाषाओं के उद्भट विद्वान और विश्व-विख्यात इतिहास-लेखक हैं। इनके जोड़ का इतिहासवेत्ता हिंदी में अभी तक कोई दूसरा नहीं हुआ। अंग्रेजी साहित्य में जो आदरणीय स्थान प्रसिद्ध इतिहासकार गिबन (Gibbon) का है वही हिन्दी में ओझा जी को प्राप्त है। इन्होंने छोटे-बड़े कुल मिलाकर २५ ग्रन्थ लिखे हैं जिनमें 'प्राचीन लिपिमाला' और 'राजपूताने का इतिहास' इनकी सर्वोत्कृष्ट रचनाएँ हैं। ये ग्रन्थ कई वर्षों के कठोर परिश्रम, अनवरत अध्ययन और अनुसंधान के बाद लिखे गये हैं और पंडित जी की असाधारण शोध-बुद्धि तथा प्रतिभा विशेष का परिचय देते हैं। इनके सिवा इतिहास और साहित्य विषयक फुटकर लेख भी इन्होंने बहुत से लिखे हैं जिनमें 'अनंद संवत् की कल्पना' 'पृथ्वीराज रासो का निर्माण काल' शीर्षक लेख हिंदी साहित्य को इनकी अपूर्व देन है।

(११) पुरोहित हरिनारायण—पुरोहितजी का जन्म जयपुर राज्य के एक उच्च पारीक कुल में सं० १६२१, माघ कृष्णा ४ को हुआ था। इनके पिता का नाम मन्नालाल, पितामह का नानूलाल और प्रपितामह का अभयराम था। ये सभी बड़े परोपकारी, स्वामिभक्त तथा धर्मात्मा पुरुष हुए हैं। इनके बनवाये हुए कई मन्दिर आदि आज भी जयपुर में विद्यमान हैं।

पुरोहित जी की शिक्षा का आरंभ पहले पहल घर ही पर हुआ और जब हिन्दी अच्छी तरह से पढ़ना-लिखना सीख गये तब उन दिनों की पद्धति के अनुसार इन्हें अमरकोष और सारस्वत का अध्ययन कराया गया। इनकी दादी ने इन्हें गीता सहस्रनाम, रामस्तवराज इत्यादि का अभ्यास कराया तथा बड़ी बहिन योगिनी

मोतीभाई ने धर्म, योगाभ्यास इत्यादि विषयों की ओर प्रवृत्ति कराई। साथ साथ उर्दू फारसी का अध्ययन भी चलता रहा। बारह वर्ष की आयु में ये महाराजा कॉलेज जयपुर में भर्ती हुए और सं० १९४३ में इन्ट्रेन्स की परीक्षा पास की। पुरोहितजी का विद्यार्थी जीवन बहुत ही उज्ज्वल रहा। अपनी कक्षा में ये हमेशा प्रथम रहे जिससे राज्य की ओर से इन्हें बराबर छात्र वृत्ति मिलती रही। एफ० ए० और बी० ए० की परीक्षाओं में सर्वप्रथम रहने से इनको दो बार 'लॉर्ड नॉर्थ ब्रुक मेडल' तथा सारे मदरसे में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी सिद्ध होने से 'लॉर्ड लेन्सडाउन मेडल' मिला।

कॉलेज छोड़ने के बाद सं० १९४८ में सब से पहले ये जयपुर में मर्दुमशुमारी के काम की देख-रेख करने के लिये रूम इन्स्पैक्टर नियुक्त हुए। तत्पश्चात् इन्होंने राज वकील, नाजिम, स्पेशल सी० आई० डी० आफिसर आदि की हैसियत से बड़े-बड़े ओहदों पर रह कर लगभग ४० वर्ष तक काम किया और अपनी सच्चाई, ईमानदारी एवं कार्य कुशलता से राजा और प्रजा दोनों को बड़ा लाभ पहुँचाया। लोकोपयोगी कार्य भी इनके द्वारा बहुत से हुए। इन्होंने निजामत शेखावाटी तथा तोरावाटी में राज्य की ओर से कई गोशालाएँ, पाठशालाएँ एवं धर्मशालाएँ स्थापित करवाईं और अपनी तरफ से जयपुर के पारीक हाईस्कूल को ७००० रु० से अधिक का दान दिया। सं० १९८९ से इनको पेंन्शन मिलना शुरू हुआ है।

पुरोहित जी बड़े विद्यानुरागी, इतिहास-प्रेमी तथा साहित्य-ज्ञान-संपन्न व्यक्ति हैं और विद्यार्थी जीवन से ही हिंदी की सेवा कर रहे हैं। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत आदि कई भाषाओं का इन्हें असाधारण ज्ञान है और दिन-रात पढ़ते-लिखते रहते हैं। संत साहित्य से इन्हें विशेष रुचि है और अपनी रहन-सहन तथा विचार-वृत्तियों से स्वयं भी पूरे संत हैं। इनके पुस्तकालय में ६००० से अधिक पुस्तकें हैं जिनमें १२०० के लगभग हस्तलिखित और शेष सब मुद्रित हैं। इन पुस्तकों पर इनका १२००० के लगभग रुपया खर्च हुआ है। इनमें कई ग्रन्थ तो ऐसे हैं जिनका हिन्दी संसार को अभीतक पता भी नहीं है।

हिंदी के वर्तमान लेखकों में पुरोहित जी एक विशेष स्थान के अधिकारी हैं। इन्होंने संत साहित्य की खोज और उसके अध्ययन पर विशेष श्रम किया है और इस विषय में प्रमाण माने जाते हैं। विविध विषयों के बहुसंख्यक फुटकर लेखों के अलावा इन्होंने ३२ से ऊपर ग्रन्थ लिखे व संपादित किये हैं जिनमें 'सुन्दर ग्रन्थावली' इनकी सब से अधिक महत्वपूर्ण और विद्वत्ता-सूचक पुस्तक है। यह दादू

पंथ के प्रसिद्ध संत कवि सुन्दरदास के ४२ ग्रन्थों तथा फुटकर कविताओं का संग्रह है। इसका संपादन इन्होंने प्रचुर टीका-टिप्पणी के साथ बड़े विस्तृत रूप में किया है। पुस्तक दो भागों में विभक्त है। पहले भाग के प्रारंभ में ४०० पृष्ठों की एक विस्तृत तथा खोजपूर्ण भूमिका है जिसमें सुन्दरदास के जीवन चरित्र, उनकी काव्य-प्रतिभा तथा उनके समकालीन दादू पंथी व अन्य कवियों की रचनाओं पर प्रकाश डाला गया है।

इस समय पुरोहित जी 'मीरां वृहत्पदावली और वृहत् जीवनी' नाम का एक ग्रन्थ लिख रहे हैं जो क़रीब-क़रीब समाप्त हो चुका है।

(१२) मिश्रबंधु—पं० गणेश बिहारी मिश्र (स्वर्गीय), पं० श्याम बिहारी मिश्र और पं० शुकदेव बिहारी मिश्र हिंदी-संसार में 'मिश्रबंधु' के नाम से प्रसिद्ध हैं। ये इटौंजा के निवासी और जाति के कान्यकुब्ज ब्राह्मण हैं। तीनों भाइयों ने मिलकर कोई २० के लगभग ग्रन्थ लिखे हैं जिनमें 'हिन्दी नव रत्न' और 'मिश्रबंधु-विनोद' हिंदी साहित्य में बहुत प्रसिद्ध हैं। 'हिंदी नव रत्न' में तुलसी, सूर आदि हिंदी के नौ सर्वोत्कृष्ट कवियों की आलोचनाएँ हैं। हिंदी में अपने ढंग का यह एक पहला ग्रन्थ है और इसके कई संस्करण निकल चुके हैं। लेकिन इससे भी अधिक उपयोगी और महत्वपूर्ण ग्रन्थ 'मिश्रबंधु विनोद' है। इसमें लगभग ४००० हिंदी कवियों का विवरण दिया गया है जिनमें सैंकड़ों राजस्थान के भी हैं। यह ग्रन्थ बड़े परिश्रम और बड़ी खोज के बाद लिखा गया है और इस समय हिंदी साहित्य के इतिहास पर जितने भी ग्रन्थ लिखे जा रहे हैं उन सबका मूलाधार है। मिश्रबंधु हिंदी के उन लेखकों में से नहीं हैं जो राजस्थानी भाषा (डिंगल) को केवल इसी लिये हिंदी के अंतर्गत मानते हैं कि इससे गवर्नमेंट की सेन्सेस-रिपोर्ट में हिंदी भाषा-भाषियों की संख्या अधिक बतलाने में मदद मिलती है, बल्कि ये डिंगल को वास्तव में हिंदी का ही अंग समझते हैं और यही कारण है कि इन्होंने अपने 'मिश्र बंधु-विनोद' में अवधी, ब्रजभाषा और खड़ी बोली के कवियों के साथ-साथ डिंगल के कवियों को भी स्थान दिया है। हाँ, इतना अवश्य है कि इन कवियों के विषय में इन्होंने जो अपनी सम्मतियाँ दी हैं वे सदोष एवं भ्रमात्मक हैं और उनमें संशोधन की आवश्यकता है। उदाहरणार्थ, राठोड़ पृथ्वीराज को इन्होंने एक साधारण श्रेणी का कवि बतलाया है। लेकिन जिन्होंने पृथ्वीराज के 'वेलि क्रिसन रुकमणी री' को पढ़ा है वे इनकी इस राय से कदापि सहमत नहीं हो सकते। वस्तुतः काव्य कला की दृष्टि से यह ग्रन्थ अपने रंग-ढंग का अप्रतुल ही है और अवधी, ब्रजभाषा

एवं खड़ी बोली में तो इसकी टक्कर का एक भी खंड काव्य अभी तक नहीं लिखा गया, भविष्य में यदि कोई लिख दे तो वह बात दूसरी है। अतः उक्त मिथ्या धारणा का एक मात्र कारण यही हो सकता है कि मिश्रबंधु डिंगल भाषा से अपरिचित हैं और डिंगल साहित्य के अध्ययन का अवसर इन्हें बहुत कम मिला है।

लेकिन इस से इनके मिश्रबंधु विनोद का महत्व कम नहीं होता। डिंगल हिंदी का ही एक अविभाज्य अंग है, इस सिद्धान्त को व्यवहार में लाकर इन्होंने जो पूर्वोयता क़ायम की है इससे इनकी उदार मनोवृत्ति तथा दूरदर्शिता का पता लगता है और इसका परिणाम भी आगे जाकर हिंदी के लिये हितकर सिद्ध होगा, इस में कोई संदेह नहीं है।

(१३) श्री विश्वेश्वर नाथ रेउ—इनका जन्म सं० १६४७ में जोधपुर में हुआ था। ये जाति के ब्राह्मण हैं। इनके पिता का नाम मुकुन्दमुरारि था, जो सं० १६३५ में काश्मीर की राजधानी श्रीनगर से आकर जोधपुर में बसे थे। रेउजी ने सं० १६६१ में पंजाब युनिवर्सिटी की 'प्राज्ञ' परीक्षा पास की और ५ वर्ष के बाद संस्कृत-साहित्य की आचार्य परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसमें सर्वप्रथम रहने के कारण इनको संस्कृत कॉलेज जयपुर की तरफ से एक रजत पदक भी मिला था।

सं० १६६७ में ये जोधपुर राज्य के इतिहास-कार्यालय में लेखक नियुक्त हुए। इसके बाद सं० १६७१ में ये जोधपुर के राजकीय अजायबघर के उपाध्यक्ष बनाये गये। साथ ही करीब डेढ़ वर्ष तक इन्होंने जोधपुर के जसवंत कॉलेज में संस्कृत प्रोफेसर का कार्य भी किया। इन्हीं के उद्योगों से जोधपुर के अजायबघर में पुरातत्व विभाग खोला गया और एक पब्लिक लाइब्रेरी की भी स्थापना की गई। इस समय इनके अधिकार में जोधपुर के इतने महक़मे हैं:—आर्कियोलॉजिकल डिपार्टमेंट, सरदार म्यूजियम, इतिहास-कार्यालय, पुस्तक प्रकाश और सुमेर पब्लिक लाइब्रेरी।

रेउजी हिंदी-संस्कृत के प्रौढ़ विद्वान, प्रसिद्ध इतिहास लेखक एवं पुरातत्ववेत्ता हैं और अंग्रेजी भी जानते हैं। इन्होंने एक ग्रंथ अंग्रेजी भाषा में और चार हिन्दी में लिखे हैं जिनका इतिहास प्रेमियों में बड़ा आदर है। हिंदी-ग्रंथों के नाम ये हैं—भारत के प्राचीन राजवंश, राजा भोज, राष्ट्रकूटों का इतिहास और मारवाड़ का इतिहास। इतिहास और पुरातत्व विषयक लेख तो इन्होंने कई लिखे हैं जो भारत और भारत के बाहर की ऐतिहासिक खोज संबंधी पत्र-पत्रिकाओं में छपते रहे हैं। इनके

सिवा इन्होंने 'वेदान्त पंचक' और 'कृष्ण विलास' नामक दो ग्रंथों का संपादन भी किया है। 'वेदान्त पंचक' जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह (प्रथम) के आनंद-विलास, अनुभव प्रकाश, अपरोक्ष सिद्धान्त, सिद्धान्त बोध और सिद्धान्त सार, इन पाँच ग्रन्थों का संग्रह है। 'कृष्ण विलास' महाराजा मानसिंह का किया हुआ भागवत के दसम स्कंध के ३२ अध्यायों का हिन्दी पद्यानुवाद है। ये दोनों ग्रंथ जोधपुर राज्य की ओर से प्रकाशित हुए हैं।

(१४) श्री नरोत्तमदास स्वामी—इनका जन्म सं० १६६१ में बीकानेर में हुआ था। इनके पिता का नाम जय श्री रामजी है जो बीकानेर के प्रसिद्ध पंडित और कथा वाचक माने जाते हैं। स्वामी जी हिन्दी व संस्कृत दोनों में एम-ए० हैं और इस समय डूंगर कॉलेज बीकानेर में हिंदी के प्रोफेसर तथा हिंदी विभाग के अध्यक्ष हैं। इन्होंने छोटे-बड़े कुल मिलाकर २५ के लगभग उच्च कोटि के लेख लिखे हैं जो छप चुके हैं। ऊपर स्वर्गीय पारीक जी के परिचय में राजस्थानी साहित्य के जिन ग्रन्थों का नामोल्लेख किया गया है उनके प्रणयन में स्वामी जी का भी बराबर सहयोग रहा है। इनके अतिरिक्त इन्होंने स्वतंत्र रूप से भी राजस्थानी साहित्य विषयक दो एक ग्रन्थों का निर्माण किया है जिनमें 'राजस्थान रा दूहा' का नाम विशेष उल्लेख-नीय है। यह एक संग्रह ग्रन्थ है। इसमें शृंगार, नीति, वैराग्य आदि विभिन्न विषयों के डिंगल भाषा के बहुप्रचलित दोहों का संकलन किया गया है। इसी पर इन्हें हिंदी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग की ओर से 'मानसिंह पुरस्कार', भी मिला है।

(१५) श्री अगरचंद नाहटा—इनका जन्म सं० १६६७, चैत्र बदि बुधवार को हुआ था। ये बीकानेर के प्रसिद्ध सेठ श्री शंकरदान जी नाहटा के पुत्र हैं। स्कूल में इनका विद्याध्ययन बहुत ही थोड़ा, केवल छठी कक्षा तक हुआ। इन्होंने जो कुछ भी योग्यता प्राप्त की है वह इनके निजी परिश्रम तथा पुस्तकावलोकन का फल है। नाहटा जी कट्टर जैन धर्मावलंबी और जैन साहित्य के प्रेमी हैं। इन्होंने अपने यहाँ 'अभय जैन पुस्तकालय' स्थापित कर रखा है जिसमें १०००० के लगभग हस्तलिखित और ३००० के क़रीब मुद्रित ग्रन्थ हैं। इनमें अधिकांश पुस्तकें जैन कवियों की लिखी हुई तथा जैन-साहित्य विषयक हैं। नाहटा जी के पास प्राचीन चित्र-मुद्राओं आदि का भी अच्छा संग्रह है।

नाहटा जी हिंदी भाषा के सुयोग्य और सफल लेखक हैं। इनके ग्रन्थ एव लेख नवीन खोजों से पूर्ण और मननशील होते हैं। इन्होंने 'युग प्रधान श्री जिन-चंद्र सूरि', 'ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह' प्रभृति ७-८ ग्रन्थों का निर्माण किया है जो

इन्हीं के द्वारा स्थापित 'अभय जैन ग्रन्थ माला', की ओर से प्रकाशित हुए हैं। इनके अतिरिक्त इन्होंने १००।१२५ के लगभग फुटकर लेख भी लिखे हैं जिनमें से कुछ तो हिंदी की पत्र-पत्रिकाओं में निकल चुके हैं और कुछ अभी तक अमुद्रित हैं।

कुछ ही समय पूर्व तक नाहटा जी का शोध-कार्य केवल जैन साहित्य संबंधी ग्रन्थ सामग्री तक ही सीमित था। लेकिन अब उसमें कुछ व्यापकता आई दृष्टिगोचर होती है जो पृथ्वीराज रासो, वीसलदेव रासो, खुंमाण रासो इत्यादि पर इनके हाल ही के लिखे हुए लेखों से स्पष्ट है। ये लेख बड़ी छानबीन के बाद लिखे गये हैं और इतिहास तथा साहित्य दोनों ही दृष्टियों से महत्व के हैं। साथ ही साथ इनसे यह भी सिद्ध हो गया है कि उपरोक्त तीनों ग्रन्थ न तो उतने पुराने हैं जितने कि वे माने जा रहे हैं और न हिंदी साहित्य के इतिहास में 'वीरगाथा काल' जैसा कोई समय रहा है।

जैन साहित्य विषयक सामग्री की खोज और रक्षा के लिये धन तथा समय का जितना व्यय नाहटा जी ने किया है उतना हमारे खयाल से राजस्थान में अन्य किसी भी व्यक्ति ने आज तक नहीं किया। इनका यह उद्योग वास्तव में बड़ा प्रशंसनीय और जैन मतानुयायी अन्य सेठ-साहूकारों के लिये अनुकरणीय है।

उपरोक्त विद्वानों के सिवा सर्व श्री रामनाथ रत्नू, रामकर्णदान, श्रीधर रामकृष्ण भंडारकर, किशोरसिंह बारहट, डा० सर जार्ज ग्रियर्सन, हरविलास सारड़ा, पं० गिरधर शर्मा, ठाकुर चतुरसिंह (रूपाहेली), पं० झाबरमल शर्मा, मुरारीदान कविया, महताबचंद खारैड़, दशरथ शर्म्मा, रघुनाथप्रसाद सिंहानिया, भगवती प्रसाद सिंह बीसेन, भंवरलाल नाहटा इत्यादि महानुभावों ने भी राजस्थान में साहित्यिक गवेषणा का प्रशंसनीय कार्य किया है। शोक है कि इनमें से प्रथम पाँच विद्वान अब नहीं रहे, उनकी कीर्ति मात्र रह गई है।

आशा है, हिंदी के नवीन लेखक उपरोक्त विद्वानों का अनुकरण करेंगे और राजस्थान की चिरउपेक्षित तथा विच्छिन्न हिंदी साहित्य विषयक सामग्री को एकत्र कर अपनी नवीन एवं मौलिक खोजों द्वारा राष्ट्रभाषा हिंदी (?) के गौरव को बढ़ायेंगे।

—मोतीलाल मेनारिया

कवि-नामानुक्रमणिका

राजस्थान में हिंदी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज

(प्रथम भाग)

राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज

(भाग पहला)

(१) अचलदास खीची री वात। रचयिता—अज्ञात। साइज ८x५x५-८ इंच। पत्र-संख्या ११। लिपिकाल—सं० १८०७ वैशाख सुदी १२ गुरुवार। प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २५ २७ अक्षर हैं। अक्षर बहुत सुन्दर हैं। इसमें गागरौनगढ के राजा अचलदास खीची और उनकी लाला तथा उमा नामक दो रानियों की कहानी है। कहानी के अन्तिम भाग में अचलदास और माँडू के मुसलमान बादशाह के युद्ध का भी उल्लेख है। अचलदास अपने सरदार-सामन्तों सहित इस युद्ध में काम आये थे और उनकी उक्त दोनों रानियाँ उनके साथ सती हुई थीं। कहानी आदि से अन्त तक रोचक और मार्मिक है। इसमें गद्य-पद्य दोनों हैं। इसकी भाषा बोल चाल की राजस्थानी है जिसपर गुजराती का भी थोड़ा सा रँग लगा हुआ है।

आदि—

गाहा

गणपति गवरी नंदन विघन हरण मंगल करण ॥
आपण बुध सुसुधकंदण वरदाय वाणी दीयण ॥ १ ॥

वारता

अचलदास खीची गढ़ गागरूण राज करे छै [।] तिणरे लाला मेवाड़ी पटराणी छै। मेवाड़ रो धणी राणो मोकल छै [।] तिणरी बेटी लाला [।] अपछरा रो अवतार [।] सघलो राज लाला जी रे हाथ छै। अचलदास जी रा राज माहे लाला जी रो हुकम चाले छै। इण तरे राज पाल थकां खीमसी साँखलो जांगलु रो धणी। जांगलु रो राज करे छै। तिणरे बेटी उमा साँखली मारवणी रो अवतार। वरस तेरै मांहे छै [।] खीमसी साँखला रे चारण चीठो छै। तिणरे बेहन सुमा चारणी छै।

अंत—

वारता

अतरे गढ़ मंडोवर (?) रो पातसाह चढ़े आयो [।] तरे अचलदास जी केवाड्यो । माथे चोथ टेरावो । तरे पातसाह कह्यो [।] कै तो गांम गढ़ छोड़ द्यो [।] कै लड़ाई करो । तरे अचलदास जी आपरा उंवरावां नै पुछे ने लड़ाई मांडी। लड़ाई करतां पचीस मोटा उंवराव साथे अचलदासजी काम आया । पाछे लालां मेवाड़ी उमां साँखली दोनुं सती हुई । लालां मेवाड़ी रो रुसणो भागो [।] संसार मांहे नाम रह्यो ।

(सरस्वती भंडार)

(२) अनंतराय सांखला री वात । रचयिता–अज्ञात । साइज ६·६ × ४·४ इंच । लिपिकाल-सं० १८०७ । पाँच पत्रों की छोटी सी ऐतिहासिक कहानी है जिस में कोलापुर पाटण के राजा अनंतराय और अहमदाबाद के मुसलमान शासक महमद की लड़ाई का वर्णन है । कहानी गद्य-पद्यात्मक है । इसकी भाषा गुजराती मिश्रित बोल चाल की राजस्थानी है ।

आदि—

समुद्र विचै कोयलापुर पाटण [।] तिणरो धणी अणन्तराय साँखलो छत्रधारी [।] तिणरै वडो गढ़ [।] तिणरै एकसौ एक भाई भतीजा छै । तिके भेलागढ़ में रहै । ... ।

अन्त—

वारता

संवत् १३२८ समै चैत सुद ४ वार मंगल जगमाल जी रे गींदोली आई । पातसाह अहमदाबाद आयो [।] संवत् १३ माहे (युद्ध) हुवो [।] इतरी सूरां-पूरां खत्रीयांरी वात कही सुरवीर दातारी मन लहही ।

दूहो

संवत् १३ सैंतालीसै समै माहा तीज सुद ताम ॥
सरवहीयो पोढता सरग हायां पूरै हाम ॥

(सरस्वती भंडार)

(३) अनुभव प्रकास । रचयिता–जोधपुर नरेश महाराजा जसवन्तसिंह । साइज ७·४ × ६·२ इंच । पत्र-संख्या ७ । लिपिकाल–सं० १७३३, माघ कृष्णा २ रविवार । पद्य संख्या २६ । विषय-वेदान्त ।

आदि—

कवित्त

पूछौं हौं करि प्रनाम कहियै क्रिपा कै मो सौं
रहै न सन्देह जामैं ऐसें कैं जनाईयै ।
तुमारै सरन आयौं ताकी तौ तुम्हैं ही लाज
ईस्वर सुरूप मोहि नीकैं कैं बताईये ॥
गुरु कह्यो ऐसैं जानि ईस्वर वहै जु सुद्ध
चेतन कौं प्रतिबिम्ब माया मैं लखाईयै ।
फेरि पूछ्यौं सिष्य तब माया धू कहावै कौंन
याहू की सुरूप फेरि आछैं समुझाईयै ॥ १ ॥

अन्त—

कवित्त

देह नांहीं इन्द्री नांहीं मन नांहीं बुधि नांहीं
अहंकार चित्त नाँहीं देखबी नहीं तहां ।
करिबी कछू न जामैं सुनिबे की वात नांहीं
धेय नांहीं ध्यान नांहीं ध्याताहू नहीं जहां ॥
गुरु और सिष्य नांहीं नाम रूप विस्व नांहीं
उत्तपत्ति प्रलै नांहीं बंध मोछ हैं कहां ।
बचन कौं विधी नांहीं सास्त्र और वेद नांहीं
और कहा कहौं उहां ग्यानहू नहीं तहां ॥२२॥

दोहा

थोरे ही मैं बहुत है जसवन्त कर्यौ बिचार॥
या अनुभौ प्रकास कौं पढि सुनि समझौ सार ॥२६॥

(सरस्वती भंडार)

(४) अनुभव प्रकास। रचयिता-रीवां नरेश महाराज जयसिंह जू देव। साइज १२-४ × ५-६ इंच। पत्र संख्या ५६। लिपिकाल सं० १८८१ चैत्र वदि ५, गुरुवार। पद्य संख्या ६७। विषय-वेदान्त। ग्रन्थ दोहा-चौपाइयों में है। रचना प्रौढ़ है।

दोहा

निर्गुन सगुन सरूप जो परब्रह्म परमेस ।
सत्य सनातन सांत सुभ गावत सारद सेस ॥१॥

आदि—

ता प्रभु पद उरधारि कै भूपति जैसिंघ देव ॥
कहत जथा मति जानि कछु उभय ब्रह्म के भेव ॥२॥

चौपाई

तरनि वंस मह विदित बघेले । भये सूर सब सुजस सकेले ॥
तिन महं व्याघ्र देव नरपाला । प्रगटे प्रथमहि परम दयाला ॥३॥
तेहि कुल मांह महीप सुजानां । भये बहुत बल रूप निधानां ॥
पूजक गोद्विज देवन केरे । परमारथ रत नीति निबेरे ॥४॥
ज्ञाता श्रुति पुरान के येकू । सरनागत त्राता सविवेकू ॥
जिन सम भूप भूमितल कोई । कलि महं भयौ न है नहीं होई ॥५॥
पुनि तेहि वंस विदित जस रूपा । राजाराम नाम भुव रूपा ॥
जिनके भये चारि सुत भारी । कीन्हीं सविधि सुजन रखवारी ॥६॥

अन्त—

दोहा

जो प्राणी मन वासना तजै वेद विधि उक्त ॥
द्वंद्वातीत प्रसांत सो जानहु जीवन मुक्त ॥६३ ॥
श्रीमन्नृपति जैसिंह कृत यह अनुभव परकास ॥
पढ़ै सुनै नर सो लहै परम सांत पद वास ॥६४॥
श्रुति स्मृति संमत मिलित विरच्यौ ग्रंथ अनूप ॥
तासु भावना करि मनुज परत न पुनि भवकूप ॥६६॥
प्राणी पुण्य प्रतीति करि करत जो यहि अभ्यास ॥
अंतर बहिर प्रकास तेहि प्रगट होत अनयास ॥६७॥

(सरस्वती भंडार)

(५) अनेकार्थमंजरी । रचयिता—नंददास । साइज ७-४×४-८ इंच । पत्र—संख्या ११ । विषय—शब्द कोष । पद्य संख्या २२८ । लिपिकाल—सं० १८२२ ।

आदि—

दोहा

जो प्रभु जोति जगत्तमय कारन करन अभेव ।
विघन हरन सब सुख करन नमो नमो तिहि देव ॥
एकै वस्तु अनेक ह्वै जगमगाति जग धांम ।
जिम कंचन नें किंकिनी कंकन कुण्डल दांम ।

अन्त—

दोहा

जोय अनेका अर्थ कहुँ पढ़ै सुनै नर कोय।
ताहि अनेक अर्थ बहु पुनि परमारथ होय॥

(सरस्वती भंडार)

(६) अनूपकृष्णचन्द्रिका। रचयिता—देवीदास। साइज़ ८·४×६ इंच। पत्र—संख्या ७०। लिपिकाल—संवत् १७३४, आषाढ़ शुक्ला १३। प्रति मोटे सफेद रंग के बाँसी कागज़ पर लिखी हुई है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १६। १७ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्ति में १८।२२ अक्षर हैं। अक्षर भद्दे पर लिखावट सुवाच्य है। प्रति कहीं कभी पानी से भीग गई प्रतीत होती है। इसकी पुष्पिका में लिपिकार ने इसकी छंद संख्या ५५६ बतलाई है। ग्रंथ दस उद्योतों में विभक्त है। अरगल के यदुवंशी राजा अनूपराय के कहने से इसकी रचना सं० १७३१ में की गई थी। इसमें भगवान् श्रीकृष्ण को विविध लीलाओं का वर्णन है। ग्रंथ के प्रारंभ के सात छंदों में मंगलाचरण है। बाद के ६७ छंदों में कवि ने अपना और अपने आश्रयदाता अनूपराय का वंश—परिचय दिया है। तदनंतर मूल विषय शुरू होता है।

आदि—

कवित्त

दामोदर देव के उदार जे चरित्र तेई
उदधि अपार जहां वेदनि को मौनु है।
पारासर पूत से पहार जामें परि लीन
थाह लेत हारे पै न वार पार गौनु है॥
ता में वात्सल्य प्रेमु व्रज के निवासीनि को
रतन समूह ताके वास हो को भौनु है।
पैठिबे को यह साध करता अगाध में की
देवी कवि रेनु को कनूका कहा कौनु है॥

अन्त—

कवित्त

दसौं दिसा उगै है अलौकिक उदोत जाके
कानन हू देखि पीछे हिये अवरेषि तूँ।
रैनि दिन एक रूप राहु को भ्रहय जाते
तातें हौं कहतु जानि सुधा तें विसेषि तूँ।

राधा जू की पद्नु विराजि रह्यो यारिज सो
जा में देवीदास याहि पेरि अनिमेषि तूं ।
रसना में लेत ही सुरावे भवसागर को
सा अनूपकृष्णचन्द्रिका हि दिन देपि तूं ॥

(सरस्वती भंडार)

(७) अपरोक्ष सिद्धान्त । रचयिता—जोधपुर नरेश महाराजा जसवन्तसिंह। साइज ७-४×६-२ इंच । पत्र-संख्या ६ । लिपिकाल—संवत् १७३३, माघ कृष्णा २, रविवार । इसमें तत्वज्ञान सम्बन्धी १०० दोहे हैं । रचना सरस है ।

आदि—

दोहा

जाकी इच्छा तें भयो विस्व सबै निरमान ।
कारन अरु कारज दोऊ जाति भए परमान ॥१॥
करता है सब विस्व कौं ताकौ करता नांहि ।
बंदन ऐसैं ब्रह्म कौं व्यापकता जा मांहि ॥२॥
वंदन करि गुरदेव कौं पूछत करम विचार ।
ता पाछे फिरि मुगति कौ कहियै मोहि प्रकार ॥३॥

अन्त—

दोहा

कीनौ जसवन्तसिंह यह आतम तत्व विचारि ।
अरु अपरोच्छ सिद्धान्त यह धर्यो नाम निरधार ॥९९॥
या अपरोच्छ सिद्धान्त कौं अरथ धरैं मन मांहि ।
छूटैं सो संसार तें फिरि फिरि आवै नांहि ॥१००॥

(सरस्वती भंडार)

(८) अभयविलास । रचयिता मोंढू पृथ्वीराज । साइज १२-३×६ इंच । पत्र संख्या ४२ । प्रति सजिल्द है । इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १७।१८ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८। २० अक्षर हैं । लिपिकाल—स० १८०० के आस पास । इस में जोधपुर के महाराजा अभयसिंह जी की युद्ध-वीरता का वर्णन है ।

आदिः—

छंद पद्धरी

गनपति सुमर आनन गयिंद्र । तिज [?] रचहु अभमल नरिंद ॥
जिन प्रगट वंस जयचंद राज । संग असी सख्य सैनन समाज ॥

गज साठ सहँस मद मत गजंत। पय उभय कोड़ पैदल अपंत॥
कवि दस सहँस कीरत करंत। घन सघन लष्य दुंदभि घुरंत॥
छत्रधरन सहस दोय करत सेव। दिप विभव लजत उरपती देव॥
अनसंक दलन जिन नह न अंत। पृथ्वीजु भुगत समदन अजंत॥
लग उदधि कमध सरहद सुकीध। लर षष्ट साह जिन पकर लीध॥

अन्तः—

छंद भुजंगी

कछे हिंदु मेछं परा पूर क्रोधं। मुखं मार मारं मच्यौ दुंद जुधं।
दगै आग तोपं धुंआ छोर दारू। गज्यौ गैन गोमं वज्यों राग मारु॥
पियैरुद्र काली रचै रुद्र माला। हिचै सूर वीरं नचै खेतपाला॥
इतै सूर तिछ्री बरछी चलावैं। हकै बीच होदा कछी पेर आवैं॥
फुटै उचार पारं सिलै भेद अछी। मुखं ताल मानों कढ़ै जाल मछी॥
उरां मीर हथं छिदै तीर अंगं। फुटै पार पाखांन उड़ै दुसंगं॥
वहै हिंदु हथं सिरो हीन पंगं। करै छंद मानौं उभै बंध संगं॥
फुटै घाय मजं सिरं श्रोन छुटै। मनौं रंगरेजं रंगं माट फुटै॥
परै भूम भेजं भरै सैत मनं। मनु आन लुट्यौ मही माटकंनं॥
उठै छिब श्रोनं धरा सीस नंपै। मनू मेघ मालं प्रवालं वरंपै॥
ग्रहे पान रसा गजं वीर चढ़ै। ··· ··· ··· ··· ··· ··· ···॥
गरे डार बथं रहै वीर घूमं। भिरै लूथ बथं परै आन भोमं॥
भसूंडा गजं तूट श्रोनं बभूकै। मनो मेर तैं भारथी धार मुकै॥
कटै मीर अंगं पगं वीर अछं। मनौ यूँ तरफै तुछै नीर मछं॥
लुटै वीर भोमं उठै खग्ग साहै। तुटै मीर जीवं सिरं अ नवाहै*॥

(सरस्वती भंडार)

(६) अमरचन्द्रिका। रचयिता—सूरति मिश्र। साइज ६-२×५-६ इंच। पत्र संख्या २०६। सजिल्द। लिपिकाल-सं० १८११, कार्तिक वदि १४ सोमवार। प्रति के अन्तिम पुष्पिका लेख से सूचित होता है कि यह किसी बाबाजी खुंमाणसिंहजी के लिये उदयपुर में लिखी गई थी। लिपिकार ने अपना नाम शिवरूप और अपनी जाति अग्रवाल बतलाया है। यह बिहारी सतसई की सुप्रसिद्ध टीका है। सूरति मिश्र ने इसे सं० १७६४ में समाप्त किया था। इस हिसाब से यह प्रति उक्त टीका के बनने के १७ वर्ष बाद की लिखी हुई है। इसमें ७१७ दोहे हैं जिनमें ७१६ बिहारी के और अन्तिम टीकाकार का है। अन्तिम दोहा यह है:—

*यहाँ पर ग्रन्थ समाप्त होता है। इसके बाद लिपिकार ने ये पंक्तियाँ लिख रखी हैं– "श्री ग्रन्थ कवि जौद्दतौ चलो गयौ जिण सूं इतो ईज वचियो छै। पोथी री परत मुजब लिखियो छै। लिखण वाला मैं दोस नहीं छै"। प्रसंग से ज्ञात होता है कि ग्रंथ अपूर्ण है।

अमर चन्द्रिका ग्रंथ को पढ़ै गुनै नित जाय ॥
बुद्धि सभा प्रवीनता ताहि देहि हरिराय ॥ ७१७॥

(सरस्वती भंडार)

(१०) अयोध्याजी के भजन। रचयिता—रीवां नरेश महाराज विश्वनाथसिंह जू देव। साइज ६-५ × ६-२ इंच। पत्र-संख्या ६। लिपिकाल-सं० १८६१। इसमें कुल मिलाकर ७३ भजन हैं जिनमें अयोध्या की महत्ता बतलाई गई है। रचना सरस और भक्ति-भाव-पूर्ण है।

आदि—

भजन

धनि धनि सरस सरसुती माई।
करति राम गुन गान सदा जो जुग कर बीन बजाई
पुस्तक ले हरि चरित विचारति सबके हित हरषाई ॥
विस्वनाथ तिन पद सिर नावत कहियें हित गल आई ॥१॥

अन्त—

धनि धनि अवध नगर जड़ चेतन।
दृस्टि मात्र कों है जड़ चेतन मंझ रूप हैं हे तन
दरस परस जिनके जन कीने रह साकेत निकेतन ॥
विस्वनाथ तिन पद सिर नावत बांधत मुक्तनि सेतन ॥७३॥

(सरस्वती भंडार)

(११) अयोध्या महात्म। रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज विश्वनाथसिंह जू देव। साइज ८-८ × ६-८ इंच। पत्र संख्या ८। लिपिकाल-सं०१८६१। ग्रंथ दोहा-चौपाइयों में है और जैसा कि इसके नाम से प्रकट होता है, इसमें अयोध्या की महिमा आदि का वर्णन है। भाषा सरस और धारावाहिक है।

आदि—

दोहा

जय जय गनपति पवन सुत नौमि नौमि सब संत ॥
नौमि भरत रिपुसूदन हू कीरति अमित अनंत ॥
जय गौरी गौरीस जय सुग्रीवादि कपीस ॥
जयति अवध सरजू जयति धरहु चरन में सीस ॥
जय सिव रघुवर जय गिरा श्री हरि गुर प्रियदास ॥
गहि पद महिमा जुत करहुँ सत्या तीर्थ प्रकास ॥

चौपाई

नित्य अयोध्या सहित प्रकारा । सदा करत सिय राम विहारा ॥
सो थल प्रगट करन के हेता । मनु गमने वैकुंठ निकेता ॥
पानि जोरि मांग्यो प्रभु पाही । नारायन बोले मुद माही ॥

अन्त—

दोहा

अवध महातम जे सुनहि लिपत पढ़त जे कोइ ।
तिनहू को ये तीर्थन न्हाये सम फल होइ ॥
संवत नभ ग्रह धृत असित वसु असाढ विधुवार ।
भाषा अवध महात्म लिय सरजू तट अवतार ॥

(सरस्वती भंडार)

(१२) अवतार चरित्र । रचयिता—नरहरिदास । साइज १४.२×१० इंच । पत्र संख्या ३३४ । सजिल्द । लिपिकाल—सं० १८८२, माघ शुक्ला ७, सोमवार । प्रत्येक पृष्ठ पर ३२।३५ पंक्तियाँ हैं जिनमें २६ से ३० तक अक्षर हैं । अक्षर सुन्दराकार और पाठ शुद्ध है । इसमें भगवान के २४ अवतारों की कथा है ।

आदि—

छंद साटक

सुंडा डंड प्रचंड मेरुदसनं मद गन्ध गल्लस्थलं ।
सिंदुरारुण तुंड मंडित मुखं भ्रंगस्य गुंजारवं ॥
यं पर संकर धार सार सगुणं प्रारंभ अग्रेस्वरं ।
तं सततं सदबुद्धि सेवसफलं वरदाय लंबोदरं ॥

अन्त—

दोहा

सोर सहस अरु आठसै इकसठि ऊपर आन ।
छंद अनुष्टुप करि सकल पूरन ग्रंथ प्रमान ॥
मैं जोइ सुन्यो पुरान मह क्रम सोइ बरनन कीन ।
श्रोता पाठक हेत सौं पावै भगति प्रवीन ॥

(सरस्वती भंडार)

(१३) अश्वमेध-यज्ञ। रचयिता-मुरली। साइज ६×६·७ इंच। पत्र-संख्या ८६। पहले ४० पत्रों पर लिखावट दोनों तरफ है, शेष ४६ पर सिर्फ एक तरफ। कागज हल्का होने से स्याही पत्रों के दूसरी ओर निकल आई है और इसलिये कई स्थलों पर अक्षरों के पढ़ने में बहुत कठिनाई होती है। इसके सिवा प्रति लिखी हुई भी बहुत अशुद्ध है। यह सं० १८१७, चैत्र वदि ३, सोमवार को लिखी गई थी। इसमें धर्मराज युधिष्ठिर के अश्वमेध यज्ञ का वर्णन है जो कवित्त, सवैया, छप्पय आदि कुल मिलाकर ७६३ छंदों में समाप्त हुआ है। भाषा डिंगल-पिंगल का मिश्रण है।

आदि—

दूहा

सुंडाली जपते सही सगला सुघरे सूत।
तेतीसां सुर आगला पारबती रा पूत ॥१॥
इन्द्रा (दिक) सुर आद दे भूपती भूपाल।
आरंभा करत अवस समरे तुम्ह सुंडाल ॥२॥
अहे मन हेत अहेत की नेत अेन कहे देत।
काहु दंपे जल मरे काहु जल भर देत ॥३॥
जंबु दीप अरधपंड पेत्रकुमार का नांम।
मेदपाट चीत्तोड़गड अेकलींग ईस सुगांम ॥४॥
सहेर ऊदेपुर अत बसे राज जैसीरांण।
ताको नाम सुण्या थकां संक माने सुरतांण ॥५॥

अन्त—

दूहा

सतरै सै पचावने कोतुक उत्तम वास।
वद पष आठम वार रीव कीनौ ग्रंथ प्रगास ॥७६१॥
त्रीसै गुनासी दोहरा कवित आठ अेक छंद।
सवइया च्यारसै अड़सठ दुहा रच्यो परि प्रबंध ॥७६२॥
आठ आगले आठसे रूपक करे बनाय।
मुरली गुन गावै प्रभु सुनो सकल कविराय ॥७६३॥

(सरस्वती भंडार)

(१४) आनन्द रघुनन्दन नाटक। रचयिता—रीवां नरेश महाराज विश्वनाथ सिंहजू देव। साइज ६-३×११-८ इंच। पत्र-संख्या ७८। लिपिकाल—सं० १८६१। प्रति सजिल्द है। पंक्तियों की संख्या सभी पृष्ठों पर इकसा नहीं है। किसी पर १७,

किसी पर १६ और किसी किसी पर २१ तक पंक्तियां हैं। प्रत्येक पंक्ति में २०।२५ अक्षर हैं। लिखावट सुन्दर और साफ है। विषय-श्रीराम चरित्र। नाटक सात अंकों में विभक्त है। इसमें गद्य-पद्य दोनों हैं। कहीं २ संस्कृत के श्लोक भी हैं। प्रारम्भ के दो छन्द निम्न हैं:—

छंद शिखा

असरन सरन सरन दसमुख मुख दलन दलन दलि दलि है।
अकरन करन करन धनु-मर प्रन उधरन रन चलि चलि है॥
सदयन सदय सदय सद कर कर जनन जनन पर रति है।
जस जग जगत गनत नत गुन गन गनप अहिप पसु पति है॥१॥
मृदु पदु पदुम महिपन मन अलि अलि रहि रमि रमि है।
चल चल चलनि करति वरवस वस सुवय वयन अमि अमि है॥
अति मद मदन मदन मरदन सर सर सत रस पतितन है।
जय जय जपत विवुध बुध छन छन मम पति पति त्रिभुवन है॥२॥

(सरस्वती भंडार)

(१४) आनन्द विलास। रचयिता—जोधपुर नरेश महाराजा जसवंतसिंह। साइज ७-४×६-२ इंच। पत्र संख्या १६। लिपिकाल-सं० १७३३, मार्गशीर्ष कृष्णा ६, गुरुवार। इसमें तत्वज्ञान विषयक २०१ दोहे हैं।

आदि—

दोहा

एक दंत गज वदन सु गवरी नंद।
विघन हरत अति गनपति करत अनंद॥१॥
अपनी इच्छ्या करि कियौ विस्व रूप परकार॥
वंदन परमानंद कौं जो जग कौं आनंद धार॥२॥
व्यास सूत्र को भास्य पट संकर कर्‌यौ बनाइ॥
ता उदै अग्यान कौं सीत सबै मिटि जाइ॥३।

अन्त—

दोहा

रस या कौं या कैं पढैं जौंव पढ़ै चितलाइ॥
फल या कौं तब आपही समझै वहैं बनाइ॥२००॥
संवत सत्रह सैं बरष ता ऊपरि चौबीस॥
सुकल पप्य कातिक विषैं दसमी मुन रजनीस॥२०१॥

(सरस्वती भण्डार)

धर्मदास ऐहि भाँति मौं मवहि सवाँरिहि मैन ॥
दीव भ्रात ही रन चढ़हि जीतहि पंडव वैन ॥४२॥

(सरस्वती भंडार)

(१६) उभयमत सार । रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज जयसिंहजू देव । साइज १२·३×५·७ इंच । पत्र-संख्या १७ । लिपिकाल—सं० १८६१ । प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियां और प्रति पंक्ति में ६२।६४ अक्षर हैं । ग्रन्थ दोहा-चौपाइयों में है । विषय—निवृत्ति-प्रवृत्ति मार्ग का निरूपण । कविता गंभीर और भाषा ललित है ।

आदि—

दोहा

निराकार निरगुन जो प्रभु सोइ सगुन साकार ॥
वंदत हौं तेहि ईस कह सीस नाइ बहुवार ॥१॥

अन्त—

दोहा

इतीश्री यह ग्रंथ भो नाम उभयमत सार ॥
सुनत करत जीवन मुकुत हरत तुरत संसार ॥८४॥

(सरस्वती भंडार)

(२०) कबीर परचई । रचयिता—अनंतदास । पत्र-संख्या १६ । प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२२ अक्षर हैं । प्रति बहुत अशुद्ध लिखी हुई है । लिपिकाल—सं० १७२४ । ग्रंथ दोहा-चौपई में है । इसमें कबीर के प्रारंभिक जीवन तथा भगवान से उनका साक्षात्कार होने की कथा का वर्णन है । रचना भाव-पूर्ण है ।

आदि—

चौपई

कासी वसै कबीरा ऐक । हरि भगतनि की पकरी टेक ॥
वीधना बाणी बोली ऐहु । वैरनव बिना न दरसन देहु ॥
जो तुम माला तीलक बनावै । तौ तुमरा दरसन पावै ॥
गुसाईं मुसलमान हमारी जाती । माला तिलक पहरुं कीह भाती ॥
वहोरुं बाणी बोली ऐहु । रामानंद पै दक्षा लेहु ॥
रामानंद न देखें मोही । कैसे दछ्या लेहु सोही ॥
राति रहो गैल मैं जाई । सेवक सेहित नीकसे आई ॥
कबीर राति रहो गैली मैं जाई । तब सेवक सहित नीकसे आई ॥

राम राम करि छीया पाउ। तनके हीरदे अधिक उछाउ ॥
तब कबीर अपने मिह आयो। जब ही माला तीलक बनायो ॥

अंत—

चौपई

नीरगुण जपतां संसौ भागै। तातैं सरगुण चीत न लागै ॥
गीर परबत जारि मसि कीजै। भार अठारा लेख न लीजै ॥
सात समुँद की कीजे दोती। जो बसुधा कागद की होती ॥
सारद गीनत न आवै अंतु। सो जस गावैय अनंतु ॥

दोहा

दास अनंत न जानहि हरी की कथा अपार ॥
कछु येक कही कबीर की सतगुर के उपगार ॥

(सरस्वती भंडार)

(२१) करुणाभरण नाटक। रचयिता—लछीराम। साइज ६×५-२ इंच। पत्र-संख्या ३०। लिपिकाल-सं० १७८२ कार्तिक वदि ५, गुरुवार। विषय-कृष्ण चरित्र। भाषा व्रजभाषा है। नाटक दोहा-चौपाइयों में है और सात अंकों में विभक्त है। अंकों के नाम उनकी पद्य संख्या सहित नीचे दिये जाते हैं:—

नं०	नाम	पद्य संख्या
१	राधा अवस्था	४०
२	व्रजबासी नाम अवस्था	२७
३	सत्यभामा	३६
४	राधा-अवस्था	४८
५	राधा-मिलन	७५
६	नित्यविहार	५८
७	अद्वैकांक	३२

आदि—

दोहा

रसिक भगत पंडित कविन कही महा फल लेउ ॥
नाटक करुनाभरन तुम लछीराम कर देउ ॥१॥
प्रेम चढ़े मन निपट ही अरु आवे अति रोइ ॥
करुना अरु सिंगार रस जहाँ बहुत करि होइ ॥२॥

(१६) इच्छा-विवेक। रचयिता—जोधपुर नरेश महाराजा जसवंतसिंह। साइज ८·६×४ इंच। पत्र-संख्या ३। लिपिकाल-सं० १७३३। विषय-तत्वज्ञान। छः कवित्त का छोटा सा ग्रंथ है।

आदि—

कवित्त

ब्रह्म कौं जो आवरन करि कैं रही है ऐसी
व्यापक है ठौर ठौर ऐसी जोरवर है।
प्रथम अकास ह्वै कैं भई है पवन रूप
वहै तेज वहै पांनी वहै भई धर है॥
नाना विधि देखी परै गही जात क्यौं हूं नांहि
सब जग मोह्यौ या कौं कौने दयौ वर है।
झूठ मैं प्रतीत और और कौं दिखावै और
कौन है कही धौं माया जातैं भयौ डर है॥१॥

अन्त—

कवित्त

जो पै यह बात कोऊ कहै जो कदाचि ऐसें
निरगुन ब्रह्म कह्यौ इच्छा कैसे धरै है।
वह तो है सुप्रकास चेतन सुरूप वहै
चेतना ही इच्छा तासौं सब कछुक रहै॥
चेतना तौ मांनि बीयै बिना मांनै चेतना कै
जड़ता औ सून्यता प्रसंग आनि परै है।
निगुन सुरूप आप सबै गुन वाही मांहि
पूरनता आंनै बिन कहौ कैसे सरै है॥६॥

(सरस्वती भंडार)

(१७) उदयपुर री ख्यात। रचयिता—अज्ञात। साइज ६·५×८·२ इंच। पत्र-संख्या ४५। प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २२ से लगाकर २५ तक अक्षर हैं। अक्षर सुन्दराकार और सुवाच्य हैं। ग्रंथ गद्य में है। इसमें महाराणा राजसिंह तक के मेवाड़ के राणाओं का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। लेकिन महाराणा अरिसिंह के पहले के राणाओं के जो नाम गिनाये हैं उनमें दो चार को छोड़कर शेष सब कल्पित और आधुनिक ऐतिहासिक शोध के विचार से अशुद्ध हैं। बाद के राणाओं के नाम तथा संवत् आदि प्रायः ठीक ही हैं। राणाओं के परिचय में

उनकी माताओं के नाम भी दिये हुए हैं। उदाहरणार्थ, महाराणा अरिसिंह, महाराणा अजयसिंह और महाराणा हमीरसिंह को क्रमशः धनाबाई तुँवर, हीरांबाई राठोड़ और हीरबाई परमार का पुत्र बतलाया गया है। यदि ये नाम ठीक हों तो ग्रंथ का ऐतिहासिक महत्त्व और भी बढ़ जाता है। क्योंकि इन राणाओं के इतिहास के विषय में अभीतक जो ज्ञान प्राप्त हुआ है वह प्रायः नहीं के बराबर है और इन नामों के सहारे उनके विषय में कुछ अधिक जानकारी प्राप्त करने की आशा की जा सकती है। प्रति में लिपिकाल, रचना काल आदि का उल्लेख नहीं है। लेकिन कागज इत्यादि को देखते हुए यह १००।१५० वर्ष से अधिक पुरानी प्रतीत नहीं होती। इसका अंतिम भाग यहाँ दिया जाता है:—

॥ महाराजाधिराज श्री राजसिंघ रांणोजी राठोड़ जनादेबाई रा बेटा। उदैपुर वास्त संवत १७०१ नवडोतरै राज्य बैठा फागुण सुदी बीज राज्य बैठा। २१००० सहश्र अस्व १०१ हस्ती १५००० पायदल २०४ वाजिंत्र १ बाराजा ५ राव ११ रावत महाराजाधिराज श्री रांणे राजसिंघजी मालपुरो मार्‌यो दंड लीधो संवत १७१४ बीरपे पातिसाहजी औरंगसाहजी हे तरवार बंधावीः भाई अरसिजी है मोकनैः ॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(१८) उद्योगपर्व। रचयिता-धर्मदास। साइज़ ६×६ इंच। पत्र-संख्या ५६। लिपिकाल-सं० १८६३, आषाढ़ सुदी १३। प्रत्येक पृष्ठ पर २१ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १६।१८ अक्षर हैं। अक्षरों की बनावट कुछ भद्दी है। ग्रंथ दोहा-चौपाइयों में है। विषय—महाभारत के उद्योगपर्व का भाषान्तर। रचना बहुत सरस है।

आदि—

चौपाई

कवि कह प्रथमहि विनवौं ताही। जेहि सुमिरै उर सुमति सहाही ॥
सुख समुद्र दुख दुसह के भंजन। रुचिर रूप राजत मन रंजन ॥
अंबर लोहित सोहित देहा। गज मुख मह सोहत ससि रेहा ॥
ऐक दंत दोइ कुँभ सुठाना। तिनि नएन भुज चारि सुजाना ॥
पंचवदन जन मुख कथ कर भाई। पुरुष अनादि आदि नहिं पाई ॥
पद बंदहि इंद्रादिक देवा। पावहि सिद्ध करहि जे सेवा ॥

अन्त—

दोहा

तेहि सर सुनेहु महानृप जो संग होहि मुरारि ॥
एक दंड मह ऐ सब सरन्ह सिरावहु मारि ॥४४॥

खर्दीरांत नाटक करयो दीनो गुननि पढ़ाइ ॥
भेन रेम्न निर्तन निपुन लाए नरनि सधाइ ॥३॥
सुद्द मंडली जोर तहां कीनो पशे समाजु ॥
गो उनि नाच्यो सो कह्यो कविता में सुभ साजु ॥४॥

अन्त—

चौपाई

एक वस्तु भई एकहूँ ठाऊं। नाना आकृति नाना भाऊं ॥
जो जांनें सोई यें जांनें । अरु अजांन सो नेकु न मांनें ॥
यों कवीन्द्र सरसती रिझाए । गाए वचन वेद के गाए ॥
जब कवीन्द्र यों लई परिख्या। तब जांनी सतगुर की सिख्या ॥

(सरस्वती भंडार)

(२२) कवि प्रिया। रचयिता–केशवदास। साइज ७-६ × ४-६ इंच। पत्र-संख्या १४०। लिपिकाल–सं० १७६५ आषाढ़ वदि १४, शनिवार। प्रति बहुत सावधानी से लिखी गई है। इसका पाठ बहुत शुद्ध है।

आदि —

दोहा

गजमुप सनमुप होत ही विघन विमुप ह्वै जात ॥
ज्यौं पग परत प्रयाग मग पाप पहार विलात ॥१॥
बानीजूके बरन जुग सुवरन कन परिमान ॥
सुकवि सुमुप कुरपेत परि होत जु मेर समान ॥२॥

अन्त—

दोहा

अनिल अनल जल मलिन तें विकल पलनि तें नित्त ॥
कवि प्रिया ज्यौं रखिहहु कवि प्रिया को मित्त ॥५॥
केसव सोरह भाव सुभ सुवरन मय सुकुमार ॥
कवि प्रिया के जानिबिहु सोरहई सिंगार ॥६॥

(सरस्वती भंडार)

(२३) कवि प्रिया की टीका। टीकाकार—हरिचरणदास। साइज १२-२×६-१ इंच। पत्र-संख्या १२२। पंक्तियों की संख्या सभी पृष्ठों पर बराबर नहीं, कम ज्यादा है। लेकिन अधिक पृष्ठ ऐसे हैं जिनमें १४।१५ पंक्तियाँ हैं। मूल कविता पृष्ठ के बीच में और टीका उसके ऊपर-नीचे है। मूल की अपेक्षा टीका के अक्षर कुछ छोटे हैं। लिखावट साधारणतः अच्छी है। टीका गद्य में है। टीकाकार ने लिखा है कि ग्रन्थ के बढ़ जाने के भय से सरल पद्यों को छोड़कर सिर्फ कठिन पद्यों ही की टीका की गई है:—

सुगम छांड़ि कै कठिन कौं अर्थ करौं विस्तार॥
सब को अर्थ करै इहां बाढ़े ग्रन्थ अपार॥

यह प्रति संवत् १८६६ में लिखी गई थी। इसका अन्तिम पुष्पिका लेख यह है:—
"संवत १८६६ मती माहा सुदी २ वार चन्द्र॥ लिख्यतं सेवग भवानीराम। नग्र साहिपुर मध्ये। महाराजाधिराज महाराजा श्री ५ श्री अमरसिंह जी के राज्य में। दोहा-नगर सिरोमनि साहिपुर, छबि ता कलित सचूप॥ नीति निपुन तहाँ भीम सुत राजत अमर अनूप॥"

(सरस्वती भंडार)

(२४) कवि वल्लभ। रचयिता—हरिचरणदास। साइज ६-६×४-५ इंच। पत्र-संख्या १०८। लिपिकाल—सं० १८६६, आषाढ़ सुदी ११। प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियाँ हैं जिनमें २६ से ३२ तक अक्षर हैं। लिखावट साफ और सुन्दर है। पद्य संख्या ६१। यह ग्रंथ सं० १८१६ में लिखा गया था। इसमें काव्य-दोषों का विवेचन है। दोषों के उदाहरण में कवि ने स्वरचित कविताओं के अतिरिक्त केशव, बिहारी आदि अन्य कवियों की कविताएँ भी रखी हैं।

आदि—

दोहा

मोहन चरन पयोज में तुलसी को है वास।
ताहि सुमरि हरि भक्त सब करत विघ्न को नास॥१॥

अन्त—

सवैया

संवत नंद हुतासन दिग्गज इन्दुहु सौं गनना जु दिखाई।
दूसरो जेठ लसी दसमी तिथ प्रातही साँवरो पच्छ निकाई॥
तीर तड़ाग के श्री बुधवार विकर्म्मनि कागति लाय लगाई।
श्री तुलसी उपकंठ तहाँ रचना यह पूरी भई सुखदाई॥६०॥

दोहा

श्री राधा पद कंज की रज निज नैननि लाय।
चमत्कृत किय चूरक सब भ्रसन हि कंठ लगाय ॥६१॥

(सरस्वती भंडार)

(२१) कवीन्द्र-कल्पलता। रचयिता–कवीन्द्राचार्य सरस्वती। साइज़ १०-६×४-इंच। पत्र-संख्या २६। प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ४२-४ अक्षर हैं। इसमें लेखन-काल का निर्देश नहीं है, पर प्रति है यह बहुत पुरानी अनुमानतः कम से कम २५० वर्ष पहले की लिखी हुई होनी चाहिये। यह कोई क्रम-बद्ध ग्रन्थ नहीं है। कवि के फुटकर कवित्त, सवैया, पद आदि का संकलन है। इसमें कुछ पद्य तो बादशाह शाहजहाँ तथा उसकी बेगमों और दारा आदि उसके पुत्रों की प्रशंसा के हैं और कुछ ऐसे हैं जिनमें रस, अलंकार, नायक-नायिकाभेद, आध्यात्मवाद आदि विभिन्न विषयों की चर्चा की गई है। ग्रन्थ काव्योत्कर्ष की दृष्टि से बड़े महत्व का है। इसमें से दो कवित्त नीचे उद्धृत किये जाते हैं:—

कवित्त

दल दल सूखि जात सूखी दल दल होति
मेदिनी दहलि जाति जाकी भारी फौज तें।
साहिजहाँ भुजा लखि लाजत भुजंग राज
भाजत हैं भारे भूप परताप ओज तें॥
अनगने गांउ देत परगने सूबा देत।
देस देत दिसा देत निसा देत रोज तें।
हांसी ही में कासी देत पल में प्रयाग देत।
ऐसी ऐसी देनि कहाँ कहाँ भई भोज तें ॥१॥

फूले फूले बाग देखि तन मन फूलत हैं
हरित निहारे हार हियरा हरत हैं।
लाल लाल लाल देखि लोल मन ललचात
पीरे पीरे फूल मन-पीरहि हरत हैं॥
ऊपर अपार है तुसार घनसार सम
ऊजरे पहार मन ऊजरो करत हैं।
सीतल समीर धीर सुख भीर कसमीर
नदी तीर तीर साहिजहाँ विहरत हैं ॥२॥

(सरस्वती भंडार)

(२६) केसौ सागर। रचयिता—केसौराय। साइज ६-८×६-२ इंच। पत्र संख्या ६१। प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति में १५-१८ अक्षर हैं। अक्षर बड़े बड़े और सुन्दराकार हैं। प्रति में लिपिकाल दिया हुआ नहीं है पर जिस व्यक्ति ने इसे लिखा है उसके हाथ के लिखे हुए दो-एक दूसरे ग्रंथ भी मिले हैं जिनमें उनका लेखन काल सं० १७५७ दिया गया है। अतएव अनुमान से इसका लेखन-समय भी सं० १७५७ अथवा इसी के आस पास ठहरता है। यह केसौराय के फुटकर कवित्त-सवैया, पद, दोहे आदि का संग्रह है। इसके प्रधान विषय हैं—राम भक्ति, नीति, उपदेश, कृष्ण-लीला, रास, राधा-सौन्दर्य, चीर-हरण, ऊधव-गोपी-संवाद इत्यादि। इन के सिवा थोड़े से पद्य गंगा, जमुना, हनुमान आदि की स्तुति के भी हैं।

उदाहरण:—

सवैया

केसौ कहीं कित ह्वै ब्रज जांव गुपाल तौ मोही कौं ढूंढत आवै।
भेंट भये अति पैंडे परै दधि लेंन की केतक बात बनावै॥
और हू मो संग की ब्रज वाल लिये दधि डोलै तिन्हैं न सतावै।
जान्यौं है मो दधि में कछु गोरस ताहितैं मेरो ही गोरस भावै॥

कवित्त

बरपा रित स्याम रूप रत काया बरुह गति
बिबिध बरन-स्याम रुप कै धरति है।
बिद्दुत चमक की दमक जिन जानौं आली
सब भांति क्रांति पीत पट की करति है॥
मोरन नचाइ स्याम मुकट के लखे भाइ
पंछी धुनि सुनें यातैं बंसीरट रति है।
केसोराइ आवन में छिरके बरसि मग।
पांवडे हरत भूंम धरति फिरति है॥

(सरस्वती भंडार)

(२७) कृष्ण चरित्र। रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज जयसिंहजू देव। साइज १२-२×५-६ इंच। पत्र-संख्या ८। लिपिकाल—सं० १८६१। प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियां और प्रति पंक्ति में ४३। ४५ अक्षर हैं। ग्रन्थ विविध छन्दों में है। इसमें कृष्ण-जरासन्ध के युद्ध का वर्णन है।

आदि—

दोहा

अस्ति प्रेप्तितिय (sic) पति मरे दुखित गई पितु गेह ।
जरासंध मगधेस नृप लखि दुख लह्यो अछेह ॥१॥

चौपाई

पिय वियोग दुख दुसह समोई । पितु पद पकरि सुता दोउ रोई ।
निज दुख कारन पितहिं सुनायो । अकनि सोक अमरष नृप छायो ॥
बोलो भूप सोक सरि तरिहों । विन जादवी अवनि जय करिहों ।
यों कहि गृह बाहेर कढ़ि आयो । आतुर सेनापतिहिं बुलायो ॥
तासों कह्यो सकल दल साजो । सुनि सो वीर वीररस राजो ।
चतुरंगिनी सैन तेहि साजी । तेइस अच्छोहिनी विराजी ॥
चली चमू वसुधा बहु छाई । भूरि धूरि धुव धामहि धाई ।
मगधराज कहुँ कियो न डेरो । आतुर सब दिसि मधुपुर घेरो ॥

अन्त—

दोहा

पुनि आये निज पुर जहां पांई वारिधि बेस ।
जांनि जरे हरि बल सदल मगध गयो मगधेस ॥
कहत सुनत भव दुख हरत हरि गुन चरित अपार ।
कछु कह्यो जयसिंह नृप निज मति के अनुसार ॥

(सरस्वती भण्डार)

(२८) ख्यात-वात-संग्रह । साइज् ११-२ × १२-३ इंच । पत्र संख्या २८७ । प्रति सजिल्द है । लिपिकाल-सं० १८६६ माघ वदि ८, सोमवार । ग्रंथाग्रंथ, १३०५०० । अक्षर बहुत सुन्दर हैं और पक्की काली स्याही से लिखे गये हैं। मेवाड़ आदि के राज वंशों से संबन्ध रखने वाली ख्यातों तथा ऐतिहासिक कहानियों का यह एक अपूर्व संग्रह है। पुस्तक इतिहास प्रेमियों के बड़े काम की है। इसकी विषय सूची नीचे दी जाती है

(१) सीसोदियां री ख्यात
(२) राणै उदैसिंघ री वात
(३) मेवाड़ रा भापरां री विगत
(४) बनास नदी नीसरै तै री हकीकत
(५) राणै उदैसिंघ उदेपुर वसायो तै री वात

(११४) नरबद सतावत री वात
(११५) राव लूँणकरणजी री वात
(११६) मोहिलाँ री वात
(११७) छत्तीस राज कुली इतरे गढे पवांरां री वंसावली
(११८) राठोडां री वंसावली
(११९) जोधपुर बीकानेर टीकायतां री विगत
(१२०) सेतराम जी री वात
(१२१) श्री बीकैजी रै कंवरां रा नाम
(१२२) किसनगढ़ री विगत
(१२३) राठोडां रै तैरै साखां री विगत
(१२४) अगोलां राठोडां री पीढ़ी
(१२५) किमनसिंघोतां री पीढ़ी
(१२६) चन्द्रावतां री वात
(१२७) हदै डगरणावत री वात
(१२८) बूंदी री वात
(१२९) क्यामखान्यां री उतपत
(१३०) दौलताबाद रा उमरावां री उतपत
(१३१) सांगण राव राठोड़ री वात

(सरस्वती भण्डार)

(२९) गज-मोप। रचयिता—माधौदास। साइज ६×८-२ इंच। पत्र संख्या २। प्रति में लिपिकाल का निर्देश नहीं है। अनुमान से कोई २०० वर्ष की पुरानी प्रतीत होता है। इसमें गज-ग्राह के युद्ध का वर्णन है। आरंभ का थोड़ा सा अंश यहाँ दिया जाता है :—

सुण पुरांण वखांण संत गज ग्राह उधारा।
क्रिसन कथा मंगल कल्याण समरथ तनमारा॥
सुणत सुणावत परम सुख भव का निस्तारा।
षीर समंद त्रिकुट पंड पाहड़ भगारा॥
मर झहरी द्रुम सरल थंग अज्र प्रथल धारा।
अंब कदंब तमाल ताल तर लगे (?) तारा॥
संवर रींछ बराह याप घंमारइ पारा।
पेषइ किरपन स्वंध घन अति शृय भगारा॥

(सरस्वती भंडार)

(३०) गीत-रूपक-संग्रह । साइज़ १२-३×६ इंच । पत्र-संख्या १४३ । प्रति कोई १२० वर्ष की पुरानी नज़र आती है। इसमें राजस्थान के चारण कवियों के रचे हुए डिंगल भाषा के २०० गीत और १०० के लगभग छप्पय संग्रहीत हैं जिनमें महाराणा प्रताप, महाराजा जसवंतसिंह, राठोड़ दुर्गादास इत्यादि वीर पुरुषों का यशोगान किया गया है। इतिहास की दृष्टि से यह संग्रह बड़े महत्व का है। नमूने के तौर पर इसका पहला गीत हम नीचे उद्धृत करते हैं। इसमें किसी पाहड़सिंह शिवदानसिंघोत की वीरता का वर्णन है और बारहट फतहसिंह का लिखा हुआ है।

गीत

करी आय जाहर अरज फजर हो करौलां, चढ़े वाहर गऊधरम पहचांणि ।
विकटड़ा चाल विकराल थाहर विचा, इसो नाहर पतै घेरियो आंणि ॥ १ ॥
मोढ़ि अंगम यंद्ह कीया जठै सांमुहा, निरपिया सोहड़ पाणांउ नागां ।
हुवंतां कंवर दईवांण हाथरी, लूथ बथ हूवौ बज्र वाथ लागां ॥ २ ॥
डाच ऊभारि ऊभारि हाथल हुवौ, थाट नम धारि इम फलंग अणबीह ।
पतारो पाग यह उभारो जिण पहल, सतारौ तूटियौ कमारौ सीह ॥ ३ ॥
चोल चोलां नयण घड़ चूरतौ, इपि लगि गईण रौलां अधायौ ।
अणी री भवर असि मर करेउ नागी, ऐम पाहड़ धणी बीच आयौ ॥ ४ ॥
पंजा वहै भड़ड़ करकड़ बरड़ पांसलां, रेण पड़ि दहड़ रत अनड़ रो ।
ताहि विसौ होड़ राठवड़ उरड़ पंडपंड हुवौ, हूवौ सिघड़ धड़ भड़ दुजड़ हूंता ॥५॥
देवपुर सिधारे सुतण सिवदानरौ, भुजै मघंघवांन रौ अड़ सगर भांनि ।
धरम राजांन रौ मांन रौ कलौधर, थान रौ धणी आयौ पतौ थांनि ॥ ६ ॥

(सरस्वती भंडार)

(३१) गीतावली (पूर्वार्ध)। रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज विश्वनाथ जू देव। साइज़ ६-३×११-८ इंच। पत्र-संख्या ८७। लिपिकाल सं० १८६१। विषय—रामचरित्र। इसमें कुल मिलाकर ४०३ पद्य हैं। भाषा सानुप्रास और कविता मधुर है। अन्त का थोड़ा सा अंश नीचे दिया जाता है:—

हिय मुद फूल फूल की छरियां लै तैं रोकि कहो किमि अैहौ ।
लाख लाख प्रति फगुवा फगुवा लाल लाल दै तैहौ ॥
विहँसि विहँसि कै सब सब सन मनि मनि भूपन दै आये ।
अदभुत सकल सकल सख मंडल भज्ञ विसुनाथ नाथ मधि आये ॥
करि अस्नान पोसाकन भूपन पहिरि पहिरि अनमोले ।
सखन सहित रघुनन्दन गौने चोपदार गन बोले ॥

येक सरस सर विच सुवरन की सुवरन वेदी सोहै।
ता मधि रतन कलपतरू ता तर रतन महल मन मोहै॥
लसहि उतंग कनक के कलसा अनगन सुरज सरूपै।
चारु चौक तहँ रुचिर सिंघासन सुखमा सीव अनूपै॥
तामें वैठे श्री रघुनन्दन भाई चहुँकित भ्राजैं।
पानदान अरु अतरदान वर चमर विजन कर राजै॥
भूषन वसन सजित अति छाजित सचिन सखन गन भायौ।
ताहि समै महा मोदित मन येक नयौ नट आयौ॥
कहि जयदेव सु सीस नवायौ राम रजायस पाई।
बोलत भो विसुनाथ मुदित मन तहाँ कनात लगाई॥

(सरस्वती भंडार)

(३२) गुण गोव्यंद। रचयिता—कल्याणदास भाट। साइज ७-६×७ इंच। पत्र-संख्या ४०। लिपिकाल—सं० १७२५। दोहा, गीत, छप्पय आदि कुल मिलाकर इसमें १६६ पद्य हैं। भाषा डिंगल है। इसमें माधुर्य, कलह, अद्भुत आदि भिन्न भिन्न मनोभावों का लक्षण-उदाहरण सहित विवेचन है। इस विषय का यह एक पहला ग्रन्थ देखने में आया है। ग्रन्थ का नाम भ्रमात्मक है।

आदि—

(गाथा इकअछेरी)

अध्यातम भाव

परमेसरि परिब्रह्म परम निवास परम ततपुरं।
परम ज्योति परि रूप पर आतमा आत्मा प्रसीध॥ १॥
अलप अलेप अपारं अनंत अथाह अभेव अगाधं।
अई श्रुती अगम अछेहं अणहदो वरण अवरखियं॥ २॥
नीराकार नीरंजन नीरलेपं नीगुण नीरीह नाथ नीरधारं।
नीगम नीकानन जायं निगम निधान नेतरायणं॥ ३॥

अंत—

दूहो

(समय भाव)

जगतसींघ राणोत दीन साहजहाँ पतसाह।
आगलि सीय गुण आगरै उपजीयो प्रसपाह॥ १६६॥

दूहो

(सषी भाव)

घास समेलै वाघतण लापघोत फलीयाण ।
गायो श्री गोबींद गुण पाऐ भगत प्रमाण ॥ १६६ ॥

(सरस्वती भंडार)

(३३) गुण हरिरस। रचयिता-ईश्वरदास। साइज ६-२×५-८ इंच। पत्र-संख्या १४। लिपिकाल—सं० १८३१, पौष कृष्णा ५, भृगुवार। प्रति गुटकाकार है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३०-३२ अक्षर हैं। विषय-ईश-महिमा। भाषा—डिंगल। पद्य-संख्या १७४। इसमें चार छंदों का प्रयोग हुआ है—मोतीदाम, छप्पय, दोहा और वे अख्खरी। ईश्वरदास के प्रसिद्ध ग्रन्थ हरिरस का संक्षिप्त रूप है।

आदि—

दोहा

लागूं हूं पहली लुलै पीताम्बर गुर पाय।
वेद महारस भागवत प्रामै जास प्रसाय ॥१॥
जालि टलै मन क्रम गलै त्रिमल थायै देह।
भाग हुवै तो भागवत संभलिजै श्रमणेह ॥२॥

अन्त—

छप्पय

अलप तूंभि आदेस मात बिण तात निपंनो।
धात जाति धन विनां आपहि आप उपंनो ॥
रूप रेख बिण रंग ध्यांन जोगेस्वर ध्यावै।
अमर कोड़ि तैतीस प्रभु तौ पार न पावै ॥
घण घणां घट भांजण घडण अलप निरंजण एहूं कहुव।
अपरंमपार पावै न कौ अलप पुरुप आदेस तुव ॥१७४॥

यह प्रांत स्थानीय प्रयागदास जी के अस्थल के पुस्तकालय में वर्त्तमान है।

(३४) गुरु विरुदावली। रचयिता-अनुरागीदास। साइज ४-८×३-२ इंच। पत्र-संख्या २३। लिपिकाल—सं० १६०० के आसपास। प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियां और प्रति पंक्ति में ६। ८ अक्षर हैं। लिखावट बहुत सुन्दर है। विषय-गुरु महिमा। कविता-शैली सरल है।

आदि—

श्री गुरु निमो निमो भगवांन। श्री गोविन्द सरन मम प्रांन ॥
श्री हरिव्यास देव कौं ध्याई। ज्यौं मन आवागमन नसाई ॥
बिन गुरु क्रपा मिलै नहीं स्यांम। बिन गुरु क्रपा सरै नहीं कांम ॥

अन्त—

दोहा

वृषा श्राव के जात रहि जादिन बरस पचास।
ता दिन गुर विरुदावली कीनी अनुरागी दास ॥

(सरस्वती भंडार)

(३५) चन्द कुंवर री बात। रचयिता—प्रतापसिंह। साइज ८-५×५-८ इंच पत्र-संख्या ८। लिपिकाल—संवत १८२२। विषय—अमरावती नगरी के राजकुंवर और वहाँ के सेठ की पुत्री चन्द कुँवरि की प्रेम कहानी। इसमें गद्य-पद्य दोनों हैं। पद्य-संख्या ६५ है।

आदि—

चौपई

समरुं सरसत मात मनाय। गणपति गरु के लागुं पाय ॥
प्रतापसींघ रस कीनो काज। क्यूं न कथ्यो रसिक कविराज ॥१॥

दूहा

प्रतापसींघ खुंमाण ने हुकम कीयो सताब।
हँस कवि सुं ऐसैं कहो अपूरव बात सुणाव ॥२॥
रसिक लोक सुहांमणो रस रा जोग शृंगार।
मुरखां ही को मन हरे सब रसन को सार ॥३॥
पनरे से चालीसमें पोसमास तिथ त्रयोदसी।
गुंथ कीनो गुण सार नगर नाम अमरावती ॥४॥

अन्त—

दूहा

कुंवर घरां पधारिया कुदण लागा गेह।
सेठ तणी जे बसनरी तिणसूं घणो सनेह ॥ ६२ ॥

मेरे मन प्यारी तु' वसे में प्यारी का मन।
पीउ प्यारी का जीवड़ा प्यारी हमारे सन ॥६४॥
प्रतापसींघ रे मन वसी कविजन सदा सोहाय।
जुग जुग जीयो चंद कुंवर बात कही कविराय ॥६५॥

(सरस्वती भंडार)

(३६) चंदन मलियागिरि री वात : प्रति नं० १। रचयिता—भद्रसेन। साइज़ ६-५×५-८ इंच। पत्र-संख्या १०। लिपिकाल—सं० १७६७ वैशाख सुदी १५, बुधवार। पद्य-संख्या २०२ (दोहे)। विषय—चंदन और मलियागिर की प्रेम-कथा। भाषा—बोलचाल की राजस्थानी।

आदि—

दूहा

स्वस्ति श्री विक्रमपुरे प्रणमी श्री जगदीस।
तन मन जीवन सुखकरन पूरन जगत जगीस ॥ १ ॥
वरदायक वर सरसती मत विस्तारण मात।
प्रणमी मन धर मोदसुं हरन विघन संघात ॥ २ ॥

अंत—

दूहा

कुमर पिता पायन छुहे भरि लये उर संग।
अंसुअन की धारन छुटी मनु न्हवाये अंग ॥ २०० ॥
दुख ज गयो मन सुख भयो भागो विरह विजोग।
मात पिता सुत मिलत ही भयो अपूरब जोग ॥ २०१ ॥

गाहा

कथवी चंदणराया कथवी मलयागरी।
वित कथ गई पुणवलं होइ ता संजोगउ होई एवं ॥ २०२ ॥

प्रति नं० २। साइज़ ६-८×४-१ इंच। पत्र-संख्या ६। लिपिकाल-सं० १८२२। इसमें दोहों की संख्या १८६ है। प्रारंभिक भाग उपरोक्त प्रति से मिलता है पर अन्तिम भाग भिन्न है।

अन्त—

राजा बोल्यो क्या करूँ सोदागर कुं दंड।
लूटो गुनही राय को हम तुम प्रीति अखंड ॥ १८७ ॥

सोदागर वारो अबै राय रहे सुख चैन ।
सपरिवार सुख भोगवैं जान कि सुर सुख पैन ॥ १८८ ॥
जाय लई फुनि निज पुरी मिले सुजन सब लोग ।
भद्रसेन कहि पुन्यतैं भए सुवंछित भोग ॥ १८६ ॥

(सरस्वती भंडार)

(२७) चमत्कार चंद्रोदय । रचयिता—रसपुंज । साइज़ १३-४×६-२ इंच । पत्र-संख्या ४ । प्रत्येक पष्ठ पर १४ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३६ से ४३ तक अक्षर हैं । प्रति सं० १८६६, चैत्र वदि ६ सोमवार की लिखी हुई है । ग्रन्थ दो कलाओं में विभक्त है । पहली कला में रसों का और दूसरी में मुख्य मुख्य अलंकारों का संक्षिप्त विवेचन किया गया है । ग्रंथ का प्रारंभिक भाग निम्न है—

दोहा

सुमरत ही व्हैं सिद्धि सुभ कविके काज असेस ।
गुरू गोविन्द गिरिजा गिरिस जय मह अधिप गनेस ॥ १ ॥
श्री गुरूदेव प्रसन्न ह्वै जब मति अति अधिकाय ।
सविता उदैं सु नैन को अंधकार मिटि जाय ॥ २ ॥
भजैं जवहि गोविन्द गुन छजैं सुकविता ऐन ।
मजैं नूत की मंजुरी सजैं मधुर पिक बैन ॥ ३ ॥
गिरिजा आनन इंदु के शिव दग भए चकोर ।
कंकन अहि संकत्तर जल पियत हँसी सुप मोर ॥ ४ ॥
हर्यौ मोह तम पंचसर सलभ अगिन धर सीस ।
भर्यौ सिवा के नेह सौं ग्यान-प्रदीप गिरीस ॥ ५ ॥

(सरस्वती भंडार)

(२८) चित्रकूट महात्म । रचयिता—रीवां नरेश महाराज विश्वनाथसिंहजू देव । साइज़ ६-४×४-३ इंच । पत्र-संख्या १० । लिपिकाल—सं० १८६१, चैत्र वदि १३ सोमवार । प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २० । २५ अक्षर हैं । लिखावट साधारणतः अच्छी है । ग्रन्थ दोहा-चौपाइयों में है । इसमें चित्रकूट की महिमा बतलाई गई है । रचना सरस है । ग्रन्थारम्भ इस प्रकार होता है:—

दोहा

जय गुरु गणपति बानि जय जयति सिया रघुनाथ ।
पद पंकज निज हाथ गहि भरत माथ बिसुनाथ ॥

चित्रकूट के तीरथनि आग्रा क्रमहि निवेरि।
कहन कहौं मैं सार पुनि पूछिस तन तिन हेरि॥
आग्रा सब संवत्सरी को फल ताको होत।
वृहत्तर मापन को यहै यह माहात्म उदोत॥

(सरस्वती भंडार)

(३६) छन्द विचार। रचयिता—सुखदेव मिश्र। साइज ६·१×८·३ इंच। पत्र-संख्या ३०। लिपिकाल-सम्वत १७५१। प्रति बहुत जीर्णावस्था, में है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर २१ पंक्तियां और प्रति पंक्ति में २१। २३ अक्षर हैं। लिखावट सुन्दर है। इसमें छन्दों का लक्षण-उदाहरण सहित विवेचन है।

आदि—

दोहा

गनपति गौरि गिरीस के पाइ नाइ निजु सीस॥
मिश्र सुकवि सुषदेव को देत बनाइ असीस॥१॥

छप्पय

रजत पंभ पर मनहुँ कनक जंजीर विराजति।
विसद सरद घन मद्धि मनहुँ छन दुति छबि छाजति॥
मनहुँ कुमुद कदंब मिलित चंपक प्रसून तति।
मनहुँ मध्य घनसार लसति कुंकुम लकीर अति॥
हिम गिरि पर मानहुँ रवि किरिनि इमि धन धरि अरधंग मह।
सुखदेव सदासिव मुदित मन हिम्मतिसिंघ नरिंद कह॥२॥

दोहा

रतन जटित भू भाल कौं मनो विभूषन वेस।
जाहिर जंबूदीप कैं सिरैं अमेठी देस॥३॥

अन्त—

दोहा

एक वरन प्रस्तार तें छब्बिस लौं ए नाम।
क्रम तें कहत फनिंदु सुनि होत स्रवन विस्राम॥

(सरस्वती भण्डार)

(४०) जगत-विनोद। रचयिता—पद्माकर। साइज़ ८.४×५.५ इंच। पत्र संख्या ७१। प्रति सजिल्द है। लिपिकाल—सं० १८७५ चैत्र सुदी १०। पाठ-शुद्ध है।

आदि—

दोहा

सिद्धि सदन सुंदर वदन नंद नंद मृदु मूल।
रसिक सिरोमनि सांवरे सदा रहहु अनुकूल ॥१॥

अन्त—

जगतसिंह नृप हुकम तें पदमाकर लहि मोद।
रसिकन के वस करन कौं कीन्हौ जगत विनोद ॥ १२३ ॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(४१) जगविलास। रचयिता—कवि नन्दराम। साइज़ ६.४×६.२ इंच। पत्र संख्या ३०। प्रत्येक पृष्ठ पर २४ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १७। २० अक्षर हैं। लिपिकाल—सं० १८७८ भाद्रपद कृष्णा ३, बुधवार। यह प्रति महाराणा जवानसिंह जी के पढ़ने के लिये लिखी गई थी। पद्य-संख्या ४०४। छप्पय, दोहा, कवित्त आदि विविध छन्दों का प्रयोग किया गया है। इसमें मेवाड़ के महाराणा जगतसिंहजी की दिनचर्या, उनके वैभव और राज प्रबंध का वर्णन है।

आदि—

छप्पय

श्री लम्बोदर समरि सदा मंगल सुष कारिय।
अति प्रचंड भुज दंड सुंड सोहत अति भारिय॥
एक दंत मयमंत संत सेवक सुषदायक।
गुन पूरन गुन गेह गुन सुदाता गुन नायक ॥१॥
बहु रिद्धि सिद्धि नव निद्धि कर सुन्दर संकर सुत सरस।
अति बुद्धि दियन दिपे सुबुद्धि तौ किपे जगतेस जस ॥१॥

दोहा

श्री सरसति दीजै सुमति कीजै बुद्धि विसेस।
पावुं वर वरदाइनी गाउं जस जगतेस ॥२॥

अन्त—

छप्पय

जग निवास जग रांन कियो महुरत सुपकारिय।
कविजन परिगह तिन्हैं दई सब रीझ सुभारिय॥
भोजन विविध प्रकार गोठ है भई तहाँ तब।
अन धन बसन अपार दये जग रांन राज जब॥
सब देस सुबस आनंद अति कहत नन्द बानी सरस।
जगतेस रांन संग्राम सुत चिरजीवो कोरिक बरस॥४०४॥

(सरस्वती भंडार)

(४२) जवानसिंहजी री कविता। साइज ६-५×६-६ इंच। पत्र-संख्या ५३। लिपिकाल—सं० १८८३। इसके दो भाग हैं। पहले भाग में जवानसिंह जी के भक्ति-शृङ्गार के फुटकर कवित्त-सवैये और दूसरे में पद हैं। कवित्त-सवैयों की संख्या १४३ और पदों की १२३ है। भाषा सरस व्रजभाषा है। इस संग्रह का पहला कवित्त यह है :—

विघन हरन अति आनंद करन नित
सिद्धि के सदन सब कारज सुधारोगे।
एक है रदन गज बदन अनंद रूप
करिकैं सहाय सब संकट निवारोगे॥
फरसीधरन सुभ वर औ अभय देन
मन के मनोरथ कै काज तुम सारोगे।
दीन के दयाल रछपाल सदा जीवन कै
रावरे सुभाव ही के विरद विचारोगे॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(४३) जहाँगीर चन्द्रिका। रचयिता—केशवदास। साइज ६-५×८-४ इंच। पत्र-संख्या ४६। लिपिकाल—सं १७६६ श्रावण वदि १४, सोमवार। प्रति बहुत सुन्दर अक्षरों में लिखी हुई है।

आदि—

छप्पय

सुनहु गनेस दिनेस देस परदेस छेमकर।
अंबरेस प्रानेस सेस नपतेस वेस धर॥

पदागेस प्रेतेस सुद्ध सिद्धेस देपि श्रय।
दिग्गेस रवाहेस देव देवेस बस सव॥
मघु पर्वतेश लोकेस मिलि कवि कलेस केसव हरहु।
जग जहांगीर सक साहिको सुपलु रक्षा करहु॥१॥

दोहा

सोरह सैं उनहत्तरा माधव मास विचारु।
जहांगीर जस चन्द्रकी करी चंद्रिका चारु॥ २॥

अन्त—

सवैया

भागीरथी तट गोकुल केसव दान दी देंद दरिद्रनि दाहीं।
वेद पुराननि सोधि पुरान प्रमाननि के सुन पूरन गाहीं॥
निर्गुन नित्य निरीह निरंजन आनो हीयैं जग जानि वृथा हीं।
मेरे गुलामनि के हैं सलाम सलामति साहि सलेमहि चाहीं॥ १९० ॥

दोहा

जहाँगीर जू जगतपति दे सिगरो सुप साजु।
केसवराइ जहानु मैं कीयो राय तें राजु॥ १९१॥

(सरस्वती भंडार)

(४४) जुगल विरदावली। रचयिता—अनुरागीदास। ४-८×३-२ इंच साइज की छोटी पुस्तकाकार प्रति है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ६।८ अक्षर हैं। प्रति सं० १६०० के आस पास की लिखी हुई प्रतीत होती है। विषय—कृष्ण भक्ति। रचना साधारण है।

आदि—

हो जै जै भगवान कृपाल। हो निज जन पालक नंदलाल॥
हो जसुदा की कूँपि उजागर। हो बृजराज कुंवर सुपसागर॥
हो बलिदेव अनुज गिरधारी। हो सुपदैन पिता महतारी॥

अन्त—

या रस बिन जो अनि रस ध्यावै। ताको विधना सुप न दिपावै॥
जे या रस इकन सायके रही। या पदरज भूपन सिर में रही॥

या रस सरस श्राइ जोइ चही। तवहिं जुगल विरदावलि कही ॥
इह मांगो अनुरागीदास। जनम जनम दीज्यै वृज वास ॥

(सरस्वती भंडार)

(४५) जुगल विलास। रचयिता—नरवरगढ़-नरेश महाराजा रामसिंह। पत्र-संख्या २०। लिपिकाल—सं० १८५०, चैत्र सुदी २, गुरुवार। पद्य—संख्या १०१ (कवित्त)। विषय-नायिका भेद। शृंगार रस की बड़ी प्रौढ़ रचना है।

श्रादि—

कवित्त

सोहत मुकट सीस कुंडल श्रवन सोहै
मुरली अधर धुनि मोहै त्रिभुवन कौ।
लोचन रसाल बंक भ्रकुटी विसाल सोहै
सोहै वनमाल गरै हरै लेती मन कौ॥
रूप मन मोहन चित्तै विसारौं वारौं
सुन्दर वदन पर कोटिक मदन कौ।
जगत निवास कीजै सुमति प्रकास मेरे
उर मैं हुलास विलास वरनन कौ ॥१॥

श्रन्त—

कवित्त

नरवरनाथ छत्रसिंह सुत रामसिंह
रुचिर बनायौ ग्रंथ रसकौ निवास है।
गावै जो गवावै सुनै प्रेम मैं मगन होइ
ताकै उर राधा मन मोहन कौ वास है॥
संवत श्रठारैहे सै बरस छत्तीस पुनि
सुदि तिथि पांचै गुरुवार माघ मास है।
रसिक हुलास कर सुमति प्रकास कर
नवल प्रकट भयौ जुगल विलास है ॥१०१॥

(सरस्वती भंडार)

(४६) जोग पावड़ी। रचयिता—गरीबगिर। साइज ७-८×४-२ इंच। पत्र-संख्या ३। ६१ छंदों की छोटी सी रचना है। प्रति में लिपिकाल का निर्देश नहीं है, पर रूप-रंग से कोई २०० वर्ष की पुरानी दिखाई देती है। इसमें बहुत सरल भाषा में आध्यात्मवाद तथा नीति-उपदेश की बातें बतलाई गई हैं। कविता बहुत मार्मिक है।

आदि—

क्रोध लोभ दूरै परिहरवा परिहरि ममता माया।
गोरपनाथ इशो उपदेमी कणयरी पाय बुझाया ॥ १ ॥
झबकन बोलणा धबकन चलणा जोइ मुकेना पायं।
देसि विदेस इण परिभमणा भणति गोरप रायं ॥ २ ॥

अन्त—

जती जोगी कापड़ी सन्यासी इस राहै जै जावइ।
गुरू को दास गरीबगिर बोलइ सोई परम पद पावइ ॥ ६१ ॥

(सरस्वती भंडार)

(४७) ज्ञान समुद्र। रचयिता—सुन्दरदास। साइज ६-६×५-५ इंच। पत्र संख्या ४३। लिपिकाल—सं० १७८२, भादो वदि ११। प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२१ अक्षर हैं। अक्षर सुन्दर और पाठ शुद्ध है। ग्रंथ पाँच उल्लासों में विभक्त है। प्रथम उल्लास में ३७, दूसरे में ५६, तीसरे में ६०, चौथे में ६५ और पाँचवें में ६६ पद्य हैं।

आदि—

छप्पय

प्रथम बंदि परब्रह्म परम आनंद स्वरूपं।
दुतिय बंदि गुरुदेव दियौ जिह ज्ञान अनूपं॥
त्रितिय बंदि सब संत जोरि कर तिनके आगय।
मन वच काय प्रनाम्य करत भय भ्रम सब भागय॥
इहि भाँति मंगलाचरन करि सुन्दर ग्रंथ बखानिये।
तहाँ विघ्न न कोऊ उपजय यह निरचय करि मानिये॥

अन्त—

संवत सत्रहसै गये बरं दशोत्तर और।
भादव सुदि एकादशी गुरुवार सिरमौर॥
ता दिन संपूरन भयौ ज्ञान समुद्र सुग्रंथ।
सुन्दर कौगाहन करै कहै मुक्ति को पन्थ॥

(सरस्वती भंडार)

(४८) ढोला मारू री चौपई: प्रति नं० १। रचयिता—कुशललाभ। साइज ८.५×५.५ इंच। पत्र संख्या २८। लिपिकाल-सं० १७२६,आसाढ़ सुदी १५ गुरुवार। पद्य-संख्या ७३३। इसमें ढोला-मारू के दोहों के साथ साथ कुशललाभ रचित चौपइयाँ भी हैं। प्रति में छंदोभंग बहुत है।

आदि—

दूहा

सकल सुरासुर सांमनी सुण माता सरसत्त।
विनय करी ने विनवु दे मुझ अवरल मत्त ॥१॥
जोतां नवरस पृण जुग सविहुँ धुरि सिणगार।
रागे सुर नर रंजिया अबला तसु आधार ॥२॥
वचन विलास विनोद रस हाव भाव रति हास।
प्रेम प्रीत संभोग सुप ए सिणगार आवास ॥३॥

अन्त—

चौपई

संवत सोलह सोलोतरै आपातीज दीवस मनपरै॥
जोडी जेसलमेर मंझार वांच्यां सुप पामे संसार ॥७३२॥
सांभल सगुण चतुर गहगहै वाचक कुशललाभ इम कहै॥
रिध सिध सुप संपदा .लै ने नर पामे सदा ॥७३३॥

(सरस्वती भंडार)

प्रति नं० । साइज ६.३×७.३ इंच। पत्र-संख्या ६८। लिपिकाल—सं० १८१६, श्रावण ष्णा १, बुधवार। छंद-संख्या १००१। प्रति सचित्र है। प्रत्येक पन्ने की एक पीठ प. चित्र और दूसरी पर कविता है। चित्र ग्रंथ के मुख्य २ दोहों के भाव को लेकर अंकित किये गये हैं। पर दो-चार को छोड़ कर शेप सब चित्रकला की दृष्टि से साधारण कोटि के हैं। दो-एक चित्र अश्लील भी हैं। प्रति बहुत बुरी अवस्था में है। इसका पहला पन्ना बिल्कुल गायब है। दूसरे और तीसरे पन्ने में कई बड़े २ छेद हो गये हैं और चौथे पन्ने का सिर्फ एक चौथाई भाग रह गया है। अन्य पन्नों की भी यह हालत है कि हाथ लगाते ही ढाक के सूखे पत्तों की तरह टूटने लगते हैं। शायद चित्रों के रंग के साथ मिले हुए किसी क्षार के कारण इनकी यह क्षति हुई है और उत्तरोत्तर हो रही है। उपरोक्त प्रति नं० १ की तरह यह भी 'ढोला मारू रा दूहा' का कुशललाभ कृत दूहा-चौपई वाला रूप है। लेकिन उसकी

अपेक्षा इसमें २६८ छंद अधिक हैं। प्रति यह भी बहुत अशुद्ध लिखी हुई है। मालूम होता है, प्रति को तैयार करवाने वाले का ध्यान चित्रकारी की ओर अधिक रहा है, पाठ-शुद्धि की ओर कम। अन्तिम भाग नीचे उद्धृत किया जाता है:—

चौपई

पढ़ै अढ़ै तीहां पांतरो। बीचार जो तहाँ कीजे परी ॥
समत सोल सत्तोतरे ई। आपातीज दीवस मन परे ॥६६६
रीधि वृधि पावै संपदा। सांभलतां जावै आपदा ॥
जोड़ी जेसलमेर मंझार। वांच्या सुष पावे संसार ॥१०००
साभलतां चतुर मन गहगहे। वांचिक कुसललाभ ऐम कहे ॥

दूहा

ढोलो मारू परणिया तीणी रा यह सहनांण।
धन भटीयांणी मारवणि ढोलो कूरम राण ॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(४६) ढोला मारवणी री वात। रचयिता—अज्ञात। साइज़ ६-५×८-५ इंच। पत्र-संख्या २५। लिपिकाल—सं० १८६४, मार्गशीर्ष सुदी ३, शनिवार। विषय-नरवर के राजकुमार ढोला और पूंगल की राजकुमारी मारवणी की प्रेम-कहानी। इसमें १०० दोहे हैं। अंतिम १० दोहों को छोड़कर शेष के साथ गद्य-वारता भी है।

आदि—

वारता

राजा पुंगल अर देसरी नाम पुंगल। जात भाटी। इस समीया माहे देस माहे काल पड़ियौ। सु राजा पुंगल सारी परजा नें लियां देसउ चालौ कीयौ। राजलोकां सहित सेभ चाला जुना गाढ़ा पोली मारग हुंता तिके हाकिया। अर राजा रो लहोड़ो भाई गोपालदास तिणनें मतों करनें सात सैं रजपूतां सूं गढ़ माहे सावचानी करवा सारू मेलीयौ। जायथीं कोई सूनां गढ माहे दुसमण आय बैसमी तो धरती जासी। तियथी भाई गोपालदास नें धरतीरी धणी सरम भलावे नें राजा पुंगल असवार हुवो। चालतां राजा दूहो कहीयोः—

हा थापयैं देसड़े एक म भाजे रोड़।
कै तौ वैं अवरसयो कै फड़की कै तौड़ ॥ १ ॥

अन्त—

दोहा

मारवणी ढोलो कहे मु जमन देहम पीव।
मारू मिळियां धन हुई पेम पीयारी पीव ॥ १० ॥

सेमुप ढोले दापिया मारू पंड वपांण ।
मारवणी मिलिया पछे जाणयौं जनम प्रमांण ॥ ६८ ॥
पंचा इणनैं पापरयौ मेंगल नें मदपिंध ।
आगें ही थी मारवण कंत सुहागण किंध ॥ ६६ ॥
नवल तुरंगम नवल धण भव तरुणी सूं नेह ॥
नवे तिणाँ घर छाइयौ वरस सहावो मेह ॥ १०० ॥

(सरस्वती भंडार)

(५०) तत्ववेत्ता रा सवैया। रचयिता—तत्ववेत्ता। साइज १०·५×५·६ इंच। पत्रसंख्या ४५। पूरी प्रति में ६८ छंद थे, पर पहला पन्ना जाता रहा है जिससे १३ छंद नष्ट हो गये हैं और इस समय इसमें सिर्फ ८५ छंद रह गये हैं। प्रति में कहीं भी लिपिकाल का उल्लेख नहीं है। लेकिन प्रति है यह बहुत पुरानी। अनुमानतः कम से कम ३०० की पुरानी होनी चाहिये। इसमें नारद, जनक आदि योगियों की कथाएँ वर्णित हैं। प्रति के ऊपर इसका नाम 'तत्ववेता रा सवैया' लिखा हुआ है। लेकिन इसमें सवैया एक भी नहीं, सभी छप्पय हैं। अंतिम छप्पय यहाँ दिया जाता है:—

एक भौमिका अंत एक कंदरा अपारा ।
एक पिता एक पुरूष एक यह हंस उदारा ॥
उभै बाहणी एक एक बहु रूपा नारी ।
एक पूंसली पति एक पुरु मैं अधिकारी ॥
एक सर्प आदिष्ट है खाय जाय दीसै नहीं ।
ततवेता दस सहस नै दस बात नारद कही ॥६८॥

(सरस्वती भंडार)

(५१) त्रिया विनोद। रचयिता—सुरली। साइज ६·५×८·४ इंच। पत्र-संख्या ६१। प्रति बहुत अशुद्ध लिखी हुई है। लिपिकाल—सं० १८००, श्रावण सुदी ६, भृगुवार। भाषा—राजस्थानी मिश्रित पिंगल। पद्य-संख्या १५८१। ग्रंथ दोहा-चौपाइयों में है। इसमें मदनपुरी के श्रीपाल नामक किसी सेठ की व्यभिचारिणी स्त्री की कहानी है। विषय काल्पनिक है।

आदि—

दोहा

एक रदन जपतै सुजस बधै बुधि अनपार ।
गाऊं त्रिया विनोद गुण सब बातन मैं सार ॥१॥

प्रथम बंस चहुआंन को बरणि करूं बिसतार।
... ...॥ २ ॥
रावत धर्मांगद भये रांन धरा रिछिपाल।
तिन सुत पीथल परगट्यो सुरतानन उरसाल ॥ ३ ॥
ता सुत रावत रूपपती पाग त्याग गुन जांन।
जिन घर ऊदल अवतर्यो कविता कर बषांन ॥ ४ ॥
मेदपाट चित्तौरगढ़ राजै जैसिंघ रांन।
ताको भर उमराव सुनी रावत उदीयाभांन ॥ ५॥

अन्त

दोहा

दीनी सौंप कपुर कुं दीयो कुंवर कुं लार।
चंदे पाप प्रगासियो जबैं परी सिर मार ॥ १२७६ ॥
यहैं न्याव हरकौ हरकौ भूप कीयो मन जांन।
सो काजी किस नीकरे कीनी न्याव निदांन ॥ १२८० ॥
पोथी (थी) त्रीया विनोद की कीनी अति मति सार।
भुल्यो चुक्यो ज्यो कहूँ पढ़ियो सुकवि सुधारि ॥ १२८१ ॥

(सरस्वती भंडार)

(५२) दत्तात्रेय लीला। रचयिता—मोहनदास। साइज ७·६×७ इंच। पत्र संख्या ४। लिपिकाल—सं०१७२४। प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२२ अक्षर हैं। लिखावट भद्दी है। विषय—भगवान श्रीकृष्ण का ऊधव को ज्ञान-उपदेश। ग्रन्थ का नाम 'दत्तात्रेय लीला' रखा गया है जो भ्रमात्मक है। क्योंकि आदि से अन्त तक इसमें न तो कहीं दत्तात्रेय का नाम आया है और न उनके विषय की कोई बात ही कही गई है।

आदि—

द्वारामती इकंत निवासा। हरी कुं पुछै ऊधौ दासा ॥
ग्यान विचार विवेक सुनाओ। मेरे जिय को तीमर नसाओ ॥
कवंन पुरिष कैसी तेरी माया। कहो किरा करि त्रिभुवन राया ॥
कैसी बीधि प्रानी संच पावै। काल जाल भय दूरि गँवावै ॥

अन्त—

ऐसैं ग्यान कह्यो नाना विधि। निज जन कौं सौंपी अपनी निधि ॥
जो या लीला सुनै अरू गावै। ग्यान वैराग भगत उपजावै ॥
सेस महेस पार नहीं पावै। मोहनदास जथा मति गावै ॥

(सरस्वती भंडार)

(४३) दसम भागवत रा दूहा। रचयिता—राठोड़ पृथ्वीराज। साइज ७-४×६-२ इंच। पत्र संख्या ७। प्रति में लिपिकाल दिया हुआ नहीं है। रूप-रंग से कोई २००–२५० वर्ष की पुरानी प्रतीत होती है। इसमें कृष्ण-भक्ति के १८४ दोहे हैं। भाषा डिंगल है। रचना प्रौढ़ और परिमार्जित है।

आदि—

दूहा

लौहे पारस-नीब थी खिण अधारै घांम।
कुड़ै भो साचौ क्रसन मेलणहार प्रणांम ॥१॥
जिण श्रम सुं आलोज दामोदर दरसावियौ।
सगला पायौ सोज वाल्हौ वलभदेव उत ॥२॥
पायै पाये जाइ ग्रिह वाल्हा गोकल तणा।
वीठल वांदे वाइ आतम ऊंमाहौ कीयौ ॥३॥

अंत—

दूहा

आली मोरा अवगुणां साहिव केर गुणांह।
वूंद वरखां रेण कण पार न लभुं त्यांह ॥१८०॥
जे मैं घण अवगुण कीया तोइ लेखौ तो हथि।
तो गुण वंदौ श्रीक्रमा तुं कान्ह ले नथि ॥१८१॥
साइ हरि आपिन आपदा साइ संपदा स संपि।
जिणि सुं पीऊं बीसरै बूझ बुझावे झंपि ॥१८२॥
गुरड़ गुरड़धज पलक मैं जोजन लखां जाइ।
माठौ जाणौं छंडीयौ जण ध्यावतां सहाइ ॥१८३॥
मापण रतन मथेह काढे पिंलाधी क्रिसन।
छांडीयौ छासि करेह वारिध वसदेराव उत ॥१८४॥

(सरस्वती भंडार)

(४४) दसम स्कंध। रचयिता—नन्ददास। साइज ७-६×५-६ इंच। प्रति सजिल्द है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १०।११ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २३। २६ अक्षर हैं। प्रति सं० १७३० की लिखी हुई है। विषय—श्रीमद्भागवत के दशम स्कंध का अनुवाद। ग्रंथ १६ अध्यायों में विभक्त है। अंतिम दोहे में कवि ने इसकी श्लोक संख्या ५००० बतलाई है।

आदि—

दोहा

नव लछिण करि लछिओ दशमें आश्रय रूप ॥
नंद बंद लै प्रथम तिहि श्री कृष्णाख्य अनूप ॥ १ ॥

चौपाई

परम विचित्र मित्र इक रहै। कृष्ण चरित्र सुन्यौ चहै ॥
तिन कहि दशम स्कंध जु आहि। भाषा कर कछु बरनहु ताहि ॥
सबक संसक्रत के हैं जैसे। मोपै समझ परत नहिं तैसे ॥
तातैं सरल हि भाषा कीजै। परम अमृत पीजै सुख जीजै ॥
तासों नंद कहत है जहाँ। अहो मित्र एती मति कहाँ ॥
तामे बड़े कविजन उरझै। ते वै अजहु नाहिन सुरझै ॥

अन्त—

कवित्त

वेदहु बखानी विविध महाहु न जानि
सनकादिक न मानी मुख अद्भुत कहीये।
प्रभु जुवताई पिप व्यासहु पढाई शुक
भगत दिढ़ाय सुतो गाढे करि गहीये।
काहुके भुराये जिन भूले रे मुगध नर
हरि गुन गाय हरि संतन में रहीये।
जाको नाम लीयें नर पावत परम गति
ताके जस फल को प्रमान कैसे कहीये ॥१०५

दोहा

पांच हजार श्लोक कहे कीयो दशम बखानि ॥
घटि बढ़ि मत कोऊ पढ़ो मूल ग्रंथ परमान ॥ १०६ ॥

(सरस्वती भंडार)

(५५) दादूजी की साषी । रचयिता—दादू दयाल । साइज १२·८×६ इंच पत्र संख्या ४५ । लिपिकाल—सं० १७५८ आषाढ़ सुदी ७, मंगलवार । इसमें दादूजी की २४८६ साखियाँ संग्रहीत हैं जिनका विभाजन ३७ शीर्षकों में नीचे लिखे अनुसार हुआ है ।

नं०	शीर्षक का नाम	साखी-संख्या
१	गुरु देव को अंग	१५०
२	सुमिरण को अंग	१२८
३	बिरह को अंग	१५६
४	परचा को अंग	३२७
५	जरण को अंग	३२
६	हैरान को अंग	२६
७	लै को अंग	४१
८	पतिव्रता को अंग	६२
९	चितावणी को अंग	१३
१०	मन को अंग	१२७
११	सूखिम जन्म को अंग	८
१२	माया को अंग	१६७
१३	साँच को अंग	१६६
१४	भेष को अंग	४६
१५	साध को अंग	१२६
१६	मधि को अंग	६८
१७	सार ग्राही को अंग	२०
१८	विचार को अंग	४८
१९	बेसास को अंग	५२
२०	पीव पिछाण को अंग	४१
२१	समथाई को अंग	४२
२२	सबद को अंग	२६
२३	जीवत मृतक को अंग	५७
२४	सूरातण को अंग	८१
२५	काल को अंग	६०
२६	संजीवनी को अंग	५०
२७	पारिख को अंग	४१
२८	उपजण को अंग	२०
२९	दया निरवैरता को अंग	४७

३०	सुन्दरि को अंग	३३
३१	किसूरिया मृगी को अंग	१४
३२	निंदा को अंग	१६
३३	निगुण को अंग	२५
३४	बीनती को अंग	७७
३५	साखी भूत को अंग	१८
३६	वेली को अंग	२०
३७	अविहड़ को अंग	११

आदि—

दादू नमो नमो निरंजन नमसकार गुरुदेवतः।
वंदनं सर्व्वं साधवाः प्रणामं पारंगतः ॥१॥
दादू गब मांहि गुरुदेव मिल्या पाया हम परसाद।
मस्तकि मेरे कर धर्या दक्षा अगम अगाध ॥२॥
दादू सतगुर सहज मैं कीया बहु उपगार।
नृधन धनवंत करि लीया गुर मिलिया दातार ॥३॥

अन्त—

अविहड़ अंग विहड़ नहीं अपलट पलटि न जाइ।
दादू अघट एक रस सब मैं रह्या समाइ ॥१०॥
कबहूं न विहडै सो भला साधू दृढ़ मत होइ।
दादू हीरा एक रस बांधि गांठड़ी सोइ ॥११॥

(सरस्वती भंडार)

(५६) दामोदर लीला। रचयिता—देवीदास। साइज ६-६×४-८ इंच। पत्र संख्या २१। लिपिकाल—सं०१८७२, श्रावण सुदी १२, बुधवार। प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८।२० अक्षर हैं। अक्षर बड़े-बड़े, सुन्दर और सुवाच्य हैं। इसमें श्रीकृष्ण की बाल-लीला का वर्णन है।

आदि—

गुरु गणेश पद वंदन करिकै संतन कौ सिर नाऊँ।
बाल विनोद जथामति हरिके सुन्दर सरस सुनाऊँ॥
भक्तन के वत्सल करुनामय तिनकी अद्भुत लीला।
सुनै संत सब सावधान ह्वै श्री दामोदर लीला ॥१॥

अन्त—

मनिग्रीव नलकूबर जैसे तारन वेर न लाई।
त्यौंही तरत जु वार न लागै लीला सुनै सुहाई ॥
श्री दामोदर की यह लीला देवीदास कही है।
संत जनन की चरन रेनु की तनमन ओट लही है ॥६४॥

(सरस्वती भंडार)

(५७) दीनविरदावली। रचयिता—अनुरागीदास। ४·८×३·२ इंच साइज़ की पुस्तकाकार प्रति है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ६।७ अक्षर हैं। पत्र-संख्या २८। लिपिकाल—सं० १६०० के आसपास। विषय—कृष्ण भक्ति। ग्रन्थ दोहा-चौपाइयों में है।

आदि—

जै गुर श्री हरिव्यास दयानिद्धि। तुम तै मैं पाइ हैं भजन सिद्धि।
मो मैं निज बल है कछु नांही। बूड़त गहौ आइ तुम बाही ॥
मैं गोपाल सुनाऊं सांची। अंतरजांमी तै नहीं वांची।
जग के चम दिष्टि नर भरमैं। तूं सब जानैं बैठो उर मैं ॥

अन्त—

दोहा

अष्टादस बत्तीस मैं। वदि दसमी मधुमास।
करी दीन विरदावली। या अनुरागीदास ॥

(सरस्वती भंडार)

(५८) ध्यान लीला। रचयिता—माधौदास। साइज़ ७·६×७ इंच। पत्र-संख्या ५। लिपिकाल—सं० १७२४, फाल्गुण सुदी ६, सोमवार। छंद-संख्या ७७। विषय—ईशाराधना।

आदि—

श्रीहरी गुर चरनारबींद वंदना करि भाई।
रे मन सुनी परमारथा तोसुं कहूं उपाई ॥ १ ॥
जीहि प्रकार सुख पावही दुप दोप नसाई।
सदा आणंद जो चाहई सुनी सुगम उपाई ॥ २ ॥
प्रथम सुमरी ब्रींदाबना अती सघन की सोभा।
भमर भमत कुसुमावली मकरंद की लोभा ॥ ३ ॥

अन्त—

हरी जलनीधि तैं थल करै अगीन तैं सीतल करई ।
अरी तैं मीत्र करै हरी आपदा सब हरई ॥ ७६ ॥
सोइ हरी श्री नीलगीरिर करैं भोग बिलासा ।
श्री जगंनाथ को दासानुदास गावै माधौदासा ॥ ७७ ॥

(सरस्वती भंडार)

(५६) धनुर्विद्या। रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज विश्वनाथ सिंह जू देव। साइज ६-५×६-५ इंच। पत्र-संख्या १६। प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२२ अक्षर हैं। लिपिकाल-सं० १८८६। ग्रन्थ में धनुर्विद्या सम्बन्धी मोटी मोटी बातें बतलाई गई हैं। इसका दूसरा नाम 'वीर विजय' भी है। रचना सरस है।

आदि—

दोहा

जय गनपति हनुमान जय जयति सीय रघुनाथ ॥
जैति सरस्वती मातु की परत पाय बिसुनाथ ॥ १ ॥
श्रीहरि गुर प्रियदास पद धरि धरि कर अरु माथ ॥
वीर विजै कर नाम को ग्रंथ बदत बिसुनाथ ॥ २ ॥

अन्त—

अति धीरज धारे लरै मन करि परम उछाह ॥
जियें सुजस श्री जगत मह मरे स्वर्ग सुख जाह ॥
वीर विजय कर नाम को वीरन प्रद मुद गाय ॥
श्री जयसिंघ भुवाल सुत कियो विदित बिसुनाथ ॥

(सरस्वती भंडार)

(६०) नखसिख। रचयिता—रूपजी। साइज १०×४-३ इंच। पत्र-संख्या १५। लिपिकाल—सं० १७३७, ज्येष्ठ सुदी ८। सोमवार। छंद-संख्या १६७। शृंगार रस की बड़ी प्रौढ़ और परिमार्जित रचना है।

आदि—

दोहा

एक रदन गज बदन वर विद्या सदन सुदेस ।
विघन हरन सब सुप करन गवरी पुत्र गनेस ॥ १ ॥

करि प्रनाम तिहि रूप कवि करिवर नैंन मन लीन।
राधा के अंग अंग प्रति वरनन कौं रुचि कीन ॥ २ ॥
जात सु पोकरना प्रगट नगर मेड़ते वास।
रांमदास को नंद है हरि दासनि कौ दास ॥ ३ ॥
सुरवांनी कौं आन कवि ग्रंथहि रचित बनाइ।
नर बांनी जांनी वरन मैं हुं सुगम सुभाइ ॥ ४ ॥

अन्त

दोहा

यह नख सिख वरनन विविध पढ़ै सुनै जो प्रीत।
गहत भाव गुन रूप नित बढ़त चाव रति रीत ॥
चूक परी है कहुं ज्यौं जो कछु मेरे बोध।
लीज्यौ सुकवि सुधारि कै दीजौ उपमा सोध ॥

(सरस्वती भंडार)

(६१) नागदमण। रचयिता—साँया भूला। साइज ७-६×७ इंच। पत्र-संख्या ११। प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२२ अक्षर हैं। पहला पन्ना थोड़ा सा फट गया है। लिपिकाल—सं०१७२४। भाषा-डिंगल। विषय—कालिय मर्दन की कथा।

आदि—

दोहा

चलतां सारद वीनसुं सारद करो पसाय।
पवाड़ो पंनगां सणो जदपत कीधो जाय ॥१॥
प्रभु अणावे पाड़ीया देत बड़ा चा दंत।
पोढ़ंतां के पालणें कोइ पै पान करंत ॥२॥
कोइ न दीठो कन्हुआ सुणयु न लीला संध।
आप बंधावे बोखलै बीजो छोड़ण बंध ॥३॥
अवनी भार उतारवा जाग्यो अेणि जु गीत।
नाथ बीहार्यें नव नवे नवे बीहार्यें नीत ॥४॥

अन्त—

कवत्त

सुणै पुंणै संमवाद नंद नंदन अहीनार।
समंद पाल संसार हुवै गोपद उणीहार ॥

अनंत अनंत आयांद सब सबी ताप समावे।
भगती मुकति भंडार कीसन मुकताइ करावै॥
रमीयो चरीत राधारमण दुभुज कन्ह काली दमण।
ते तवण अहीराव तण गमण काज आवा गमण॥

(सरस्वती भंडार)

(६२) नारायण लीला। रचयिता—गुसाइँ माधौदास। साइज ६-४×३-३ इंच। पत्र-संख्या २६। लिपिकाल—सं०१८०० के लगभग। पद्य-संख्या २६६। विषय-नारायण के विभिन्न अवतारों का संक्षिप्त वर्णन।

आदि—

जय जय जय श्री जगन्नाथ नारायण स्वामी।
ब्रह्मादि कीटांतर्जीव सर्वांतर जामी ॥१॥
सचराचर बहिरावृत्ता अभिअंतर होई।
सर्वात्मा सर्वज्ञ नाम नारायण सोई॥२॥
सर्वभूत हित कारणै नारायण नामा।
भवन चतुरदश उदर राखि जल महि विश्रामा॥३॥

अन्त—

श्री जगन्नाथ को रूप देखि मन भयो उलासा।
श्री जगन्नाथ को दास गावै गुसाईं श्री माधौदासा॥२६६॥

(सरस्वती भण्डार)

(६३) नीसांणी वीरमाण री। रचयिता—ढाढ़ी बादर। साइज ८-१×६-२ इंच। पत्र-संख्या ५७। लिपिकाल—सं० १८८६। पद्य संख्या २८५। भाषा—डिंगल। इसमें मारवाड़ के राव मल्लिनाथ जी के पुत्र जगमाल तथा उनके भतीजे वीरमजी की युद्ध-वीरता का वर्णन है। ग्रंथ के अधिक भाग में वीरमजी और जोइयों की उस लड़ाई का वर्णन है जो सं० १४४० के लगभग लखबेरा नामक स्थान में हुई थी और जिसमें वीरमजी बड़ी वीरता के साथ लड़ते हुए काम आये थे। वीररस की अत्युत्कृष्ट रचना है।

आदि—

दोहा

माळा रो जग नगर में सोभत जेत सवांघ।
थान खेद वीरम थपे जग आहा घण जांद॥ १ ॥

नीसाँणी

सुत च्यारों सलखेस रे कुल में करणाला।
राजस बंका राठवड़ बर वीर वडाला॥
साथ लियां दल सांमठा विरदां रखवाला।
भड़िया भारथ भीम सा दल पारथ वाला॥
देस दसूं दिस दाबिया कीधा धकचाला।
सरी श्री हाडा ऊठिया केइ ताल विमाला॥
माल श्रंगजी मुरधरा महके मंयाला॥२॥

अंत—

सात बीस नीसांणियां ऊपर पांच सवाय।
एक गीत [ ] दोहा भणियां गुण सुभ भाय॥२८५॥

यह प्रति श्रीयुत ठाकुर नाहरसिंहजी राठोड़ के पुस्तकालय की है।

(६४) नेहतरंग। रचयिता—बूंदी के रावराजा बुधसिंह। साइज ६-७×७-२ इंच। पत्र-संख्या ३६। लिपिकाल—सं०१७६७, आषाढ़ शुक्ला २, शनिवार। दोहा, कवित्त, सवैया, छप्पय आदि सब मिलाकर इसमें ४४६ छन्द हैं। इसकी भाषा ब्रज भाषा है। ग्रन्थ १४ तरंगों में विभक्त है। यह एक रीति ग्रन्थ है।

आदि—

दोहा

सुंडा दंड उदंड अति चन्द कला धुलि साथ।
विघन हरन मंगल करन जै गज मुष गन नाथ॥१॥

छप्पय

मदन मोदकर वदन सदन वेताल जाल मत।
भक्त भीत भंजन अनेक जिन असुर बस क्रत॥
चन्द्रहास कर चंड चंडमुंडादिकहि रमय।
अनल जाल जुत भाल लाल लोचन विलास जय॥
जय अचिंत गुन गन अगम आतम सुष चैतन्य मय।
जय दुरति हरन दुरगा जननी राजति नव रस रूप मय॥२॥

अन्तः—

दोहा

नव रस पिंगल छंद कछु अलंकार बहु रंग।
कवि पंडित हित समझि कैं बरन्यौ नेह तरंग॥४४२॥

सतरह सैं चौरासीया नवमी तिथि ससिवार ॥
शुक्ल पख भादो प्रगट रच्यौ ग्रन्थ सुपसार ॥४४६॥

(सरस्वती भण्डार)

(६५) पंच सहेली रा दूहा। रचयिता—छीहल । साइज ८-५×५-५ इंच पत्र संख्या ३। लिपिकाल—सं० १६६६, कार्तिक वदि ७। प्रति महाजनी लिपि लिखी हुई है। इसमें शृंगार रस के ६५ दोहे हैं। भाषा राजस्थानी है।

आदि—

दूहा

देख्या नगर सुहावणां अधिक सुचंगा थांन ॥
नांव चंदेरी प्रगटो जस सुरलोक समांन ॥ १ ॥
ठांइ ठांइ मिंदर सत्त खुणा सोने लहीये लेह ॥
छीहल ताकी ओपमा कहत न आवे छेह ॥ २ ॥
ठांइ ठांइ सरवर पेखीये सुभर भरे निवाण ॥
ठांइ ठांइ कुवा बावड़ी सोहे फटीक समाण ॥ ३ ॥

अन्त—

नीस दीन जाय अणंद में बीलसै बोह विध भोग ॥
छीहल पंच सहेलीयां हुआ पीउ संजोग ॥ ६३ ॥
मेरा मनका भावना कीया सरस वपांण।
अण जाण्या मुरष हंसै ,रमै चतुर सुजाण ॥६४॥
संमत पनरे सै चीचोतरे पुनम फागुण मास ॥
पंच सहेली वरणवी कवी छीहल परगास ॥६५॥

(सरस्वती भण्डार)

(६६) पंचाख्यान। रचयिता—फतहराम वैरागी। साइज १३×५-८ इंच। पत्र-संख्या ७४। लिपिकाल—सं० १६०४। ग्रन्थाग्रन्थ—४००० । विषय—पंचतन्त्र का राजस्थानी गद्य में अनुवाद। अनुवाद बहुत सरल और सरस हुआ है। ग्रन्थ के प्रारम्भ का थोड़ासा अंश यहाँ दिया जाता है:—

अन्त लोभो न कर्तव्यं कीयेते देह रक्षणम् ॥
कन्या बणक पुत्रीर्णां मादजीयो मर्णगता ॥

वारता

एक गांव में रान में ... गो। आ ... बि ... । साकार पजाई। तर मदंग्या ने ...

आंधा का दुःख हेटे छे। तब मरदंगे कूदे गीयो। आगे देखे तो ऐक अस्त्री पांणी के कनारे रूठी बैठी छे। तब मरदंगे कैही हे बाई तू कूण छै। तब कन्या कही हूँ महाजन का बेटा की बहु छूं। तब मरदंगे कही। तू अठे कूं आई है......।

(सरस्वती भण्डार)

(६७) पद्मावत। रचयिता—मलिक मुहम्मद जायसी। साइज़ १०·१×६·२ इंच। पत्र-संख्या ३६३। लिपिकाल—सं० १८६५, पौष शुक्ला २, मंगलवार। प्रति पुस्तकाकार है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८।२० अक्षर हैं। अक्षर बहुत साफ हैं और पक्की काली स्याही से लिखे हुए हैं। काग़ज़ बहुत मोटा, मजबूत और सफेद रंग का है। अक्षरों की बनावट सुन्दर नहीं है पर लिपिकार ने प्रति को इतनी सावधानी और सफाई से लिखा है कि देखकर आश्चर्य होता है। ७२६ पृष्ठों के इतने बड़े ग्रन्थ में एक भी स्थान ऐसा नहीं है जहाँपर किसी अक्षर को एक बार लिख देने के बाद उसे काटने की जरूरत पड़ी हो। प्रत्येक शब्द के बीच में क़ाफी जगह छोड़ी गई है जिससे पढ़ने में किसी तरह की कठिनाई नहीं होती। ऐसा भान होता है, मानों लीथो के छपे ग्रन्थ को पढ़ रहे हैं। नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा प्रकाशित 'पद्मावत' और इसके पाठ में स्थान २ पर बहुत अन्तर दिखाई पड़ता है। अन्तिम भाग तो दोनों का बिल्कुल ही भिन्न है।

आदि—

चौपाई

सुमरौं आदि एक करतारू। जे जीव दीन्ह कीन्ह संसारू॥
किन्हस प्रथम जोति परगासू। किन्हस तिहि परबत कविलासू॥
किन्हस अमित पवन जल पेहा। किन्हस बहुत रंग उरेहा॥
किन्हस धरती सरग पतारू। किन्हस बरन बरन औतारू॥

अन्त—

सैयद सुन्दर महा सुहावन। जाँकौ दरस जगत मन भावन॥
मीर अमीर पीर जग जाँनत। मीर मुसरफ बीर बखानत॥
जाँवत महा सूर सरदारा। दे भुज दंड सबै पतियारा॥
ते भुज खाग त्याग जग जाँनै। जिहि भुज महिमा जगति बखाँनै॥
जिन कर दाँन मेघ झर लायौ। जिन कर दारिद दूर बहायौ॥
तैं भुज दंड साह रछिपालक। दीन छाँह बैरी घर घालक॥
तिनको हुँकुम सीस पर राखा। लिखी सकल पदुमावति भाषा॥

दोहा

जौं लग ससि रवि ध्रुव अचल सुरसरि मही अकास ।
मीर मुजफ्फर बीर को तब लगु नाँम प्रकास ॥

(६८) पद्मिनी चरित्र । रचयिता—लब्धोदय । साइज ६·१×५ इंच । पत्र-संख्या ८३ । लिपिकाल-सं०१८२३, मार्गशीर्ष वदि ६ बुधवार । छन्द-संख्या ८०३ । इसमें पद्मिनी की कथा वर्णित है । भाषा बोलचाल की राजस्थानी है ।

आदि—

दोहा

श्री आदिसर प्रथम जिन जगपति जोति सरूप ।
नीरभी पदवासी नमूं अकलि अनंत अनूप ॥१॥
चरण कमल चितसुं नमुं चोवीसो जिन चंद ।
सुपदाइक सेवक भणी सांचो सुरतरु कंद ॥२॥
सुप्रसन सारद सांमणी होज्यो मात हजूर ।
बुध दीज्यो मुजनै बहुत प्रकट वचन पंडूर ॥३॥

अन्त—

श्री सोधमी (sic) सांमी परंपरारे । सोभति गछ सणगार ॥
श्री परतर गछ जिनराज सुरी जी । आगम अरथ भंडार ॥६५॥
तस पाटै जिम दिनकर रे । श्री जनरंग वषांण ॥
तस हुकम संवत छिडोतरैजी । श्री ऊदैपुर सु वषांण ॥६६॥
हिन्दूपति श्री जगतसिंह रांणो हांजी । राज करै जग भांण ॥
तास तणी माता श्री जंबुवती रे । गुण चोसठि प्रति मांण ॥६७॥
तेह तणै परधांने जगति मैं जाणीइजी । अभिनव अभय कुमार ॥
केसर मंत्री अरि सुत केसरी रे । हँसराज हितकार ॥६८॥ •
तस आग्रह करि संवत सतरै सतोतरैं । चैत्री पुन्यम शनिवार ॥
नवरस सहित सरस बन्ध रच्योरे । निज बुध नैं अनुसार ॥६६॥
साध सिरोमण सकल विधागुण सोभनारे । वाचै श्री ग्यांनराज ॥
तास प्रसादै सील तणा गुण संपूरणोरे । श्रीलब्धोदय हितकाज ॥८००॥
सांमी धरम मैं सील तणा गुण सामलोरे । पूजै मन नी आस ।
ऊछो अधको जे कह्यो चातुरी रे । मिछा दुकड़ तास ॥८०१॥
नवनिध माहा लगजै दूर करि दूष दंद । लषधोदय कहैहै ।
पुत्र कलीत्र सुष संपदारे । सील सफल सुपसंद ॥८०२॥
गाथा दूहा ढाल करि आठसैह अति नंद ।
मीपत प्रभावैई संपदा इम जंपै लोबराज ॥

(सरस्वती भण्डार)

(६६) पद्मिनी चौपई। रचयिता—हेमरत्न सूरि। साइज १०×४-३ इंच। पत्र-संख्या ३८। प्रति के प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३७।४० अक्षर हैं। अक्षर सुवाच्य हैं। लिपिकाल—संवत १७७१, वैशाख सुदी ७ शुक्रवार। पद्य-संख्या ६१७। विषय-महारानी पद्मिनी की कथा। ग्रन्थ का अधिक भाग दोहा-चौपई में है पर बीच में कहीं २ छप्पय-सवैया और श्लोक भी हैं।

आदि—

दूहा

सकल सुपदायक सदा सिधि बुधि सहित गणेस।
विघनविहारण रिधिकरण पहिलि तुझ प्रणमेस ॥१॥
ब्रह्म विष्न शिव सै सुरें नितु समरें जस नाम।
तिण देवी सरसती तणें पद जुग करूं प्रणाम ॥२॥
पदमराज वाचक प्रभति प्रणमुं सद्गुरु पाय।
केलवतां सांची कथा तथा न लागे काय ॥३॥

अन्त—

कहुं दोहा कहुं चौपई कहुं कहुं कवित सुचंग।
वयण नीर ज्यूं मिल रहै मनहुं त्रिवेणी संग ॥६११॥
अमर राण जैसिंग सुत तपै भांण हींदूवांण।
प्रिथीनाथ पुमांण यह मोज लहिर महिरांण ॥६१२॥
पाट भगत दिली पुरा सामधरम परधांन।
सींघ सकज रूपा सुतन निरमल बुधि निधांन ॥६१३॥
सूरा तन वेधक चतुर भेदा लग भूपाल।
वल छल अथ कल स्वामि भ्रम बादल ज्युं बिरदाल ॥६१४॥
गुण ग्राहग ग्यायक सुगुण दत मोजां दरीयाव ॥
सींघ साह रापे सदा भाग विजै सु भाव ॥६१५॥
तास पिआरी चौपई मन मानी अति मौज।
तै दाता चित रीझवण बंधै कवित सचौज ॥६१६॥
बदि चौतह साठै बरस तिथि चौदिसि गुरुवार।
बंधे कवित्त सुवित्त परि कुंभलमेर मझारि ॥६१७॥

यह प्रति श्री जिन माणिक्य रुचि जी के पुस्तकालय की है।

(७०) पना वीरमदे री वात। रचयिता—अज्ञात। साइज ८×५ इंच। पत्र-संख्या ५५। लिपिकाल—सं०१६१४, भादो वदि ३। प्रत्येक पृष्ठ पर २० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १३ से १६ तक अक्षर हैं। अक्षर बहुत छोटे पर सुन्दर हैं। इसमें ईडर

के राव राई भाण के कुँवर वीरमदे और पूंगल देश के सेठ शाहरतन की कन्या पना की प्रेम कहानी का वर्णन है। ग्रन्थ शृंगार रस प्रधान है, पर प्रसंगानुसार वीररस की भी इसमें कहीं कहीं सुन्दर व्यंजना हुई है और इसलिये इसका दूसरा नाम 'वीर सींगार' भी है। इसमें गद्य-पद्य दोनों हैं। भाषा बोलचाल की राजस्थानी है। ग्रन्थ का प्रारम्भ इस प्रकार होता है:—

दूहा

सदा मनोरथ सिद्धकरण वाणी वागरवेस।
मारा पहली मबर ले गुणशनार गणेस ॥१॥
निमसकार सुरसती नमो दे गुण मोद रसाय।
भाषा वीर सींगार की वरणौं सरस बधाय ॥२॥
सुवरण निज धाता सिरै घना ज चंद्रण वेस।
पदमणि तिरियां स रचजै देसां पूंगल देस ॥३॥
करहा घोड़ा कामणां नर पांणि श्रथाह।
जिण घर पदमण नीपजै वाह धरती वाह ॥४॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(७१) परशुराम सागर। रचयिता—परशुराम। साइज़ १२-३ × ७-२ इंच। पत्र संख्या २६६। पुस्तकाकार और सजिल्द। लिपिकाल—सं० १८३७, ज्येष्ठ वदि ६ बुधवार। प्रत्येक पृष्ठ पर २५ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति में २२।२५ अक्षर हैं। अक्षर सुन्दराकार और लिखावट साफ है। इसमें परशुरामजी के २२ ग्रंथ और ७५० के लगभग पद संग्रहीत हैं। पहले १७४ पत्रों में ग्रंथ और शेष में पद हैं। ग्रंथों के नाम नीचे दिये जाते हैं:—

नं	नाम	पत्रांक
१	साखी का जोड़ा	१-८३
२	छंद का जोड़ा	८३-९१
३	सवैया दस अवतार का	९१-९२
४	रघुनाथ चरित्र	९२-९४
५	श्री कृष्ण चरित्र	९४-९७
६	सिंगार सुदामा चरित्र	९७-१०४
७	द्रौपदी का जोड़ा	१०४-१०५
८	छप्पय गज-ग्राह को	१०५-१०६
९	प्रह्लाद चरित्र	१०६-११७
१०	अमर बोध लीला	११७-१२१

ग्रंथारंभ के दो दोहे निम्न हैं:—

श्री गुर संत समान हरि जो उपजै वेसास ।
दरसन परस्यां परम सुप परसा प्रेम निवास ॥१॥
परमेसुर कै पर्म गुर कै पर्म सनेही साध ।
यन के सुमरीन परसराम कियां कटे अपराध ॥

यह प्रति स्थानीय प्रयागदास जी के अस्थल के पुस्तकालय में सुरक्षित है ।

(७२) पृथ्वीराज रासौ : प्रति नं० १। रचयिता—चन्द बरदाई । साइज ८×४-७ इंच । पत्र-संख्या ७०६। प्रति क्रमबद्ध नहीं है। इसमें कुल मिलाकर ६१ प्रस्ताव हैं। प्रत्येक प्रस्ताव के पन्नों की गिनती १, २, ३, आदि शुरूसे अलग अलग की गई है और अन्त में उसका नाम और 'इति श्री' लिखा हुआ है। लेकिन प्रस्ताव का नम्बर वहाँ पर नहीं लिखा है, जिससे यह मालूम नहीं होता कि पूर्वापर क्रमानुसार कौन सा प्रस्ताव पहले और कौनसा बाद में होना चाहिये। पहले पहल जिस समय यह प्रति हमारे हाथ में आई इसके भिन्न भिन्न प्रस्तावों के पन्ने ताश के पत्तों की तरह गड़बड़ और एक दूसरे से असंबद्ध थे। इसलिये इनको क्रमबद्ध करने में बड़ा कष्ट उठाना पड़ा और पूरे दो दिन में यह काम पूरा हो पाया। प्रति में तीन-चार व्यक्तियों के हाथ की लिखावट है और कागज भी दो-तीन तरह का काम में लाया गया है। 'धीर पुंडीर सम्यौ' 'आखेटक चूक वर्णन सम्यौ' और 'द्वितीय हाँसी युद्ध सम्यौ' जिस कागज पर लिखे गये हैं वह बहुत ही प्राचीन दिखाई देता है। प्रति में कहीं भी इसके लेखन-

काल का निर्देश नहीं है, लेकिन प्रति है यह बहुत पुरानी। अनुमानतः ३००-३५० वर्ष की पुरानी होगी। इसकी वर्तमान अवस्था, कागज, स्याही, लिखावट इत्यादि को देख-कर यदि कोई इसे ५-१० वर्ष और पहले की लिखी हुई बतलाये तो इसकी भी गुंजा-इश है। इसमें सभी प्रस्ताव पूर्ण हैं, सिर्फ 'आपेटक वीर वरदान' नामक प्रस्ताव के तीन पन्ने (१०वां, ११वां और १२वां) नहीं हैं। प्रस्तावों के नाम उनकी रूपक संख्या सहित हम नीचे देते हैं।

नं०	प्रस्ताव का नाम	रूपक संख्या
१	दशावतार वर्णन	२१७
२	कान्ह पट्टी बंधन सम्यौं	६१
३	आखेटक वीर वरदान सम्यौं	११०
४	दिल्ली किल्ली सम्यौं	३६
५	अजान बाहु सम्यौं	१८
६	नाहरराय सम्यौं	१२०
७	मेवाती मुगल कथा सम्यौं	४५
८	हुसेन कथा सम्यौं	६३
९	आखेट चूक सम्यौं	३१
१०	चित्ररेखा पात्र उत्पति सम्यौं	१८
११	भोलाराय सम्यौं	२६१
१२	सलख युद्ध सम्यौं	६७
१३	इंछिनी विवाह सम्यौं	११७
१४	मुगल कथा	२०
१५	पुंडीर दाहिमी विवाह सम्यौं	१६
१६	भौमी स्वप्न	४६
१७	प्रिया व्याह सम्यौं	६६
१८	माधौ भाट सम्यौं	१३१
१९	दिल्ली दान वर्णन सम्यौं	५०
२०	धन कथा	३१५
२१	होली कथा	२२
२२	दीप मालिका कथा	३५
२३	ससिव्रता सम्यौं	५३८
२४	देवगिरि युद्ध सम्यौं	६३
२५	रेवातट सम्यौं	८७
२६	अनंगपाल सम्यौं	६८
२७	घघ्घर युद्ध सम्यौं	४८

नं०	नाम प्रस्ताव	रूपक संख्या
२८	कर्नाटी सम्यौं	२३
२९	पींपा परिहार सम्यौं	७१
३०	करहेड़ा राव सम्यौं	७०
३१	इन्द्रावती विवाह सम्यौं	६०
३२	जैतराव सम्यौं	३६
३३	कंगुरा युद्ध सम्यौं	३१
३४	हंसावती सम्यौं	१५३
३५	तोंवर पहाड़राय सम्यौं	७१
३६	सोमेसर बध सम्यौं	८८
३७	सामंत पंग युद्ध सम्यौं	१२५
३८	हाँसी प्रथम युद्ध	८९
३९	हाँसी द्वितीय युद्ध	११३
४०	संयोगिता नेमाचरण	५४
४१	बालुकाराय बध सम्यौं	११४
४२	पंग जग्य विध्वंस सम्यौं	१६
४३	शुक चरित	७८
४४	संयोगिता पूर्व जन्म कथा	१४१
४५	विनै मंगल	८६
४६	भीम बध सम्यौं	१४२
४७	कैमास बध	१८०
४८	चंद द्वारिका गमन	४८
४९	कैमास युद्ध	७९
५०	पजून महुवा युद्ध	३४
५१	पजून विजय सम्यौं	२८
५२	बान वेध सम्यौं	३४७
५३	धीर पुंडीर सम्यौं	३१०
५४	स्वालेटक श्राप	११६
५५	समरसी दिल्ली सहाय	४९
५६	शुक विलास	१००
५७	षट् रितु वर्णन	५४
५८	समर पंग युद्ध सम्यौं	५८
५९	दुर्गा केदार सम्यौं	१६७
६०	सोफी जंगम कथा	५७
६१	दिल्ली वर्णन	१७

इस प्रति में से 'धीर पुंडीर' नामक प्रस्ताव के प्रारंभ का थोड़ा सा अंश नीचे दिया जाता है। हमारे विचार से यह इस प्रति में सबसे पहले का लिखा हुआ प्रस्ताव है :—

दोहा

सुष विलास संजोगि सम विलसित नव नव नित्त।
इक दिन मन मैं उप्पनीय श्री श्री वित्त कवित्त ॥१॥

कवित्त

मास तीन दिन पंच महिल मंद्यौ न राज वर।
जद्द घट्टे सामंत वैर सुविहान सवर पर॥
सुभर सूर सामंत उरह भुज पन वर जान्यौ।
सोय मास तिय दिनहि तिनहि संसार सुमान्यौ॥
तन तुंग तेज बावन मन तिनहि तति ऊँचै नगन।
कैमास बिना आमंत घटि हौं जानत आभंग इन ॥२॥

दोहा

जुद्ध अनेक सामंत करि नहु भगी किहु ठौर।
इम भजन कनवज मति अब दिपौं भर और ॥३॥
कबहो पुठि न मैं दई अब लगि इह षोरि।
करौं परिष्या सूर भर जितौं असुर बहोरि ॥४॥

कवित्त

तव कह्यौ राव बलिभद्र सत सामंत अभंगम।
इन बल घटै न राज मत घटै वर आगम॥
एक सुवर सुर अंत तीर बाहै बल मुक्कै।
पंप सबद संभरै मद गजराजह चुक्कै॥
सामंत संग प्रिथीराज सुनि जैत षंभ वर षौरियै।
पारिष देख बल वीर नृप जीय संदेह न जोरियै ॥५॥

(सरस्वती भंडार)

प्रति नं० २। साइज़ १२-२×७-३ इंच। पत्र-संख्या ८४६। प्रति सफ़ेद रंग के बहुत मोटे और मजबूत बाँसी काग़ज़ पर लिखी हुई है। पहले पाँच पन्ने कुछ अधिक जीर्ण हो गये हैं और 'आखेटक वीर वरदान' नामक प्रस्ताव के सभी पन्नों को नीचे से उदई ने खा रखा है। लेकिन इससे पाठ की कोई हानि नहीं हुई, सिर्फ़ हाशिया ही बिगड़ा है। प्रति के पहले चार पन्नों पर पंक्तियों की संख्या १० और

शेष पर ११ है। प्रत्येक पंक्ति में ३३ से लगाकर ३६ तक अक्षर हैं। अक्षर बहुत सुन्दर हैं। प्रति में दो व्यक्तियों के हाथ की लिखावट है। 'करहड़ा युद्ध प्रस्ताव', 'कनवज्ज कथा प्रस्ताव' और 'बड़ी लड़ाई प्रस्ताव' के ६२ पन्ने किसी और व्यक्ति के लिखे हुए हैं और शेष किसी और के। उक्त तीनों प्रस्तावों के पन्नों पर संख्या सूचक अंक लगे हुए नहीं हैं और इन का कागज़ भी कुछ नया दृष्टिगोचर होता है। अनुमान होता है, ये ६२ पन्ने आज से कोई ८०-६० वर्ष पहले लिखवा कर इस में जोड़े गये हैं। प्रति के अन्त में लाल स्याही से लिखी हुई एक विज्ञप्ति है जिसमें बतलाया गया है कि यह प्रति मेवाड़ के महाराणा अमरसिंहजी (दूसरे) के शासन-काल में सं० १७६० में लिखी गई थी। वह विज्ञप्ति यह है:—

"संवत १७६० वर्षे शाके १६२५ प्रवर्त्तमाने उत्तरायनगते श्री सूर्ये शिशिर ऋतौ सन्मांगल्य प्रद माघ मासे कृष्ण पक्षे ६ तिथौ सोम वासरे॥ श्री उदयपुर मध्ये हिन्दूपति पातिसाहि महाराजाधिराज महाराणा श्री अमरसिंहजी विजय राज्ये॥ मेदपाट ज्ञातीय भट्ट गोवरधनसुतेन रूपजीना लिखितं चंदवरदाई कृत पुस्तकं॥

इस प्रति में ६६ प्रस्ताव हैं। इनके नाम नीचे दिये जाते है:

नं०	नाम प्रस्ताव	रूपक संख्या
१	आदि पर्व	४०१
२	दसावतार वर्णन	२२०
३	दिल्ली किल्ली कथा	३६
४	लोहाना अजान बाहु सम्यौं	१८
५	कान्ह पटी बंधन	६४
६	आपेट वीर वरदान	११३
७	नाहरराय कथा	११८
८	मेवाती मुगल कथा	४५
९	हुसेन कथा सम्यौं	६४
१०	आपेटक चूक सम्यौं	३०
११	चित्ररेखा सम्यौं	१७
१२	भोलाराय सम्यौं	२८५
१३	सलप युद्ध सम्यौं	६४
१४	इंछिनी विवाह	११८
१५	मुगल युद्ध सम्यौं	२०
१६	पुंडीर दाहिमी विवाह	१६
१७	भोमी स्वप्न	४७
१८	दिल्ली दान प्रस्ताव	४७

५४	पज्जून पातसाह वध	३५
५५	सामंत पंग जुद्ध	१२५
५६	समर पंग जुद्ध नाम	६२
५७	कैमास वध	१८६
५८	दुर्गा केदार सम्यौं	१६८
५६	दिल्ली वर्णन सम्यौं	१७
६०	जंगम कथा	५७
६१	षट्रतु वर्णन	५४
६२	कनवज्ज सम्यौं	१४०२
६३	सुक चरित्र	१०२
६४	आपेट श्राप सम्यौं	११८
६५	धीर पुंडीर सम्यौं	३१८
६६	विवाह सम्यौं	३
६७	बड़ी लड़ाई सम्यौं	६३७
६८	बाण बेध सम्यौं	३६२
६६	राजा रैणसी सम्यौं	११६

(सरस्वती भंडार)

प्रति नं० ३। साइज १४-३×६-८ इंच। पत्र-संख्या ५१३। पुस्तकाकार। प्रत्येक पृष्ठ पर २६ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्ति में ३२ से लगाकर ३६ तक अक्षर हैं। पुस्तक पर लाल रंग के ऊनी कपड़े की जिल्द चढ़ी हुई है जिसे स्थान स्थान पर उदई ने खराब कर रखा है। लिपिकार ने पत्र-संख्या-सूचक अंकों के लिखने में गलती कर दी है। ४१७ वें पन्ने के बाद ४१८ न लिखकर ५१८ लिख दिया है। सौ पन्नों की यह गलती अन्त तक चली गई है और अन्तिम पन्ने पर जहाँ ५१३ का अंक लिखा जाना चाहिये, ६१३ लिखा मिलता है। वस्तुतः पन्नों की संख्या ५१३ ही है। १२१ वें पन्ने के दूसरे पृष्ठ पर 'पद्मावती विवाह सम्यौं' समाप्त होता है। इसके बाद ११ पन्ने (१२१-१३१) कोरे हैं। प्रति के अन्तिम पृष्ठ पर इसके प्रस्तावों की क्रमवार नामावली दी हुई है। इसमें इन पन्नों पर 'महोबा सम्यौं' का होना सूचित किया गया है। इससे स्पष्ट है कि ये पन्ने 'महोबा सम्यौं' के लिये खाली रखे गये थे पर उक्त 'सम्यौं' के उपलब्ध न होने से अथवा अन्य किसी कारण से उसका यहाँ पर लिखना शेष रह गया है। इस प्रति में भी उपरोक्त प्रति नं०२ के क्रमानुसार ६६ प्रस्ताव हैं। अन्तिम प्रस्ताव 'राजा रैणसी' नामक प्रस्ताव है जो ५१३ वें पन्ने के प्रथम पृष्ठ पर समाप्त हुआ है। इसके अनन्तर दो छप्पय तथा एक दोहा है और

अन्त में पुष्पिका लेख है जिसमें इस प्रति के लिपिकाल आदि का उल्लेख किया गया है। 'राजा रैणसी सम्यौं' के बाद के उल्लिखित इस समस्त अंश को हम यहाँ उद्धृत करते हैं:—

कवित्त

मिलि पंकज गन उदधि करद कागद कातरनी।
कोटि कवी का जलह कमल कटिकर्तें करनी॥
इहि तिथि संप्या गुनित कहै कक्का कवियांने।
इह श्रम लेषनहार भेद भेदै सोइ जाने॥
इन कष्ट ग्रंथ पूरन करय जन बद्द्या दुप नां लहय।
पालियै जतन पुस्तक पवित्र लिपि लेपिक विनती करय॥१॥

गुन मनियन रस पोइ चंद कवियन दिद्धिय।
छंद गुनी तें तुट्टि मंद कवि भिन भिन किद्धिय॥
देस देस विष्परिय मेल गुन पार न पावय।
उद्दिम करि मेलवत आस बिन आलय आवय॥
चित्रकोट रांन अमरेस ऋप हित श्रीमुष आयस दयौ।
गुन बीन बीन करुना उदधि लषि रासौ उद्दिम कियौ॥२॥

दोहा

लघु दीरघ ओछौ अधिक जो कछु अंतर होइ।
सो कवियन सुप सुद्ध तें कहौ आप बुधि सोइ॥३॥

(पुष्पिका)

"इदं पुस्तकं संपूर्णम् श्री सम्वत १८६१ वर्षे शाके १७२४ प्रवर्तमाने श्री सूर्ये उत्तरायन गते ग्रीष्म ऋतै महा मांगल्योत्तम मासे ज्येष्ठ मासे शुक्ल पक्षे तिथौ ७ गुरुवासरे इदं पुस्तकं समाप्तं॥ लेषक पाठकयोः शुभं भवतु श्री रस्तु॥ लिपितं श्री उदयपुर मध्ये महाराणा जी श्री भीमसिंह जी विजय राज्ये लिपायितं पूरावत ठाकुरां श्री बाबाजी श्री गोपालसिंघ जी मोवतसिंघोत। वास गाडरमाला विजय राज्ये। लेपक ब्राह्मण ज्ञाति दशोरा गिरधरलाल॥ श्रीराम"

(सज्जन-वाणी-विलास)

प्रति नं० ४। साइज १६-८×११-७ इंच। पत्र-संख्या ४०३। चमड़े की जिल्द की पुस्तकाकार प्रति है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर २३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३०।३५ अक्षर हैं। अक्षर बड़े-बड़े और लिखावट सुन्दर है। इसके प्रस्तावों की नामावली तथा उनकी रूपक-संख्या उपरोक्त प्रति नं० २ से मिलती है। सिर्फ इतना अन्तर है कि इसमें 'विवाह सम्यौं' सब के अन्त में दिया हुआ है, और उसमें 'धीर पुंडीर सम्यौं' और

'बड़ी युद्ध सम्यौं' के बीच में हैं। 'महोबा सम्यौं' इस में भी नहीं है। यह प्रति सं० १६१७ में महाराणा स्वरूपसिंह जी के लिये लिखी गई थी। इसका अन्तिम पुष्पिका लेख यह है:—

"सं०१६१७ रा वर्षे मासोत्तम मासे भाद्रपद मासे सी कृष्ण पषे तीथौ ॥६॥ बुधे लीषीतं श्री उदयपुर मध्ये महाराणा जी श्री श्री श्री १०८ श्री स्वरूपसिंह जी विजय राज्ये लिखितं व्यास भंदरनाथ चन्द्रनाथम् न्याती बड़ा पालीवाल दास राय श्रीनिवासजी री ब्रमपुरी मध्ये श्री हुजूर में लखायी श्री रस्तु कल्याण मस्तु शुभंभवंतु॥ श्री श्री श्री श्री"॥

उक्त पुष्पिका के बाद महाजनी लिपि में कच्ची स्याही से लिखी हुई दो पंक्तियाँ और हैं जिन से सूचित होता है कि इस प्रति की श्लोक संख्या २६००० है और यह सरस्वती भण्डार के लिये लिखी गई थी तथा इसके लिखवाने में राज्य का ५८) रु० खर्च हुआ था। वे पंक्तियाँ ये हैं:—

"श्लोक संख्या २६०००। सं०१६१७ मगसर वदि ८ गुरे श्री सरस्वती भंडार जमा हुई रु० ५८) श्लोक प्रत ५०० लेखे श्रो सरीलाल जी री चीठी सुं।"

आदि—

साटक

आदि देव प्रनम्य नम्य गुरयं वानीय वन्देपयं।
सिष्टं धारन धारयं वसुमती लच्छीस चरनाश्रयं॥
तम गुन तिष्टति ईस दुष्ट दहनं सुरनाथ सिद्धिश्रयं।
थिर चर जंगम जीव चंद नमयं सर्वेस बर्दामयं॥

अन्त—

इकइसें वरप संभरि नरेस। हंसावति ल्याये गंजि देस॥
बाईसें बरस प्रिथीराज पूर। सारंग सुता ब्याहे सुसूर॥११॥
छतीस वरप पट मास लोय। पंगानि सुता ल्याये सुसोय।
राठौर ल्याय चौसठ मराय। पंचास लाप अरिदल पपाय॥१२॥

(विक्टोरिया हॉल पुस्तकालय)

प्रति नं० ५। साइज १०×११ इंच। प्रति पुस्तकाकार, अपूर्ण और बहुत बुरी दशा में है। इसके आदि के २५ और अंत के कई पन्ने गायब हैं जिससे आदि पर्व के प्रारंभ के ६७ रूपक और अन्तिम प्रस्ताव (बाण वेध सम्यौं) के ६६ वें रूपक के बाद का समस्त भाग जाता रहा है। इस समय इस प्रति के ७८६ (२६-८१२) पन्ने मौजूद हैं। बीच में स्थान स्थान पर पन्ने कोरे रखे गये हैं जिनकी संख्या कुल मिला कर ३५ होती है। प्रारंभ के २५ पन्नों के नष्ट हो जाने से इस बात का अनुमान तो

लगाया जा सकता है कि अन्त के भी इतने ही पन्ने गायब हुए हैं। पर अंत के इन २५ पन्नों में कौन कौन से प्रस्ताव लिखे हुए थे, इन में कितने पन्ने खाली थे, इस प्रति को लिखवाने का काम कब पूरा हुआ था और यह किसके लिये लिखी गई थी इत्यादि बातों को जानने का अब कोई साधन नहीं है। लेकिन प्रति एक-दो वर्ष के अल्प काल में लिखी गई हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। क्योंकि इस में नौ-दस तरह की लिखावट है और प्रस्तावों का भी कोई निश्चित क्रम नहीं है। ज्ञात होता है, रासौ के भिन्न भिन्न प्रस्ताव जिस २ क्रम से और जब जब भी हस्तगत हुए वे उसी क्रम से इस में लिख लिये गये हैं। 'ससिव्रता सम्यौं', 'सलष युद्ध सम्यौं' और 'अनंगपाल सम्यौं' के नीचे उनका लेखन-काल भी दिया हुआ है। ये प्रस्ताव क्रमशः सं० १७५०, सं० १७५२ और सं० १७५३ के लिखे हुए हैं। लेकिन 'चित्ररेखा' 'दुर्गाकेदार' आदि दो-एक प्रस्ताव इसमें ऐसे भी है, जो कागज आदि को देखते हुए इन से २५।३० वर्ष पहले के लिखे हुए दिखाई पड़ते हैं। साथ ही 'लोहाना अजान बाहु सम्यौं' स्पष्ट ही सं० १८००के आस पास का लिखा हुआ है। कहने का अभिप्राय यह कि रासो की यह एक ऐसी प्रति है जिसको तैयार करने में अनुमानतः ६० वर्ष (सं० १७४०-१८००) का समय लगा है।

भिन्न भिन्न व्यक्तियों के हाथ की लिखावट होने से प्रति के सभी पृष्ठों पर पंक्तियों और अक्षरों का परिमाण भी इकसा नहीं है। किसी पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ किसी पर १५,किसी पर २५,और किसी किसी पर २७ तक पंक्तियाँ हैं। लिखावट प्रायः सभी लिपिकारों की सुन्दर और सुपाठ्य है। पाठ भी अधिकतः शुद्ध ही है। दो-एक लिपिकारों ने संयुक्ताक्षरों के लिखने में असावधानी की है और स्स,ग्ग,त्त इत्यादि के स्थान पर क्रमशः स, ग, त आदि लिख दिया है जिससे कहीं कहीं छंदों भंग दिखाई देता है। पर ऐसे स्थान बहुत अधिक नहीं हैं। इस में ६७ प्रस्ताव हैं। उपरोक्त प्रति नं० २ के मुकाबले में इसमें तीन प्रस्ताव (विवाह सम्यौं 'पद्मावती सम्यौं' और रेणसी सम्यौं) कम और एक (समरसी दिल्ली सहाय सम्यौं) अधिक है।

इस प्रति में से 'ससिव्रता सम्यौं' का थोड़ा सा भाग हम यहाँ देते हैं। यह सम्यौं, जैसा कि ऊपर बतलाया जा चुका है, सं० १७५० का लिखा हुआ है:—

दूहा

आदि कथा ससिवृत्त की कहत अब समूल।
दिल्ली वै पतिसाह गृहि कहि लधि उनमूल ॥१॥

अरिल्ल

ग्रीषम ऋतु क्रीडंत सुराजन। पिति उकलंत पेड़ नभ छाजन ॥
विषम घाय तप्पित तनु भाजन। लगि शीत सुमीर सुराजन ॥

कवित्त

लगि शीत कल मंद नीर निकट सुरजत पट।
अमित सुरंग सुगंध तनह उवटंत रजत पट॥
मलय चंद मल्लिका धाम धारा गृह सुवर।
रंजि विपिन वाटिका शीत द्रुम छांह रजत तर॥
कुमकुमा अंग उवटंत अधि मधि केसरि घनसार घनि।
कीलंत राज ग्रीषम सुरिति आगम पावस तईय भनि॥

यह प्रति मेवाड़ के प्रसिद्ध कवि राव बख्तावरजी के पौत्र श्री मोहनसिंह जी राव के पास है।

प्रति नं० ६। साइज ११-४×१०-७ इंच। सजिल्द और गुटकाकार। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १५।१७ अक्षर हैं। अक्षर सुन्दराकार लगभग आध इंच साइज के बड़े २ एवं स्पष्ट हैं और पक्की काली स्याही से लिखे हुए हैं। कागज सफेद और चिकना है। यह सं० १६३७ में बेदले के राव तख्त-सिंह जी के पुत्र कर्णसिंह जी के लिये लिखी गई थी। प्रति दो जिल्दों में है। पहली जिल्द में ११०५ पन्ने और १८ प्रस्ताव हैं। इनमें प्रारंभ के ५४ पन्ने कोरे हैं। दूसरी जिल्द में ५०५ पन्ने और २५ प्रस्ताव हैं। इनमें अन्त के १२ पन्ने खाली हैं। दोनों जिल्दों के प्रस्तावों के नाम ठीक उसी क्रम से, जिस क्रम से ये लिखे गये हैं, उनकी रूपक संख्या सहित हम नीचे देते हैं।

पहली जिल्द:—

नाम प्रस्ताव	रूपक संख्या
हँसावती	५४
पहाड़राय	७१
वरुण कथा	३३
सोमबध	८६
पज्जून कछवाहा छोंगा	१२

पज्जून चालुका	२८
कैमास युद्ध	७६
चंद द्वारका गमन	४८
भीम वध	१४१
संजोगिता पूर्व जन्म कथा	१४२
कैमास वध	१८०
दुर्गा केदार	१६७
दिल्ली वर्णन	१७
षट् ऋतु वर्णन	५५
कन्नौज कथा	१३८४
धीर पुंडीर	१८
विवाह वर्णन	३
बड़ी लड़ाई	६३७

दूसरी जिल्दः—

नाम प्रस्ताव	रूपक संख्या
बाण बेध	३६३
राजा रैणसी	११६
सलप युद्ध	६४
इंछिनी विवाह	११८
मुगल युद्ध	२०
पुंडीर दाहिमी विवाह	१६
भोम शयन	४०
दिल्ली दान	४७
पद्मावती विवाह	४६
होली कथा	२२
दीपमालिका कथा	५५
संजोगिता	८६
शुक वर्णन	७८
बालुकाराय	११६
पंग यज्ञ विध्वंस	२०
संजोगिता नैमाचरण	५५
हाँसीपुर युद्ध	१३
पज्जून महुवा	६

इसकी भाषा का दिग्दर्शन कराने के लिये इसमें से 'पद्मावती सम्यौ' के प्रारंभ का थोड़ा सा अंश हम यहाँ देते हैं:—

दूहा

पूरब दिस गढ़ गढ़न पति समुद्रसिषर अति द्रुग्ग।
तहां सु विजय सुर राजपति जादुकुल्ल सह भुग्ग ॥१॥
हसम हय गय देस अति पति सायर मरजाद।
प्रबल भूप सेवहिं सकल धुनि निसान बहु साद ॥२॥

कवित्त

धुनि निसान बहु साद नाद सुर पंच बजत दिन।
दस हजार हय चढयत हेम नग जटित साज तिन॥
गज असंप गज पतीय सुहर सेनानीय सलपहु।
इक नायक कर धरि पिनाक धर भर रज रपहु॥
दस पुत्र पुत्रीय यकह समय सुरथ ज रंगठ मम रह (SIC) अमर।
भंडार लछीय अगनित पदम सो पदमसेन कुंवर सुघर ॥३॥

यह प्रति बेदले* के राजकीय पुस्तक भंडार में वर्तमान है।

प्रति नं० ७। साइज १३·२×६ इंच। इस में कुल मिलाकर १०२ पन्ने हैं जिनमें कुछ पन्ने कोरे हैं और कुछ पर 'सूरसारावली' का थोड़ा सा अंश तथा तुलसी, देव आदि कवियों की फुटकर कविताएँ लिखी हुई हैं। लिखावट भद्दी और पाठ

---

*बेदला मेवाड़ की वर्तमान राजधानी उदयपुर से डेढ़ कोस उत्तर में चौहान राजपूतों का एक बहुत बड़ा ठिकाना है। इसके स्वामी इतिहास प्रसिद्ध वीर चन्द्रभान, जो महाराणा सांगा की तरफ से लड़ते हुये खानवा के युद्ध में काम आये थे, के वंशज हैं और 'राव' उनका खिताब है। यहाँ के राजकीय पुस्तकालय में भी प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकों तथा अन्य इतिहास विषयक सामग्री का अच्छा संग्रह है। यह प्रति इसी पुस्तकालय की है।

अशुद्ध है। यह प्रति अपूर्ण है। इसे रामलाल नामक किसी व्यक्ति ने अपने खुद पढ़ने के लिये सं० १८५५ में शाहपुरे में लिखा था। उपरोक्त प्रति नं० २ या ३ मेंसे किसी की नक़ल जान पड़ती है। इसमें १४ प्रस्ताव हैं। इनके नाम नीचे दिये जाते हैं:—

१	आदि पर्व
२	दसावतार वर्णन (अपूर्ण)
३	सलप युद्ध
४	नाहरराय
५	पज्जून पातसाह युद्ध
६	हंसावती विवाह बर्णन
७	दुर्गा केदार
८	दिल्ली वर्णन
९	जंगम कथा
१०	षटऋतु वर्णन
११	कनवज्ज कथा (अपूर्ण)
१२	संयोगिता नेमाचरण (अपूर्ण)
१३	आल्हटेक श्राप
१४	शुक चरित्र

(सरस्वती भंडार)

प्रति नं० ८। (कनवज्ज सम्यौ)। साइज़ ७-५×६ इंच। पत्र संख्या १०४। प्रत्येक पृष्ठ पर २१ पंक्तियां और प्रति पंक्ति में १७।२० अक्षर हैं। अक्षर सुवाच्य और लिखावट साधारणतः अच्छी है। इसमें ७३५ पद्य हैं। प्रति सं०१८६२ की लिखी हुई है। इसका अन्तिम पुष्पिका लेख यह है:—

"इति श्री कवि चन्द विरचिते प्रथीराज रायसौ कनवज्ज कहाव संपूर्नम् ॥ शुभमस्तु ॥ संवत १८६२ भाद्र वदि ८ कइ लिखितं त्रिपाठी मथुरादासेन कालंजर वासिना पोथी लिखी पयरहट मा ॥"

आदि—

दोहा

ग्यारह सै इक्यावना चैत तीज रविवार।
कनवज्ञ दिष्पन कारनह चल्यौ सुमंहर वार ॥१॥

छप्पय

ग्यारह से असवार लिप्पि लीन्हे मधि सप्पे।
असी सूर सामंत येक अरि दल बल भप्पे॥
तन तनुंग पर मग्र मग्र ठेले मग्रागन।
पर भारथ सम सूर देव दानव मनु मानन॥
निरजीव तमल भंजे अरिन युद्ध भेष दरसन नृपति।
मिटवे सुयद भर सुम्भई दीवति दिवि दिव लोकपति॥२॥

अन्त—

छप्पय

ससि दीनो मृग यह्यौ कह्यौ सुप सन दीपतन।
तुहि सदेन पुर लिंग जोति संदीप पिनंपिन॥
हो अनंग अंजली कली मधगंध न जानं।
छमछमंत महरन्न परस पहुपंजलि मानं॥
मृग तुट्टि कमलार लन भवन चित्त रुचि रुचिर मन।
जिमि जिमि नत्र विलंसे प्रबल तिमि तिमि सुप युद्ध प्रगन॥७३२॥

(सरस्वती भंडार)

प्रति नं० ६। (बड़ो युद्ध सम्यौं*)। यह ८.२×६.५ इंच साइज़ के ११५ पत्रों की गुटाकाकार प्रति है। इसके बहुत से पत्रों पर अक्षरों की स्याही उड़ गई है तथा दो-चार पन्ने टूट भी गये हैं और कइयों में छेद पड़ गये हैं। इस पर किसी समय चमड़े की जिल्द थी। लेकिन इस समय तो उसका भी दोनों तरफ़ से कोई एक-एक इंच के क़रीब टुकड़ा रह गया है। प्रति मारवाड़ी लिपि में लिखी हुई है। अक्षर भद्दे हैं। पर पढ़ने में कोई ख़ास कठिनाई नहीं होती। २५ वें रूपक के बाद के २१ पत्रों पर रासो के किसी दूसरे प्रस्ताव का अंश लिखा हुआ है। तदंतर फिर 'बड़ो युद्ध

---

*अध्याय अथवा सर्ग के लिए 'पृथ्वीराज रासौ' की कुछ हस्तलिखित प्रतियों में 'प्रस्ताव' और कुछ में 'सम्यौं' शब्द का प्रयोग देखने को मिलता है। 'सम्यौं' शब्द एकवचन है और राजपूताने में यह फ़ारसी शब्द 'ज़माना' के अर्थ में प्रयुक्त होता है, जैसे-'कालूरो सम्यौं' 'खोटो सम्यौं आयो' इत्यादि। लेकिन इसके अन्त में 'ैं' देख कर हिन्दी के लेखकों ने इसे 'समय' का विकृत तथा बहुवचन रूप मान लिया है और अपने गढ़े हुए इसके बहुवचन रूप 'समयों' का प्रयोग भी वे करते हैं जो ग़लत ही नहीं, वरन हास्यजनक भी है। वास्तव में 'सम्यौं' शब्द का प्रयोग बहुवचन में हो ही नहीं सकता। इस के सिवा 'समय' और 'सम्यौं' के अर्थ में भी उतना ही अन्तर है जितना कि क्रमशः इनके पर्यायवाची अंग्रेज़ी शब्द Time और Period में है।

सम्यौं' शुरू होता है जो अंत तक चला गया है। प्रति का अंतिम पन्ना अपनी जगह से निकल गया है और नीचे से फट भी गया है जिससे अंतिम छंद की अंतिम दो तीन पक्तियों के अक्षर जाते रहे हैं। प्रति में लिपिकाल दिया हुआ नहीं है। परन्तु वास्तव में यह इतनी प्राचीन नहीं है जितनी कि रूप-रंग से दिखाई पड़ती है। अधिक से अधिक यह २०० वर्ष की पुरानी हो सकती है। इसका पहला छप्पय यहाँ दिया जाता है:—

> निसा एक माधव सूं मास ग्रीषम रित आगम।
> निसा जाम पाछिलौं सपन राजन लहि जागम ॥
> सेत चीर छोनी पवित्र आभ्रं न अलंकीय।
> मुकत बंध आटंक बंध वेणी अवलंकीय।
> निजवर धार काजल नयन हरह रास दह करीय।
> मानिका रा (य) बंसह विषम रापि रापि धरना धरीय ॥१॥

सरस्वती भण्डार

(७३) प्रबोध चन्द्रोदय नाटक। रचयिता—जोधपुर नरेश महाराजा जसवन्त-सिंह। साइज ६-५×८-४ इंच। पत्र-संख्या ६। लिपिकाल—संवत् १७६५, भादो वदि ६, सोमवार। प्रत्येक पृष्ठ पर २२ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति में ३०।३५ अक्षर हैं। लिखावट सुन्दर है। प्रति के पाँचवें पन्ने के दो टुकड़े हो गये हैं। शेष सब ठीक हैं। नाटक पद्य में है। विषय—वेदान्त।

आदि—

कवित्त

> जैसें मृग त्रिसना विषें जल को प्रतीत होत
> रूपे की प्रतीत जैसें सीप विषें होत हैं।
> जैसें जाकें बिन जानें जगत सति जानयत
> ताकें जानें जांनियत विश्व सबै तोत है ॥
> ऐसौ जो अखंड ग्यांन पूरन प्रकासवांन
> निति सम सति सुध आनंद उदोत है।
> नाही परमातमा की करत उपासना हौं
> निसंदेह जानौं याकी चेतना ही जोत है ॥१॥

अन्त—

> जौ लौं गंगा को प्रवाह बहत पितिमण्डल मैं
> सेस धरें भार जौ लौं सकल महमंड को।

ससि की किरन जौं लौं पोसत हैं औषधिनि
प्रबल प्रकास सर्ब बिंब मारतंड को ॥
छांडत न मरजाद अपनी उदधि जौं लौं
आय पल महारिपि मारखंड को।
तेज परिवार धन धाम सुख संपत्ति सौं
तौ लौं राज करैं महाराज नव खंड को ॥

(सरस्वती भंडार)

(७४) प्रेम सागर। रचयिता—प्रेमदास। साइज ६-६×६-५ इंच। पत्र-संख्या ५३। लिपिकाल-सं० १८६४, माघ सुदी ८, शुक्रवार। प्रति सजिल्द और पुस्तकाकार है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १७।२० अक्षर हैं। विषय-कृष्ण भक्ति। ग्रंथ ११ अध्यायों में विभक्त है। रचना मधुर है।

आदि—

जै विरंचि जै जै नाराएन जै महेस गनेस।
जै जै सारद जै गुर देवा बुद्ध हि करौ प्रवेस॥
विनती करहुं हाथ जोरै जुग चरन कमल सिरनाऊं।
प्रेम कहौ राधा हरिजू को जो अनुसासन पाऊं॥१॥

कीजे कृपा जान जन सेवक अरु अनुसासन दीजें।
तो मैं कहौं प्रेम को सागर ऐह विनती सुनि लीजे॥
जय गुपाल संतन सुख दाऐक सब घट जानन हारे।
आरत हरन करन जग मंगल राधा प्रान पियारे॥२॥

अंत—

प्रेम सहित जो मंज्जन करि है मानि हिये विस्वासा।
तेहि के भवन दरिद्र न रैहै करि है श्री जू वासा॥
प्रेम करै हरि दरस मिलत है सुनियौ संतौ बाता।
प्रेम वस्य ऐ सदा रहत है संकर बिस्न बिधाता॥२१॥

(सरस्वती भंडार)

(७५) फूल चेतनी। रचयिता—अज्ञात। साइज ६-५×६ इंच। पत्र संख्या ७। लिपिकाल दिया हुआ नहीं है। लेकिन रूप-रंग से कोई २००/२५० वर्ष की पुरानी दिखाई पड़ती है। पद्य-संख्या ४०। विषय—नायिका भेद। भाषा ब्रजभाषा है। शृंगाररस की अत्युत्कृष्ट रचना है।

आदि—

छप्पय

सित कीरति तिहु लोक करनि सीतल सेवति जन।
तपनि ताप तमहरन दरस अहलाद भरत मन॥
चरन चारि बरदान नाम सुभ बरनि चारु शुचि।
तीरे सेवक निकर लसै सिव संग परम सुचि॥
है फलदायक जगत को सेवत जो गुर दास भल।
सोइ पारवती धौं सुरसरी लसै सुधाधरि धौं अमल॥

अन्त—

आये बसंत ह्वै मारग के उमहे सो महा कपटी पिय ही कै।
मेरी तो चूक नहीं कछु वै परि जानौ सुभाइन रावरे जी कै॥
आम के बौर मधू वृत कीट पिए रस प्यारे कठोर हौ जी कै।
धाम कहौ अहो प्रान पियारे न वाम तौ रावरे ही अति नीके॥

(सरस्वती भंडार)

(७६) विड़द सिणगार। रचयिता—करणीदान। साइज १२·१५×६·६ इंच। पत्र-संख्या ६। लिपिकाल—सं० १८५६, माघ शुक्ला ५ गुरुवार। छन्द-संख्या १३६। भाषा-डिंगल। विषय—जोधपुर के महाराजा अभयसिंह का जीवन चरित्र। यह करणीदान के एक दूसरे बड़े ग्रन्थ 'सूरज प्रकाश' का संक्षिप्त रूप है।

आदि—

छन्द पद्धरी

श्री गणपति सरसति निमस्कार। दीजीयै मुझ मत बुध उदार॥
अवसांण सिद्ध रहमाण अंस। वाणांण करूं नृप भांण बंस॥१॥
जिण तेज अरक जिम छक जहूर। सुंदर प्रवीण दातार सूर॥
छत्रपतीय अभौ छत्रकुल छतीस। बहुत्तर कला सुलछण बत्तीस॥२॥
बरणाश्रम धरम मरजाद बेद। भाषा षट नवरस अरथ भेद॥
आपरां समंद थागण अथाग। रूपग चत्र असी छतीस राग॥३॥

अन्त—

पित गीता चत्रमालोक पांत। भागवंत तिलोकी सपत भांत॥
इंण मझ्झ उजासरो गुण अपार। सूरजप्रकाश रो तंत सार॥१३४॥
कीरत प्रकास सुजि राज कांम। नृप ग्रंथ विरद सिंगार नांम।
महाराज निवाज म उद्धव मथ। कविराज राज कहीयौ करथ॥
जपै आसीस आयस जोड़। कायम राज नृप जुगां कोड़॥१३५॥

दोहा

अंबर धरा पाणी पवन सूरज चंद सकाज ।
महाराज अभमालरो रिधू इता जुगराज ॥१३६॥

(सरस्वती भण्डार)

(७७) बिहारी सतसई: प्रति नं० १। साइज ५-८×३-८ इंच। पत्र संख्या ६०। लिपिकाल—सं० १७४३, चैत्र शुक्ला पंचमी। यह भवानीदास नामक किसी व्यक्ति द्वारा उसके खुद के पढ़ने के लिये लिखी गई थी। इसमें ७२१ दोहे हैं।

अंतिम दोहा:—

घर घर हिंदुनी तुरुकिनी कहैं असीस सराहि ।
पतिनि रापि चादरि चुरी तैं रापी जयसाहि ॥७२१॥

(सरस्वती भण्डार)

प्रति नं० २। साइज ८-६×६ इंच। पत्र संख्या ३८। लिपिकाल—सं० १७६६। इसमें ६५३ दोहे हैं जिनका क्रम विषय के अनुसार रखा गया है। पाठ प्रायः शुद्ध है, पर कहीं-कहीं दोहों की मात्राएँ कम ज्यादा हैं।

अंतिम दोहे ये हैं:—

चलत पाइ निगुनी गुनी धनु मनि मुत्तिय लाल ।
भैंट भये ज (य) साहि सुप सौं भागु चाहियतु भाल ॥६५२॥
प्रतिबिंबित जयसाहि दुती दीपति दर्पनि धाम ।
सब जग जीतन कौं कर्यो काय व्यूह मनौं काम ॥६५३॥

(सरस्वती भंडार)

प्रति नं० ३। साइज ७-१×८-२ इंच। पत्र संख्या ११८। लिपिकाल—सं० १७७३, कार्तिक सुदी ८ शुक्रवार। यह प्रति किसी दौलत सागर के शिष्य विनोद सागर यति द्वारा किसी शाह जी के पुत्र सुख जी के लिये लिखी गई थी। इसमें ७१३ दोहे हैं। प्रत्येक दोहे के नीचे जैन कवि मानसिंह (?) की टीका भी है।

आदि—

मेरी भव बाधा हरो राधा नागर सोइ ॥
जा तन (की) झांई परे स्याम हरित दुति होइ ॥१॥

टीका

इहां ग्रन्थ की आदि ॥ मंगलाचरण के काम ॥ श्री राधा-कृष्ण को संजोग ॥ शृंगार व्याख्यान कीने है ॥ जा तन० ॥ स्यामह० ॥ जा के शरीर की जोति के लागत ही ॥ श्री कृष्ण जु हरित दुति कहै ते ॥ श्री राधा जुक नील रत्न समान रंग होय ॥ जैसे हरताल और नील को रंग अेकठे ॥ मथन नीलो रंग होत है ॥ श्री राधा पीत रंग ॥ पर कृष्ण जु नील रंग ॥ दोहुं के संजोग कर ॥ दोहुं को अैक रंग होइ ॥ पांच रत्न समान ॥ इति गर्भितार्थ ॥ अैसी श्री राधा जु ॥ नागर कहेसे रूप गुण करी सुन्दर ॥ सो मेरी भव बाधा हरो कहने मेरी संसार की पीड़ा ॥ रोग सोगादि कष्ट दुरै करो ॥१॥

अन्तिम दोहाः—

दोहा

हुकम पाइ जयसाह को हरि राधिका प्रसाद ।
करी बिहारी सतसही भरी अनेक संवाद ॥७१३

टीका

हुक० ॥ हरि ॥ राजा श्री जयसिंघ जु को हुकम आदेस पाइकै ॥ श्री राधा कृष्ण जु के प्रसाद करिकै ॥ करी०॥ भरी०॥ बिहारी कविश्वर सात सै तेरा दोहरा अनेक रस स्वादु भरे कीए ॥ इत्यर्थ० ७१३॥

(सरस्वती भण्डार)

प्रति नं० ४ । साइज ६-६ × ५-१ इंच । पत्र-संख्या २७ । लिपिकाल—सं०१७८३, फाल्गुण सुदी १३ । यह उपरोक्त प्रति नं० २ की नक़ल प्रतीत होती है । दोनों में दोहों का पूर्वापर क्रम प्रायः एक ही सा है । दोहों की संख्या भी दोनों में वही ६४३ है, सिर्फ इतना अन्तर है कि उसमें दोहों पर उनके संख्यात्मक अंक आदि से अन्त तक एक सिलसिले से लगाये गये हैं और इसमें प्रत्येक विषय के दोहों की संख्या अलग-अलग बतलाई गई है ।

अन्तिम दोहेः—

चलत पाइ निगुनी गुनी धनु मनि मुत्तिय माल ।
भेंट भये जयसाहि सौं भागु चाहियतु भाल ॥
प्रतिबिंबित जयसाहि दुति दीपति दर्पन धाम ।
सब जग जीतन कौं कर्यौ काय व्यूह मनौ काम ॥

(सरस्वती भण्डार)

प्रति नं ५। यह ५-४×५ इंच साइज़ के ६१ पन्नों की गुटकाकार प्रति है। इसमें ७१३ दोहे हैं। यह प्रति सं० १७८३, कार्तिक शुक्ला ११ शनिवार को मेवाड़ के महाराणा संग्रामसिंह जी (दूसरे) के कुँवर जगतसिंह जी के लिये लिखी गई थी। इसका पाठ बहुत शुद्ध है।

अंतिम दोहे:—

घर घर तुरकनि हिंदुनी देत असीस सराहि।
पतिनु राखि चादर चुरी तैं राखी जयसाहि॥
हुकम पाय जयसाहि कौ हरि राधिका प्रसाद।
करी बिहारी सतसई भरी अनेक सवाद॥७१३॥

यह प्रति स्थानीय प्रयागदास जी के अस्थल के पुस्तकालय में सुरक्षित है।

प्रति नं० ६। साइज़ ६-३×८-२ इंच। पत्र संख्या ३८। लिपिकाल सं० १७६४, फाल्गुण सुदी ८, गुरुवार। इसमें ७१० दोहे हैं।

अंतिम दोहे—

यौं दल काढ़े बलक तैं तैं जयसिंह भुवाल।
उदर अघासुर कै परै ज्यौं हरि गाय गुवाल॥७०६॥
घर घर हिंदुनि तुरकनी कहै असीस सराहि।
पति राखी चादर चुरी तैं राखी जयसाहि॥७१०

(सरस्वती भण्डार)

प्रति नं० ७। साइज़ ७-७×४-६ इंच। पत्र संख्या ३२। लिपिकाल-सं० १८२८ प्रति जीर्णावस्था में है। चार-पांच पन्ने फट भी गये हैं। इसमें ७०५ दोहे हैं।

अन्तिम दोहे:—

रहति न रिन जयसाहि मुप लपि लापन की फौज।
जाँचि निरापरऊ चलैं लै लापन की मौज॥७०४॥
चलत पाइ निगुनी गुनी धन मनि मुत्तिय माल।
भेट भये जयसाह सौं भाग चाहियतु भाल॥७०५॥

(सरस्वती भण्डार)

प्रति नं० ८। साइज़ ६-७×५-६ इंच। पत्र संख्या ३८। इसमें लिपिकाल दिया हुआ नहीं है। कोई २०० वर्ष की पुरानी दिखाई पड़ती है। इसमें ७०१ दोहे हैं।

अन्तिम दोहेः—

गोरी गदकारी परैं हँसत कपोलनु गाड़ ।
कैसें लसति गवारि यह सुनकिरवा की आड़ ॥७००॥
जौ लौं लखौं न कुल कथा ठिक तो लौं ठहराइ ।
देखौं आवत देख ही क्यों हूँ रह्यौ न जाइ ॥७०१॥

(सरस्वती भण्डार)

प्रति नं० ६ । साइज ५×३-६ इंच । पत्र संख्या १०१ । लिपिकाल—सं० १८५० के आस पास । इस में ७१६ दोहे हैं ।

अन्तिम दोहेः—

घर घर तुरकनि हिंदुनी कहै असीस साहि ।
पति न राखि चादरि चुरीं तें राखि जयसाहि ॥७१५॥
हुकम पाई जयसाहि कौ हरि राधिका प्रसाद ।
करी विहारी सतसई भरी अनेक सवाद ॥७१६॥

(सरस्वती भण्डार)

प्रति नं १० । १०-६×५-७ इंच की पुस्तकाकार प्रति है । पत्र-संख्या २६ । लिपिकाल का उल्लेख इसमें भी नहीं है । कोई १००/१२५ वर्ष पहले की लिखी हुई प्रतीत होती हैं । इसमें ७०६ दोहे हैं जो किसी क्रम विशेष से नहीं रखे गये हैं । यह बिहारी के दोहों का एक सामान्य संग्रह मात्र है ।

अन्तिम दोहेः—

जौ लौं लखै न कुल कथा ठिक तो लौं ठहराइ ।
देखैं आवति देख ही क्यूं हूँ रह्यौ न जाइ ॥७०८॥
तंत्री नाद कवित्त रस सरस राग रति रंग ।
अनबूड़े बूड़े तिरै जे बूड़े सब अंग ॥७०६॥

(सरस्वती भण्डार)

(७८) बुद्धिरासौ । रचयिता—जल्ह । साइज ६×८-२ इंच । पत्र-संख्या ६ । लिपिकाल—सं० १७०४, पौष शुक्ला ३ रविवार । दोहा, छप्पय, गाहा, पाघड़ी, मोतीदाम, मुड़ैल, अड़ैल इत्यादि सब मिलाकर १४० छन्दों में ग्रंथ समाप्त हुआ है । इसमें चम्पावती नगरी के राजकुमार और जलधितरंगिनी नामक एक रूपवती स्त्री की प्रेम-कहानी है । राजकुमार अपनी राजधानी से आकर कुछ दिनों के लिये

जलधितरंगिनी के साथ समुद्र के पास किसी निर्जन स्थान में रहता है और जिस समय वहाँ से रवाना होता है, जलधितरंगिनी से एक माह के भीतर वापिस लौटने का वादा करता है। अवधि के ऊपर कई माह के बीत जाने पर भी जब राजकुमार नहीं आता है तब विरहोत्तापित जलधितरंगिनी दुनिया से विरक्त हो जाती है और अपने बहुमूल्य वस्त्राभूषणों को उतार फेंकती है। इस पर उसकी माँ उसके सामने दुनिया के विलास-वैभव तथा देव दुर्लभ मानव देह की महत्ता का राग अलापने लगती है। इतने में राजकुमार भी आ पहुँचता है। दोनों का पुनर्मिलन हो जाता है और आनन्द-उत्साह के साथ अपना समय व्यतीत करते हैं।

आदि—

दोहा

चंपावति चतुरापुरी चितू हरण मय नंद ॥
सोम वंस वरऊधरण नृपति तहीं मलय्यंद ॥१॥

छन्द अडैल

जोजन पंच सुहै पुरवास। नगर नागर मंदय मंड अवास ॥
नट नाटक जय्य सुरम्य सुवासु। भूपण भूरि कीयौ कविलासु ॥२॥
राज पुत्त इक दच्छिण देस। धन बहु बंधि चलयौ परदेस ॥
वय पूरण पूरण बुधि वीर। लोचति नयन निघटह नीर ॥३॥
वेस सदस दस ऊपरी वट्ट। जलधतरंगनी कीय विच हट्ट ॥
नेह मेह जोगिंन जायि। लच्छि सरीर समेत समायि ॥४॥

अन्त—

दोहा

अंमा पत्त वसंत भौ कोमल कूंपल मेलि।
अत्ता मंडन निग्रही बहुली लच्छि संकेलि ॥१३६॥
इति प्रतिवाद सुवेस रस वर्ण कियौ कवि जल्ह।
चंपावति नयरि सुथल कही मनोहर गल्ह ॥१४०॥

(सरस्वती भंडार)

(७६) भक्त-परचई। रचयिता—अनंतदास। साइज ६-२×५-८ इंच। पत्र-संख्या ५। लिपिकाल—सं० १८३१। प्रति के प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियां और प्रति पंक्ति में ३०।३२ अक्षर हैं। इसमें नामदेव और त्रिलोन के जीवन-चरित्र वर्णित हैं। ग्रंथ के आदि की दो पंक्तियाँ निम्न हैं :—

चौपाई

अलख निरंजन विनवौं तोही। मांगूं साध संगति दे मोही॥
संवत सौला मैं पैंताला। यायौं बोले बचन रसाला॥

यह प्रति स्थानीय प्रयागदास जी के अरथल के पुस्तकालय की है।

(८०) भक्तमाल। रचयिता—नाभादास। साइज ७·६×७ इंच। पत्र-संख्या ३५। कागज बहुत पतला और जीर्णावस्था में है। लिखावट भद्दी पर पाठ शुद्ध है। लिपिकाल—सं० १७२४। विषय—भक्तों की कथा।

आदि—

दोहा

भगति भगत भगवंत गुर चत्रु नाम बपु ऐक।
इनके पग वंदन करत नासई विघ्न अनेक॥ १॥

अन्त—

भगत दास जिन जिन कथी तिनकी जूठन पाइ।
मैं मत सारु अछेर द्वै कीनु सीलो (क) बनाइ॥ ११॥
काहूँ के बल जोग जग कुल करणी की आस।
भगति नाव माला अगर उर बसो नराईणदास॥ १२॥

(सरस्वती भंडार)

(८१) भक्तमाल की टीका। रचयिता—प्रियादास। साइज ८·७×६·६ इंच। पत्र-संख्या ६०। लिपिकाल—सं० १७८६, माह सुदी ५, सोमवार। पद्य-संख्या ६१८।

आदि—

कवित्त

महा प्रभू कृष्ण चैतन्य मन हरन जू के
चरन को ध्यान मेरे नाम मुख गाईये।
ताहि समै नाभा जू ने आग्या दई लई धारी
टीका विस्तार भक्तमाल कों सुनाईये॥
कीजीइ कवित्त बंद छंद अति प्यारो लगे
लगे जग मांहि कहि वानी विरमाईये।
जानौं निज मति ऐयें सुन्यो भागवत शुकउ
मुनि प्रवेश कियो असै ही कहाईये॥ १॥

अन्त —

अग्नि जरावौ लेकै जल में बुडावौ भावै
सूरी पैं चढावौ घोर गरल पिआयवौ।
बीछू कटवावौ कोटि सांप लपटावौ हाथी
आगे डरवावौ इती भीत उपजायवौ॥
सिंघ पैं खवावौ चाहे भूमि गड़वावौ तीखी
अनी विंधवावौ मोहि दुख नहीं पायवौ।
वज जन प्रान कांन बात यह कांन करो
भक्ति सो विमुप ताकौ मुप न दिखायवौ॥ ६२८॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(८२) भक्तमाल की टीका। टीकाकार—बालकराम। साइज १२-३ × ३-७ इंच। पत्र-संख्या ४४८। प्रत्येक पृष्ठ पर २३।२६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८।२० अक्षर हैं। लिपि सुडौल और सुपाठ्य है। यह प्रति मेवाड़ के महाराणा शंभुसिंह जी की माता के लिये सं० १६३२ में लिपिबद्ध हुई थी:—

हिंदवा हिंदौ पातसा, संभुसिंह नरंद।
ता जननी बांचन अरथ, लिखियो सहत आनंद॥
संमत उगणी और बतीसा। चौदस भादू दीत को वासा॥
उत्तम पुल रो पख सुद होई। लिख्यो प्रीति कर जांनो सोई॥

नाभाजी के 'भक्तमाल' की यह एक बहुत बड़ी, सरस और भावपूर्ण टीका है। टीकाकार ने इसका नाम 'भक्त दांम गुण चित्रनी टीका' रखा है। इसमें दोहा, छप्पय आदि कई प्रकार के छंदों का प्रयोग किया गया है, पर अधिकता चौपइया छंद की है। हिंदी के भक्त कवियों के विषय में नाभादास ने अपने भक्तमाल में जिन-जिन बातों पर प्रकाश डाला है उनके अलावा भी बहुत सी नई बातें इसमें बतलाई गई हैं और इसलिये साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ यह संत-महात्माओं के इतिहास की दृष्टि से भी परम उपयोगी है। केवल आदि अंत का भाग न देकर इसमें से कबीर साहब के विषय का पूरा लेख हम नीचे उद्धृत करते हैं।

मूल
(छप्पय)

कबीर कांणि रापी नहीं वर्ण आश्रम षटदरसनी।
भक्ति विमुप जो धर्म सोई अधर्म करि गायो।

जोग जज्ञ मत दांन भजन बिन तुच्छ बतायो ॥
हिंदू तुरक प्रमाण रमैणी सबदी साषी।
पषिपात नहिं बात सबनि का हित की भाषी ॥
आरूढ़ दसा ह्वै जगत परि मुषि देषि नांहीं भनी।
कबीर कांणि राषी नहीं वर्ण आश्रम षटदरसनी ॥

टीका

(चौपइया छंद)

अथ कबीर की गाथा सुनियै आदि हु तैं जो होई।
यह आरूढ़ मता जिस हितकर पषपात नहिं कोई ॥
रांमांनंदहि सेवत एका बनिक तिया चित लाई।
नित दरसन स्वामी पैं आवै सीधा ल्यावै धाई ॥ १ ॥

पैं ताकै मन पुत्र कांमनां प्रगट न मुष सूं गावै।
स्वांमी अंतरजामी जांनी सो ताकै मन भावै ॥
तब मन ही मैं कीन्ह विचारा देहौं या कूं पूता।
पै हरि पासहि आज्ञा लेऊं यहु नारी अवसूता ॥ २ ॥

तब स्वामी कहि तासूं आवहु प्रात सवेरी धाई।
स्वांमी प्रात न्हाय पूजा करि हरिसूं आज्ञा पाई।
धाई प्रात न आई संका भाग मंद अनुसारी।
ताहीं समय पठाई औरहि विप्री भोजन कारी ॥ ३ ॥

सा विधवा गत स्वामीं पासा हरि इच्छा बलवंता।
नमन करी तिहि दूरिहि जबही स्वांमी बचन भणंता ॥
होहि पुत्र हरि भक्त तेरै सत्य हमारी बांनीं।
सुनतहि विधवा सकुची मन मैं पुनि स्वांमींहि बषांनी ॥ ४ ॥

तुम जांनीं सौ मैं नहिं स्वांमी हौं विधवा द्विज नारी।
दया दई तुम सो मम सापा जग मम होत षवारी ॥
तब स्वांमी कहि ताकै भोलै कही होयगी त्यौंहीं।
भक्त गिरा हरि मृषा न करई बांण राम को ज्यौंही ॥ ५ ॥

सा पछिताय बनिक तिय पासिहि जाय सुनाई सोई।
सुनि सा बांनी मन पछितानीं बनियांनीं अति रोई ॥
पुनि तिहि विधवा गुपती राषी जब लगि पुत्र जनाई।
काल पाय सुत जायो सोई पंदक दयो नषाई ॥ ६ ॥

तब ही एक अपुत्र जुलाहा देषि लीयौ सिसु सोई ।
जाय तियहि दे कीन्हौ पालन लालन सुत हित होई ।।
कोऊ धाय लगाय जिवायो बड़ौ भयौ परणावा ।
पिता जुलाहा सौ मिरि जावा आपहि कसब करावा ।। ७ ।।

इक लरका इक लरकी जाई माई और लुगाई ।
इक कबीर जन पंच करहई भक्ति रीति नहिं पाई ।।
तब कबीर पैं हरि धरि करुणां वांनी गगन उचारी ।
तिलक दांम धरि संत सेय तूं पावहि दरस हमारी ।। ८ ।।

रामांनंद धरो गुरु सिर परि पुनि कबीर हूँ गाई ।
हम कुल तुरकन स्वांमीं धीजे तिलक दांमं किम पाई ।।
तब हरि कहि स्वांमी के मगन ? सिर ही न्हांन जब जाई ।
तिस पग लगि तुम कोसऊ तब सिस कर धरि राम कहाई ।। ९ ।।

असु गुरु होय मांनि सौ ठांनि वैष्णव भयौ कबीरा ।
तिलक दांम धरि रांमहि गावत संत संग करि धीरा ।।
भक्तिनि कौ गृह धनहि पावै माता कौं नहिं भावा ।
क्यूं निज धरम छाँडि करि बेटा पर कौ धरम गहावा ।।१०।।

माला तिलक देषि तिय रोवत पति कौ किन भरमावा ।
घर को धन मुडियन कूं पोवत रंडी रारि बढ़ावा ।।
काहू रांमांनदहि यहु कही जुलहा भक्तिकेराई ।
नाम कबीरा अति मति धीरा तुम्हरो सिष्य कहाई ।।११।।

कहि स्वांमीं ताकूं गहि ल्यावहु हम कब चेला कीन्हा ।
ल्याये ताहि बोलि स्वांमीं पैं आड़ा परदा दीन्हा ।।
कहि स्वांमीं हम कब सिष कीन्हां मृषा नाम क्यूं लेई ।
तब कबीर कहि निसि मग मम तुम न्हांवन जात मिलेई ।।१२।।

मम पग लगि मम सिर कर धरि तुम राम कहावा जबही ।
एही मंत्र तंत्र सब गावत मैं गुरु पद धारा तबही ।।
कबीर की मति निरमल जांनी स्वांमीं भयो प्रसंन्नां ।
परदा षोलि बोलि दै भक्ति हि सिष करि लीयौ प्रपंन्ना ।।१३।।

गुरु पद भेट कबीर प्रमोदा लै आयस ग्रह आवा ।
अब निरभय राघव गुण गावत कहू संक न ल्यावा ।।
प्रेम सहित मन हरि पद नवरत दग चित द्रव रोमांचा ।
केवल हरि चरणनि अनुरागा जग कुं न जांनै सांचा ।।१४।।

अद्भुत रंग लग्यौ दामा तन सन्त सेव रुचवांनै ।
ताना तनत बनत उतनोंई ग्रेह निबाह प्रमांनै ।।

धमन धेवि करि मार्यो लाहा सन्तनि देय पराई।
मन आनन्द भये अति धीरा सोध सोध चिन लाई ॥१२॥

एक बार हरि परची लीन्हे वैष्णव रूप बनाया।
दुर्बल तन जोरण पट धार्यां कबीर पासहि आया॥
कहो साधु मोहुं पट दीजे दुरन सीत तन छाया।
तब कबीर आधो पट दैवे फारण लाग्यो तहावा॥१६॥

कही भक्त सारोई दीजे आधे नहिं सराई।
तब सब दीयो लियो कहुँ घोटा कबीर गेह न जाई॥
घर लरकै तिय जननी भूखो परचो विनि दुख पाई।
अस विचार दिन तीन कबीरा छुपा रांम समराई॥१७॥

धीर कबीरा संका बंका पैं घर लरका भूपा।
तब करि कृपा होय बनिजारो आयो हरि सैंलूका॥
घर कबीर के डारत गौनी मकल सूंजि निकसाई।
कबीर की मातहि कहि हरि जी भीतर धरिये माई॥१८॥

कहि माई तूं को बनिजारो सूंज कहां तें लाया।
मति डारे बिन जाने मम सुन बित्त न लेत पराया॥
कहि नायक सुनि माता थांनी तेरा सुत पें राजा।
दरस आय बहु वित्त चढ़ावा ताको ले यहु साजा॥१६॥

घर कूं दयो पठाय कबीरै मो हम ले इत आता।
हों बनिजारो संतन प्यारो अब तो धारी माता॥
हरि कहि जाता वित धरि माता सुत की खबरि कराबा।
सोधि कबीरहि नर ले आवा रिव की रीति जनावा॥२०॥

सुनि कबीर सों मन मैं जानी कृपा करी रघुराई।
अब तांनां काहे कूं तनिये सहजे रांम पुराई॥
तब कबीर बहु संत बुलाया ठौर ठौर के जबही।
सोई सूंज पवाई संतनि कछू न राषी तबही॥२१॥

सुनि ब्राह्मण संन्यासी कोपे कबीर के घर आवा।
कही कबीरहि भागि नगर तजि जीवत तोहि छुटावा॥
तब कबीर कहि क्युं उठि जाऊं कछू राहा नहिं मारी।
नहिं धन मैं काहू का चोरा तको नहीं परनारी॥२२॥

मैं बैठो गृह हरि गुण गाऊँ क्युं तुमको पकराई।
तब द्विज कहीं तूं हम रापीनी हमरी मांन घटाई॥
राजा तो कों सूंजि चढाई हम हि कछू न पुढाई।
सुदिया सुद्र बुलाय जिमाया संपति दई लुटाई॥२३॥

अन्न रसोई जो करई बिप्रनि प्रथम बुलावे।
बिप्रनि पोछे देय और कूं बेद पुरांणां गावे॥
तैं अपमांन हमारा ठांनां सुडिया प्रथम जिमावा।
हम कूं कछू बात न पूछी एही चूक परावा॥२४॥
अबहि रसोई हम कूं दीजे नांतर तोहि पिटाई।
कहि कबीर तुम कैसे लैहौ ब्राह्मण अन्न जिमाई॥
अब तो सूंज उच्छिष्ट रहांनीं सुडिया प्रथमहि पावा।
रहो परे मैं और हि ल्यांऊं सूंजि मंडी लगि जावा॥२५॥
द्विजिन कही जावहु झट ल्यावहु गयौ कबीरा दासा।
बिनां सूंज दैवै की तिन कूं मिस करि मेटी पासा॥
छिपा कबीरा बैठि रहाई तब केसव मन धारी।
मम जन गिर सांची करि कीरति बढऊं काज सुधारी॥२६॥
जन कबीर को रूप धारि प्रभु बहुत द्रबि ले आवा।
मढी मांहि सीधा ले मोलिहि सिरह माल दे ल्यावा॥
कबीर क ग्रह सूंजि उतारी बिप्रनि दैवे लागा।
जनां जनां प्रति सेर अढ़ाई मैदा चावल पागा॥२७॥
घृत अरु षंड पांन की बीरी दीन्ह कीन्ह सन्तोषा।
राजी भये बिप्र जय बोली जब मन स्वारथ पोषा॥
तिनि मैं पोंटी ब्राह्मण बोलयौ जुलहै बहु निधि पाई।
कही नृप सूं सब पोसि लिवावौ तितैं और द्विज गाई॥२८॥
यथूं नृप सूं कहिये बहु जुलहा मन को बहुत उदारा।
अज हू यापैं सौज लैहगीं डर दिपाय करि कारा॥
द्विज संन्यासी सीधा लीधा औरउ ले ले जाई।
हरि कबीर की कीरति बढ़ई सीधा सब निपुनाई॥२६॥
पुनि कबीर कूं हरि सुधि दीन्हीं अचीन्ह द्विज तन धारी।
इत यथूं बैठो भक्त जाहु झट कबीर घर सुष कारी॥
तहां बटत है सीधा सबकूं द्विज संन्यासिनि लीन्हा।
प्रति जन सेर अढाई देवै देषि हमहि यहु लीन्हा॥३०॥
अस यहि गयौ कबीरै जांनीं कृपा करी रघुराई।
आयौ ग्रेह देषि सब सूंजिहि भिक्षुक लै लै जाई॥
प्रमुदित मन जन कबीर हरि पद सरम कृपा अति जांनीं।
धन्य राम निज जन प्रति पालक बालक मात समांनी॥३१॥
कबीर रामहि सुमरत अति रति मन विस्राम बढांनां।
श्री गुरु को नित दरसन करई उर उजल प्रगटांनां॥

निरवरूप हरि अंतर भामा मव जग रीति लपांनी ।
एक वार श्री गुरू के पामहि चनुत चोद्यौ पांनी ॥३२॥

स्वांमी मानस पूजा ठांनत हरि सिर मौट बनाया ।
बंक बनावा लखि कबीर कहि प्रभु यह बंका आवा ॥
स्वांमीं कहि तैं कैसे जानी तवहिं कबीर प्रकासा ।
मैं देषत हूं कृपा तिहारी तव निरमत हौं दासा ॥३३॥

हुकम तिहारे विधवा द्विज तिय गरभ धरभ हौं सूता ।
जांनीं सोई जांनी स्वांमीं समरथ यह अवधूता ॥
तव तैं रामानन्द हु आदर कबीर को अति ठांनैं ।
कबीर की जग कीरति बाढ़ी राजा परजा मांनैं ॥३४॥

पूजा भेट लोक बहु धरई लेत न कबीर दासा ।
असन वसन तन चाहत लेवै जाके हरि विस्वासा ॥
जो जो अधिकारी धरि आवै सो लै संत जिमावै ।
ज्यौं ज्यौं अधिक जातरा लागै कबीर कूं न सुहावै ॥३५॥

ध्यान भंग लखि जगत निवारन चोज कबीर कीन्हां ।
द्वै कछु गणिका संग लिवाई बतक गंग जल लीन्हां ॥
वृषली कन्ध भुजा धरि चौहट विचरा दास कबीरा ।
सब जग निन्दा करिवै लागा जिनकी बुधि अधीरा ॥३६॥

ब्राह्मण बनिया हसत कहत अस दिन द्वय भक्ति कराई ।
अव कबीर वृषली अति देषहु अन्त नीच कुल जाई ॥
तव कबीर के जेतक संगी भक्ति सकल सुप गोई ।
ताही समय एक द्वै ठहरा कबीर संगी सोई ॥३७॥

महंत सन्त आचारज अगमहि जांनैं वांनत हारा ।
तब कबीर वृषिली तजि चाला कासी भूपति द्वारा ॥
गयौ तहाँ पूरव उत आदर नृप आसन नहिं दीन्हां ।
सब सूं बैठा दूरि कबीरा तवहि चोज इक कीन्हां ॥३८॥

झूंठी निंदा करत लोक को बुरी हैत यह जांनी ।
प्रगट कमंडलु तैं जल डार्यौ राम भाषि मुज पांनी ॥
देषि चरित नृप पूछी तासूं यह को कर्यौ कबीरा ।
तव कबीर कहि जगंनाथ को पंडौ भात उतीरा ॥३९॥

आटका उप्ण पर्यौ तिम पग परि हरि कृपया हम दीसा ।
तिस पग पैं जल डारि सिरावा कोस चार सत बीसा ॥
नृप कही सांच कहै किधुं टहकत मन में बात न आई ।
मूढ़ सभाजन कहि हँसि उलटा मदिरा मत्त बकाई ॥४०॥

तहां ऐक जन कहि नृप मांनहु कबीर झूठन भाषी।
चौकस करौ कही नृप दूतहि पठयौ ल्यावन साषी॥
जगन्नाथ सौं जाय पुछाई उही बात उन गाई।
भात उतारत उष्ण पात्र गिरि मम पग पर्‌यौ तदाई॥४१॥

भक्त कबीरा, कासी वासी तिहि जल ढोरि सिराया।
हुता इहांई जांनीं सांचहि दिन तिथि समय बताया॥
पत्र लिषाय श्राय सदस नृप पासहि सांच जनाई।
सुनि नृप डर्‌यौ कर्‌यौ अपमांनां कबीर कहि न मनाई॥४२॥

अब उहि कोप करै मो परि राज्य भ्रष्ट ह्वै जावै।
तब नृप रांनीं मिलि करि मंत्रहि कबीर दरसन धावै॥
धन सम्पति करि तोप कबीरन तब काठी सिर धारी।
राजा रांनी सहित कटुंबीं कंधे धरी कुठारी॥४३॥

लाज तजी नृप चौहट निकसा सिर लकरी कौ भारा।
मदन कबीरा कै जब पहुंचै नृपहि कबीर निहारा॥
उठि नृप सनमुष भार डरावा कही करी क्यूं पेरा।
मैरे नहीं रोस कछु तुम सूं तुम नृप न्याय बिभेरा॥४४॥

तुम बड हमहि बड़ाई दीन्ही सांच झूठ पहिचांनां।
असैं नृप के आनंद बढ़ायौ कबीर सब सुषदांनां॥
नृपति चमाय आय ग्रह बैठा अति जस चढ़ा कबीरा।
निंदा बिंदा समरथ जन कै दासी हुकम वहीरा॥४५॥

कबीर महिमां चढी नगर इक रांमहि कहै कहावै।
आन धरम सब देत उठाई नृप प्रजा हुक्म चलावै॥
काजी ब्रांह्मण सब दुष मांनत कब जुलहा कूं मारैं।
भरे रोष ते देषि कबीरहि ज्यों पग देषि मजारैं॥४६॥

पातसाह इक साहा सिकंदर कासी आवा जबही।
काजी ब्रांह्मण कबीर जननीं मिलि हजरत पैं जबही॥
चले पुकारन रांड सिपाई काजी ब्राह्मण दोषी।
तेरा बेटा राहा छांडि कैं पकरी राहा अनोषी॥४७॥

जाय पुकारी पातसाह पैं रांड भांड सम बकरी।
पूछा जब न कबीरहि गावा तै उजटी दिसि पकरी॥
काजी बिप्रनि चैपी बातहि जिनका हुकम घटांनां।
तुरक जुलाहा कबीर जिसनैं टीका माला ठानां॥४८॥

हिंदू तुरक उभय कूं निंदत उजटी राहा चलाई।
रांम कहावत सब कूं एक ही नगर लोक भरमाई॥

पातसाह तब कोप कबीरहि बोलान पर पठाया।
च्यारि जण घर कहैं कबीरहि चलौ हजूरि बुलाया ॥४९॥

इन कहि कौन हजूर कहौ उन प्रथिवी पति पतिसाहा।
की जांनैं हम कूं कहि तेरी माता चुगली चाहा॥
समझि कबीर चल्यौ तिनि संगति संगनि कूं दै धीरा।
गयौ जवन पैं परौ रांम रति निरभय दास कबीरा॥५०॥

काजी कहत कबीरहि कहियै हजरत कदम सलांमहि।
कही कबीर सलांम न जांनू समरौं करता रांमही॥
पातसाह तब कोप बषांनां क्यूं रे जुलहा पाजी।
मस्त भयो संका नहीं मानत कौन राह तैं साजा॥५१॥

तूं दीसत है दो जग जाता निज कुल राहा गमाई।
अपनीं राहा चलत गति होई वेद कतेब कहाई॥
कस भरमां कौन भ्रमावा तबहि कबीर कहावा।
मैं नहि भरमां भरमे तुमही हिंदू तुरक जिनावा॥५२॥

काजी ब्राह्मण मरम न जांनै सब जग यु भरमावा।
मझ अलह की षबरि न जांनत लोभों लूम करावा॥
बकरी मुरगी सुरभी मारत कौन कतेब कहाई।
औरहि मारि भिस्त पहुँचावत आपहि मरि किन जाई॥५३॥

दो जग परै तुरक अरू हिंदू जेते आतम घाती।
हम निरभय भजि रांम करीमा निसि दिन सौ संगाती॥
चसम लाल करि मलेछ बोला गाफल संक न धारहि।
अब देखहुँगो राम तिहारा पूब परै जब मारहि॥५४॥

पुनि कबीर निरभय मन बोला सभा तुच्छ तिहि भासी।
को मारहि मो कौं हरि राषैं जो सब विस्व प्रकासी॥
तो से रंक कत्ते हरि जाचत और तिकै बसि चारा।
हरि का कीया मिटै नहि तोसुं तूं की करहि हमारा॥५५॥

पातसाह तब कोपा भारी ज्यौं अहि मेरू दबाई।
हुकम कियौ पकरौ जुलहा कूं पकर्‌यौ पुनि फुरमाई॥
धरहु कंठ पद कर जंजीरा देहु गंग में डारी।
त्यौं ही करि डार्‌यो गंगां बिचि सुमर्‌यो दास मुरारी॥५६॥

तब कबीर कूं रांम उबारा तौरे सब जंजीरा।
कमल पत्र ज्यौं जल मैं तरिया आवा तीर कबीरा॥
भक्त भीर रघुबीर धीर धनु तीर धरण कर चंडा।
कहा होत काहू कै कौपहि भक्त अभय सब पंडा॥५७॥

सोरठा

जाकूं रापत रांम को समरथ मारण तिसहि।
ज्यौं मृगपति कौ जाम फेरू राज किम मार हैं ॥१८॥

इति श्री श्रीमद्भक्त दांम गुण चित्रनी टीकायां कवीर श्रंपल श्रोटन नांम त्रय त्रिसो रचना वृंद: ॥ ३३ ॥

(२)

(चोपइया छंद)

जब कबीर उवारा जल धारहि काजी ब्राह्मण बोला।
ग्रहो दुनी पति षमा न करीयै पेहु जुलहा गोला॥
राज ग्रंध जवनेस श्रवण धर फिरि कोपित यहु कीन्हां।
अग्नि प्रज्वालय दारू ग्रह रचिकै तामैं कबीर दीन्हां॥ १॥

यहु प्रहलाद जथा हरि समरत्र अग्नि जास अनचारी।
कबीर कूं सीतल ह्वै बरती रघुवर सक्ति पसारी॥
जारा काठ अगिन उपसांता कनक सनक ज्यौं भक्ता।
वैठो दिसै अनल सलिल मैं जवन कछु अनुमक्ता॥ २॥

कबीर सरीर स्याम रांम सुप दांम तिलक तन भ्राजा।
अति सोभा दीसत ज्यौं सफरी केतु सेतु मन साजा॥
जीवत देपि कबीर हि दोपी पोपि फिरि चुगलाई।
दुष्ट स्वभाव भाव निज तज तनि विष ज्यौं चढ़ता आई॥ ३॥

पातसाह यहु जुलहा पोटा जड़ी मंत्र बहु जानै।
ता करि नीर आंनि मैं उबरा तूं मति प्रभुता मानै॥
तब मलेछ फिरि गजहि मंगावा सो मद मत्त अनारी।
यहु नर जीन अभय नरभय कर विदा्यौ पग धारी॥ ४॥

ग्रैसो दंता कबीर जनपैं चौवा देपत सब ही।
भक्त काज मृगराज होय हरि जन ढिग वैठो तब ही॥
करि डर धरि हरि निरषि क्रोस करि कबीर पैं नहि आवै।
पीजत गनपति महामात्र कूं क्यूं रे गजहि भगावै॥ ५॥

पीलवांन कहि हजरति यांवै आदा मिंघ परा हैं।
तातैं गज डरि ढिग नहिं आवत देषहु आप अरा हैं॥
पुनि जवनेशहि सिंघ दिषांनां परा कबीरा आगैं।
विकट रूप कटक नष द्विज धर मांनूं अबहि फिजागैं॥ ६॥

देषत डर्यो मलेछ कही कूट गजधर गज करु न्यारा।
अब कबीर की लषी करामति यहु साहिब का प्यारा॥

कबीर मन में कोप न धारा तातैं असुर पचानां।
नांतरि दोषी सहितहि नरहरि देतौ गरद पयांनां ॥ ७ ॥

हस्ती टारि हारि पातसाह कबीर के पग परिया।
सांचा रांम कबीर तिहारा रपौ मोहि मैं डरिया॥
मो पैं गजब न धरौ रांम की मैं पर आपिन करिया।
भक्त कही मति डरौ पचा अब चेता दिल अनुसरिया ॥ ८ ॥

ज्यौं अब तूं नहि चेता होता तौ परती रपर (?) मारा।
सिंघरूप देषा मम साहिब तोकूं मारन धारा॥
मेरे कोप कोप तासौं प्रभु लेतौ तोकूं मारी।
मेरी धीर धीर सौं रहिया इतनी आस उबारी॥ ६ ॥

पातसा हरि करी सलांमा कहि तुम हरि बंदा।
काजी द्विज सब भरम भुलांनां कछु न जांनत गंदा॥
हुकम करौ तौ मार दिवाऊं काजी ब्राह्मण सीसा।
भूठा दोष करत तुम मूं सठ तुम सुमरत जगदीसा ॥१०॥

फुरमावहु कछु ग्रांम देस पुर बहुधन तुम कूं दीजे।
कहि कबीर धन कछु न लेऊं धन लगि सब जग छीजे॥
एक रांम धन अचल गह्यौ मैं जा करि तुम हीं मांनां।
तित ही भक्त बिजय लगि काजी द्विज तें लगे प्रयांनां॥११॥

पातसाहा कहि जांन न पावै मारहु ढंगा धाई।
तब कबीर कहि मति कए ऐसी इन मम भली कराई॥
इन चुगली कर तौ पें मेरा परचा कीन्हा भारी।
तब तूं निरषि चरन मम लागा कीरति बढ़ी हमारी॥१२॥

काहू मतै दुषावौ सबमैं साहिब राम बिराजा।
करी षमा तब ब्राह्मण काजी गए ढाँकि मुष लाजा॥
चरण लागि पातसाह कबीरहि पठ्यौ पथि दे चारा।
विजय कबीर गृह तब आवा कीरति बढ़ी अपारा॥१३॥

सुनि सुनि संत कबीर षेम कूं पूछन दरसन आवा।
कहि कबीर रांम संतन की कृपा मम दुष नहि पावा॥
जात्रा लगी कबीरदास की महिमा कीरति छाई।
भक्त राज संतन मैं गावत सब जग करत बड़ाई॥१४॥

कबीर को जस सुनि द्विज मन मैं मछर करि नहि भावै।
ईश्वर माया प्रबल जगत मैं जाकरि बिबुध भुलावै॥
द्विजनि मतो करि च्यारि द्विजनि की डाढी मूंछ मुडाई।
माला तिलक बनाय पठाए पत्री कर पकराई॥१५॥

कबीर को नांमहि दे न्यूंता भक्तन कूं बुलवाऐ।
माघ कृष्ण एकादसि मेला पंच दिवस समुदाऐ॥
सत सत कोस लगे करि न्यौंता गुपतिकबीर न जांनां।
कबीर अपजस हास्य करन अस झूठ न्यौंता ठांनां॥१६॥

कहा होत काहू के करियें जास मीर रघुराई।
उलटी करत परत सब सुलटी ज्यौं सिप अनल उदीरा (sic)॥
अब सब संत पधारण लागा सुनि कबीर सुबाता।
सीधा नही जिमावैं कैसें सवही छिपकर हाता॥१७॥

मुक्ता भक्त भए तहि भेला बहु आवत चिहुं ओरा।
उलटा भादव घन जौ संता गावत रांम किसोरा॥
पूछत संत कबीरहि जब ही तब केसव झट आवा।
अपनै जनको काज सुधारण जिम गो बछहि धावा॥१८॥

यहु कबीर का रूप बनावा संतन सनमुप जाई।
करि करि आदर सब संतनि कौ डेरा दिखे बताई॥
मुक्ता सीधा तब हरि लाधा जाकी सक्त अनंता।
सब कै डेरे दे पहुंचावा जेतक आऐ संता॥१९॥

मैदा चावल दालि सरकरा सरपी भावै जेता।
सब कै डेरे कबीर रूपी हरि तन धारै केता॥
कहूँक नाचै कहूँक गावै कहूँक चरचा करई।
यहु लीला लपि कबीरदासहु मिलि संतनि मैं फिरई॥२०॥

दिवस पंच लगि असी लीला हरि जी अद्भुत ठांनी।
सब संतनि कै मोद बढायो भक्त बछल हरि जांनी॥
पीछे संत महंतनि कूं प्रभु पहिरांवनि बहु कीन्हां।
जथा जोगि पट मुहर रूपईया देय विदा करि कीन्हा॥२१॥

असे केसव जन कबीर कौ काज सुधार्यो आई।
विप्र सकल देपत हठ हारै लई कबीर बड़ाई॥
अस हरि विरद भक्त जस पालक जो कोऊ हरि ध्यावै।
ताही को जस सहज बड़ाई बालकरांमा गावै॥२२॥

हरिजन आए कबीर गेहा ऐक वार की बाता।
बहु आदर करि तिनकूं सीधा दीन्हां पाक कराता॥
भोजन करिते उठि गऐ पुनि और हि हरि जन आवा।
तिनहु सीधा लै पुनि तिय पैं लीपा फेरि लिपावा॥२३॥

ते उठि गऐ और पुनि आऐ फिरि चौका करवाऐ।
सतवार अस कबीर नारी ऐक दिन लेप कराऐ॥

जरि बरि उठि मात जुन नारी सुदियन पीरा पारा।
पीसत चीपत हम थकि हारी सुदिया भये अपारा ॥२४॥

तब कबीर निज तिय कूं बोधी तूं मति संतन भांडै।
जो मोकूं पति चाहत है तौ कदे रारि मति मांडै॥
धूदीया मातहि पर धकत दे तूं गिर मानि हमारी।
संत सेव करि भला होत है करौ प्रीति मन धारी ॥२५॥

तोहु न समभी भाग हीन तिय तब कबीर मन पैंचा।
कपट विहारनि भक्ति विना निज मात लिया मन बैंचा॥
गुरू प्रसाद मन रुप्यौ रांम मैं जोग जुक्तिउ भामी।
इंद्रीयजीत अतीत विषय सूं मन हरि रूप विलासी ॥२६॥

तब हरि इछा इंद्र पठाई अपसर कबीर पासा।
देपन ताकैं मनकी दृढता सुंदर रूप विभासा॥
आय कबीरहि वचन सुनाया कोकिल कलरव जैसे।
पद झंझर धुनि मनु पग बोलत दग सर भुव धनु तैसे ॥२७॥

मैं अपसरा इंद्र की पठई आई सेवा काजा।
अंगी करौ मोहि तुम हरिजन मोमैं सब सुप साजा॥
हम हित बहु जन कष्ट कराई तप सूरा पण साजै।
हिम गलि कासी करवत लेवै गिरि तैं गिरि तन भाजै ॥२८॥

सो मैं तेरे सहजहि आई कीजै भोग विलासा।
कबीर कहि नहि मेरे गरजी हरिजो मो मन भासा॥
जाहु ठिकानैं मैं नहि विचलूं तुम कछु अकलि गमाई।
स्वरग मांहि की सुरचर थोरा मों कमीन के आई ॥२९॥

मैं कछु इंद्रासन नहि लेऊं क्यू पठई सुरराजा।
मैं गरीब बैठो हरि गाऊं नहीं भोग सूं काजा॥
अपसर कही नैकुं तौ मो दिसि देपहु रूप विसाला।
समुझत नांही हमरे सुप मैं तातैं टांमत टाला ॥३०॥

तबहि कबीरनि हरि बपांनी जांनत हौं तब रीति हि।
रूप दिषाइ भपाइ मूढ कूं डारि देति भव भीतिहि॥
इछु जंत्र जो इछु निचोवत रस लै डारै छोई।
ऐसी गति तिहि नर की होवै तुम सूं रति करि जोई ॥३१॥

भंगुर प्रीति अलप मति तुम्हरी सो आप्यांन सुनाई।
नकुल सपा नारी इक बारा सिसू पें नकुल रपाई॥
जल भरबै नारी गत पीछै सिसु ढिग अहि इक आवा।
नकुल सर्प कूं मारि नारि पैं कहिबै सनमुप जावा ॥३२॥

रुधिर नकुल मुप लपि तिय मूंदनि सिर गागर पटकाई ।
नकुलहि मारि गई गृह जीवत सिसुहि देषि पछिताई ॥
विनि विचारि हितकारि हु कूं तिय, दुपदा मूढ स्वभावा ।
ऐसी प्रीति तिहारी कौ फल ज्यौं करि न्यौला पावा ॥३३॥

तव पुनि कांम कटाक्ष बाण भर अपसर जन सूं गाई ।
वैसो तिया कबीर नहीं हम मति जुत सुर मन भाई ॥
करि आदर मम बुधि दिपाऊं नर रूचि कर रस साली ।
ऐसें वचन रचन चंचल दग करि घातहि बहु घाली ॥३४॥

मकर केतु के बाण बहुत विधि चलपे जन पै नारी ।
तहू नहि डिगा कबीर भक्ति रत अगरब सरण मुरारी ॥
प्रबल मदन मद अपसर करि मुनि तापस होत पवारी ।
कबीर काम जलधि जल लहरी मनसिर नमित निवारी ॥३५॥

गई अपसरा निरपि अचल जन इंद्रहि बात सुनाई ।
अडिग मेरु ज्यौं सीतल जल ज्यौं मम बस लगई न काई ॥
अगनि सिराई जल प्रजलाई सिलता उलटी चालै ।
तोहु न कबीर को मन डोलै ज्यौं करि त्रिम नहि हालै ॥३६॥

ताहि समय कबीरा पासहि श्रीपति रांम पधारा ।
अरिदर कंज गदाधर भुजवर तन घन नील सुहारा ॥
कुंडल क्रीट पीत पट माला भूषण सब निज धारी ।
निरपि रूप हरि कौ निज दासा मन आनंदत भारी ॥३७॥

लग्यौ चरण हरि निज भुज च्यारी कबीर कै सिर धारा ।
है कृपाल प्रभु जन सूं बोला ले कबीर वर भारा ॥
करूं अवनि पति ऐक छत्र धरि किधौं इंद्र पद लीजे ।
रापौं अटल न टलै औौर धौं निधि रिधि सिद्धि गहीजे ॥३८॥

तव कबीर कहि तुम प्रभु समरथ सकल विभव तुम पासा ॥
मैं भोला वर मांगि न जानत चाहत तोहि उपासा ॥
तुम दयाल सब मन की जानत क्यूं मोकौं डहकावा ।
देषण सुनन कहन मन परसित सौ सब नस्वर गावा ॥३९॥

अरु मैं भूलिहु लैऊं कछु वर तुम मोकौं क्यूं दीजे ।
ज्यौं सिसु अहि विषि गहै भपै स्रद पिता मेटी तिहि कीजे॥
मौं यहु भोग रोग बहु भरीया तब जन कूं दुपदाई ।
भक्तहि रोग होय तव श्रमहर वेद आपहू पाई ॥४०॥

अस लपि धीर कबीरहि हरि जी भाषी वाणी ऐहा ।
धन्य धन्य तूं भक्त हमारा धारा मोसूं नेहा ॥

कहि तौ तोकूं संग हमारै लेजाऊं मम धांमां।
तोकूं मैं कमला सुत सेऊं देऊं अति आरांमां ॥४१॥

जौ मन है तौ रहौ इहांई यजयौ भक्ति हमारी॥
पीछै आवहु मेरे धांमहि इंछा जबहि तिहारी॥
अजर अमर तूं होहि कबीरा मेरी भक्ति प्रतापा।
गति निज छंद दई मैं तोंकू जथिष्ट करियै आपा ॥४२॥

करि प्रणाम कबीरे तबही हरि जी अंतर जाता।
रह्यौ कबीर कोउ दिन फिरि घर करन भक्ति विख्याता॥
बीस बरस का होय कबीरा राम भक्ति संभारा।
संत संवछर साधी भक्तिहि तो पीछै गत पारा ॥४३॥

कासी धाम प्रताप कबीरा होवा जीवन मुक्त।
भक्ति प्रताप विसारी किते द्विज अैसी बातहि उक्त॥
मगहा मै मरि कुगति जात है कामीं स्मृति गति जावा।
तब कबीर स्मृति हित रचि लीला भक्ति प्रभाव दिषावा ॥४४॥

मगहा जाय विछाय कुसमथर कबीर सयन कराई।
पट औढ़े पौढ़े हरिदासा स्वासा देह धराई॥
और भक्त नाचै अरु गावै ताल मृदंग बजावै।
कबीर प्रयांन जांनि मंगल जस हरि को मिलि वौ गावै ॥४५॥

हींदू तुरक अरक जे लोका कबीर मत नहि जांनै।
जारन गारन के हित झगरा ते सबहि मिलि ठांनै॥
हिन्दू कहत कबीरहि जारै तुरक कहै गड़वाई।
तिन कौ झगरौ देषि संतजन बोले बात बुझाई ॥४६॥

काहे लरत कबीरहि देषहु पीछै करियौ बाता।
तब संतनि चादर करि दूरि दिषया फूल रहाता॥
जांनी सबनि कबीर राम कै धांम सिदेहा जाता।
तब कबीर के जेतक दासा ससि चकोर ज्यौं ध्याता ॥४७॥

तब कबीर अनुक्रम सूं जावा देषत सुर पुर थांनां।
देष इंन्द्र अति आदर कीन्हा सब सुर चरण लगावा॥
रिषि लोक ह्वै ब्रंह्मा के पद गयौ वंहा हू मांनां।
पुनि ध्रुव पद गत ध्रुव सूं मिलि करि हरि के धाम सिधांनां ॥४८॥

महा विस्नु श्रीरांम ब्रंह्म पद भगवत वाची जोई।
तासूं मिलि करि जथेष्ट मुक्ति हि पायौ सब सुष सोई॥
हरि को सुष बरण्यौं नहि जावै सो जांनै जो पाया।
अस कबीर जस सरस रस भक्ति जथा बुद्धि हंम गाया ॥४९॥

सोरठा

हरि पद तीर कबीर प्रेम नीर सुप सीलिधर ॥
तुरकनि कौ सिरपीर हिंदू उड़गनि इंदुसम ॥१०॥

इति श्री श्रीमद्भक्त दांम गुण चित्रनी टीकायां कबीर भक्त गुण वरण नौ नांम चतुर त्रिसोरचना वृंद ॥३४॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(८३) भक्ति विनोद। रचयिता—सूरति मिश्र। साइज ६·४×६·२ इंच। पत्र संख्या २६। लिपिकाल—सं० १८७८, भादों सुदी १, सोमवार। इसमें नीति, वैराग्य, ईश-भक्ति, षटऋतु-वर्णन, नायिका भेद आदि विभिन्न विषयों के ३२४ फुटकर दोहे, कवित्त और सवैये हैं।

आदि—

दोहा

ध्यांन धरैं प्रभु कौ हियैं नांम स्वाद अनुरक्त।
दीन भाव विनती करैं जय जय श्री हरि भक्त ॥१॥
मन सिचै प्रभु कौं जु पिय तिन गुन वरनत मोद।
समय समय लीला कहैं इहि विध भक्त विनोद ॥२॥

अन्त—

कवित्त

हाथी हय द्वार भूरि भरे हैं भंडार पढैं
बंद्री जन बार बार कीरत सुधारी हैं।
सोने के महल दासी सची सी टहल करै
चहल पहल कवि सूरत सवारी हैं ॥
कंपत से कहा वर संपति निहारो यह
दीनी जदुराज तुम सौं न जो उचारी हैं।
बेग चलौ धांमा मग हेरति है भांमा यह
राज लोक सामा श्री सुदामा जु तिहारी हैं ॥३२३॥

दोहा

यह विध सूरत सुकवि यह वरन्यौ भक्ति विनोद।
पढ़त गुनत जिहि चित बढ़ै कृष्ण भक्ति जुत मोद ॥३२४॥

(सरस्वती भण्डार)

कहि तौ तोकूं संग हमारै लेजाऊं मम धांमां।
तोकूं मैं कमला सुत सेऊं देऊं भक्ति भारांमां ॥४१॥
जौ मन है तौ रहौ इहांई पढ़यौ भक्ति हमारी॥
पीछै आयहु मेरे धांमहि इंछा जवहि तिहारी॥
अजर अमर तूं होहि कबीरा मेरी भक्ति प्रतापा।
गति निज छंद दई मैं तोंकू जथिष्ट करियै आपा॥४२॥
करि प्रणाम कबीरे तबही हरि जी अंतर जाता।
रह्यौ कबीर कोउ दिन फिरि घर करन भक्ति विख्याता॥
बीस बरस का होय कबीरा राम भक्ति संभारा।
संत संवछर साधी भक्तिहि सो पीछै गत पारा॥४३॥
कासी वास प्रताप कबीरा होवा जीवन मुक्ता।
भक्ति प्रताप बिसारी किते द्विज अैसी बातहि उक्ता॥
मगहा मै मरि कुगति जात है कासी मृति गति जावा।
तब कबीर मृति हित रचि लीला भक्ति प्रभाव दिषावा॥४४॥
मगहा जाय बिछाय कुसमधर कबीर सयन कराई।
पट ओढे पौढे हरिदासा स्वासा देह धराई॥
और भक्त नाचै अरु गावै ताल मृदंग बजावै।
कबीर प्रयांन जांनि मंगल जस हरि को मिलि वौ गावै॥४५॥
हींदू तुरक अरक जे लोका कबीर मत नहि जांनै।
जारन गारन के हित झगरा ते सबहि मिलि ठांनै॥
हिन्दू कहत कबीरहि जारै तुरक कहै गड़वाई।
तिन कौ झगरौ देषि संतजन बोले बात बुझाई॥४६॥
काहे लरत कबीरहि देषहु पीछै करियौ बाता।
तब संतनि चादर करि दूरि दिषया फूल रहाता॥
जांनी सबनि कबीर राम कै धांम सिदेहा जाता।
तब कबीर के लेनक दासा ससि चकोर ज्यौं ध्याता॥४७॥
तब कबीर अनुक्रम सूं जावा देषत सुर. पुर थांनां।
देर इंन्द्र अति आदर कीन्हा सब सुर चरण लगावा॥
रिषि लोक है ब्रंह्मा कै पद गयौ ब्रंह्म हू मांनां।
पुनि ध्रुव पद गत ध्रुव सूं मिलि करि हरि के धाम सिधांनां॥४८॥
महा विष्णु श्रीरांम ब्रंह्म पद भगवत बाची जोई।
तासूं मिलि करि जथेष्ट मुक्ति हि पायौ सब सुष सोई॥
हरि को सुष बरन्यौं नहि जावै सो जांनै जो पाया।
अस कबीर जस सरस रस भक्ति जथा बुद्धि हम गाया॥४९॥

(छंद अडिल चल्ल)

सरसति भगवति जग विख्याता । आदि भवानी कविजन माता ॥
सारद स्वामिन तुम्फ पय लग्गं । दोइ कर जोड़ी द्वित बुद्धि मग्गं ॥२॥
पुस्तक हाथ कमंडल सोहै । एक कर विमल विमल मन मोहै ॥
इक कर वीणा बाजि भीणा । नादै चतुर वचक्षण लीणा ॥३॥
हंस वाहण हरषै करि ध्यांऊ । राति दिवस तोरा गुण गाऊं ॥
हुं तुम्फ सुत सेवग कहिवाऊं । तिण कारण निर्मल मति पाऊं ॥४॥

अन्त—

संवत चंद कला अति उज्जल । सायर सिद्ध थासू सुदि निरमल ॥
हरनि मग्सर गुरुवार उदारा । भगवति छंद रच्यो जयकारा ॥४२॥
सारद नाम जपौ जगि जाणं । सारद गुण गाऊं सुविहाणं ॥
सारद थापै बुद्धि विनाणं । सारद नामि कोड़ि कल्याणं ॥४३॥

(गाहा)

इय बहु भत्ति भरेणं । अभय लच्छ देण संथुया देवी ॥
भगवती तुम्फ पसायं । होउ सदा संघ कलाणं ॥४४॥

(सरस्वती भण्डार)

(८६) भर्तृहरि शतक भाषा । अनुवादक—जयपुर नरेश महाराजा प्रताप सिंह । साइज ५·४ × ५·८ इंच । पत्र-संख्या १६२ । प्रति सजिल्द और गुटकाकार है । इसके प्रत्येक पृष्ठ पर २० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १६।२० अक्षर हैं । अक्षर सुंदराकार और लिखावट शुद्ध है । यह प्रति सं० १८८५, मार्गशीर्ष सुदी २ चंद्रवार को मेवाड़ के महाराणा जवानसिंह जी के लिये भट्ट दयाराम नामक किसी व्यक्ति द्वारा लिखी गई थी । यह भर्तृहरिकृत नीतिशतक, शृंगार-शतक और वैराग्यशतक का छंदोबद्ध हिन्दी-अनुवाद है । अनुवाद की भाषा बहुत ललित एवं विषयानुकूल है और इसमें चार छंदों का प्रयोग किया गया है—सोरठा, दोहा, छप्पय और कुंडलिया । अनुवाद के साथ २ मूल भी है । पहले मूल श्लोक देकर बाद में इसका हिंदी पद्यानुवाद दिया गया है । प्रति के १६२ पत्रों का विभाजन तीन भागोंमें नीचे लिखे अनुसार हुआ है:—

(१) नीति शतक—१—५३
(२) शृंगार शतक—५३—१०४
(३) वैराग्य शतक—१०४—१६२

(८४) भक्ति सागर। रचयिता—चरणदास। साइज़ १२·३×८·८ इंच। पत्र संख्या १२८। प्रति सजिल्द और पुस्तकाकार है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर ३० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २८।३० अक्षर हैं। अक्षर सुन्दर और लिखावट सुवाच्य है। यह प्रति सं०१८७६ में लिखी गई थी। इसमें चरणदास जी के १७ ग्रंथ और २६ फुटकर छप्पय-कवित्त संग्रहीत हैं। पूरा विवरण नीचे दिया जाता है:—

नं०	ग्रंथ का नाम	पद्य संख्या
१	ब्रज चरित्र	६५
२	अमर लोक अखंड धाम वर्णन	४३
३	धर्म जिहाज	१७७
४	ध्यान स्वरोदय	२२७
५	अष्टांग जोग	३३१
६	पंच उपनिषद् ग्रथ वर्न वेद की भाषा	११६
७	संदेह सागर	२४
८	भक्ति पदारथ	१४४
९	चारों जुग वर्णन कुंडलियां	४
१०	नाम का अंग	११५
११	सील का अंग	२७
१२	दया का अंग	२५
१३	मोह छुटावन का अंग	१३०
१४	भक्तिपदारथ	२०२
१५	मन विरक्त वरन गुटकासार	१०२
१६	ब्रह्म ज्ञान	१८८
१७	शब्द	२०१

(सरस्वती भण्डार)

(८५) भगवती जयकर्ण स्तोत्र। रचयिता—अज्ञात। साइज़ ६·८×४·१ इंच पत्र संख्या ५। पद्य संख्या ४४। लिपिकाल—सं० १७४६, कार्तिक कृष्णा ५। विषय-सरस्वती की प्रार्थना। भाषा-पिंगल और राजस्थानी का मिश्रण। कविता मधुर और भावपूर्ण है।

आदि—

गाथा

सकल सिद्धि दातारं पार्श्वनत्वास्त वीग्यहं।
वरदां सारदा देवी सुख सौभाग्यकारणी ॥१॥

सबल जीन साथी कीया ते सुख पावै जीव।
जीहा जाय तीहा सुखी राखै समरथ पीव ॥
जे भगतां रत्त नाम सुं ते जमलोक न जाय।
सदा सनेही राम मैं सहजै रहै समाय ॥
जम नियड़ो आवै नहीं जे पण साहे प्राण।
मंनसा वाचा करमना लगै न जम के बाण ॥

(सरस्वती भंडार)

(८८) भाषा भारथ। रचयिता—साँदू खेतसी। साइज़ १२-६×६ इंच। पत्र-संख्या २१३। प्रति बहुत मोटे और सफेद रंग के बाँसी कागज़ पर लिखी हुई है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर ३० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३३।३५ अक्षर हैं। अक्षर छोटे पर सुन्दर हैं। लिपिकाल—सं० १८८२, माघ कृष्णा ६ रविवार। विषय—महाभारत का अनुवाद। भाषा डिंगल है और मोतीदाम, हनूफाल, दूहा, कवित्त, चौपाई आदि विविध छंद का प्रयोग किया गया है। बीच में कहीं कहीं गद्य भी है। प्रति के अन्त में लिपिकार ने इसकी श्लोक संख्या १२६०० बतलाई है।

आदि—

गाथा

गवरी पुत्र गणेसो गज्ज वदनाय अग्र तेतीसं।
मन सुध सुतन महेसो दे सदबुधि चित्रवा कुर कुल ॥१॥
जोगणि जगत जनेवो जग पालग रवि पुणु वामंगा।
दीजै उकति सदेवी वाणि वियारी चित्रवा भारत ॥२॥
गीरवरधर गोपालो गज्ज उधरण अनत अगमागम।
दीजै उकति दयालो चालो कहण तुझ चक्राधर ॥३॥

अन्त—

छप्पय

तर भेलप सुप मिलत निसा भेलप तप नांहिन।
जल भेलप मल घटत सतहपुरखां चित चाहिन॥
पंडित भेलप प्रगटि महा विद्या धन पावत।
सतपुरुषां संग कीयां भीत हरि हुंत लगावत॥
महिमा समंद आदव त्रिमल देखत जन आर्यदीयो।
कवि सीह हटो भेलप करै भाषा दध पारह भयो॥

इनमें से नीति शतक के प्रारंभ का पहला पद्य मूल सहित यहाँ दिया जाता है।

यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता।
सा अप्यन्यमिच्छति जनं स जनोऽन्यसक्तः॥
अस्मत्कृते च परितुष्यति काचिदन्या।
धिक्तां च तं च मदनं च इमां च मां च॥

छप्पय

जाकी मेरे चाह वहै मोसौं विरक्त मन।
पुरुष और सौं प्रीति पुरुष वह चाहत और धन॥
मेरे कृत पर रीझ रही कोई इक औरहि।
यह विचित्र गति देखि चित्त ज्यौं समुत न बौरहि॥
सब भाँति राज पत्नी सुधिक जार पुरुष को परम धिक।
धिक काम याहि धिक मोहि धिक अब ब्रजनिधि को सरन इक॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(८७) भय चिंतामणि। रचयिता—लालदास। साइज ७-६×६-७ इंच। पत्र-संख्या ७। प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२२ अक्षर हैं। अक्षरों की बनावट भद्दी है। लिपिकाल—सं० १७२४। इसमें मनुष्य के गर्भवास से लगाकर मृत्यु तक के भय-दुःखों का वर्णन है।

आदि—

गरभ वास की त्रास मैं रहे औंध दस मास।
हात पाव सुकच्या रहे द्वारि न आवै सास॥
द्वार न आवै सास वास नरकन मैं दीनुं।
उरध सीस अरध पाव अहार मल मूत्र न लीनुं॥
दुखित भयो अकुलाइ त्राहि सांई अब काढ़ो।
अब कै लैसु नाव भगति करिस्यु अब गाढ़ो॥
अब कैं केउंही नीसरूं तो वीसरूं नाही लगार।
भाव भगति करसुं सदा जो काढ़ो अब की वार॥

अन्त

दोहा

लार पड्यौ छांडै नहीं मरी मरी रालै बाय।
लालदास जो उबरै जाके सब लो साथ॥

आदि—

छंद साटक

श्री लंबोदर सिंधुरास्य सुभगं गौरी अनंदायनं।
सिंदूरार्चित मुंड दंड प्रथुलं मद गल्ल छन्नालिनं ॥
पांणी मोदकयं कुठार दधतं विघ्नाल खंडायनं।
विद्या बुद्धि विवेक विस्व वरदं जै जै गनाधीस्वरं ॥१॥

अन्त—

छप्पय

स्वांमि त्रिया अरु पिता पुत्र नरपत परधांनह।
ठाकर चाकर भ्रात मित्र प्रौहित परवांनह ॥
कवि दुज छत्रीय वैस्य सुद्र जे ग्रंथनि गाये।
निज निज धर्म सुपात किसन जे वर्नि दिखाये ॥
महारांन भीम मित्र पुत्र जुत अमर होहु आसीस दिय।
गुन भीम विलास किसंन कवि कीरत पुत्र प्रकास किय ॥७१७॥

दूहा

धर अंबर रवि ससि सुघर रांम नाम जग सीस।
जौं लौं भीम जवांन जुत अमर रहौ अवनीस ॥७१७॥

यह प्रति इस ग्रंथ के रचयिता किशनजी के वंशधर श्रीयुत ठाकुर लदमण-दान जी के पास है।

(६१) मदन सतक। रचयिता—दांम। साइज ७-४ × ६-२ इंच। पत्र-संख्या ७। लिपिकाल—सं०१७३५, आश्विन कृष्णा ८,सोमवार। प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २४ अक्षर हैं। विषय—मदन कुमार और चंपकमाल की प्रेम कहानी। भाषा—ढूंढाड़ी। ग्रंथ में गद्य-पद्य दोनों हैं।

आदि—

दोहा

विरवा (?) नदी पाय नमि भूत वात चित धार।
मदन सतक ज्यौंमि लिख्यौ ज्यूं कीनौ करतार ॥१॥

श्री पुर नगर के विषै आनंद वन। ता महि कामदेव को प्राशाद। तिहां मदन कुमार घोरा बांधि शुक कुं द्वार बैठाइ आपन सोया। इतने राय नगर की बेटी कामदेव की पूजा करन आई। ... ...।

दूहा

सेवा सभा नरेसरी भेलप हठी मुरीयंद।
कवि भाग भारथ कियो आग्या आयंदकंद॥
श्रवणे सहित सुध सुणे प्रावद पाठ प्रमांण।
करे जिके निहचै करै पुहचै पद निरवांण॥

(सरस्वती भंडार)

(८६) भाषा भूषण। रचयिता—जोधपुर नरेश महाराजा जसवंतसिंह। साइज ६·५×८·४ इंच। पत्र-संख्या ६। लिपिकाल—सं०१७६५। पद्य-संख्या २१०(दोहे)। पाठ शुद्ध है।

आदि—

दोहा

विघन हरन तुम हो सदा गनपति होहु सहाय।
विनती कर जोरे करूं दीजे ग्रंथ बनाय॥१॥
जिहिं कीन्हों परपंच सब अपनी इच्छा पाय।
ताकों हौं वंदन करूं हाथ जोरि सिर नाय॥२॥

अन्त—

लछन तिय अरु पुरुष के हावभाव रस धांम।
अलंकार संजोग तें भाषा भूषन नांम॥२०६॥
भाषा भूषन ग्रंथ को जो देखै चित लाइ।
विविध अर्थ साहित्य रस समुझै सबै बनाइ॥२१०॥

(सरस्वती भंडार)

(६०) भीम विलास। रचयिता—किशन जी आढ़ा। साइज १३·५×६·३ इंच। पत्र-संख्या १७५। अंत के २४ पन्ने सिर्फ एक तरफ लिखे हुए हैं। प्रति बहुत मोटे सफेद रंग के देशी कागज पर लिखी हुई है और सजिल्द है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १८।२० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२२ अक्षर हैं। अक्षर बड़े बड़े पर भद्दे हैं। यह सं० १८८० में लिपिबद्ध हुई थी। इसमें मेवाड़ के महाराणा भीमसिंह जी का जीवन-इतिहास और उनकी राज्य व्यवस्था का सविस्तर वर्णन है। भाषा डिंगल है। इसमें दोहा, छप्पय, साटक, मोतीदाम, दवावैत, त्रोटक आदि कई प्रकार के छंदों का प्रयोग किया गया है और कुल मिलाकर ७१७ पद्यों में ग्रंथ समाप्त हुआ है।

आदि—

छंद साटक

श्री लंबोदर सिंधुरास्य सुभगं गौरी अनंदायनं ।
सिंदूरार्चित सुंड डंड प्रथुलं मद गल्ल छत्रालिनं ॥
पांणौ मोदकयं कुठार दधतं विघ्नाल खंडायनं ।
विद्या बुद्धि विवेक विस्व वरदं जै जै गनाधीस्वरं ॥१॥

अन्त—

छप्पय

स्वांमि त्रिया अरु पिता पुत्र नरपत परधांनह ।
ठाकर चाकर भ्रात मित्र प्रोहित पसवांनह ॥
कवि दुज छत्रीय वैस्य सुद्र जे ग्रंथनि गाये ।
निज निज धर्म सुपात्त किसन जे वर्नि दिखाये ॥
महारांन भीम निज पुत्र जुत अमर होहु आसीस दिय ।
गुन भीम विलास किसंन कवि कीरत पुत्र प्रकास किय ॥७१७॥

दूहा

धर अंबर रवि ससि सुघर रांम नाम जग सीस ।
जौं लौं भीम जवांन जुत अमर रहौ अवनीस ॥७१७॥

यह प्रति इस ग्रंथ के रचयिता किशनजी के वंशधर श्रीयुत ठाकुर लक्ष्मणदान जी के पास है।

(६१) मदन सतक । रचयिता—दांम । साइज ७-४ × ६-२ इंच । पत्र-संख्या ७ । लिपिकाल—सं० १७३५, आश्विन कृष्णा ८, सोमवार । प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २४ अक्षर हैं। विषय—मदन कुमार और चंपकमाल की प्रेम कहानी । भाषा—ढूंढाड़ी । ग्रंथ में गद्य-पद्य दोनों हैं।

आदि—

दोहा

विरचा (?) नदी पाय नमि भूत वात चित धार ।
मदन सतक ज्यौंमि लिप्यौ ज्यूं कीनौ करतार ॥१॥

श्री पुर नगर के विषै आनंद वन । ता महि कामदेव को प्रासाद । तिहां मदन कुमार घोरा बांधि शुक कुं द्वार बैठाइ आपन सोया । इतने राय नगर की बेटी कामदेव की पूजा करन आई । ... ... ।

दोहा

आस फली सब मदन की पूरब पुण्य प्रसाइ।
दाम कहै जन सबन स्युं पुण्य करहु मन लाइ ॥

(सरस्वती भंडार)

(६२) मधुमालती। रचयिता—निगम कायस्थ। साइज ६-५×५-८ इंच। पत्र-संख्या ३६। लिपिकाल—सं० १७६८ फाल्गुन कृष्णा ४, भृगुवार। पद्य-संख्या ७६६। ग्रंथ दोहा-चौपाइयों में है। कविता सरस है।

आदि—

चौपाई

वर विरंचित नया बर पाऊं। संकर सुत गणपति सिर नाऊं ॥
चतुर हेत चातुरी रिझाऊं। रस मालती मनोहर गाऊं ॥१॥
लीलावती ललित इक देसा। चंद्रसेन तिह सुदृड नरेसा ॥
शुभ गावनि ध्वज गगन प्रवेसा। मांनौ मंडल रच्यौ महेसा ॥२॥
बसै नेरपुर योजन बारै। चौरासी चौहटा विचारै ॥
अति विचित्र दीसैं नर नारी। मनौं तिलक नर भुवन मझारि ॥३॥

अन्त—

दोहा

राजा पढ़ै सु राज गति मंत्री पढ़ै तो बुद्धि।
कांमी कांम विलास रस ग्यानी ग्यान समृद्धि ॥७६५॥
संपूरन मधुमालती सकल कथा संपूर।
श्रोता बकता सबन को सुखदायक दुख दूर ॥७६६॥

(सरस्वती भंडार)

(६३) मनोरथ वल्लरी। रचयिता—तुलसीदास। साइज ६-१×४-५ इंच। पत्र संख्या १४। लिपिकाल—सं० १७६३, आसाढ़ वदि ४, सोमवार। पद्य संख्या १६१ (दोहे)। विषय—राधा-भक्ति-वर्णन। कविता मधुर है।

आदि—

दोहा

श्री राधा गिरधर चरण सरण परम सुप पाइ।
करी मनोरथ वल्लरी फरी परी रसहि सुभाइ। १॥

श्री राधे तुव रूप गुण सील सुहाग सुनि श्रोन।
नरी नरदासी होंन की हौंस करै नहिं कौन ॥२॥

अन्त—

दोहा

वेद सप्त रिष चंद्र पुनि संवत ताकौ मास।
सावन बदि तिथि पंचमी बल्लरी कीयौ प्रकास ॥१६१॥

(सरस्वती भंडार)

(६४) मनोरथ बल्लरी। रचयिता—रामराय। साइज ८·७×६·६ इंच। पत्र-संख्या ३३। प्रत्येक पृष्ठ पर १२।१३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २४।२७ अक्षर हैं। लिपिकाल—सं० १७८६, श्रावण सुदी ५, शनिवार। विषय—कृष्ण लीला। भाषा ब्रजभाषा है।

आदि—

दोहा

लीला ललित गोपाल की सुधा सिंधु सुप रास।
कहि भगवानु हित रामराय के पीवत बढ़ै पियास ॥१॥

चौपई

याके प्रीतम नंद किशोर। कृष्णचंद ताकै नैन चकोर ॥
चरन कमल पर अलिया कौ मन। ताहि न भावै और कछू धन ॥२॥
यह लीला लागी जिय जाकै। हरि मूरति हिरदै रहै ताकै ॥
वृन्दावन अति सघन अनूप। तहाँ विराजत कृष्ण सरूप ॥३॥
सोभि रह्यौ कंकन जग जैसें। आस पास जमुना बहै तैसें ॥
प्रिया सखी निज नाव न रहै। यों हरि भजै यों हरि मनु गहै ॥४॥
वै तौ सबै प्रेम की मूरति। कहां लगि बरनौं तिनकी सूरति ॥
कवल नैन पिय रही निहार। वृंदावन में करे बिहार ॥५॥

अन्त—

दोहा

जो कोउ भापै यह कथा सोई पुरुप प्रमान।
रामराय हित जानि कै कहै दास भगवान ॥

(सरस्वती भंडार)

(६५) मान मंजरी। रचयिता—नंददास। साइज़ ६·४×४·४ इंच। पत्र संख्या २६। लिखावट भद्दी है। लिपिकाल सं० १६६८, पोष सुदी ११। पद्य संख्या २७०। विषय—पर्यायवाची शब्दों का कोष।

आदि—

दोहा

तं नमामि परम गुरू कृष्ण कमल दल नैंन।
जग कारन करुना रवन गोकुल जाको ऐंन ॥१॥
उचरि सकत न संस्कृत जांन्यौ चाहत नाम।
तिन लगि नंद जथा सुमति रचत नाम की दाम ॥२॥
ग्रंथन नाना नाम को अमरकोष के भाइ।
मानवती के मान पर मिलै अरथ सब आइ ॥३॥

अन्त—

दोहा

माला अरु स्रज गुनवती इह जु नाम की दाम।
जनु कंठ करि है जु कोउ ह्वै हैं छबि को धाम ॥२६९॥
मान मंजरी नाम इह जो पढ़ि है सुग्यान।
सो सब ठौरहि गुनि नमैं पैहैं अति सनमान ॥२७०॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(६६) मोहमरद की कथा। रचयिता—जगन्नाथ। साइज़ ७·६×७ इंच। पत्र-संख्या ११। लिपिकाल—संवत १८२४। पद्य-संख्या ११६। विषय—मोहमरद राजा की कथा। रचना सरस और मनोहारिणी है।

आदि—

गुर गोविंद की आग्या पाऊं। संत समागम बरनि सुनाऊं॥
सुनो एक इतिहास पुराना। नारद बीरन भयो बषाना ॥१॥
बैकुंठ लोक बीरन को बासा। आपे तिहां सकल हरिदासा॥
सनक सनंदन आपे ईसा। ईन्द्र आदि देव तेतीसा ॥२॥
गंगा आदि तीरथ सब आपे। बड़े मुनीस्वर सकल सीधाये॥
प्रसंन होइ करि बूझै स्याना। सब ही धरे बीरन को ध्याना ॥३॥

अन्त—

वै हरजी असे हैं राजा । ताके न्याय संवारो काजा ।
जीन तंन मंन तोसुं लेखै लाया। पुत्र कलीत्र समरपी माया ॥११४॥
राजा नारद अनंत सुख पायो। व्यास द्रौपती कुंवरनी सुनायो।
जो या लीला सीखै अरु गावै। नारायण को दरसण पावै ॥११५॥
मोहमरद हरजी की गाथा। नीत प्रीत गावै जन जगनाथा ॥११६॥

(सरस्वती भंडार)

(६७) मृग संवाद री चौपई। रचयिता—अज्ञात। साइज १०×६-३ इंच। पत्र-संख्या ४६। लिपि काल—सं० १८५५, फाल्गुन सुदी १३। पद्य संख्या ५४६। इसमें मृग-व्याध संवाद के रूप में नीति और उपदेश की बातें बतलाई गई हैं। भाषा बोलचाल की राजस्थानी और कविता मधुर है।

आदि—

दोहा

आद पुरप आदेसरु तीन लोक के राय।
पावन में पावन महा घट घट रहे समाय ॥१॥
धासा पुरिपल करी ऐसे श्री महाराज।
एक नाम नरहर तणो तीन लोकनि जैहाज ॥२॥
चरण कमल तेहना नमी आयौं मन उलास।
मृग संवाद री चौपई कर सुं कथा प्रसाद ॥३॥

अन्त—

चौपई

कथा प्रसादैं सिवपुर ठांम। पारासर देवदा धाम ॥
कथा सुणंतां दान जे करि। जेहना एकोतर उधरै ॥५४७॥
भणैं गुणै जेहनि सिवपुर वास। भणतां गुणतां लील कैलास ॥
ऐह कथा नो पुतलो छेह। हम तम जीवो नारायण देह ॥५४८॥
इधको योछो पै भणीयो जेह। मिछाम दोकड़ो होज्यो तेह ॥
भणैं सुणै ते. अवचल लहै। पुन्य पसाय सिवपद लहै ॥५४९॥

(सरस्वती भंडार)

(६८) रघुवर जस प्रकास। रचयिता—किशन जी आढ़ा। साइज १०-२×६-५ इंच। पत्र-संख्या १३४। प्रति पुस्तकाकार और सजिल्द है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर

२० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८।२० अक्षर हैं। लिखावट बहुत सुन्दर और साफ है। प्रति सं० १६३७ की लिखी हुई है। इसमें हिन्दी और संस्कृत के बहु प्रचलित छंदों तथा डिंगल के ६६ प्रकार के गीतों का लक्षण-उदाहरण सहित विवेचन है। उदाहरणों में भगवान श्री रामचन्द्र जी की कथा क्रम पूर्वक वर्णित है। बीच में कहीं कहीं गद्य भी है। भाषा डिंगल है।

आदि—

छप्पय

श्री लंबोदर परम संत सुधवंत सिधवर।
याच फरस श्रोपंत विघन बन हंतऊ वंवर॥
मद कपोल महकंत मधुर श्रामंत्त गंध मद।
नंद महेसुर जननि मंत हित्त दयावंत हद॥
उचरंत किसन कवि यम अरज तन अनंत भगती जुगत।
जांनु की कंत अप्पण सुजस ऐक दंत दीजे उगत॥१॥

अन्त—

दूहा

रघुवर सुजस प्रकास री अहनिस करै अभ्यास।
सकी सुकवि बाजै सही रांम कृपा सर रास॥
परगट छंद अनुष्टुपां संख्या गिणीयां सार।
सुज रघुवर प्रकास जस है गुण तीन हजार॥
जिण री गुण भण जेण नूं न गिणै गुर निरधार।
पड़ रौरव लैं सौ प्रगट अवस स्वांन अवतार॥

यह प्रति साहित्यरत्न पंडित उमाशंकर जी द्विवेदी के पास है।

(६६) रत्न परीक्षा। रचयिता—अज्ञात। साइज ७·७ × ५·८ इंच। पत्र-संख्या १४८। सजिल्द। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २० के लगभग अक्षर हैं। प्रति सं० १८५५ की लिखी हुई है। इसमें मोती, हीरा, पन्ना, मूंगा आदि रत्नों की भिन्न २ जातियों और गुणों का वर्णन है। ग्रंथ वैद्यक शास्त्र से संबंध रखता है। पर विषय को कथा सूत्र में पिरोकर कवि ने इसमें सरसता पैदा करने की कोशिश की है और इसीलिये इसका थोड़ा सा साहित्यिक मूल्य भी है। इसकी कथा का सारांश इस प्रकार है:—

एक दिन स्नान करने के पश्चात् राजा अम्बरीप जब वस्त्राभूपण धारण करने लगते हैं तब उनके मनमें यह विचार उठता है कि इन सुन्दर २ रत्न-मणियों की उत्पत्ति कैसे हुई होगी। राजा अपनी सभा में आते हैं और अपने पंडितों से इस विषय में पूछ-ताछ करते हैं। इसपर पाराशर मुनि कहते हैं महाराज! मैंने वेद-पुराण आदि सभी को गाया है और रत्न-मणियों के नाम भी सुने हैं। पर इनका भेद अभी तक मुझे नहीं मिला। हाँ, व्यास मुनि इस भेद को अवश्य जानते हैं। आप यदि उनके पास चलें तो आपके प्रश्नों का उत्तर मिल सकता है। इस पर राजा अंबरीप और पाराशर दोनों व्यासजी के आश्रम में जाते हैं। वहाँ पर अंबरीप वही प्रश्न व्यास जी से करते हैं। व्यास जी राजा के प्रश्नों को सुनकर बहुत प्रसन्न होते हैं और कहते हैं—राजन्! रत्न-मणियों के रहस्य को शिव जी ने ब्रह्मा और विष्णु के सामने पार्वती को बतलाया था। वह मुझे स्मरण है। मैं तुम्हें सुनाता हूँ। तदंतर मनमें शिवजी का ध्यान लगाकर व्यास जी रत्न-मणियों का वर्णन प्रारंभ करते हैं।

ग्रंथ २६ अध्यायों में विभक्त है। अंतिम अध्याय में मूल विषय के बाद में राज-कर्म की चर्चा शुरू होती है जिसमें व्यास जी ने अंबरीप को राजा के कर्त्तव्यों और राज-मर्यादा की शिक्षा दी है। ग्रंथ की भाषा राजस्थानी और छंद दोहा-चौपाई हैं। प्रारंभ का थोड़ा सा अंश यहाँ दिया जाता है:—

मूकं करोति वाचालं पंगु लंघयते गिरम्॥
यत्कृपा त महं वन्दे परमानन्द माधवम्॥१॥
वासुदेव सुतंदेवं कंस चाणूर मर्दनम्॥
देवकी परमानन्दं कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्॥२॥

शिव गोरी गणेश मनाऊँ। सुमर सारदा ध्यान लगाऊँ॥
सुमरूँ ब्रह्मा वेद उचारी। सुमरूँ सुन्दर कुंज विहारी॥
सब देवन को पहिले ध्याऊँ। गुरु चरनन को सीस नवाऊं॥
शनक ऋषि मुनि कृपा कीजे। हरि भक्ति में प्रिती दीजे॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(१००) रस प्रकास। रचयिता—नवनीतराय। साइज ८-४×४-६ इंच। पत्र-संख्या ४४। प्रति सजिल्द है। कागज बहुत पतला पर मजबूत है। लिपिकाल—सं० १९८४। पद्य संख्या ३८२। विषय—नायिका भेद। भाषा ब्रजभाषा है। बहुत उच्च कोटिका रीति ग्रंथ है।

आदि—

दोहा

लंबोदर वर बुद्धि धर गनवर वरधर ग्यांन॥
ससिधर चार भुजानि धर सुन्दर वर धरि ध्यांन॥१॥

सवैया

रूप रसाल बिसाल बिराजतु राजतु भालु सुधाकर धार्‌यौ ।
ग्यांननि कौं गुर के गुरु गाए हौ ध्यान विधान प्रकासु बिहार्‌यौ ॥
एक ही दंत बड़े बरदाइक पाइक पुन्नि के पापु प्रहार्‌यौ ।
ध्याऍं गनेस नवो निधि पाइए पाइए और पदारथ चार्‌यौ ॥२॥

अंत—

दोहा

सो सेवक ब्रज चंद को रगसतु हौं चित ध्यान ।
होत अनुग्रह जास को पावत है नर ग्यान ॥३८२॥

(सरस्वती भंडार)

(१०१) **रस मंजरी** । रचयिता—जान कवि । साइज़ ६.३×८ इंच । पत्र संख्या ४६ । प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १६।१८ अक्षर हैं । लिखावट बहुत सुन्दर है । प्रति में लिपिकाल का उल्लेख नहीं है । कोई दो सौ वर्ष की पुरानी दिखाई पड़ती है । इसमें रसों का विवेचन है । रचना सरस है ।

आदि—

प्रथम सुमिरौं अलख अगोचर निरंजन ।
निराकार निर्गुन सुखदाइक दुख भंजन ॥
अवगति अविनासी कर्त्तार है ।
और सबै चलि जांहि एक कर्ता रहै ॥१॥

दूहा

कर्ता कर्ता चैन को हर्ता दुख जंजार ॥
करि ताको सुमिरन सदा जो अरूप करतार ॥२॥
नाम महामद लीजीये उनतैं दूजौ ठौर ।
निज सेवक आगे भए तिन सेवक सिरमौर ॥३॥

अंत—

संवत सत्रै सै जु नौ हो कातक को मास ।
जांन कवी रस मंजरी भाषा करी प्रकास ॥
सं (sic) तारज वासटी और माहा जुलकाद ।
जांन करी रस मंजरी अपनो बुधि परमाद ॥

(सरस्वती भण्डार)

(१०२) रसरत्न। रचयिता—सूरति मिश्र। साइज ६.४×६.२ इंच। पत्र-संख्या २८। प्रत्येक पृष्ठ पर २४ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८।२० अक्षर हैं। अक्षर बड़े २ और सुंदर हैं। यह प्रति सं० १८७८, फाल्गुन वदि ८, गुरुवार को मेवाड़ के महाराणा जवानसिंहजी के लिये लिखी गई थी। इसमें नायिका भेद और रसों का संक्षिप्त विवेचन है। भाषा व्रजभाषा है। इसमें गद्य-पद्य दोनों हैं। पहले पद्य देकर फिर उसे गद्य में समझाया गया है।

आदि—

दोहा

कमल नयन कमलद वरन कमल नाभि कमलाप।
तिनके चरन कमल रहौ मो मन जुत गुन जाप॥

अर्थ—कमल नयन कमल से हैं नैंन जिनके कमलद वरन कमलद कहिये मेघ के वर्ण है स्याम स्वरूप है। कमल नाभि श्री कृष्ण को नाम ही है। कमल जिनकी नाभि से उपज्यो है कमल ते ब्रह्मा उपज्यों है। कमलाप कमला लक्ष्मी ताके पति हैं तिनके चरन कमल समेत गुन के जाप सौ मेरे मन मैं रहौ।

अंत—

दोहा

तिनके हित टीका किया सुनहु सकल कविराइ।
ओसवाल परसिद्ध जग रिषभ गोत्र सुपदाइ॥६॥
संवत सत अष्ठा दसैं सावन छवि भृगुवार।
टीका हित सुलतानमल रच्यौ अमल सुपसार॥१०॥
रस पोथी को मुप जितो हिय को चाह सुजान।
तो टीका पढ़ियौ भलो नींको ह्वै है ग्यान॥११॥

(सरस्वती भंडार)

(१०३) रसराज। रचयिता—मतिराम। साइज ६.५×८.४ इंच। पत्र-संख्या २४। लिपिकाल—सं० १७६७। प्रति बहुत जीर्ण हो गई है। पाठ शुद्ध है।

आदि—

दोहा

होत नायका नायकहि आलंवित शृंगार।
तातैं वरनौं नायका नायक मति अनुसार॥१॥
उपजत जाहि विलोकि कैं चित विचरति जिहि भाव।
ताहि वपानत नायका जे प्रवीन कवि राव॥२॥

अंत—

अनमिप लोचन बांम वह यातें नंद कुमार ॥
मौंसु गई जरि बीच ही विरहानल की झाल ॥४१८॥
समुझि समुझि सब रीझि हैं सज्जन सुकवि समाज ॥
रसिकनि के रस कों कीयो भयौ ग्रंथ रसराज ॥४१६॥

(सरस्वती भंडार)

(१०४) रस शिरोमणि। रचयिता—नरवर गढ़ के अधिपति महाराज रामसिंह। साइज ४·६×७·६ इंच। लिपिकाल—सं० १८५०। पद्य-संख्या ३३२। विषय-काव्य के नवों रसों के विविध अंगों का लक्षण-उदाहरण सहित विवेचन। रचना प्रौढ़ है।

आदि—

दूहा

विघन हरन आँनँद करन राधा नंद कुमार।
तिन्हें परस्पर होत है आलंबित श्रृंगार।

अन्त—

कूरम कुल नरवर नृपति छत्रसिंह परवीन।
रामसिंह तिहँ तनय यह बरन्यौ ग्रंथ नवीन ॥३३१॥
वरन वरन विचारि नीकें समझियौ गुन धाँम।
सरल ग्रंथ नवीन प्रगट्यौ रस सिरोमनि नाँम।
माघ सुदी तिथि पूरना पग पुष्प अरु गुरवार।
गिनि अठारह से वरस पुनि तीस संवत सार ॥३३२॥

(सरस्वती भण्डार)

(१०५) रस सरस। रचयिता—राय शिवदास। साइज ६·५×८·४ इंच। पत्र-संख्या ५२। लिपिकाल—सं० १७६५, प्रथम आश्विन सुदी ६, भृगुवार। ग्रंथ आठ विलासों में विभक्त है। पद्य-संख्या ८५६। विषय—नायिका भेद और रसों के विविध अंग का विवेचन। लक्षण दोहों में और उदाहरण कवित्त, सवैया, छप्पय आदि में हैं। भाषा व्रजभाषा है। रचना बहुत सरस और काव्य-कला-पूर्ण है।

आदि—

दोहा

विघन विदारन बिरद वर वारन बदन विराम ॥
वर दे बहु बाढ़े बिमद बांनी बुद्धि विश्राम ॥१॥

छप्पय

गौरी पतियर प्रेम विहसि गजमुप अवगाह्यौ ॥
रहति देषि गति जीव तिपुर तिनु चित्त उमाह्यौ ॥
तनीं भौंह लषि कांम संक पर तिय हिय धारी ॥
निंद कर्म सुप विषय निरषि रति दया बिचारी ॥
संत सुद्ध रूप सुधि विरद करि विनय दास श्रवननि धरौं ॥
रस सरस ग्रंथ ध्याहत रच्यौ नव रस मय शिव शिव करौं ॥२४॥

अन्त—

दोहा

कै तक धरे सुग्रंथ मैं वर कवित्त कविराइ।
ताही सों गम्भीरता अरथ बरन दरसाइ ॥१२८॥
आदौं रस रस भेद मैं जे बरनैं मति ठानि।
राज नीति मैं संभवैं ते मति लीजौ मांनि ॥१२९॥
सत्रह सै चौरानवै संवत सुभ वैशाप।
भयो ग्रंथ पूरन सु यह छठ ससि सुप सित पाप ॥१३०॥

(सरस्वती भण्डार)

(१०६) रसिक पचीसी। रचयिता—रसराशि। साइज ४-२×२-६ इंच। पत्र संख्या १४। लिपिकाल—सं० १८८०। पद्य-संख्या २६ (कवित्त)। विषय-गोपी-प्रेम वर्णन। रचना सरस है।

आदि—

कवित्त

परम पवित्र तुम मित्र हो हमारे ऊधो
अंतर विथा की कथा मेरी सुन लीजिये।
व्रज की वे बाला जवें मेरी जप माला पढ़ी
विरह की ज्वाला तामें तन मन छीजिये ॥
मेरो विसवास मेरी आस रसि रास (रसराशि ?) मेरे
मिलवे की प्यास जॉन समाधान कीजिये।
प्रीत सौं प्रतीति सौं लिखि हैं रस रीतिन सौं
पत्रिका हमारी प्रान प्यारीन को दीजिये ॥१॥

का वर्णन है। जोरावरसिंह जी के वर्णन से ज्ञात होता है कि सूरति-मिश्र ने यह टीका उक्त महाराजा के आग्रह से बनाई थी और इसलिये इसका नाम 'जोरावर प्रकास टीका' रक्खा गया है:—

> बीकानेर प्रसिद्ध है अति पुनीत सुभ धाम।
> लछिमी नारायन जहाँ इष्ट परम अभिराम ॥३॥
> ... ...
> ... ...
> श्री जोरावरसिंह जू राज करत तिहिं ठौर।
> सब विद्या में अति निपुण जिन समान नहिं और ॥५॥
> वैद्यक जोतिष न्याय अरु कविता रस में लीन।
> तिन कवि सूरत मिश्र पें कृपा नेह अति कीन ॥६॥
> बहु विधि सों सनमान कर कही एक दिन बात।
> पोथी केशवदास की सबै कठिन विख्यात ॥७॥
> तिन में यह रसिक प्रिया अति गँभीर है सोइ।
> तिहि टीका ऐसी करो ज्यो समझैं सब कोइ ॥८॥
> तब तिनके हित यह रच्यौ अति विस्तार बिलास।
> नाम धर्यौ या ग्रंथ को जोरावर परकास ॥९॥
> ... ...
> संवत सत अष्टादसें फागुण सुध गुरवार।
> जोरावर परकास की तिथि सप्तमि अवतार ॥२१॥

उपरोक्त वर्णन के बाद के पन्ने पर गणपति का चित्र है। तदंतर टीका प्रारंभ होती है। प्रत्येक पन्ने के एक तरफ मूल एवं उसकी टीका है और दूसरी तरफ उसी भाव का द्योतक सुन्दर चित्र है। प्रत्येक चित्र अपने रंग-ढंग का अप्रतिम और चित्र-कला-कौशल का उत्कृष्ट नमूना है। केशव की कविता और उसपर सूरति मिश्र की टीका को पढ़ लेने के बाद पाठक जब उसी चीज को चित्रकारी के रूप में देखता है तब उसका हृदय आनंदातिरेक से सहसा नाच उठता है और वह अपने आपको एक नई दुनियाँ में, नवीन वातावरण में पाता है। टीका केशव के शब्द-कौशल को समझने में सहायक होती है और चित्र उनके भाव-सौन्दर्य को हृदय तक पहुँचाते हैं। पुस्तक क्या है, उच्च कोटि के चित्रों का एक अलबम है। इसको इस रूप में तैयार करवाने में राज्य का ४६००) रु० खर्च हुआ है पर आज तो इससे चौगुने मूल्य में भी इस तरह का कार्य असंभव है। टीका २०७ वें पन्ने पर समाप्त हुई है। इसके बाद के बारह पन्नों पर १२ चित्र और फुटकर कविताएँ हैं। चित्रों में विभिन्न ऋतुओं

के दृश्य अंकित हैं और महाराणा सज्जनसिंह जी फाग आदि खेलते हुए बतलाये गये हैं। कविताओं में महाराणा सज्जनसिंह जी की यश-कीर्ति का वर्णन है। प्रति की लिखावट भी बहुत सुन्दर और आकर्षक है। अंतिम पुष्पिका लेख सुनहरी अक्षरों में लिखा हुआ है जिसमें लिपिकारने अपना नाम दुर्लभराम बतलाया है। इसके नीचे दो दोहे और हैं जिनसे सूचित होता है कि इस सचित्र प्रति को तैयार करवाने का काम महाराणा शंभुसिंह जी ने शुरू किया था जो महाराणा सज्जनसिंह जी के समय में समाप्त हुआ:—

"सिद्धश्री मदुमारमण चरण परिचरण संजाता खिलैश्वर्य धैर्य वीर्य प्रताप मण्डल छुरित दिगंतराल वरीवर्ति मुनि गण गीयमानाक्षय शोभा सुरा पर मार्तंडायमानानां, श्री श्री श्री १०८ श्री श्री माहाराजाधिराज श्रीमत्सज्जनसिंहजी इर्मेणा मादेशातो भूसुर दशपुरा चर चंचु दुर्लभरामः ॥ सूत्रधार। चित्रकार। शिवलाल परशुरामभ्यां। परिकर चद्धेन, वक्तावर रावा भिधेनच सुचित्राद्यलंकार विधुरा, कापि हृदयंगमा रसिक प्रिया, निर्बंध लक्षण नायिका, विविध स्वर्ण जटिताच्छ यथास्थान स्थित सुचित्राक्षर वरालंकारादि भूषिता विरचिता ॥ गुणाग्नि निधि भूमित विक्रम हायनगते ग्रीष्म पर्द्धाये वलक्ष पक्ष गते पञ्चमि रविवासरेऽजं जयतितराम् ॥"

दोहा

पुस्तक या नृप शंभु सौं चित्र सहित ही अद्ध।
ताकौं श्री सज्जन नरम पूरन करी प्रसिद्ध ॥१॥
हुए चित्र जू अर्थ युत बपत कवी के बोध।
होय हीन कछु भाव तो छमियो बुध जन सोध ॥२॥

इस टीका के अंत का थोड़ा सा अंश यहाँ उद्धृत किया जाता है:—

(मूल)

दोहा

याहें रति मति अति बढ़ें जाने सब रस रीत।
स्वारथ परमारथ लहैं रसिक प्रिया की प्रीत ॥१६॥

इति श्रीमन्महाराज कुमार इंद्रजीत विरचितायां रसिक प्रियायां रस अन रस वर्ननं नाम षोडशः प्रभावः ॥१६॥

(टीका)

याहे रति अनि ॥ या रसिक प्रिया के पढ़े रति मति अनि बढ़े और सब कहा नवरस तिनकी रीति जानें और स्वारथ कहा याकै बढ़ें चातुर्यता लहे तब सब राजा प्रजा कौं बल्लभ होई यह भाँति सो स्वारथ लहै और श्री राधा कृष्ण कौं बरनन है॥ या में तिनके ध्यान तें परमारथ लहैं। यातें रसिक प्रिया की प्रीति तें दोऊ बातें सिद्ध होयदि ॥१६॥

अन्त—

राधेजू रसिक माहा रसक गोविन्द जूके
रसके संदेसनि में भरी रसकाई है।
रस ही के उत्तर रसीले व्रज वासिन के
सुनि सुनि उधोहू रसिकताई पाई है॥
रसिक सुजांन माहा जांन श्री प्रताप भूप
तिनकी कृपा तें यहै बात बनि आई है।
रसिक सभा में रसरंग बरसायवें कौं
रसिक पचीसी रसरासिहु बनाई है ॥२६॥

(सरस्वती भंडार)

(१०७) रसिक प्रिया। रचयिता—केशवदास। साइज ६×८-२ इंच। पत्र-संख्या ५७। लिपिकाल—सं० १७०४ पोष वदि १४ सोमवार। प्रति बहुत शुद्ध लिखी हुई है।

आदि—

छप्पय

एक रदनु गज वदन सदन बुधि मदन कदन सुत।
गवरी नंद आनंदकंद जग वंद चंद जुत॥
सुपदाइक दाइक सुकिति गननाइक नाइक।
खलघायक घायक दरिद्र सब लाइक लाइक॥
गुरु गन अनंत भगवंत भव भगतिवंत भव भय हरन।
जय केशवदास निवास निधि लंबोदर असरन सरन॥१॥

अंत—

दोहा

जैसे रसिक प्रिया बिना देषिय दिन दिन दीन।
त्यौंही भाषा कवि सबै रसिक प्रिया करि हीन॥
बाढ़ै रति मति अति बढ़ै जांनै सब रस रीति।
स्वारथु परमारथ लहै रसिक प्रिया की प्रीति॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(१०८) रसिक प्रिया की टीका। रचयिता—कुशलधीर। साइज १०-१×४-५ इंच। पत्र-संख्या १०८। लिपिकाल—सं० १७६१, आसोज सुदी ५, शुक्रवार। टीका

राजस्थानी भाषा में है जिसपर गुजराती का भी पुट लगा हुआ है। टीकाकारने बहुत सरल भाषा और बहुत थोड़े शब्दों में केशव की कविता के मर्म को समझाने की कोशिश की है। प्रारंभ का थोड़ा सा भाग यहाँ दिया जाता है :—

छप्पय

एक रदन गज वदन सदन बुद्धि मदन कदन सुत ॥
गवरी नंद आनंदकन्द जगबंध चंद युत ॥
सुखदायक दायक सुक्रित जग नायक नायक ॥
खलघायक घायक दलिद्र सब लायक लायक ॥
गुन गन अनंत भगवन्त भक्तिवन्त भव भय हरन ॥
जय केशवदास निवास निधि लम्बोदर असरन सरन ॥१॥

टीकाः—एक रदन कहे एक दांत छइ । हस्तिहनो बदन छें जेहनो घर छइ जे बुद्धिनउ मदन नो कंदणहार जे महादेव तेहनउ पुत्र छइ गवरी कहे पार्वति तेहनो पुत्र आनंद कह हर्ष तेहनो कंद छइ जग संसार जेहने पगे लागइ चंद्रमा ललाटें छइ जेहने सुख शाता नो देण हार छें वली भली कीर्ति नो देणहार छें आव गण मां अग्रेसर छें जेह वली नायकह योग्य छें दुर्जणनो मारण हार छें वलो दलिद्र नो मारण हार छें सर्व लायक उपमान योग्य छइ जे योग्य मां योग्य गुरू गरिष्ट ज्यें मांहि गुण अनंत छइ ज्ञानवंत तेजवंत जे संसार मांहे रुद्र भगति सेवानां करणहार तेहना संसार जे भय तेहना हरणहार छइ जयवंत हो केशव कहे छें जे निवास ठाम छें नव निधिनो मोटो उदर छें जेहना एहयो गणेश असरण अत्राण तेहनो जे शरण।

(सरस्वती भण्डार)

(१०६) रसिक प्रिया की टीका। टीकाकार—सूरति मिश्र। साइज १३-६ × १० इंच। पत्र—संख्या २१६। प्रति पुस्तकाकार, सजिल्द और सचित्र है। कागज सफेद रंग का बहुत मोटा, चिकना और मजबूत है। प्रत्येक पृष्ठ पर चारों ओर डेढ़ इंच चौड़ी कोर छोड़ी गई है जिसपर सुनहरे वेल-बूटे चित्रित हैं। पहले दो पन्नों पर चित्र सूची है। तीसरा पन्ना खाली है। चौथे पन्ने की दूसरी पीठ पर महाराणा शंभुसिंह जी का एक बहुत ही सुन्दर चित्र है। महाराणा साहब राज्य सिंहासन पर आसीन हैं और उनके सामने कवि राव बख्तावर जी अपने घुटनों पर एक पुस्तक रखे हुए बैठे हैं। पास में शिवलाल और परशुराम नामक दो चित्रकार, जिन्होंने इस पुस्तक के चित्रों को बनाया था, हाथ जोड़े खड़े हैं। इसके आगे के दो पन्नों पर पहले महाराणा शंभुसिंह जी का और बाद में बीकानेर के महाराजा जोरावरसिंह जी

दोहा

जोरावर परकास कौं पढ़ैं सुनें चित्तलाय।
बुधि प्रकास अरु भक्ति निज ताहि देहि हरिराय ॥१७॥

इति श्रीमन्महाराज श्री जोरावरसिंह विरचिते रसिक प्रिया टीका विवरणे जोराव प्रकासे रस अनरस वर्नन नाम षोडसो विलास: ॥१६॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(११०) रसोई लीला। रचयिता—हरिनाम। साइज ७-६×७ इंच। पत्र-संख्या ५। लिपिकाल—सं० १७२४। प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२२ अक्षर हैं। लिखावट भद्दी है। छंदोभंग भी बहुत है। एक दिन यशोदा किसी ब्राह्मण को अपने यहाँ भोजन का निमन्त्रण देती है। जिस समय वह ब्राह्मण भोजन करने लगता है, बालक कृष्ण भी उसकी भक्ति से मुग्ध होकर उसके साथ खाने लग जाते हैं। इसी कथा के आधार पर यह छोटा सा ग्रंथ तैयार किया गया है। कविता साधारण है।

आदि—

पांडे ऐक गोपाल उपासी। दीन देखनं आवै ब्रीजवासी ॥
जसुमती सुन्यु गर मैं आयौ। नोवतो दै मंदीर पधरायौ ॥
अरघ धुप दीपकु दीनु। सेरक चंदन बंदन कीनु ॥
दे आसनु बैठार्यौ पांडे। तोलुं तुरंत पठाऐ भांडे ॥
चुल्हा चौका सुन्दर कर्यौ। सीधो सुघरु तिहां ले धर्यौ ॥
चावरु चोपा बहोत मंगाऐ। सुंदर घौ लकरै मनु भाऐ ॥

अन्त—

पाय प्रसाद मोद मनु मान्यु। जीवन जन्म सफल करी जान्यु ॥
बेर बेर आसीका सुनाई। मानिक महरि गोद भरी ल्याई ॥
माला तीलक बीरी करि दीनैं। सरधा सहित डंडोत जु कीनैं ॥
जो या लीला सुनैं अरु गावै। जन हरीनामु परमु पद पावै ॥

(सरस्वती भंडार)

(१११) राग-माला। रचयिता—हरिवल्लभ। साइज १०-४×६-४ इंच। पत्र-संख्या १२। लिपिकाल—सं० १८१६, ज्येष्ठ सुदी १३ बुधवार। कवित्त, सवैया, दोहा आदि कुल मिलाकर इसमें १८० पद्य हैं। यह एक संगीत शास्त्र का ग्रंथ है। इसमें भैरव, कौशिक, हिंडोल, दीपक, श्री और मेघ, इन छः रागों के स्वरूपों का वर्णन किया गया है। भाषा ब्रजभाषा है।

आदि—

चौपाई

महादेव की मतौ लहौं। पटरागनि के नामनि कहौं ॥
भैरव कौसिक अरु हिंडोल। दीपक सीरी राग फिनि बोल ॥
मेघ रागनि छठी बखानि। इहै पुरुष तूं निहचै जानि ॥

अन्त—

दोहा

हरिवल्लभ भाषा करी सब संगीत को सार।
तामैं संपूरन भयौ रागऽध्याय अपार ॥

(सरस्वती भंडार)

(११२) राजनीति रा दूहा। रचयिता—रीवां नरेश महाराज विश्वनाथसिंह जू देव। साइज ६·४×६·४ इंच। पत्र संख्या १७। पन्नें सिर्फ एक ही तरफ लिखे हुए हैं। लिपिकाल—सं० १८६१। प्रत्येक पृष्ठ पर २० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८-२२ अक्षर हैं। लिखावट सुन्दर है। ग्रंथ दोहा—चौपाइयों में है। इसमें राजाओं को राजनीति, व्यवहार-कुशलता, राजकार्य-संचालन आदि की शिक्षा दी गई है। कविता मधुर है।

आदि—

कछुक धर्म कहि अर्थ कहौ राजनीति ब्यौहार।
जाहि किये भूपति तरैं यह दुस्तर संसार ॥
साधु और विद्यारथी मंत्री अरु सरदार।
नृप सुत पांचों निज चलन भवनिधि उतरैं पार ॥
साधु सरीर साधि तप ठानै। विद्यारथी जो पढ़िबोइ जानै ॥
मंत्री सीलवान कुलवांनै सास्त्र निपुन अरु लौकिक जानै ॥

अन्त—

पुन्य पाप सब प्रजन को लहत दसांस भुवाल।
ताते धर्महि की सदां सवहि चलावहिं चाल ॥
चलहि चाल मंत्री सदां भूपति को जम चाल।
कबहुँ सुनन पावहि नहीं दुख की बात भुवाल ॥

(सरस्वती भंडार)

(११३) राज प्रकास। राव किशोरदास। साइज १०.७×८.३ इंच। पत्र-संख्या ६१। लिखावट पन्नों के सिर्फ एक तरफ है। प्रत्येक पृष्ठ पर १५।१७ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२२ अक्षर हैं। प्रति धर्मोटमें मारवाड़ी लिपि में लिखी हुई है। अक्षरों की बनावट भद्दी है। लिपिकाल—सं० १७१६। इसमें दूहा, कवित्त, मोतीदाम, निसाणी आदि विविध छंदों का प्रयोग किया गया है जिनकी संख्या कुल मिलाकर १३२ होती है। भाषा डिंगल है। पहले ५६ छंदों में प्रारंभ से लगाकर महाराणा जगतसिंह तक के मेवाड़ के राजाओं की वंशावली दी गई है। शेष ७६ छंदों में महाराणा राजसिंह के विलास-वैभव और शौर्य-पराक्रम का वर्णन है।

आदि—

दोहा

गणपति सरसति गरुड़पति व्रषपति हंसपति वांधि।
तुष्ट होय मो दीजीए जुगति पुस्टि इस्ट जांधि ॥१॥
दीन सुलभ देवा दुलभ क्रिपा वलभ हितकारि।
अलभ लभ लभै टकतिन सभ लभै नर नारि ॥२॥
जुगति जगन जीवै जचै उगति विगति अपपार।
निरत फुरत वांणी अमल सुरति ममा संमार ॥३॥
रांणों प्रतपै राजसी धर गिरपाटउ घोर।
राज प्रकासित नाम गहि कहि कहि राव किसोर ॥४॥

अंत—

दोहा

काम ती रतो कमल विमल राह विसतार।
धनि हिंदू हिंदवाण धनि कवि धनि कीय करतार ॥१३१॥

छप्पय

कवि धनि कीय करतार वार राजसी विराजै॥
सर गिरवर मंचरी छत्रधारी कीत छाजै॥
चंद दुनींद नरींद तेज सीतल अवनारी॥
सतजुग त्रेता हुंत वार द्वापर हू भारी॥
थंक गिरह नेदि आईम अर्यो जाम नमातां आणीयो॥
राजसी रांण अविचल रहौ राव किसोर वखाणीयो ॥१३२॥

(सरस्वती भंडार)

(११४) राज विलास। रचयिता—मानसिंह। साइज १०×६ इंच। पन्नों पर संख्यात्मक अंक लगे हुए नहीं हैं, पर गिनती में १६८ होते हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २४।२५ अक्षर हैं। अक्षर बड़े बड़े, लगभग आध इंच आकार के सुन्दर रूप में हैं। यह प्रति सं० १७४६ में मेवाड़ के महाराणा जयसिंह जी के समय में लिखी गई थी। इसका पाठ बहुत शुद्ध है और सारे ग्रंथ में कहीं भी छंदो भंग नजर नहीं आता है।

आदि—

दोहा

सेवत सुरनर मुनि सकल अकल अनूप अपार।
बिबुध मात वागेश्वरी दिन दिन सुख दातार॥१॥
देवी ज्यों तुम करि दया कालिदास कवि कीन।
वरदायिनी त्यों देहु वर निर्मल उक्ति नवीन॥२॥

अन्त—

छप्पय

एं उत्तम आचार निचल आधार सबल नृप।
सुरहि संत जन सरन जग्य घन दांन होम जप॥
विस्तारन विधि वेद ईस प्रासाद उद्धरन।
असुरायन अध्यपन सुकवि धन वित्त समप्पन॥
दिन दिनहिं सदाव्रत पटदरस भुंजाई यदुनाथ मति।
कहि मान राण राजेस यों छत्रीपन रक्खन्त पिति॥

(सरस्वती भण्डार)

(११५) राजा रिसालू री वात। रचयिता—चारण नरदो। साइज ८-५×५-८ इंच। पत्र-संख्या १४। प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २४।२७ अक्षर हैं। अक्षर सुन्दराकार और लिखावट साफ है। प्रति सं० १८२२, वैशाख वदि ५ गुरुवार की लिखी हुई है। इसमें श्रीपुर नगर के राजा शालिवाहन की कहानी है। कहानी गद्य-पद्यात्मक है। भाषा राजस्थानी है।

आदि—

वारता

श्रीपुर नगर को राजा सालिवाहन राज करे छै। तिणरे पाटे राजा समसत राज करे छे। तिणरे सात पसतरी छै। पिण पुत्र नहीं। बेटा वासते घणा देव देवता पुज्य

पट्दरसण छतीस पाखंड । अनेक दाय उपाय कीधा । पिण पुत्र नहीं । तदी राजा कहे । पुत्र विना माहरो राज किसो कांमरो । यत उक्तं:—

सिंघालो थर खेलणो जिण हेक कुल न जाउ ।
तास पुराणी वाड़ जम दुन दुन मांधे पाउ ॥

अन्त—

राजा रसालु इंदि वातड़ी कुंडी कथीयन सोयवें ॥
गावे चारण नरवदो हसति पायक मोजवें ॥

(सरस्वती भण्डार)

(११६) राणा रासो । रचयिता—दयालदास । साइज १३-२ × ८ इंच । पत्र-संख्या १२४ । प्रति सजिल्द एवं पुस्तकाकार है और मशीन के बने हुए सफेद रंग के कागज पर लिखी हुई है । २७ वें छंद के बाद के ६६ छंदों को लिपिकार लिखना भूल गया था जिनको ६ × ४-४ इंच साइज के पीले रंग के पाँच अलग पन्नों पर लिखवा कर पहले और दूसरे पन्ने के बीच में बाद में जोड़ा गया है । इन पन्नों की लिखावट किसी दूसरे व्यक्ति के हाथ की है । प्रति के लिखने में लिपिकार ने बहुत गलतियाँ की हैं जिनकी शुद्धि स्थान २ पर पेंसिल से हाशिये पर कर रखी है । यह प्रति सं० १६४४ की लिखी हुई है और, जैसा कि इसकी पुष्पिका से सूचित होता है, स० १६७५ के आदर्श की नकल है:—

"सं० १६७५ का माहा वद ५ सुभं लिखतं भाई सोभजी । यह राणा रासौ की पुस्तक जिला रासमी के परगना गलूंड के फूलेस्या मालियों के राव दयाराम की पुस्तक सं० १६७५ की लिखी हुई से राजस्थान उदयपुर गोरवाल विष्णुदत्त ने सं० १६४४ का मृगशिर विद १२ के दिन पंडित जी श्री मोहनलाल जी विष्णुलाल जी पंड्या के पुस्तकालय के लिये लिखी"।

राणा रासो की पद्य संख्या ८७५ के लगभग है । चंदकृत पृथ्वीराज रासो की तरह इसमें भी रसावला, विराज, साटक आदि प्राचीन छंदों का प्रयोग हुआ है और भाषा शैली भी बहुत कुछ उससे मिलती-जुलती है । यह एक ऐतिहासिक काव्य ग्रंथ है जिसमें महाराणा कर्णसिंह (सं० १६७६—८४) तक के मेवाड़ के राणाओं का वर्णन है । ग्रंथ का आदि और अंतिम भाग नीचे दिया जाता है ।

आदि—

दोहा

विस्व रचित विधि ने अरे गजमुख गवरी नंदु ।
सो जदि अदि पावन करो मदि मदि बुद्धि समंदु ॥१॥

सारद ज्याके वदन पर तुम कीनो वसि बासु ।
दीन दयाल दीरघ दसा तिनके परम प्रकासु ॥२॥
सीसोदा जगपति नृपति ता सुत राजर रांनु ।
तिनके निरमल वंस को करयौं प्रसंस बखानु ॥३॥

अंत—

सेवैं सबै करंन को रांन भांन के पाइ।
चिंता उर उपजे नहीं दरसन ही दुख जाइ ॥
चंद छंद चहुवांन के बोली उमा विमाल।
रान रास अतिहास कूं दोरे न पलत दयाल ॥

यह प्रति महता जोधसिंहजी के पुस्तकालय में सुरक्षित है।

(११७) राम चन्द्रिका। रचयिता—केशवदास। साइज १०×७-५ इंच। पत्र संख्या ८०। लिपिकाल सं० १८२२, वैशाख वदि २ शनिवार। पाठ प्रायः शुद्ध है।

आदि—

कवित्त

बालक मृनालनि ज्यों तोरि डारै सब काल
कठिन कराल कै अकाल दूरि दोह दुप को।
विपति हरत हिम पदुमिनि के पात सम
पंक ज्यों पताल पैठि पठवै कलुष को॥
दूरि के कलंक अंक भव सीस ससि सम
रापत हैं केसोदास दास के वपुष को।
सांकरे [की सांकर न सनमुष होत ही तो]
दसमुष मुष जोवै गजमुष मुष को॥१॥

अंत—

त्रोटक छंद

ऐसे राघव जिनि विसराए। जन्म जनम तेइं दहकाए॥
अलप पुरुष जगदीस जगत गुर। जगत जनक ध्यावै तीन्यौ पुर॥
इहि इहि भांति प्रिथी उद्धारे। भक्तहि रापि अभक्तहि मारे॥
जो कोऊ मकर अन्हाय प्रयागे। करै तपस्या निसुदिन जागे॥
अस्वमेध जो कोटिन कीजै। तुला तोलि कंचन बहु दीजै॥
जप तप संजम कों जो करै। राम कथा नहिं सो पटतरै॥
जो कोऊ श्रवन सुनै रामायन। जनमैं फिरि न होइ पारायन॥

वकता श्रोता धन्य कहावै । कहतहु सुनत अमर पद पावै ॥
श्री रघुनाथ चरित सुख भाषे । सो जन मानहु अमृत चाषे ॥

दोहा

कोऊ न पायन पारकौ है गुन अगम अगाध ।
रामचन्द्र के चरन कौ ताकौ ते अपराध ॥

(सरस्वती भण्डार

(११८) रामचरित मानस । रचयिता—गोस्वामी तुलसीदास । साइज़ ६-६ × ८-२ इंच । पत्र संख्या २०५ । लिपिकाल—सं० १७७१ । प्रति में दो तीन व्यक्तियों के हाथ की लिखावट है । पाठ प्रायः शुद्ध है । पर कहीं कहीं मात्राएँ कम-ज्यादा हैं । नमूने के तौर पर अयोध्या कांड का थोड़ा सा अंश यहाँ दिया जाता है :—

चौपाई

आगैं देखि जाति रीस भारी । मनहु रोष तरवार उघारी ॥
मुठि कुबुधि धार निठुराई । धरी कुबरी परसान बनाई ॥
लषी महीप कराल कठोरा । सत्य कि जीव तुले इहि मोरा ॥
बोले राउ कठिन करि छाती । बानी सत्य न तासु सोहाती ॥
प्रीया वचन कस कहही कुभांती । भीर प्रतीत प्रीति करि हांती ॥
बिनु रघुपति मम जीवन नाही । प्रीया विचारि देषु मन माही ॥
मोरे भरत राम दोइ आंखी । सत्य कहहु करि संकर साखी ॥
अवस दुत मैं पठवुब प्राता । ऐहही बेगी सुनत दोउ भ्राता ॥
सुदिन सोधि सबु साजु सजाई । देउ भरत कहुं राज बढ़ाई ॥

(सरस्वती भण्डार)

(११६) राम रासो । रचयिता—चारण माधोदास । साइज़ ८ × ८-७ इंच । पत्र संख्या ७६ । लिपिकाल—सं० १६६७, वैशाख शुक्ला ११, बुधवार । पद्य संख्या १६०१ । इस में राम-कथा का विविध छन्दों में और बड़े विस्तार के साथ वर्णन किया गया है । भाषा डिंगल है । अत्यन्त सरल, मौलिक और भक्तिभाव पूर्ण रचना है । अंतिम पद्य यह है:—

भरय पा सव रघुनाथ बड़ाई ।
अधि कपि बालि सुग्रीव निवाजे केकंधा ठकुराई ॥
मम बल हीय थलर सायाग्रिय निकट म भित न कुदाई ।
राम प्रताप रयंध मी जोजन उलंघत पलक न लाई ॥

बोहज लही पाथर तज बुड़त तिल प्रमांगु कण राई ।
लपी श्री रांम नाम गिर डारत दधि सिरि जात तिराई ॥
इन्द्रजीत वहि कुंभ दसाग्रण सुर गह बंदि छिड़ाई ।
सकल संग्राम त्रितक कपि स्यन्या अमृत आंणि जिवाई ॥
जां के चरण गहन सरणागति लंक बभीपण पाई ।
माधवदास चरण रज महिमा हणुमांन रघुभाई ॥

(सरस्वती भंडार)

(१२०) रास । रचयिता—व्यास । साइज ७-६×७ इंच । पत्र-संख्या ७ । लिपिकाल—सं० १७२४ । लिखावट भद्दी है । पद्य-संख्या २७ । विषय—रास वर्णन । भाषा ब्रजभाषा है । रचना मधुर है । ग्रंथारंभ इस प्रकार होता है:—

सरद सुहाई आई राति । दसौं दिस फूल रही वन जाति ॥
देषि स्याम मन सुष भयौ । त्रीविध पवन दौ दुष भयौ ॥
ससी गोमंडित जमुना कूल । बरिसन विटर सुधा फल फूल ॥
राधा रवन बजायौ बैंन । सुनि धुनि गोपिन उपज्यौ मैंन ॥

(सरस्वती भंडार)

(१२१) रास विलास । रचयिता—रसिकराय । साइज ८-८×६ इंच । पत्र संख्या १४ । लिपिकाल—सं० १८०० के लगभग । भाषा—ब्रजभाषा । विषय—राम वर्णन । ग्रंथ छोटे २ पाँच अध्यायों में विभक्त है जिनमें सब मिलाकर १४६ पद्य हैं । कविता मधुर है ।

आदि—

छप्पय

श्री राधा चरनारवृन्द आनंद मोदकर ।
नव पल्लव दल मंजु ललित आवक वर सुंदर ॥
नष प्रसूंन जनु कुंद चंद सम रूप पयूषैं ।
मनि नूपुर जगमगहि फैलि रही बिवुध मयूषैं ॥
अभिराम सकल दुविधा मम निकाम धाम वद्धंत रहत ।
दुष दंद कंद दंद सकल सु नंदनंदन वंदन करत ॥१॥

अन्त—

दोहा

मदनमोहन माधुरी छवि निरषि लोचन कोर ।
कलपतरू गोपाल जनु को सदा जुगुल किसोर ॥

जथा प्रति प्रभु भक्ति ते बरनी कथा रसाल।
चारि पदारथ दाहिने रसिकराइ गोपाल॥
संवत संत्रैसै समै पचपन भाद्रौ मास।
आठै बुध गोपाल जन बरन्यौ रास विलास॥

(सरस्वती भंडार)

(१२२) रुक्मिणी परिणय। रचयिता—रीवां नरेश महाराज रघुराजसिंह। साइज़ १३-१×८ इंच। पुस्तकाकार और मजिल्द। पत्र-संख्या २४०। प्रत्येक पृष्ठ पर २० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १४।१६ अक्षर हैं। अक्षर बहुत सुन्दर हैं। ग्रंथ २१ खंडों में विभक्त है। इसमें कृष्ण-रुक्मिणी के विवाह की कथा बड़ी सरस भाषा तथा विविध छंदों में वर्णित है। ग्रंथ शृंगाररस प्रधान है। पर प्रसंगानुसार वीर, रौद्र आदि अन्य रसों की भी इसमें अच्छी छटा दिखाई पड़ती है। प्रति में लिपिकाल का उल्लेख नहीं है। पर बहुत पुरानी भी यह दिखाई नहीं देती। अधिक से अधिक ७० वर्ष की पुरानी होगी।

आदि-

सोरठा

जय केशव कमनीय चेदिप मागध मद मथन।
जय रुक्मिनी सुपीय जदुकुल कुमुद मयंक जय॥
पंगु चढ़ै गिरि शृंग जासु कृपा मूकहु बदहिं।
श्रीमुख पंकज भृंग सो माधव रक्षक रहै॥

अन्त—

मैं निज मति अनुसार रुकुमिनि परिनय को कह्यौ।
सज्जन करि सुविचार समुझि सुखित ह्वै हैं सदा॥
वोनइस सैं अरु सात भाद्व सित गुरु सप्तमी।
रच्यौ ग्रंथ अवदात रुकुमिनि परिनय नाम जेहि॥

(सरस्वती भंडार)

(१२३) रूक्मिणी मंगल। रचयिता—केसौराय। साइज़ ६-८×६-२ इंच। पत्र संख्या १०४। लिपिकाल—सं० १०५२, चैत्र सुदी ११ सोमवार। प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति में १४।१८ अक्षर हैं। विषय—श्री कृष्ण रुक्मिणी के विवाह और रास आदि का वर्णन है। इसमें दोहा, कवित्त, सवैया इत्यादि कई प्रकार के छंदों का प्रयोग किया गया है। भाषा ब्रजभाषा है। बड़ी प्रौढ़ और भावपूर्ण रचना है।

आदि—

दोहा

सिधकरन दुख भयहरन हरन विघन बहुभाय।
ता गणपत के पद कमल वंदति केसौराय॥

छंद चिरचिरी

क्रीट मुकट सीस जटत देषत छबि पाप कटत गवर नंद भाल चंद जैजै गणनायकं।
विघनहरन सिधिकरन वंदव जे चरन कमल तास दुख संताप दरन रिध सिध दायकं॥
वक्र तुंड सरूप करन आपदा दलद्र हरन रछपाल सुर नरन नमस्ते विनायकं।
भुजा चार अति उदार तारन संसार भार केसौराय ध्यान धार हैं सदा सहायकं॥

अन्त—

नृपति विक्रमाजीत सुसंवतु सत्तरह सैं पच्चासा।
श्री हरि रुकमनि जन्म ब्याह को कह्यौ भकति सा रासा॥
ऐकादशी कृशन फागुन ही मथुरा मधि सुभ भाइन।
काइथ केसौराइ कियौ पूरन गिरंथ सुभ चाइन॥
जा बिध श्री हरि रुकमनि जू करि दया बोध प्रगटायौ।
ताही विध वहु भगति प्रीतसों रस रहस्य निज गायौ॥
सब कवि कोविद सौंहों बहु विध पून पति करत जोरि कर।
भूल देख दोजौ बनाइ कें कीजै छिमा विबधवर॥

(सरस्वती भण्डार)

(१२४) रूप मंजरीः प्रति नं० १। रचयिता—नंददास। साइज ६.५×८.४ इंच। पत्र-संख्या १५। लिपिकाल-सं० १७६८ श्रावण वदि ३, शनिवार। पद्य संख्या ३६२। ग्रंथ दोहा-चौपाइयों में है। इसमें भैदरपुर (विदर्भ ?) के राजा धर्मसेन की कन्या रूप मंजरी के रूप और कृष्ण के साथ उसकी प्रेम-भक्ति की कथा वर्णित है। बीच में नवोढ़ा, मुग्धा आदि नायिकाओं का भी संक्षिप्त वर्णन है। शृंगाररस की अत्युत्कृष्ट रचना है। भाषा भी इसकी बहुत प्रौढ़ और परिमार्जित है।

आदि—

दोहा

उर धरि गुर आनंदमय नंद सुमति अनुसार।
रच्यौ चहतु इक रस कथा कृष्ण कथा जिहि सार॥१॥
रूप मंजरी नाम इह भरी सुप्रेम प्रमोद।
कवि जन मन अलिगन सकल सरसैं सरस विनोद॥२॥

चौपाई

पुनि प्रनऊं परमारथ जोई। घट घट बिघट पूरि रह्यौ सोई॥
ज्यों जल भरि बहु भाजन माहीं। इंदु एक सबही में छाहीं ॥३॥

अन्त —

चौपाई

अलि बिनु कमल कहा पहिचानैं। पहिचानैं तो रसु नहिं जानैं॥
निपट ही निरमोलिक नग आही। नैन हीन क्यों पावैं ताही॥३६०॥
दारू मैं दहन कहत सब कोई। जतन बिना नहीं परगट होई॥
आगि आगि कर सीतु न जाई। जब प्रगटै तब ही सुखदाई।३६१॥

दोहा

कथनी कियें न पाइयै करनी पइयै सोइ।
बातनु दीपकु ना बरैं बारैं दीपकु होइ ॥३६२॥

प्रति नं० २। साइज ११-४×४ इंच। पत्र संख्या २८। लिपिकाल—स० १७२६, मार्गशीर्ष शुक्ला ११ सोमवार। प्रति बहुत जीर्णावस्था में है। प्रायः सभी पन्नों को स्थान-स्थान पर दीमक ने खा रखा है। लेकिन सौभाग्य से पाठ फिर भी सुरक्षित है। यह उपरोक्त प्रति नं० १ से ७२ वर्ष पहले की लिखी हुई है। लेकिन उसकी अपेक्षा इसमें ८४ पद्य कम हैं अर्थात इसकी पद्य संख्या २७७ है। इसमें उक्त प्रति वाले वे बहुत से पद्य नहीं हैं जिनमें रूपमंजरी के सौन्दर्य्य तथा नवोढ़ा आदि नायिकाओं का वर्णन किया गया है। इस के सिवा दोनों के आदि-अंत के छंदों में भी थोड़ा सा अंतर है। यदि यह उक्त प्रति के बाद की लिखी हुई होती तो 'यह उसका सारांश है,' 'लिपिकार ने लिखने में भूल कर दी है' इत्यादि बातों का अनुमान करने की गुंजाइश रहती। पर अब इस तरह के खयाली घोड़े दौड़ाने के लिये कोई स्थान नहीं रह गया है। स्पष्ट है कि दोनों दो भिन्न आदर्शों की प्रतिलिपियाँ हैं।

आदि—

दोहा

प्रथमहि प्रनऊ प्रेम मैं प्रजोति जो आहि।
रूप उपावन रूप निधि नेति कहिन कवि ताहि॥१॥

चौपाई

परम प्रेम पधित इक आही। नंद जथा मति बरनत ताही ॥
जाकें सुनत गुनत मन सरसै। सरस होइ रस बसत ही दरसै ॥२॥

अंत—

चौपाई

तिनकी यह लीला रस भरी। नंददास निज हित के करी।
जो इहि हित सों सुनें सुनावें। सो पुनि परम [?] पद पावें ॥२७५॥

दोहा

जदपि अगम जे अगम अति निगम कहत है ताहिं।
तदपि रंगीले प्रेम ते निपट निकट प्रभु आहिं ॥२७६॥
कथनी नाहिंन पाइये करनी पाइये सोइ।
बातें दीपक नां बरै बारे दीपक होइ ॥२७७॥

(१२४) रोशन नाटक। रचयिता—शिवनाथ। साइज ७·७×५·८ इंच। पत्र-संख्या २१। लिपिकाल—सं० १८६८, फाल्गुण वदि ७। पद्य-संख्या ४६६। ग्रंथ दोहा-चौपाइयों में है। इस में काबुल के बादशाह मलूकशाह के चार पुत्रों की कहानी है। रचना सरस और भावपूर्ण है।

आदि—

दोहा

ध्यावत गनपति के सदा केते विघन विलात।
आदि पुरुष दाया सदन आनद अति अधिकात ॥१॥
बीला माला गुनन की सुप आला मरसाइ।
देउ बुद्धि जाते कछू बरनों कथा बनाइ ॥२॥
है सांचो बलिरामपुर विजुलेसुरि अस्थान।
जोगीराज महंत तहँ मोतीगिर सुभ ग्यान ॥३॥
महापात्र सिवनाथ सों तिन पुस्यो कही दीन।
कथा रचो मरताव की जामें जुगुति नवीन ॥४॥

अन्त—

दोहा

संवत मुनि सर वसु ससी सुदि असाढ़ तिथि छेमि।
कथा रची बलिरामपुर मोतीगिरि अवरेखि ॥

महापात्र सिवनाथ कवि असनी वास हमेस।
सभासिंह को सुत सदा सेवक चरन महेस॥

(सरस्वती भंडार)

(१२६) लीलावती भाषा। रचयिता—लालचंद। साइज ६-६×५-१६ंच। पत्र-संख्या २५। प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३६।४० अक्षर हैं। लिखावट बहुत सुन्दर है। लिपिकाल—सं० १७८७, ज्येष्ठ वदि ६ चंद्रवार। विषय-गणित। संस्कृत के प्रसिद्ध ग्रंथ लीलावती का भाषान्तर है। इसमें गद्य-पद्य दोनों हैं। बीच में कहीं २ रेखा-चित्र भी हैं। रचना बहुत उपयोगी और हिंदी के गौरव को बढ़ाने वाली है।

आदि—

कवित्त

सोभित सिंदूर पूर गज सीस नीके नूर
एक दंत सुंदर विराजे भाल चंद जू।
सुर कोरि करि जोरि अभिमान दूर छोरि
प्रणमत जाकें पद-पंकज अमेद जू॥
गोरी पुन सेवई जोऊ सोऊ मन चिंत्यो
पावइ रिद्धि वृद्धि सिद्धि होत हैं आनंदजू।
विघन निवारई सतलोक कुं सुधारई
ऐसैं गणपति देव जय जय सुखकंद जू॥

अंत—

दोहा

बीकानेर बडो सहर चिहुं दिसि मैं परसिद्धि।
घर घर धण कंचण प्रबल घर घर रिद्धि समृद्धि॥
घर घर सुंदर नारि शुभ जिगमिग कंचण देह।
कोकिल कंठी कामिनी दिन दिन वधतैं नेह॥
गढ मढ मंदिर देहरा देषत हरषै नैन।
कवि उपमा ऐसी कहैं स्वर्ग लोक मनु ऐंन॥
राजै तिहाँ राजा बडो श्री अनूपसिंह भूप।
राष्ट्र वंश भूप करण सुत सुंदर रूप अनूप॥
जस प्रताप रवि तेज सम पसरत जगत प्रकाम।
बइरी भूप बडा बडा तिमिर जैम हुवै नाम॥
जां लगि सूर समुद्र ससि मेरु मही गिर राज।
तां लगि भाषा ग्रंथ यहु थरनो जन सुष काज॥

(सरस्वती भण्डार)

(१२७) वचनिका राठौड़ रतनसिंह महेसदासोत री। रचयिता—जग्गा जी साइज १२×४ इंच। पत्र-संख्या १४। लिपिकाल—सं० १७६२, माह वदि १०, शनिवार। प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ४०।४५ अक्षर हैं। लिखावट बहुत भद्दी है और इसलिये पढ़ने में बहुत कठिनाई होती है। भाषा डिंगल है। पद्य-संख्या २६५। इसमें जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह और शाहजहाँ के विद्रोही पुत्र औरंगज़ेब और मुराद के उस युद्ध का वर्णन है जो उज्जैन की रणभूमि में सं० १७१५ में हुआ था। रतलाम के राठोड़ राजा रतनसिंह इस लड़ाई में बड़ी वीरता के साथ लड़ते हुए काम आये थे। अतः उन्हीं के नाम से इस ग्रंथ का नाम करण हुआ है। वीररस की बड़ी सबल और उत्कृष्ट रचना है।

आदि—

गाहा

गणपति गुणे गहीरं गुण ग्राहग दाग गुखे दयणं ॥
सिधि ऋधि सुबुधि सधीरं सुंडाहल देव सुप्रसन्नं ॥

कवित्त

समरि विसन सिव सगति सीध दाता सरसति।
वर्णांणुं कमधज पुहवी राजा छत्रपति ॥
वल जेहा चकवै हुवा जिण वंस नरेसर।
खाग त्याग निकलंक वंस छत्रीस तणा गर ॥
गजराज दियण भंजण गजां उभै विरदां ऊधरैं।
कुल भांण घरे प्रगटीयौ कमंध रतनमलि रण में लरैं ॥

अन्त—

दोहा

जोड़ भंणै खड़ीयौ जगौ रासौ रतन रसाल।
सूरां पूरां सांभलो भड़ मोटा भूपाल ॥

(१२८) वन परिक्रमा। रचयिता—माधौदास। साइज ६×४-६ इंच। पाँच पन्नों का छोटा सा ग्रंथ है। प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।३० अक्षर हैं। लिपिकाल अज्ञात है। इसमें वृन्दावन की परिक्रमा का वर्णन है। कविता साधारण कोटि की है।

आदि—

दोहा

प्रथम चरण विनती करूं श्री राधे कृष्ण उदार।
मथुरा मंडल करत हैं वे हरि नित्य विहार॥

अंत—

परम भगत रवि उपजहि उर आणंद प्रकास।
श्रीहरिदासन दास गावै माधोदास॥

(सरस्वती भंडार)

(१२६) वात संग्रह। साइज १६-८×१०-५ इंच। पत्र संख्या ३५२। बीच में दस पत्रे कोरे हैं। यह प्रति सं०१८२३ में मेवाड़ के महाराणा अरिसिंह जी (दूसरे) के लिये लिखी गई थी। इसमें राजस्थान की बहुप्रचलित १०५ कहानियाँ संग्रहीत हैं। कहानियों के नाम ये हैं:—

१ सदा भार्टी री वा।
२ जगदेवजी री वात
३ शामा री वात
४ खेमां वजारी री वात
५ रेवारी देवसी री वात
६ रत्ना हीरां री वात
७ भला बुरा री वात
८ कार्यां रजपूतरी वात
९ गंधरपसेण री वात
१० चाँबोली राणी री वात
११ पैला बोल री वात
१२ दूजा बोल री वात
१३ तीजा बोल री वात
१४ चौथा बोल री वात
१५ पाँचमा बोल री वात
१६ राजा सुशील री वात
१७ राजा भोज और माघ पंडित री अर राणी भायमती री वात
१८ भोज राजा अर चार चारणां री वात
१९ राजा अर दीवाण री वात
२० बीरोचंद महता री वात

९२ साहुकार री वात
९३ गाम रा धर्णी री वात
९४ राजा रा बेटा रा गुरु री वात
९५ राजा सिंधराव जैसिंह री वात
९६ कुंवर शायजादा री वात
९७ रतनमाणक शायजादा री वात
९८ सुतार अर सुनार री वात
९९ राजा केधन री वात
१०० राजा मंतरसेण री वात
१०१ तांत वाजी ने राग पछाणयौ जणी री वात
१०२ असत्री पर सुवटी बोली जणी री वात
१०३ बंधी कुआरी री वात
१०४ राजा भोज पांडे कुरख री वात
१०५ मोरदी मतवाळी री वात

(सरस्वती भंडार)

(१३८) वाराणसी विलास। रचयिता—देवकर्ण। साइज १४·४×६·८ इंच। पत्र-संख्या १४२। लिपिकाल—सं० १८७३। विषय—वाराह पुराण के काशी खंड का भाषानुवाद। ४०५२ छंदों का यह एक बहुत बड़ा ग्रंथ है जो तीस 'विलासों' में विभक्त है। इसमें दोहा, सोरठा, छप्पय, गीतिका, त्रोटक, तोमर आदि कई तरह के छंदों का प्रयोग किया गया है। भाषा व्रजभाषा है। कविता प्रौढ़ और प्रांजल है।

आदि—

छप्पय

सुंडा दंड प्रचंड रंग मंडित सिंदूर वर।
भाल चंद जगचंद शुभ्र तिरपुंडू तास तर॥
मनिमय सुवन किरीट हेम सिर छत्र विराजित।
अलि गुंजत मद लोभ लोल कुंडल श्रुति राजत॥
भुज चारि चारु भूषन कलित लंबोदर असरन सरन।
नित देवकरन वंदत चरन हर नंदन आनंद करन॥१॥

दोहा

लायक बरदायक सुमिरि गननायक हरनंद।
वारानसी विलास पुनि बरनत रचि शुभ छंद॥२॥

अंत—

छप्पय

भोगि सुभोग अखंड बहुरि शिवलोकहि पावहिं।
शिव वा शिवगन होत फेरि मृतलोक न आवहिं॥
कुंभ योनि तप भौन महा कहिये मति भारी।
अब सुव मन में कहा सुनन इच्छा सुखकारी॥
कहि देवकरन कासी कथा सुनत कहत पातक दहत।
मुनि बिना संक बूझौ सु तुम मोहि महा आनंद लहत॥११३॥
(सज्जन वाणी विलास)

(१३१) विक्रम पंचदंड चौपई। रचयिता--सिद्धसेन। साइज १०-५×४-७ इंच। पत्र-संख्या २४। प्रति में लिपिकाल दिया हुआ नहीं है। अनुमानतः कोई ३०० वर्ष की पुरानी दिखाई पड़ती है। इसमें विक्रमादित्य के न्याय, शासन-प्रबंध, वैभव इत्यादि का वर्णन है। ग्रंथ पाँच 'आदेशों' में विभक्त है। पहले आदेश में ६१, दूसरे में ६४, तीसरे में ७४, चौथे में ४७ और पाँचवें में १११ छंद हैं। इस प्रकार पूरे ग्रंथ की छंद संख्या ४१७ है। मुख्य छंद दोहा-चौपई हैं। भाषा गुजराती मिश्रित राजस्थानी है।

आदि—

दोहा

जयउ पास जीराउलो जगमंडण जियचंद।
जास पसाइं पामीइं नितु नितु परमाणंद॥
वरकांणइं जांणइं सहू त्रेवीसमो जिणेस।
जेह तणी सहुइं वहइं आण जिसी परसेस॥

अन्त—

चौपई

गुरु वहै भगहे धन केथउं करूँ। कहे राजा मैं कीधउं धणउं॥
तीणै धनइं जिण हरउं कार। नगर करावि्उ संघ उदार॥
विक्रम ना गुण हीयउं धरी। पंचदंड सूत्र उच्चरी॥
पनर छपन मास वैसाख। कीधउ वाजै धउलै पाख॥
भणै गुणै जे सांभलै तेहं तणो संकट सवि टलइ॥
राज रिद्धि नइ रूडी बुद्धि ते पामइं अष्ट महासिद्धि॥

(सरस्वती भंडार)

(१३२) विज्ञान गीता। रचयिता—केशवदास। साइज ६-५×८-४ इंच। पत्र-संख्या ४०। लिपिकाल—सं० १७६६ भादों सुदी २, भृगुवार। यह प्रति मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह जी के लिये लिखी गई थी। पाठ शुद्ध है।

आदि—

कवित्त

जोति अनादि अनंत अमित अद्भुत अरूप गुनि।
परमानंद पावन प्रसिद्ध पूरन प्रकास पुनि॥
नित्य नवीन निरीह निपट निर्वान निरंजन।
सम सर्वग सर्वग्य सर्वचित चिंतत चिद्घन॥
बरनी न जाइ देषी सुनी नेति नेति भाषत निगम।
ताकौं प्रनाम केसव करत सु अनुदिन करि संजम नियम॥१॥

अन्त—

दोहा

सुनि सुनि केसवराय सौं रीझि कह्यौ नृपनाथ।
मांगि मनोरथ चित्तके कीजै वैसें नाथ।४४।
वृत्ति दई पुरषांनि की देहु बालकनि आसु।
मोही आनौं जानि कै दे गंगा तट वासु।४५।
वृत्ति दई पदवी दई दूरि कर्यौ दुष त्रासु।
जाइ करौ सकलत्र सौं श्री गंगा तट वासु।४६।

(सरस्वती भंडार)

(१३३) विनय माला। रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज विश्वनाथ सिंहजू देव। साइज ६-२×४-६ इंच। पत्र संख्या ४०। लिपिकाल—सं० १८८६। विषय—रामचरित्र। तुलसीकृत विनयपत्रिका के ढंग पर इसकी रचना भी पदों में की गई है। कुल मिलाकर इसमें ११४ पद हैं। बड़ी सरस और भक्ति-भावपूर्ण रचना है। पहला पद यहाँ दिया जाता है।

जयति सोक सब हरन बहु मोद उर भरन जग विदित असरन सरन मोर स्वामी।
जैति दीन हित करन संदेह दल दरन विमुषन हैं सनमुष करन हृदै जामी॥
जैति अकल निरुपाधि निरपाधि जन मन बरन सच्चिदानंद तन भूमि धारी।
जैति दीन विसुनाथ भव मग्न तारन प्रियादास पद जुगुल बंदे मोहारी॥१॥

(सरस्वती भण्डार)

(१३४) विनोद रस। रचयिता—सुमतिहंस। साइज ८-५×५-५ इंच। पत्र-संख्या ७। लिपिकाल—सं० १७२७ श्रावण वदि ३। पद्य-संख्या १६७। ग्रंथ दोहा-चौपई में है। बीच में कहीं कहीं संस्कृत के श्लोक भी हैं। इसमें उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के पुत्र जयसेन और वहाँ के नगर सेठ श्रीदत्त की पुत्री लीलावती की प्रेम-कथा वर्णित है। ग्रंथ का दूसरा नाम 'जयसेन लीलावती री चौपई' भी है।

आदि—

दूहा

सरसति नमि सुवचन रचन कला केलि दातार ॥
जस सुपसायें मूढ नर हुइ कवियण सिरदार ॥१॥
नव रस माहे पढम रस कसवटि कंचण जाण ॥
कहिस श्रंगार विनोद रस निज मति वचन प्रमाण ॥२॥

चौपई

ऊजैणी नगरी सुविसाल । राज करै विक्रम भुपाल ॥
अरिदल भंजन साहस धीर । नीरमल वंस वधारण नीर ॥३॥
न्याय तपावस नीरलौ करै । पालै परजा सुरग्त वरै ॥
तिण नगरी सिप्रा नै तीर । महंकाल पूजै वडवीर ॥४॥
राजा सुत जयसेन कुमार। कहियै काम तणौ अवतार ॥
देवदतऊ जाने पास । दिन प्रत करै कला अभ्यास ॥५॥
नगर सेठ श्रीदत इणनाम । पुत्री लीलावती अभिराम ॥
रांभा रूप जाणै अवतरी । तिण ले साल भणै कुवरी ॥६॥

अंत—

दूहा

दान थान वर ग्यान सु पलै राज पंडूर ॥
सुप विलसै संसार मा प्रबल तेज जिम सूर ॥१६६॥
संवत सोल इकाणुवै जोध नयर जयकार ॥
कीधो एह विनोद रस सुमतहंस सुविचार ॥१६७॥

(सरस्वती भंडार)

(१३५) बीजा सोरठ री बात। रचयिता—अज्ञात। साइज ८-५×५-८ इंच। पत्र-संख्या १६। लिपिकाल—सं० १८२२, वैशाख सुदी ११ सोमवार। विषय—बीजा और सोरठ की प्रेम कहानी। इसमें गद्य-पद्य दोनों हैं। भाषा राजस्थानी है।

आदि—

दोहा

सोरठ सींघल दीप री पाली पले कुंभार ॥
परणी राजा रीड़ ने जीती राव खेंगार ॥१॥

वारता

साचोर नगर। तठे राजा रायचंद देवड़ो राज करे छैं। तिणरे मुजरे पेहले पाए पुतरी रो जनम हुवो। वरांमणें कह्यो पता ने मारछै तिवरि गांम मांहे राजा अपुत्रीयारी चौकस कराइ। नदी साचोर मांहे चंपो कुंभार अपुत्रिक धनदंत छै। तिणरे सेवक निमाह कमावे आप सुखी बेठो रहे। रात्र गइ तिवा रै सोरठ नें पेइ माहे घाले। मेहलां हेठे नदी वहे छै तिण में चलाइ। पेइ तरती २ जठे चंपा कुंभार रा चाकर माटी खोदे छै धोबी धोवे छै जठे आवे नीकली। जदी धोबी बोलियो। पेइ आवे छै सो मांहरी। चंपा कुंभार का चाकर बोलीया पेइ मांहे होवे सो वे सत मांहरी। पेइ वारे काढी उघाड़े जोए तो माहा रूपवंत कन्या छै। माहा सुकुमाल छै।

दोहा

धोबी धोवे धोवतीया माटी खणे कुंभार ॥
पंजरीयो धोबी लीयो सोरठ लीधी कुंभार ॥२॥

अन्त—

वारता

बीजाजी रा मसांण उपर सोरठ बेसी नें सूरज साहमों बेसी हाथ जोड़ी ने कहे। मनख तो घणी वात कहे छैं जो मन सुध मोह बीजा जी सुं होवे तो भवो भव बीजा जी री असतरी होज्यो। इस रीत नुं अगन आकरी परखांण तणी कहज्यो तथर प्रगटी अगन सरीर दाज्यो। इतरी वात करतां ततकाल अगन प्रगटी सोरठ रो सरीर बीजाजी रा मसांण मांहे एकठो हुवो। बीजाजी रो जीव जठे सोरठ रो पिण जीव पोहतो। सनेह पालणो कठण छे। सोरठ बीजाजी सुं सनेह राख्यो। इसो जिण तिण प्रती न रखाए। सनेह राख्यो तो संसार मांहे वात रही।

(सरस्वती भंडार)

(१३६) वेलि क्रिसन रुकमणी री : प्रति नं० १। रचयिता—राठौड़ पृथ्वीराज। साइज ६×७-२ इंच। पत्र-संख्या २७। लिपिकाल—सं० १६६६। भाषा—डिंगल विषय—कृष्ण-रुक्मिणी के विवाह की कथा। पद्य संख्या ३०४।

आदि—

परमेसर प्रणमि प्रणमि सरसती पिणि
सद्गुर प्रणमि त्रिये ततसार।
मंगल रूप गाईइ माधव
चार स ए ही मंगलचार ॥ १ ॥

अंत—

रूप लपण गुण तणा रुषमिणी
कहिवा सामरथीक कुंण ।
जे जांणीया तिसा मई जंपीया
गोव्यंद रांणी तणा गुण ॥३०४॥

प्रति नं० २। साइज ६-४×४-४ इंच। पत्र संख्या २२। लिपिकाल—सं० १७०१, चैत्र शुक्ला ४, शनिवार। पद्य संख्या ३०३। उपरोक्त प्रति नं० १ के और इसके पाठ में बहुत अंतर है।

आदि—

परमेश्वर प्रणमि प्रणमि सरसति पणि
सतगुरु प्रणमि तणौ ततसार ।
मंगलरूप गाइजे माहव
चार स ए ही मंगलचार ॥ १ ॥

अन्त—

सोलह से संवत चमालै वरसै
सोम तीज वैसाख सुदि ।
रुविमणी कृष्ण रहस्य रमण रस
कथी वेलि पृथ्वीराज कमंधि ॥३०३॥

(सरस्वती भण्डार)

(१३७) वोले क्रिसन रुकमणी री टीका : प्रति नं० १। टीकाकार—अज्ञात। साइज ८-५×५-५ इंच। पत्र संख्या ५४। लिपिकाल—सं० १७२७। प्रति बहुत बुरी दशा में है। इसका पहला पन्ना दो तीन जगह से फट गया है और अन्य दो-चार पन्नों में भी छोटे छोटे छेद हो गये हैं। इसमें ३०१ पद्य हैं। इनमें से पहले २८६ पद्यों के नीचे उनकी टीका भी है।

आदि—

परमेसर पणवि पणवि सरसति पणि
सतगुरु पणवि त्रिणेह ततसार ।
मंगलरूप गाइये माहव
चार स ए हीज मंगलचार ॥ १ ॥

टीका

प्रथम ही परमेस्वर कुं नमस्कार करै छै । पाछै सरसती कुं नमस्कार करै छै । पाछै सतगुरू कुं नमस्कार करै छै । ए तीन्युं तत्तसार छै । मंगलरूप माधव छै । तें को गुणानुवाद कीजे । जा उपरांत मंगलाचार कोई नहीं छै ।

अन्त

सोलह सै संमत चमालै वरपै
सोम तीज वैसाख समंधि ।
रुपमणि क्रित रहसि रमंता
कही वेली पृथ्वीदास (?) कविंध ॥३०१॥

प्रति नं० २ । साइज ६-५ × ८-४ इंच । पत्र-संख्या ४१ । लिपिकाल—सं० १७६५, कार्तिक सुदी ७, सोमवार । पद्य संख्या ३०१ । टीका इसमें भी सिर्फ २८६ पद्यों की है । यह टीका उक्त प्रति नं० १ की टीका से मिलती हैं पर दोनों के अंतिम भाग में बहुत अंतर है । उसमें ३०१ वें दोहले के साथ ग्रंथ समाप्त हो जाता है । लेकिन इसमें उक्त दोहले के बाद एक छप्पय तथा दो दोहे और हैं । अंत के इस समस्त भाग को हम नीचे उद्धृत करते हैं :—

सोलै सै संवत चौमाली सै वरसै
सोम तीज वैसाप सुदि ।
रकमणी धरा रहस्य ईसरमत
कही वेलि प्रिथीदास (?) कमंध ॥३०१॥

छप्पय

वेद बीज जल वयण सुकवि जड़ मंडेसघर ।
पात दूहा गुण पौहप बास भोगवै लिषमी वर ।
पसरी दीप प्रदीप अधिक गहर आडंबर ।
मन सुध जे जाएंत अऊब फल पामै अंबर ।
विसतार कीध जुग जुग विमल धणी क्रिसन कहयार घन ।
अमृत वेलि पीथल अचल तैं रोपी कलीयांण तण ॥

दूहा

पीथल कमंध किल्याण रा केहा गुण गावां ।
थें दा [ ] म्हे मंगता इण नाते पावां ॥१॥
च्यारि वेद नव व्याकरण अनै चौरासी गुड़ ।
तो त्रित प्रिथ किल्यांण रा गई मजालस उड़ ॥२॥

(सरस्वती भण्डार)

(१३८) वेलि किसन रुकमणी री टीका । रचयिता—कुशलधीर । साइज १०-२×४-३ इंच । पत्र-संख्या २७ । लिपिकाल—सं० १७०६ श्रावण सुदी १४ । पद्य संख्या ३०४ । इसमें मूल और टीका दोनों हैं । लेकिन टीका सिर्फ १६१ पद्यों की है । शेष के नीचे टीका के लिये स्थान अवश्य छोड़ा गया है, पर किसी कारण विशेष से लिखना बाकी रह गया है । टीका सरल और सारगर्भित है । पहला पद्य टीका सहित यहाँ दिया जाता है :—

परमेसर प्रणमि प्रणमि सरसति पुणि
सदगुरु प्रणमि त्रिण्हे ततसार ।
मंगल रूप गाईजइ माधव
चारि सु ए ही मंगलचार ॥ १ ॥

टीका

राउ श्री कल्याणमल्ल पुत्र राज श्री पृथीराज राठवड़ वंसी ग्रंथ नी आदिइं इष्ट देवता नइं नमस्कार करइ मंगल निमित्तइ । पहिलऊ परमेसर नइ नमस्कार करइ । वलि सरस्वती वाग्वादिनी नइं विधारुणी नमस्कार करइ त्रीजऊ सदगुरू विद्या गुरू नइं नमस्कार करइ । ए तीनइ तत्वसार विहु लोके सुपदायी साक्षात मंगलरूप श्री कृष्ण गुण गाईजइ वखाणीयै । माधव श्री लक्ष्मी वरइ तरेजे वांछइ ते पामइ । ए च्यारेई मंगलाचरण करी श्री कृष्ण रुकमिणी नी गुण स्तुति करइ ॥१॥

(सरस्वती भण्डार)

(१३६) वैताल पचीसी । रचयिता—शिवदास । साइज ६-५×८-४ इंच । पत्र-संख्या ३६ । लिपिकाल—सं० १७६५, पौष सुदी १४, भृगुवार । प्रत्येक पृष्ठ पर २२ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३०।३५ अक्षर हैं । ग्रंथ गद्य में है । इसका विषय सर्व प्रसिद्ध है ।

आदि—

ग्रंथ रौ कर्ता श्री गणेश सरस्वती है नमस्कार करेने सर्वलोक रा विनोद रे अर्थे ग्रंथ करै छै । एक दक्षिण देश जठे महिलारोप्य नाम इसौ नगर छै । जठे सकल शास्त्र

रो जाणणहार इसौ ब्रह्मदत्त नांम ब्राह्मण रहै छैं। तिणरे गुणवती सीलवंत सुदक्षिणा नांम स्त्री हुई। रूपवंत सीलवंत इसी। तिणरै दोय पुत्र हुआ कृष्ण ने माधव। तदी ओ ब्रह्मदत्त ब्राह्मण दोही पुत्रां हैं लेने मालव देश रे विषै एक अवंति नांम नगरी छैं। तिणि प्रते प्रस्थान करतो हुओ। जिणी नगरी रे विषैं सकल कला चतुर चउदै विद्या में प्रवीण परनारी सहोदर परदुष कातर महा साहसिक पुन्यात्मा इसौ विक्रमसेन राजा उणी नगरी अवंति रो राज्य करतो हुऔ।

अंत—

घणी रूपवती सीता जी थी तौ विकार उपज्यौ। रावण घणो गर्व कीधो तो नाश पायौ। घणौ दान राजा बलि कीधौ तो बांध्यौ। तींथी घणौं कंइ नहीं थोड़ो मीठो लागैं।

(सरस्वती भंडार)

(१४०) वृन्दावन महात्म। रचयिता—ध्रुवदास। साइज ९·१×४·५ इंच। पत्र-संख्या ६। लिपिकाल—सं० १७६३ आषाढ़ वदि ४, सोमवार। पद्य-संख्या ११३ (दोहे) विषय-वृन्दावन-वर्णन।

आदि—

दोहा

प्रथम नाम हरिवंश हित रटि रसना दिन रैंन।
प्रीति रीति तब पाइय अरु वृन्दावन ऐन॥
चरन शरन हरिवंश कै जब लगि आयो नांहि।
नव निकुंजनि जु माधुरी क्यों परसै मन मांहि॥

अन्त—

या वन के अवलंब हित कीन्हौ आय उपाय।
वृन्दावन रस कहन में मत कबहूं अलसाय॥
सोलह सें ध्रुव छासिया पून्यो अगहन मास।
यह प्रबंध पूरन भयो सुनत होय अघ नास॥

(सरस्वती भंडार)

(१४१) ब्रज लीला। रचयिता—वीरभद्र। साइज ५·७×४·१ इंच। पत्र-संख्या ११। लिपिकाल सं० १८७६, फाल्गुन सुदी १० गुरुवार। पद्य-संख्या ६०। विषय-कृष्ण की बाल लीला का वर्णन।

आदि—

अति सुंदर ब्रजराज कुंवार। तात मात के प्रान अधार॥
आनंद मंगल सब परिवार। ब्रजवासी के प्राण अधार॥१॥
लीला ललित विनोद विसाल। गावै सुनै भाग जिन भाल॥
अद्भुत बाल केलि नंदलाल। नव किशोर तन रूप रसाल॥२॥
जो जन या रस के अनुरागी। धर्म धन्य तेई बड़ भागी॥
मो मन महा सुवन तें जागी। ब्रज लीला कहीवे कुं लागी॥३॥

अन्त—

बुढीया या न जागे बुढिया या न पोलें। माय माय कहतो सुत डोले॥
ए वातें हरि की सब मानी। मुड मारि रखो अभिमानी॥४१॥
यह लीला अति मोद प्रकासी। गावे सुनें सो भक्ती पासी॥
यह लीला अति मधुर है प्यारी। वीरभद्र अति रीझि उचारी॥६०॥

(सरस्वती भंडार)

(१४१) ब्रज विलास। रचयिता—ब्रजवासीदास। साइज ६-७×१२ इंच। पत्र-संख्या ४६० । प्रति पुस्तकाकार, सजिल्द एवं सचित्र है और बहुत मोटे बाँसी कागज पर लिखी हुई है। इसमें कृष्ण लीला विषयक १२० चित्र भी हैं जो साधारण कोटि के हैं। लिपिकाल—सं० १८७६, श्रावण कृष्णा १४ बुधवार। पाठ प्रायः शुद्ध है।

आदि—

सोरठा

होति गुनन की पानि जाके गुन उर गुनतहीं॥
द्रवो सुदया निधान वासुदेव भगवन्त हरि॥१॥
मिटत ताप त्रय तास जास नाम सुपतें कहत॥
वंदो सो सुखरास नंद सुवन सुंदर सुपद॥२॥
अरुन कमल-दल नैन गोप वृन्द मंडन सुभग॥
करहु सुखम उर श्रेन पीतांबर धर वेनु धर॥३॥

अन्त—

दोहा

नहिं तप तीरथ दान व्रत नहीं भक्ति व्योहार।
ब्रजवासी के दास कों ब्रजवासी आधार ॥
ब्रजवासी गाऊं सदा जन्म जन्म करि नेह।
मेरे जप तप व्रत यहे फल दीजे पुनि एह ॥

(सरस्वती भंडार)

(१४३) शकुन समंछर सार। रचयिता—हृदयानंद। साइज़ १०·२×५·८ इंच पत्र—संख्या ५४। प्रति बड़ी खराब दशा में है। इसके तीन चार पन्नों को दीमक ने खा रखा है और बहुत से पन्ने आपस में चिपक गये हैं। प्रति कभी कहीं पानी से भीग गई प्रतीत होती है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर ७ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२३ अक्षर हैं। अक्षर बड़े २ और लिखावट सुवाच्य है। यह एक वृष्टि-विज्ञान का ग्रंथ है। इसमें ५२४ दोहे हैं जिनमें छंदोभंग बहुत है। भाषा राजस्थानी है। प्रति में लिपि-काल दिया हुआ नहीं है। पर रूप-रंग से कोई १५० वर्ष की पुरानी दिखाई पड़ती है।

आदि—

दोहा

उज्जल अंग विभूति तन जटा मुकुट सिर ताहि।
बैठो बागंबर विषै दिव्य रूप सुखदायि ॥

अन्त—

संवत सतरै नेऊवै सुकलपक्ष जय जांनि।
निरजल तिथि एका दसी रवीवार सुखांनि ॥

(सरस्वती भण्डार)

(१४४) शांति शतक। रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज विश्वनाथसिंह जू देव। साइज ६·२×४·६ इंच। पत्र संख्या १०। लिपिकाल—सं० १८६१। शतक नाम से पद्यों की संख्या १०० होनी चाहिये पर इसमें सिर्फ ३४ पद्य हैं। ज्ञात होता है, ग्रंथ अपूर्ण है। विषय—ईशारधना। शान्तरस की अत्युत्तम रचना है।

आदि—

जयति आनंदकंद नंदनंद अनंद कर मंद भ्रम फंद हर-चंद सम क्रांति कर।
पाप संताप हर सोक सरिवर सुतर दुसह दारिद्र अति दीह दंम्हादि दर॥
काल कलिकाल दुप जाल जारन जनित जनन मन कुमति असि हरन को अनल पर।
प्रेम पावन परम परन प्रिय करन प्रियदास पद परत विसुनाथ तेते निडर॥१॥

अन्त—

छप्पय

करत रहै सतसंग संग सब त्यागि जगत को।
नहीं जानत को करत प्रसंसा कूर हंसत को॥
देहे मिथ्या मानि प्यास अरु भूप भुलावे।
स्वर्गहु अरु अपवर्ग मोद कछु मन नहि आवे॥
यहि भांति जु भागिन होइ मन तब विराग होवै प्रबल।
सब जारत संश्रित सोक कहँ परमानंद उर होत भल॥

(सरस्वती भंडार)

(१४५) शिकार की कविता । रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज विश्वनाथसिंह जू देव। साइज ५-६ × ५-२ इंच। पत्र—संख्या १०। लिपिकाल—सं० १८६१। पद्य-संख्या ४६। इसमें भगवान श्री रामचन्द्र के आखेट का वर्णन है।

आदि—

कवित्त

वाजि गज सारे रथ सुतर कतारे जेते
प्यादे औंढवारे जे सवीह सरदार के।
कुंवर छबीले जे रसीले राजवस वारे
सूर अनिवारे अति प्यारे सरकार के॥
केते जातिवारे केते केते देस वारे जीव
सिंघ स्वान आदि सैलवारे जे सिकार के।
डंका के धुकार ह्वै तयार सब येकै बार
राजे बार पार द्वार कौसल कुमारके॥१॥

अन्त—

परम अपार यों संसार भीम पारावार
पार कर प्रेम पोत ताको नीको करनधार।
वेद सब सार है अगार है सिंगार रस
करत विचार जाहि सेवैं मुनि मति उदार ॥
पापन पहार छार करिवे भार भारी
गुनन हजार करै संतन हियरें प्रचार।
वार वार कै चार पावै मोद वेसुमार
सीयनाथ को सिकार विस्वनाथ उर अधार ॥४६॥

(सरस्वती भण्डार)

(१४६) शिकार भाव। रचयिता—कवि नंदराम। साइज ६-५×८-४ इंच। पत्र—संख्या ४। लिपिकाल—सं० १८००, श्रावण सुदी १४। पद्य-संख्या ६४। विषय-मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह की शिकार का वर्णन। भाषा ब्रजभाषा है।

आदि—

दोहा

श्री गननायक के चरण बंदुं विबधि विसेस।
पाऊं विद्या बुधि विमल गाऊं गुन जगतेस ॥१॥

छप्पय

श्री जगतेस नरेस बेस बल बुधि विमल तन।
प्रथमहिं रति हेमंत आप कीनो मृगया मन ॥
सत्रैसें नव नवति आदि अगसिर अतीया बुध।
दुपहर पर घरी च्यार कह्यो दुज घोस लगन सुध।
सो समय साधि सजि साज सब बड़े भूप वंदें चरन।
जग भान रांन संग्राम सुत चढ़े तवहि मृगया करन ॥२॥

अंत—

जहांन मद्धि जस प्रगट रांन गुन पार अपारा।
मृगया करत अनेक एक गुन यहै सुसारा॥

दैंन सिंघ को घेरि प्रात हनि सबल तांम तहि।
दई मौज अति भांति कवित तब कीर्ति बहुत कहि ॥
गुन पढ़त लिख कवि नंद यह जाकौ जस पावत सकल।
जगतेस रांन संग्राम सुव चिरंजीव जुग जुग अचल ॥

(सरस्वती भंडार)

(१४७) शिष नष। रचयिता—कृपाराम। साइज़ ५-१ × ४-२ इंच। पत्र-संख्या १४। लिपिकाल—सं० १८५७। छंद-संख्या ३०।

आदि—

कवित्त

किधौं फंद मुनिन के विषम मन बांधिवे के
किधौं अति राजें महा काजर ते कारे हैं।
किधौं है सरस स्यांम रंग मषतूल तार
किधौं क्रपारांम बाल नाग विष बारे हैं॥
किधौं है अनूप रूप तार तमराज कैसे
किधौं अति अद्भुत ए सुधा सौं सुधारे हैं।
अलिन के से हारद अति चारु हुते चारु
आज प्यारी तेरे बार करतार के सवारे हैं ॥१॥

अन्त—

चंदा सो बदन महा सोभा को सदन आली
भयो है मदन तेरी चारता को चेरो है।
सुधा सम बैन बैन कोकिला की बानी सम
तुव सुव पीनिप ते पांनी ते घनेरो है।
कहै क्रपारांम यौं मराल सी चलत चाल
उन्नत उरोजन मौं अटक्यो मन मेरो है।
रति हू ते रंभाहू ते सची उर्वसी हू ते
चित्रहू ते सरस विचित्र रूप तेरो है ॥३०॥

(सरस्वती भंडार)

(१४८) संकट हरण। रचयिता—भांन। साइज १०×६-३ इंच। पत्र-संख्या २५। प्रति में लिपिकाल का निर्देश नहीं है। कोई १०० । १२५ वर्ष की पुरानी दिखाई देती है। दोहा, चौपई, कवित्त, सवैया आदि कुल मिलाकर ४३२ पद्यों में ग्रंथ समाप्त हुआ है। इसमें भगवान श्री कृष्ण के जन्म से लगाकर द्रौपदी-चीर-हरण तक की कथा का सविस्तर वर्णन है।

आदि—

दोहा

एक रदन गजवदन हैं सदन बुध गुन नाय।
सोई नेक मया करे तो हरी गुन कहुं बनाय ॥१॥
अंबुज सुत कीजे सुता सारंग वाहन जास।
सो मेरी रसना बसे हरी गुन करं प्रकास ॥२॥

अन्त—

दोहा

अंबर तो अमर भये पेंचे पूटत नाय।
अेक अेकतें आगिरो अधिक अधिक बढ़जाय ॥४३०॥

सोरठा

त्रप पांडव की नार हरी देपत हरपत भई।
कीयो हरी सब जे जे कार धंन्य धंन्य धरनी धरन ॥४३१॥
द्रुपद सुता की लाज इन विधि रापी श्री पती।
धंन्य धंन्य व्रजराज कहे भांन कर जोरि कैं ॥४३२॥

(सरस्वती भंडार)

(१४९) संगीत दर्पण। रचयिता—हरिवल्लभ। साइज १०-१×६-५ इंच। पत्र-संख्या १०२। लिपिकाल—सं० १८८६ श्रावण वदि ८ शुक्रवार। पद्य-संख्या ११३५। ग्रन्थ मे दोहा-चौपाई अधिक संख्या मे हैं। संगीत-शास्त्र का ग्रन्थ है।

आदि—

इन्द्रा छंद

छायति है छवि ठीक हुते लपि युगिनि जूह तहाँ जय जंपति।
भारी दियै दुति या हरिवल्लभ या निरपें तें अजों रति कंपति॥
लाल विसाल लसै अति हो सिव भाल को नैंन करो सुखसंपति।
यों प्रगटयो अनुरागु हियैजू आलिंगन किन्हीं जबै मिलि दंपति ॥१॥

दोहा

गीतवाद यों नृत्य एक हिय तहें संगीत ॥
सो संगीत द्वै विधि कहे मारग देशी रीत ॥२॥

अन्त—

चारि निर्त करिके पुनि न्यास। करै सबद ही में सुख आस ॥
कदरि नृर्त कहें सब या कौ । देखि बहुत सुख पावै ताकौ ॥

दोहा

हरिवल्लभ भाषा रचौ सब संगीत को सार।
तामे संपूरण भयो नृत्य विचार अपार ॥

(सरस्वती भण्डार)

(१५०) सज्जन प्रकाश। रचयिता—मदनेश कवि। साइज ८×६-४ इंच। पत्र-संख्या २४३। प्रति सजिल्द और पुस्तकाकार है। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १५ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति में १७।२० अक्षर हैं। लिपिकाल—सं० १६३४, फाल्गुण बदि २ मंगलवार। यह एक रीति ग्रंथ है। पहले बीस पन्नों में महाराणा सज्जनसिंह के वंश-गौरव तथा उदयपुर की छटा आदि का वर्णन है और बाद में मुख्य विषय शुरू होता है। कविता अच्छी है। अंतिम पद्य यहाँ दिया जाता है। इसमें कवि ने अपने आश्रयदाता महाराणा सज्जनसिंह जी का गुणानुवाद किया है।

अंतिम—

सवैया

ध्यावत हीं सुख सिद्धि लहै गुन गावत पावत ही मन मानौ।
दे चित जे हितसौं अरचै विरचैं तिन्हैं रंक तें राज समानौ ॥
जाप तें जात अनेकन पाप नमो इमि देव के भेव सुजानौ।
संकट होत सहायक हैं सुखदायक सज्जन रान बखानौ ॥

(सरस्वती भण्डार)

(१५१) सज्जन विनोद। रचयिता—लाला मारकंडेलाल। साइज ८-१×५-५ इंच। १६७ पन्नों की सजिल्द और पुस्तकाकार प्रति है। प्रत्येक पृष्ठ पर १५।१६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८।२० अक्षर हैं। लिपिकाल—सं० १६३१। यह ग्रंथ मेवाड़ के महाराणा सज्जनसिंह जी के आग्रह से लिखा गया था। इसलिए इसका नामकरण भी उन्हीं के नाम से हुआ है। यह भी एक रीति ग्रन्थ है। कविता साधारणतः अच्छी है। अंत का थोड़ा सा अंश यहाँ दिया जाता है।

दोहा

अधिक अठारह चार सौ दोहा कहे बखान।
या वह ग्रंथ विचित्र में सुजन लीजियो जान॥
बत्तिस अधिक सु दूइ सौ है घनाचर पद्य।
अधिक पचास अरु दूइसौ सकल सवैया सद्य॥
ग्रंथ सु सज्जन विनोद में नौ सै कविता पूर।
या तें घटि बढ़ि जो करै सो कवि अनमो कूर॥
आधा हूँ चखतें चितै सब बाधा करि दूर।
राधा कृष्ण प्रसाद तें भयो ग्रंथ परिपूर॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(१५२) **सदैवछ सावलिंगा री वातः** प्रति नं० १। रचयिता—अज्ञात। साइज ६-१×४ इंच। पत्र संख्या १८। प्रति में लिपिकाल का निर्देश नहीं है। विषय—अमरावती नगरी के राजा शालिवाहन के पुत्र सदैवछ और शालिवाहन के मंत्री पद्मसी की कन्या सावलिंगा की प्रेम कहानी। इसमें गद्य-पद्य दोनों हैं। भाषा राजस्थानी है। शृंगाररस की उत्कृष्ट रचना है।

आदि—

सिव सगति पाय लागि करि सदगुरु चरण पसाय।
सुख रंजन अनोपम तेहनी कहीये वात वणाय॥
नाय सुता रा नरवाहण सुगण करि सिलाम।
सावलिगा सुंदर सरस तेण सर्वतर नाम॥
लिखत लेख सुन्दर लिख्यो सावलिंगा सुपसाय।
ब्याह तणे छै वर अवर वणी अवंभम वात॥

अंत—

सावलिंगा रै बेटो हुवो सो पाटवी कीधो [।] राजा सदयवछ जी रै सावलिंगा रै घणी प्रीत हुई [।] घणा सुख विलास कीया [।] पहिलांतर रो लेख विधात्राये लिख्यो [।] पुरवली लेख इण भव भोगव्यो [।] सावलिगा री वात मन सुधे सांमले केहि वांचे तिणनु घणो सुख होवे [।] रोग चिंता उद्वेग मिटे [।] सावलिगा री वात सांमली होय तो घणी सुख्याली होवे [।] घणा मंगलीक होवे [।] मन वांछित सुख पामें [।] घणा विलास पामें [।]

प्रति नं० २। साइज ८×५-६ इंच। पत्र संख्या ५५। लिखावट बहुत सुन्दर है। लिपिकाल का उल्लेख इस में भी नहीं है। कथानक उपरोक्त प्रति नं० १ से मिलता

है पर पाठ बिल्कुल भिन्न है। इसमें भी गद्य-पद्य दोनों हैं। पद्य संख्या २६२ है। इसका रचयिता कोई दूसरा ही व्यक्ति प्रतीत होता है। ग्रंथारंभ इस तरह हुआ है:—

आदि—

एक अवछरा छी। तिको नाम एलवी छो। श्री गंगा जी की तीर अवछरा का महलै छा। अवछरा का अजोभा की ऊपली आड़ी महलावत छी। ताहा अवछरा रह छी। सु ताहा इक वन लहपी सरसीर (?) रह छो। सु रोजीना को रोजी ने तारा की छाहा मां सांपड़वा आवतो। ....।

प्रति नं० ३। साइज ६-५×५-८ इंच। पत्र संख्या २०। लिपिकाल-सं० १७६७, वैशाख कृष्णा १४, सोमवार। यह किसी तीसरे ही व्यक्ति की रचना है। पद्य-संख्या १८६। इसमें भी गद्य-पद्य दोनों हैं।

आदि—

कुंकण विजया नयरं सालिवाहन राजाउ मंत्री पदमं।
सदयवछ राउ नंद नाउ सावलिंगा मंत्रीया धीयं॥१॥

कुंकण देस विजया नाम नगरी। जे नगरी महा मोटी है। चौरासी चोहटा च्यारे दिस है। जिहां सालिवाहन राजा राज करे छे। जे राजा न्यायवंत प्रजा रो प्रतिपाल करे है। धरमी ने धनवंत है। वन वाडी आराम सरोवर है। चकवा चात्रीक रटना करै है। सुआ सारस मोर किंगोर करे है। उं नगरी में जैन सीवप्रमाद है। काजी मुलां कुरान कताब पढ़े है। ब्रामण वेद भणे है। तपीया तप तपै है। योगीसर योग ध्यान में लयलीन है।

अन्त—

सेजंह मांसु नार कै बहु न पाइयें
कै हरि पुज्यौ होइ कै गंगा नाइयें
कै जपीया जगदीस वनें तप संधीयां
परिहां सावलिंगा सुभ नारी सदैवछ लीधीयां॥१८६॥

(सरस्वती भण्डार)

(१५३) सनेह लीला। रचयिता-रसिकराय। साइज ८×४-२ इंच। पत्र-संख्या १२। प्रति बहुत जीर्ण होगई है। लिपिकाल—सं० १७७७, फाल्गुण सुदी ११ सोमवार। पद्य-संख्या १२० (दोहे)। विषय—ऊधव-गोपी-संवाद। ब्रजभाषा की बहुत ललित और भावमयी रचना है।

आदि—

दोहा

एक समैं वृजवास की सुरति भई हरिराय।
निज जन अपनौं जानि कै ऊधो लयौ बुलाय ॥१॥
कृष्ण वचन ऐसे कहै ऊधो तुम सुनि लेहु।
नंद जसोदा आदि दो या वृज कुं सुख देहु ॥२॥
वृजवासी वल्लभ सदा मेरे जीवन प्रान।
ताते निमष न बीसर्यौ मोहि नंदराय की आन ॥३॥
मैं उनसों ऐसे कह्यो आवेंगे रिपु जीति।
अब तोसे कैसे बनै पिता मात सों प्रीति ॥४॥

अन्त—

जे गावे सीखे सुणे मन क्रम वचन सहेत ॥
रसिकराय पूरण कृपा मन वांछित फल देत ॥१२०॥

(सरस्वती भण्डार)

(१५५) सनेह सागर। रचयिता—बख्शी हंसराज। साइज ६-५×६-५ इंच। पत्र-संख्या १३६। लिपिकाल—सं० १८६४ पौष सुदी ११ शनिवार। ग्रंथ ६ तरंगों में विभक्त है जिनकी छंद-संख्या कुल मिलाकर ८१५ होती है। इसमें राधाकृष्ण की विविध लीलाओं का वर्णन है। भाषा व्रजभाषा है। कविता मधुर है।

आदि—

सतगुर चरन सरोज सीस धरि सारद सिवहि मनाऊँ।
एक रदन गजवदन विना एक वरदाएक वर पाऊँ ॥
जै भगवत जै आदि भवानी कछुक प्रेम मुहि दीजे।
तौ सनेह सागर की लीला रुचि रुचि रचना कीजे ॥
व्यास वंस अवतंस गुसांई विजै सपी गुर मेरे।
मन वच कर्मन कै हम उनके चरन कमल के चेरे ॥
सपि उपासना परम प्रीत सौं तिन ऐह हमैं बनाई।
जुगल सरूप रहस निजु लीला दिल अंदर दरसाई ॥१॥

अंत—

ऐह सनेह सागर की लीला सोजिन जांनेहु वातैं।
मन रंजन है इस्क दिलन की कान्ह मिलनि की घातैं ॥

श्री राघावर विमल गुनन को निसु दिन सुनै सुनावै
आनंद उदित होत उर अंतर मन वांछत फल पावै ॥१२७॥

(सरस्वती भण्डार)

(१५५) सभासार नाटकः प्रति नं० १। रचयिता—रघुराम। साइज ६.७×७.२ इंच। पत्र संख्या ११। लिपिकाल—सं० १८१६ फाल्गुण सुदी १४ शनिवार। पद्य-संख्या १६१। इसमें कुछ पद्य तो ऐसे हैं जिनमें सूर, कायर, कपटी, चोर, आलसी आदि व्यक्तियों के लक्षण बताकर उन पर व्यंगोक्तियाँ कसी गई हैं और कुछ ऐसे हैं जिनमें भगवान की महिमा का गुण गान किया गया है।

आदि—

दूहा

सिधु रूप सरसुति सुमिरि परम गति परि पाय।
सुमन वरन चढि हंस पर सो नित होत सहाय ॥१॥
वंदौं व्यापक विश्वमय सचर अचर सव ठाम।
कीए पिलौना पंड के जुदे जुदे ज्यों नांम ॥२॥
नयन वुद्धि अरु मोह निश तम भ्रम तहां अपार।
वंदौं गुरू विश्राम पद सद सूरज इहि वार ॥३॥
इक जग में वहुवार फिर आवत फिर जात है।
थिर नहिं रहत लगार कहा विसास या साँस को ॥४॥

अंत—

कवित्त

मथम अपार है अज्ञान जल जामें भयो
कुटंब सिवार सों उरझि आइ परेगो।
करम बयारि सुप दुप लेहेर अपार
भौर सिर भार परे कैसी विधि टरेगो॥
गह्यो मोहि ग्राह आनि गज की सी गति जानि
रापि न तो हूंठों वडवानल सौं दहेगो।
करुना के धाम गुर विनां रघुरांम तोहि
ऐसे भवसागर तें कौन पार करेगो ॥१६१॥

प्रति नं० २। साइज ६.४×६.२ इंच। पत्र संख्या ३३। लिपिकाल-सं० १८७८ कार्तिक सुदी २ शुक्रवार। पद्य संख्या ३२६। उक्त प्रति नं० १ की समस्त कविताओं के अलावा इसमें १६५ नई कविताएँ भी हैं। दोनों के आदि-अंत के भाग तो सर्वथा भिन्न है। ज्ञात होता है, दोनों दो भिन्न आदर्शों की प्रतिलिपियां हैं।

आदि—

छंद नाटक

श्रीमान श्रुंड प्रचंड रूप रुचिरो मद गंध गल्ल स्थलं
शुभ्रं सोभित सोभ एक दसनं श्चंद्रं ललाटे धरं
सिंदुरै परि पूरि कुंभ शुभ गौ रिद्धि श्रु सिद्धि धरं
सोयं पातु गनेश ईस तनयो वानी वरदायकं

अंत—

छप्पय

यहै नाटक ज्यौ सुनै ताहि हिय फाटक खुल्लै
... ...
यहै नाटक ज्यौ सुनै पुरुष पुरुषन गुन पावै
यहै नाटक ज्यौ सुनै ग्यान पूरन मन आवै
बिग्यान जानि निरवान के जोग ध्यान धन धरि लहै
पावंत परम पर पुरष गति मति प्रमांन कवि रघु कहै ॥

(सरस्वती भण्डार)

(१५६) समयसार नाटक। रचयिता—बनारसीदास। साइज ७.५ × ६.२ इंच। पत्र-संख्या ८०। लिपिकाल—सं० १७३६, कार्तिक कृष्णा २ शनिवार। पद्य-संख्या ७२७। ग्रंथ के अंतिम भाग में बतलाया गया है कि यह कुंदकुंद मुनिकृत इसी नाम के एक संस्कृत ग्रथ का भाषान्तर है। इसकी भाषा सानुप्रास, सरल और कर्णमधुर है।

आदि—

करम भरम जग तिमिर हर नप गउरंग लखन पग सिव मग दरसी।
निरपत नयन भविक जल वरपत हरपत अमित भविक जन सरसी॥
मदन कदन जित परम धरम हित सुमिरत भगति भगति सब दरसी।
सजल जलद तन मुकुट सपत फन कमठ दलन जिन नम तव नरसी॥१॥

अन्त—

कवित्त

तीन सौं दसौंतर सोरठा दोहा छंद दोऊ
जुगल सें पैंतालीस इकतीसा आने हैं।
छियासी सु चौपैए सैंतीस तेईसे सवै
बीस छप्पै अठाइ कवित्त बखाने हैं।

सात पुनि. हो अडिलले चारि कुंडलिए मिलये
मकल सात में सत्ताईस ठीक ठाने हैं।
बत्तीस अछर के सिलोक कीने ताके लेखें
ग्रंथ संख्या सत्तह सै सात अधिकाने हैं ॥७२७॥

दोहा

समैसार आतम दरब नाटक भाव अनंत।
सो है आगम नाम में परमारथ विरतंत ॥

(सरस्वती भंडार)

(१५७) समाधि तंत्र। रचयिता—जसविजय उपाध्याय। साइज ६-५×६-३ इंच। पत्र-संख्या ७। लिपिकाल—सं० १८८१। इसमें अध्यात्मवाद संबंधी १०५ दोहे हैं।

आदि—

दोहा

समरी भगवती भारती प्रणमी जिन जगबंध।
केवल आतम बोध को करि सौं सरस प्रबंध ॥१॥
केवल आतम बोध है परमारथ शिव पंथ।
तामें जिनकी मगनता सोई भावनि ग्रंथ ॥२॥
भोग ज्ञान जिउ बाल को बाह्य ज्ञान की दौर।
तरुण भोग अनुभव जिस्यो मगन भाव कछु और ॥३॥

अंत —

दोधक सते के ऊधर्यो तंत्र समाधि विचार।
धरो एह बुध कंठ में भाव रतन को हार ॥१२॥
ज्ञान विमान चरित्रय नंदन सहज समाधि।
मुनि सुरपती समता शची, रंग रमे अगाधि ॥१०३॥
कवि जस विजय ए रचे दोधक सतक प्रमांण।
एह भाव जो मन धरे सो पावे कल्यांण ॥१०४॥
मति सर्वंग समुद्र हे स्याद वाद नय शुद्ध।
षट्दर्शन नदीयां कही जांणो निश्चय बुद्ध ॥१०५॥

(सरस्वती भण्डार)

(१५८) सिंहासन बत्तीसी चौपई। रचयिता—हीरकलश। साइज १०-१×३-८ इंच। पत्र-संख्या ७४। लिपिकाल—सं० १६४६, कार्तिक सुदी १२, रविवार।

अनुष्टुप—श्लोक संख्या ३५००। ग्रंथ दोहा-चौपई में हैं। भाषा गुजराती मिश्रित राजस्थानी है। रचना सामान्यतः अच्छी है। आदि का थोड़ा सा भाग यहाँ दिया जाता है:—

दोहा

आराही श्रीरिषभ प्रभू युगला धर्म निवार।
कथा कहूं विक्रम तणी जसु साकउ विस्तार॥
साकउ वरतिउ दांन थी दान बड़ो संसार।
वलि विसेषे जिए सासऐ बोलया पंच प्रकार॥

(सरस्वती भंडार)

(१५६) सिद्धान्त बोध। रचयिता—जोधपुर नरेश महाराजा जसवंतसिंह। साइज ७.४×६.२ इंच। पत्र-संख्या १२। प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २०।२२ अक्षर हैं। लिपिकाल—सं० १७३३, माघ कृष्णा १। विषय-तत्वज्ञान।

आदि—

दोहा

नमसकार करि ब्रह्म कौं वंदौं गुरु के पाइ।
कीजै क्रिपा दयाल हुँ जातैं संसै जाइ ॥१॥

(शिष्योवाचः)

मैं यह प्रस्ताव बोहोत बार सुन्यौ हैं पै मेरौ संदेह नाही मिट्यौं तातैं हौं तुम सौं पूछौं हौं जु बुधि सौं ब्रह्म जान्यौ जाइहै कि ब्रह्म सौं बुधि जानी जाइ हैं और सास्त्रह में सुन्यौ हैं जु बुधि जड़ हैं सु यह अरथ क्रिपा करि मोकुं समुझाइ कहियें।

अन्त—

दोहा

जसवंतसिंह कीनौं समुझि अनुग्रह तैं स्तुति सार।
सिद्धान्त बोध या ग्रंथ कौं धर्यौ नाम निरधार। ११॥
अनुग्रह के फल कौं अरथ जांनै अनुग्रह जाहि।
कहीं कहा विस्तार कैं बोहोत बात मैं वाहि॥१२॥

(सरस्वती भंडार)

(१६०) सिद्धान्त सार। रचयिता—जोधपुर नरेश महाराजा जसवंतसिंह। साइज ७.४×६.२ इंच। पत्र—संख्या १५। लिपिकाल—सं० १७३३। पद्य-संख्या १८६। विषय—तत्वज्ञान।

आदि—

दोहा

सत चेतनि आनंदमय महा प्रकास जु आदि।
ग्यान रूप अरु गुन रहित ऐसौ जानौ ताहि ॥१॥
इच्छा जानि सरूप है प्रिय ताहू निज रूप।
प्रिय ता की माया समुझि सो फेरि भई अनूप ॥२॥
महा प्रबल सामर्थ्य तें माया करयौ प्रकास।
यह रूयौ प्रकृति सुभाइ तें उपज्यौ त्रिगुन विलास ॥३॥
तब तें फैल्यौ भरम यह विधि विधि नाना रीति।
बिना अनुग्रह ताहि पुनि सरयौ न कोऊ जीति ॥४॥

अंत—

भयौ परसपर या समै परम पवित्र विचार।
सिद्धान्तसार या ग्रंथ कौं धरयौ नांव निरधार ॥१८४॥
सुनैं सिद्धान्तसार कौं जौ नीकै मन लाइ।
मुक्त हौन कौ ताहि फिरि करनौ नाहिं उपाइ ॥१८५॥
कीनौ जसवंतसिंघ यह आतम ग्यान विचार।
कह्यौ कहां लौं कहि सकौं जाकौ नाहिन पार ॥१८६॥

(सरस्वती भंडार)

(१६१) सुदामा चरित्र। रचयिता—बालकृष्ण। साइज ५-३ × ५-२ इंच। पत्र-संख्या १५। प्रति में लिपिकाल दिया हुआ नहीं है। पद्य-संख्या ८८। विषय-सुदामा की द्वारका-यात्रा और श्री कृष्ण से भेंट करने की कथा। कविता बहुत प्रौढ़ और परिमार्जित है।

आदि—

छप्पय

सुन्दर मुख इक दसन असन मोदक रस सुंदर।
चारू सुंड भुज दंड कलित कंकन तन उंदर ॥
लसत माल उर अरुन तरुन कोटिक छवि राजत।
पासंकुस रद माल चतुर वर करन विराजत ॥
ब्रह्मादि ध्यान संतत धरन बालकृष्ण वंदत चरन।
गननाथ प्रगट करुनां निकर संकर सुम्र संकटहरन। १॥

दोहा

सुन्दर श्री गजवदन जपि मंगल करन कृपाल।
स्यांम सुदामा रस कथा वरनत सुरुचि रसाल ॥२॥

अन्त—

असरन सरन सदाहि कै संतत संत कृपाल ॥
तारे तारत तारि हैं बालकृस्न गोपाल ॥८७॥
पढ़ै सुनैं मन मैं गुनैं लहै चारिहु वस्तु ॥
करनहार श्री कृष्ण है संपूरन सुभमस्तु ॥८८॥

(सरस्वती भंडार)

(१६२) सुदामा चरित्र । रचयिता—गणेशदास । साइज़ ६-२×५-८ इंच । पत्र संख्या ५ । लिपिकाल-सं० १८३१, फाल्गुण वदि २ शुक्रवार । भाषा—राजस्थानी मिश्रित व्रजभाषा । पद्य-संख्या २५ । विषय—सुदामा की द्वारका-यात्रा तथा कृष्ण से भेंट करने की कथा । कविता मधुर है ।

आदि—

राग धनाश्री

क्यूं भुगतो दुख कंत जावो द्वारामती ॥
जाहाँ राज करै व्रजराज क्रस्न कमलापती ॥टेक॥
श्री जादु पति जगदीस ईस सबके अभिन्यासी ॥
कोरिक पूरण कांम स्यामसुन्दर सुखरासी ॥
भल कंचन के भवन रतन मणि जड़ित अपारा ॥
अष्ट सिधि नव निध्य भरे भरपूर भंडारा ॥
हयदल रथदल सबल बल सेवग सरस समाज ॥
बाजत नोपति द्वारि वर अरु घूमत गजराज ॥

अन्त—

छप्पय

इह लीला ज्यो पढ़े प्रेम धारै चित ल्यावै ।
रोगी मुक्तित रोग पुत्र बंध्या फल पावै ॥
निरधन कै धन होय धनी धन होत सवाया ।
विद्या ब्रह्म विनीत राज भुगतै नराया ॥
विमल सहर बागोर बर मेदपाट सुभ देस ।
मिंदर गिरधरलाल कै गुण गावै दास गणेस ॥

(सरस्वती भंडार)

(१६३) सुदामा जी री बारखड़ी । रचयिता—हरिराय । साइज़ ६-२×५-८ इंच । पत्र-संख्या ३ । लिपिकाल—सं० १८३१ । पद्य संख्या ३७ । रचना छोटी पर मार्मिक है ।

आदि—

> कँवल नैन नारायण स्वामी । बसे दुवारेका अंतर्जामी ॥
> समरथ करे सुदामा विप्रै । बदन मलीन फटे में कपड़े ॥१॥
> पग पाय काढ़े तें मोचे भारी । पाय लागि उठ बोली नारी ॥
> हरि से हेत तुम्हारो कंता । एक चटसाल पढ़े द्वै मींता ॥२॥

अन्त—

> यो जो पढ़ै सुनै हरि गावै । .... ॥
> ... ... मन मांहि धरै । ताके पातक पाँचु टरै ॥
> बारपरी परी भाई भाई । हरीराय सुर असुर बैकुंठा जाई ॥३७॥

(सरस्वती भंडार)

(१६४) सुन्दर शृंगार। रचयिता—सुन्दर कवि । साइज ८-३×६-६। पत्र-संख्या ४४। लिपिकाल-सं० १८११। पद्य-संख्या ४५६। विषय—नायिका भेद।

आदि—

दोहा

> देवी पूजौं सुरसती पूजौं हरि के पाय।
> नमसकारि कर जोर के कहै महा कविराय ॥१॥
> नगर आगरो बसत है जमुना तट सुभ थांन।
> तहाँ पातसाही करै बैठो साहिजिहांन ॥२॥

अन्त—

> सुरबांनी बांतैं करी सुर बानी में जाइ।
> जैमैं सगु रस रीति कौ सब तें समुझ्यौ जाइ ॥४२८॥
> इह सुंदर सिनगार की पोथी रची विचारि।
> चूकौ होइ कहूं कहूं लीज्यौ सुध कवि धारि ॥४२६॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

(१६५) सूरज प्रकास। रचयिता—करणीदान। साइज १२-१×६-६ इंच। पत्र संख्या १७३। प्रति बहुत बड़े बड़े, सुंदर और पक्के अक्षरों में लिखी हुई है। लिपिकाल—सं० १८५६ माघ शुक्ला ५ गुरुवार। भाषा डिंगल है। विषय-जोधपुर के महाराजा अभयसिंह जी का जीवनचरित्र।

आदि—

गाथा

> श्रीपति भगति सकाजं रिद्ध सिद्ध सुचर नमो संकर सुत।
> सुर अगिवांण समाजं श्रेष्ट बुधि दीजीयै गणेस्वर ॥

कवित्त

सुंडा दंड अहेस राग रीफेस समोसर।
बणि सिंदूर चित्रबेस धार मद वेस पड़ै धर॥
फरस पाणि फाबेस उभै डसणेस अधकर।
मिलै अरध नपतेस मसत भणणेस मधुकर॥
समरेस होम जोगेस सुत सेव पेस कवि साधियै।
गावण नरेस अभमाल गुण श्री गणेस आराधियै॥

अन्त—

कवित्त

हरष घणां छक हुंत कहै गुण घणा कवेसुर।
जंग घणा जीत सी महाराजा राजेसुर॥
मुलक घणा दाबसी घणा करसी सुप मिद घण।
घणा लाख पसाव घणा देसी गज सासण॥
अभमाल घणा करसी उछव कवि गुण घणा कहावसी।
इम घणा वरस तपसी अभौ प्रसिध घणा मद पावसी॥

दोहा

धुव सुमेर अंबर धरा सूरज चंद सकाज।
महाराजा अभमाल रो रिधू इता जुगराज॥

(सरस्वती भंडार)

(१६६) सूरज वंस। रचयिता—अज्ञात। साइज़ ६-१ × ६-२ इंच। पत्र-संख्या ८२। पन्ने सिर्फ एक ही तरफ लिखे हुए हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर ११।१२ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८।२० अक्षर हैं। अक्षर भद्दे हैं जिससे पढ़ने में कठिनाई होती है। इसमें मेवाड़ के बहुत प्रसिद्ध २ महाराणाओं के जीवनचरित्र वर्णित हैं। सबसे अधिक वर्णन महाराणा भीमसिंह जी का है और यहीं पर ग्रंथ समाप्त भी होता है जिससे अनुमान होता है कि यह उन्हीं के किसी आश्रित कवि का बनाया हुआ है। इसकी भाषा डिंगल है और गीत-दोहों के अतिरिक्त इसमें गद्य भी है। महाराणाओं का वर्णन उनके काल क्रमानुसार नहीं है। कविता अच्छी है। इसका रचयिता कोई सिद्धहस्त कवि प्रतीत होता है।

आदि—

दोहा

वरदायक वारण वदन एक रदन अवदंत॥
मदन कदन सुत कर महेर मेधा सुदन महंत॥१॥

धवल वरण वाहण धवल अंबर धवल अनूप।
धवल जलद भूपण धवल सरसत धवल सरूप ॥२॥
अरी चत्रंग मारीयो सत्र दमगल सामाज।
राज चत्रांगद थापीयो रावल वापेराज ॥३॥

अंत—

की जांपे कायर क्रपण कव घन कि क (?) वाद।
आसी सुण अण पातरो सूरां दल संवाद॥
पोहोमी गर पाणी पवन घर कर अम्रत धार।
अचलावन मतपो अते साजे दत सुदतार॥

(सरस्वती भण्डार)

(१६७) सूर सागर प्रति नं० १। रचयिता—सूरदास। साइज ८-४×६ इंच। पत्र-संख्या १८३। लिपिकाल-सं० १६६७। इसमें ८१२ पद हैं। पद सभी अच्छे और चुने हुए हैं।

पहला पद यह है:—

पद

खावौं मेरो सांवरे ऐसी अरि न कीजै।
मधु मेवा पकवान मीठाई जोई चाहीये सुलीजै॥
सदू माखण खावो दही मीठो [ ] पय पीजै।
पा खागौं हठु जिपि करैं छिन छिन तनु छीजै॥
आंन सदा यें आन सदैं वल को (कौ) न पतीजै।
सूर इनी के कहैं मोपैं मांगै चंद कहां तै दीजै॥१॥

प्रति नं० २। साइज ८-६×६ इंच। पत्र संख्या २०। प्रति बहुत जीर्ण होगई है। लिपिकाल—सं० १७६३ भादौं वदि ८ सोमवार। इसमें सूरदास के बहुत उच्च कोटिके १७० पद संग्रहीत हैं। १६८ पद पुष्पिका के पहले और दो उसके बाद में हैं

आदि—

पद

वंदु चरण सरोज तुम्हारे
सुन्दर अरुण कमल पल्लव से दश पद चिन्ह चारु मनुहारे॥
जे पद पदम सदा शिव के धन सिंधु सुता संतत उर धारे॥

जे पद पदम परस जल पावन सुरसरि दरस कटत अघभारे ॥
जे पद पदम परस रिष पत्नी पाप सिला तनु तिनहि उधारे ॥
जे पद पदम लात रिपु त्रासत करि करुणा प्रहलाद उधारे ॥
जे पद पदम सु ब्रज भामनि तनु मनु दे पति सुत सदन बिसारे ॥
जे पद पदम रमत वृन्दावन अहि सिरि धरि अगणित रिपु मारे ॥
जे पद पदम गयन कौरव गृह दूत भए सब काज सुधारे ॥
ते पद पदम सूर सुपकारी त्रिविध ताप दुष हरन हमारे॥

अन्त—

हरि हम पतित पावन सुणे
हम पतित तुम पतित पावन दोऊ थानक बणे ॥
गीध ब्याध अजास तारे सापि नीगम भणे ॥
श्रौर पतित अनेक तारे जात काप गीणे ॥
जांए जांए नाम अजांए लीनो नरक जम तें मनै ॥
सूरदास सरन आयो रापल्यो अपने ॥

(सरस्वती भण्डार)

(१६८) सूर सारावली। रचयिता—सूरदास। साइज ५-८×५ इंच। पत्र-संख्या १२४। पहले ७ पन्ने गायब हैं। अन्तिम पन्ना भी बहुत जीर्ण हो गया है। लिपिकाल—सं० १७७५ वैशाख वदि १४। अंतिम पद यह है:—

ब्रज तें पावस पै न गई
सिसिर बसंत सरद गत सजनी विति अवधि ठई।
उनै उनै (ब) रषत घमचखु सरिता उरसि भई।
(कु) कुम कज्जल कीच मची जनु भुज भुग पारि परी।
तामें बिषम प्रगट ग्रीषम रितु तिहि श्रा ताप करी।
सूरदास प्रभु कुमुद बंधु बिनु विरहनि तरुन जरी॥

(सरस्वती भंडार)

(१६९) हनुमान जी की स्तुति। रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज विश्वनाथसिंह जू देव। साइज ६-३×५ इंच। पत्र संख्या १२। लिपिकाल—सं० १८६६ चैत्र सुदी ६। पद्य—संख्या ३५। ग्रंथ विविध छंदों में है। इसमें हनुमान जी की महिमा गाई गई है।

आदि—

दोहा

जय बानी बारन बदन जयति सीय रघुबीर।
जयति भक्त सब भुवन के जय हनुमत रनधीर ॥१॥

अंत—

कुंडलिया

सुवरन ग्रोज प्रसाद धुनि गुन जुत अर्थ गंभीर।
सुभग कवित्त पैंतीस हैं हरनिहार तम भीर ॥
हरनिहार तम भीर विमल (sic) सविता सम छाजैं।
मुद मंगल महि उदय करन दुप दरन विराजैं ॥
सुनतहिं नसि हैं सोक कहिहि जोइ होइहिं कुवरन।
विश्वनाथ प्रभु प्रेम लहिहि धन धान्य हु सुवरन ॥३५॥

(सरस्वती भंडार)

(१७०) हरि चरित्र। रचयिता—सालव। साइज़ ८-१ × ७-८ इंच। पत्र संख्या ११५। लिपिकाल—सं० १८२६ फाल्गुण सुदी ७ रविवार। प्रति के प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २५।३० अक्षर हैं। लिखावट भद्दी पर सुवाच्य है। विषय—श्रीमद्भागवत का सारांश। ग्रंथ छोटे छोटे ६० अध्यायों में विभक्त है।

आदि—

चौपाई

गुर गनेस महेस्व के पूता। तेहि सुमिरत मति होहि अनूपा ॥
प्रथमहि हरिके चरन मनाऊं। सर्व सिद्धि सिव समाधि लगाऊं ॥
सर्व देव ग्रोदर वसु जाके। सुनहु कथा गोविन्द गुन ताके ॥
गुर गणपति के चरन मनाऊं। सरस कथा गोविंद गुन गाऊं ॥

अन्त—

रिषि सुपदेव राजा सों कहे। दसम सकंध भागवत ग्रहे ॥
सुनि के वचन राजे सुप माना। रोम रोम भै पुलकित प्राना ॥
कथा भागवत सुनु मन लाई। कोटि जन्म के (क) लिपप हरई ॥
ग्रस हरि ठाकुर जो विसरावा। अधम जोनि महँ पार न पावा ॥

जैसे राउ परिछित देगा । नर्क जात सो सुव मन टेका ॥
पर उपकार लागि रिपि फहेऊ । मोरछ दीन्ह पैकुंठहि गयऊ ॥
अस ठाकुर के करिहि जे सेवा । नमस्कार देवनि के देवा ॥

दोहा

श्री सुपदेव अस भाषा जो चाहो सुर राज ।
चरन सरन जन लालच थंतहु हरि सों काज ॥२२२॥

(सरस्वती भंडार)

(१७१) हरिचरितामृत। रचयिता—रीवाँ नरेश महाराज जयसिंह जू देव। साइज १२·५×५·८ इंच। पत्र-संख्या ४४६। लिपिकाल—सं० १८८० पौष शुक्ला ५ चंद्रवार। प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति में ५५।५७ अक्षर हैं। अक्षर बहुत छोटे पर सुंदर हैं। इसमें भगवान के २४ अवतारों की कथा वर्णित है। ग्रंथ दोहा-चौपाइयों में है। बहुत उच्च कोटि का काव्य ग्रंथ है।

आदि—

दोहा

गुर गनेस के चरन जुग बंदत हीं करजोरि ॥
जेहि सुमिरत दूपन तनज भूपन होत करोरि ॥१॥

अन्त—

दोहा

अन संतोपी जानियें परम दारिद को रूप।
इन्द्री अजितै कृपिन है सो न तरै भवकूप ॥१॥
विपय माह आसक्ति बुधि ताप नहीं सो ईस।
ताकी जो विपरीति सोई कह विपरीति मुनीस ॥२॥
हरिचरितामृत ग्रंथ श्रुति पुरान को सार।
करम भगति अरु ग्यान को यामे भलो विचार ॥३॥
निज निज रुचि अनुरूप नर पढ़ैं सुनै सविवेक।
तिन्हैं तत्व के ग्यान की संसै रहै न नेक ॥४॥

(सरस्वती भंडार)

(१७२) हरि-पिंगल प्रबंध। रचयिता—जोगीदास चारण। साइज़ १०×
इंच। पत्र-संख्या ८५। लिपिकाल—सं० १७२५, चैत्र बदि ११ भृगुवार। प्रति
प्रत्येक पृष्ठ पर दश पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति में २६।३० अक्षर हैं। अक्षर सुन्
और सुपाठ्य हैं। भाषा डिंगल है। इसमें संस्कृत, हिन्दी और डिंगल के मुख्य २ अ
बहुप्रचलित छंदों का लक्षण-उदाहरण सहित विवेचन है। ग्रंथ तीन परिच्छेदों
बँटा हुआ है। अंतिम परिच्छेद के अधिक भाग में कवि के आश्रयदाता रा.
हरिसिंह जी के वंश-गौरव का विवरण है। कविता उत्कृष्ट है।

आदिः—

छप्पय

दिसा आठ दल आठ मेर करणक भलाहल।
किजल भार अठार पुहप रस सात समंद जल॥
भोग वासना वास पाण बुद्द भमे भमर वल।
वाण वाण गुंजार तव करित गुण उज्जल॥
ब्रहमंड रूप कमला कमल छोगो सीस वर्णंत जह।
कूरम्म तखत राजंत तुअ जे जे सेस नरेंद पह॥१॥

अंत—

जां लग रवि ससि अचल अचल जां सेस धरत्ती।
जां वेलावल अचल अचल जां केल सकत्ती॥
थंभ संभ जां अचल अचल जां मेर गिरव्वर।
इँद धूअ जां अचल अचल जां भरण विसंभर॥
चहुँ वेद धरम्म जां लग अचल जाम व्यास वाणी विमल।
जसराज नंद जग मध्य लै हरिअसिंघ तां लग अचल॥३६॥

(सरस्वती भण्डार)

(१७३) हरि रस। रचयिता—ईसरदास। साइज़ ४-८×३-२ इंच। पत्र-संख्या ७२। प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ६।८ अक्षर हैं। लिपिकाल—सं० १७४४। भाषा—डिंगल। विषय—ईश-विनय।

आदि—

दोहा

पहलो नांम प्रमेसर जिण जग मंडीयो जोय॥
नर मूरप समझै नहीं करता करै स होय॥१॥

अन्त—

श्री हरिरस ईसर कर्‌यो श्लोक तीन सौ साठ ॥
मुकति लहै हरि प्रीतसुं जो नित करवे पाठ ॥

(सरस्वती भण्डार)

(१७४) हय दर्पण। रचयिता—अज्ञात। साइज ६×४-६ इंच। पत्र-संख्या ३६। लिपिकाल—सं० १८२३, माह सुदी ११, सोमवार। प्रत्येक पृष्ठ पर ७ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १८।२० अक्षर हैं। इसमें घोड़ों की भिन्न २ जातियों तथा उनकी भिन्न २ बीमारियों के लक्षण और उपचार बतलाये गये हैं। पद्य-संख्या ३६८ है। यह ग्रंथ सं० १७३२ में मालवा नरेश मोहकमसिंह जी की आज्ञा से लिखा गया था। इसके रचयिता का नाम अविदित है। सिर्फ इतना ही सूचित किया गया है कि यह ग्रंथ उसने शालिहोत्र शास्त्र के आदि आचार्य पांडव कुल भूषण नकुल रचित संस्कृत के किसी अज्ञात नामा ग्रंथ के आधार पर लिखा है। रचना उपयोगी है।

आदि—

दोहा

बाणी ज्या के बदन बसी सारदा होय करि माय।
ताही के तिहुं लोक मैं वंदै सब मुनि पाय॥
संवत सत्रह सै समै ता पर बरस बतीस।
आईस मुहकमसिंह दयो महि मालव कै ईन॥
गुरु गणेस सारद सुमिरि कवि तब कीयो अरंभ।
लछिन घन उपचार तैं तुरंग काय को थंभ॥३॥

अंत—

जो लौं तुवच में विष रहै ता लौं साध्य जनाय।
विष व्यापैं जो मांस में तो असाध्य कहाय॥
बड़े वाजि कौं जै कही रिपियन कही बनाय।
तेयन की जौवालु कुं हय दरपन मत पाय॥

(सरस्वती भण्डार)

(१७५) हालां झालां रा कुँडलिया। रचयिता—ईसरदास (?)। साइज ७×३-५ इंच। पत्र-संख्या २१। लिपिकाल—सं० १६०० के लगभग। मखमली जिल्द की पुस्तकाकार प्रति है। पद्य संख्या ५३। भाषा डिंगल है। वीररस की बड़ी मार्मिक रचना है। दो-एक उदाहरण देखिये:—

हालां झालां होवसी, सीहां लाथो साथ ।
घर पैलां अपणावसी, (काय) आपणड़ी पर हाथ ॥१॥

सादूलो आपै समो, धीजो कवण गिणंत ।
हाक बिडाणी किम सहै, घण गाजिये मरंत ॥२॥

सीहण हेको सीह जण, छापर मंडै आल ।
दूध विटालण कापुरस, बोहला जणे सियाल ॥३॥

सखी अमीणा कंथ रो, औ इक बड़ो सुभाव ।
गलिहारां ढीलो बहै, ढोलाँ बागाँ राव ॥४॥

सेल घमोड़ा किम सह्या, किम सहिया गजदंत ।
कठण पयोधर लागतां, कसमस तो तूँ कंत ॥५॥

हिरणां लांबी सींगड़ी, भाजण तणो सुभाव ।
सूरां छोटी दाँतली, दे घण थट्टां घाव ॥६॥

(सज्जन-वाणी-विलास)

परिशिष्ट १

[नवज्ञात ग्रंथकारों पर टिप्पणियाँ]

(१) ईसरदास—इनका जन्म मारवाड़ राज्य के भाद्रेस नामक गाँव में सं० १५६५ में हुआ था। ये जाति के चारण थे। इनके पिता का नाम सूजो और माता का अमरबाई था। ये संस्कृत, प्राकृत, डिंगल आदि कई भाषाओं के सुज्ञाता और उच्च कोटि के कवि थे। इनके लिखे बारह ग्रंथ कहे जाते हैं जिनमें से तीन—हरिरस, गुण हरिरस और हालाँ झालाँ रा कुंडलिया—प्रस्तुत खोज में भी मिले हैं। इनकी भाषा शुद्ध डिंगल है और कविता में शान्त तथा वीर रस की प्रधानता है।

(२) कल्याणदास—ये भाट जाति के कवि मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह (प्रथम) तथा मुग़ल सम्राट शाहजहाँ के समकालीन थे। इन्होंने 'गुण गोव्यंद' नाम का ग्रंथ सं० १७०० में बनाया जिसके रचना काल का पद्य यह है—

> सतरा सै संवतां वरीप पहिलैं मैं बषाणं।
> मास चैत सुदी दसमी पुप्प रविवार प्रमाणं॥

(३) किशन जी आढ़ा—ये आढ़ा गोत्र के चारण राजपूताने के सुविख्यात कवि दुरसाजी की वंश-परंपरा में दूलह जी के बेटे और मेवाड़ के महाराणा भीमसिंह जी के आश्रित थे। इन्होंने 'भीम विलास' और 'रघुवर जस प्रकास' नामक दो ग्रंथ क्रमशः सं० १८७६ और सं० १८८१ में बनाये जो डिंगल भाषा में हैं। किशनजी अच्छे इतिहासवेत्ता और डिंगल-पिंगल के प्रतिभाशाली कवि थे। इनकी कविता प्रौढ़ और भाषा-शैली सरस है।

(४) किशोरदास—ये दसौंदी शाखा के भाट कवि मेवाड़ के महाराणा राजसिंह के आश्रित थे। इन्होंने 'राज प्रकाश' नाम का ग्रंथ सं० १७१६ में बनाया जिसमें उक्त महाराणा के राज्य-प्रबंध, वैभव आदि का अत्यंत रोचक और कवित्वपूर्ण शैली में वर्णन किया गया है। इसकी भाषा डिंगल है। ग्रंथ में अधिकतः कवि की आँखों देखी घटनाओं का वर्णन है और इसलिये यह इतिहास की दृष्टि से भी महत्व का है।

(५) कुशलधीर—ये खरतरगच्छीय जैन साधु जिनमाणिक्य सूरि की शिष्य-परंपरा में कल्याणलाभ के शिष्य थे। इन्होंने राठोड़ पृथ्वीराज कृत 'वेलिक्रिसन

रुक्मणी री' और केशवकृत 'रसिक प्रिया' की टीकाएँ लिखीं जिनका रचना काल क्रमशः सं० १६६६ और सं० १७२७ है। बहुत उच्च कोटि के विद्वान् और कवि थे।

(६) कुशललाभ—ये जैन कवि जैसलमेर के रावल् हरराज के समकालीन और आश्रित थे। इनका कविता-काल सं० १६१७ है। उक्त रावलजी के कहने से इन्होंने राजस्थान के प्रसिद्ध प्रेम गाथात्मक काव्य 'ढोला मारू रा दूहा' में स्थान-स्थान पर स्वरचित चौपइयाँ जोड़कर उसके कथा-सूत्र को मिलाया था। इसके सिवा इनका लिखा 'माधवानल-कामकंदला' नामक एक दूसरा ग्रंथ भी राजस्थान-गुजरात में बहुत प्रचलित है।

(७) केसौराय—मिश्रबंधु विनोद में इस नाम के पाँच व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है, पर ये उन सब से भिन्न कोई नये ही कवि प्रतीत होते हैं। ये कन्नौज-निवासी जाति के कायस्थ थे। इनके पिता का नाम नीलकंठ था। विक्रमादित्य नामक कहीं के राजा के आग्रह से इन्होंने 'रुक्मिणी मंगल' नामक एक ग्रंथ सं० १७५० में मथुरा में बैठकर बनाया था। रुक्मिणी मंगल के सिवा इनका एक और ग्रंथ 'केसौ सागर' भी मिला है। यह इनकी फुटकर कविताओं का संकलन है। दोनों ग्रंथों की कविता बहुत प्रौढ़, मार्मिक एवं काव्य-लालित्य से ओतप्रोत है और इनके आधार पर केसौराय की गणना भी हिन्दी के मतिराम, पद्माकर आदि गण्य-मान्य कवियों की श्रेणी में आसानी से की जा सकती है।

(८. खेतसी—ये साँदू शाखा के चारण कवि जोधपुर के महाराजा अभयसिंह के आश्रित थे। इन्होंने महाभारत के १८ पर्वों का अनुवाद डिंगल भाषा में किया जिसका नाम 'भाषा भारथ' है। यह ग्रंथ, जैसा कि अधोलिखित छप्पय से प्रकट होता है, सं० १७६० में पूरा हुआ था:—

सतर मैं सामंत बरस नेउवै बसेपख।
कवि मुष रखे करी कथ भारथ संपूरण॥
वैसाषह वदि विवध तिथ एकम आलोकत।
सोमवार निरधार मिरत रित राव स चाइत॥

उतरांघ मांय वरनन प्रथम दिस दिखण विचारि उर।
कवि सीह परम महिमा कही कुर पंडव क्रम जुत दुकर॥

खेतसी बहुत उच्च कोटि के विद्वान् और प्रतिभावान् कवि थे। इनका 'भाषा भारथ' डिंगल साहित्य का एक अद्वितीय ग्रंथ है। कविता में ये अपना नाम 'सीह' लिखा करते थे।

(९) गणेशदास—ये वल्लभ-संप्रदाय के कवि मेवाड़ राज्य के बागोर ठिकाने में किसी मन्दिर के पुजारी थे। इनका आविर्भाव काल सं० १८२० है। इनका लिखा 'सुदामा चरित्र' नामक एक छोटा सा ग्रंथ मिला है। रचना मधुर है।

(१०) गरीबगिर—इनका 'जोग पावड़ो' नामक ग्रंथ मिला है। इसमें इन्होंने अपने विषय में कुछ भी नहीं लिखा। कोई गोरख पंथी साधु प्रतीत होते हैं। रचना सरस है।

(११) जल्ह—इनके 'बुद्धिरासौ' नामक ग्रंथ की सं० १७०४ की लिखी हुई एक हस्तलिखित प्रति मिली है। इसमें इन्होंने न तो अपना वंश-परिचय दिया है और न इसका रचना काल लिखा है। श्रीयुत अगरचंद नाहटा ने अपने 'ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह' में इसी नाम के एक जैन कवि की कविता का थोड़ा सा अंश उद्धृत किया है जो सं० १६२५ का लिखा हुआ है। यदि ये दोनों व्यक्ति एक ही हों तो 'बुद्धिरासौ' का रचना काल भी सं० १६२५ ठहरता है। लेकिन इस विषय में निश्चित रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता। क्योंकि दोनों की भाषा-शैली में बहुत अंतर है।

जल्ह की भाषा अपभ्रंश मिश्रित हिंदी और रचना काव्य-कलापूर्ण है। 'बुद्धि-रासौ' में से थोड़ा सा अंश और हम नीचे उद्धृत करते हैं। इसमें जलधितरंगिनी के रूप-सौन्दर्य्य का वर्णन किया गया है:—

इति प्रतिवाद मधु-माधव आये। जागि भमरि पीय भमर जगाये ॥
सुनि कोकिल कलिरव कल सुखी। इन सुप विलसि वसंत सुलखी ॥१३२॥
घरि घरि कुसुम वास अरविंदा। अलि लुटहिं अहि निशि तजि न्यंदा ॥
जंलधितरंगनि कीन बनंदा। कीये षोडस जानु पूरण चंदा ॥१३३॥
चंदमुखी मुख चंद कीयं। चखि कज्जल अंबर हार लीयं ॥
घण घंटघि छिद्र नितंब भरै। मयमत्त सुधा मनमछ करै ॥१३४॥
अति अधि तंबोल अमोल मुखं। अहिलोक सु अछर कौण सुखं ॥
कुच ढंकति कंचु कसी कसीये। जुग भोर जुरे मनमछ भये ॥१३५॥
घन जंघनि कंचन रंभ बनी। पहिरंति पटंबर अंग तणी ॥
धप भू अति वंक निसंक खरै। बिच बांण कटाछिन प्राण हरै ॥१३६॥
कर कंकण अंकण जाधि नही। भिहि जानु गुहे भुज पल यही ॥
पर हंस विराजन हंस वनी। तप छंडहि जोगेन्द्र ती सद सुनी ॥१३७॥
परयावलि वेस विभाप अंगे। कदली दल जांनि कसुंभ रंगे ॥
धनि टाढीय अंगनि आपि खरी। रप संचि रह्यौ रति एक घरी ॥१३८॥

(१२) जवानसिंह—ये मेवाड़ के महाराणा भीमसिंह के पुत्र थे और इनके बाद सं० १८८५ में मेवाड़ की गद्दी पर बैठे थे। इनका जन्म सं० १८५७ में हुआ था। कवि-कोविदों के आश्रयदाता और स्वयं भी बहुत अच्छे कवि थे। ग्रंथ तो इन्होंने कोई नहीं लिखा पर फुटकर कवित्त, सवैया, पद, दोहा आदि प्रचुर मात्रा में लिखे हैं जिनमें भक्ति-शृंगार की प्रधानता है। इनकी भाषा ब्रजभाषा है। कविता मधुर और मौलिकतापूर्ण है।

(१३) जसविजय—इनका 'समाधि तंत्र' नामक ग्रंथ प्राप्त हुआ है। इसमें इनका कुछ भी इतिवृत्त नहीं मिलता। अनुमान से कोई निरंजनी साधु प्रतीत होते हैं।

(१४) जान—ये मुसलमान जाति के कवि मुग़ल सम्राट शाहजहाँ के समय में जयपुर राज्य के फतहपुर परगने के नवाब थे। इनका असली नाम अलफखां था। लेकिन कविता में अपना उपनाम 'जान' लिखा करते थे। इनके पिता का नाम मुहम्मदखां और दादा का ताजखां था। इनका 'रस मंजरी' नामक ग्रंथ मिला है जो सं० १७०६ में लिखा गया था। यह इसी नाम के किसी संस्कृत ग्रंथ का भाषान्तर है। इसके सिवा इनके रचे चार और ग्रन्थों का भी पता है—रत्नावली, सतवंती-सत, मदन-विनोद और कवि वल्लभ। ये ग्रंथ जयपुर के प्रसिद्ध विद्वान् हरि-नारायण जी पुरोहित, बी० ए० के पुस्तकालय में सुरक्षित हैं।

(१५) जोगीदास—ये मेवाड़ राज्य के देवगढ़ ठिकाने के आश्रित कवि जाति के चारण थे। इन्होंने 'हरि-पिंगल-प्रबंध' नामक छंदशास्त्र का एक ग्रन्थ डिंगल भाषा में बनाया जिसके रचना काल का दोहा यह है:—

संवत सतर इकबीस में कातिक सुभ पप चंद।
हरि पिंगल हरिचंद जस वणियो पीर समंद॥

'हरि-पिंगल-प्रबंध' के अंतिम भाग में जोगीदास ने अपने आश्रयदाता हरिसिंह जी की बड़े ऊँचे शब्दों में प्रशंसा की है और लिखा है कि यह ग्रंथ उसने उन्हीं के कहने से बनाया, और इसलिये इसका नामकरण भी उन्हीं के नाम से हुआ है। इसके सिवा इस ग्रंथ की उपलब्ध हस्तलिखित प्रति, जो ग्रंथ-निर्माण से चार वर्ष बाद (सं० १७२५) की लिखी हुई है, की पुष्पिका में भी यही बात दुहराई गई है। लेकिन डा० गौरीशंकर-हीराचंद ओझाकृत राजपूताने के इतिहास में देवगढ़वालों का जो वंश-क्रम दिया गया है उसमें हरिसिंह का नाम ही नहीं है। अतः स्पष्ट है कि देवगढ़ ठिकाने की गद्दी पर इस नाम का कोई व्यक्ति आज तक हुआ ही नहीं

सं० १७२१ में जिस समय यह ग्रन्थ लिखा गया था उस समय गोकुलदास (पहले) देवगढ़ के स्वामी थे। अनुमान होता है, यह ग्रंथ देवगढ़ के अधिपति के आश्रय में नहीं, बल्कि उनके हरिसिंह नामक किसी निकटतम संबंधी के आश्रय में लिखा गया है और हरिसिंह के नाम के आगे 'अधिपति,' 'महाराजाधिराज' आदि पदवियों का जो प्रयोग किया गया है उसका कोई खास मूल्य नहीं, वह चारणों की अत्युक्ति-पूर्ण परंपरागत काव्य-शैली का अनुकरण मात्र है।

भाषा, कविता, विषय आदि सभी दृष्टियों से 'हरि पिंगल प्रबंध' एक बहुत सफल रचना है। इसकी भाषा बहुत मंजी हुई और कविता भावपूर्ण है।

(१६) तत्त्ववेत्ता—ये निर्बाक संप्रदाय के संत मारवाड़ राज्य के जैतारण नगर के निवासी और जाति के छैन्याती ब्राह्मण थे। इनके असली नामका पता नहीं है। 'तत्त्ववेत्ता' इनका उपनाम था। ये सुकवि और चमत्कारी महात्मा थे। अपने पीछे सैकड़ों ही शिष्य छोड़कर गोलोकवासी हुए जिनमें से तीन-चार की गद्दियाँ आज भी अजमेर, जयपुर, जैतारण आदि विभिन्न स्थानों में चल रही हैं। इनका आवि-र्भाव काल सं० १५५० के लगभग है।

(१७) दाम—इनके विषय में कुछ भी ज्ञात नहीं है। इनका 'मदनसतक' नामक एक ग्रंथ मिला है। भाषा-शैली से कोई राजपूताने के ही कवि प्रतीत होते हैं।

(१८) देवकरण—ये कायस्थ जाति के कवि मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह (दूसरे) के दीवान थे। इनके पिता का नाम हरनाथ और दादा का महीदास था। संवत १८०३ में इन्होंने 'वाराणसी विलास' नाम का एक बहुत बड़ा और उच्च कोटि का ग्रंथ 'वाराह-पुराण' के काशी खंड के आधार पर लिखा था:—

> आश्विन कृष्णा अनंग तिथि अठारह सैं तीन।
> उदयपुर शुभ नगर में उपज्यौ ग्रंथ नवीन॥

देवकरण हिन्दी-संस्कृत के अच्छे विद्वान् और प्रतिभाशाली कवि थे। 'वाराणसी विलास' में इन्होंने कई प्रकार के छंदों का प्रयोग किया है और विषय के अनुसार छंदों के बदलने में भी अच्छी पटुता प्रदर्शित की है। इनकी भाषा व्रज-भाषा है। कविता प्रौढ़, कर्णमधुर और सद्भावोत्पादक है।

(१९) देवीदास—ये अरगल के यदुवंशी राजा अनूपराय के आश्रित कवि जाति के सनाढ्य ब्राह्मण थे। इनके पिता का नाम गंगादास था जिनके पाँच पुत्रों में ये सबसे छोटे थे। अपने आश्रयदाता अनूपराय के कहने से इन्होंने 'अनूप

कृष्ण चंद्रिका' नामक एक ग्रन्थ लिखना प्रारंभ किया जो सं० १७३१ में पूरा हुआ था:—

संवत सत्रह सै वरस इकतीसा में मुख्य ।
माघ शुक्ल त्रयोदशी योग बन्यौं गुर पुष्य ॥

यह ग्रन्थ इन्होंने सागरपुर में बैठकर लिखा था। जब यह पूरा होगया तब इसे लेकर ये अरगल गये और अपने आश्रयदाता महाराज अनूपसिंह को पढ़कर सुनाया। सुनकर वे बहुत खुश हुए और प्रचुर धन-सम्पत्ति तथा तीन गाँव देकर उन्होंने इनकी प्रतिष्ठा बढ़ाई। इन सब बातों का सविस्तर वर्णन कवि ने अपने इस ग्रंथ के आदि में किया है।

'अनूप कृष्ण चन्द्रिका' में भगवान् श्री कृष्ण की विविध लीलाओं का सरस वर्णन है। इसकी भाषा ब्रजभाषा है और कविता-शैली से देवीदास का एक सिद्धहस्त कवि होना सूचित होता है।

(२०) नंदराम—ये मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह (दूसरे) के आश्रित कवि जाति के ब्राह्मण थे। इनके 'शिकार भाव' और 'जगविलास' नाम के दो ग्रंथ मिले हैं जो क्रमशः सं० १७१० और स० १८०२ में लिखे गये थे। 'शिकार भाव' में महाराणा जगतसिंह की शिकार का और 'जगविलास' में उनकी दिनचर्या, राज्य-वैभव तथा जग-निवास महल की प्रतिष्ठा आदि का सविस्तर वर्णन है। ये दोनों ग्रन्थ ब्रजभाषा में हैं और साहित्यिक दृष्टि से उच्च कोटि के होने के साथ साथ इतिहास की दृष्टि से भी बड़े महत्व के हैं।

(२१) नरवदो—इनका रचनाकाल सं० १८२२ से पहले है। ये जाति के चारण थे। इनका 'राजा रिसालू री वात' नामक ग्रन्थ मिला है। इसकी भाषा बोलचाल की राजस्थानी है। रचना मार्मिक है।

(२२) नवनीतराय—इनका 'रसप्रकाश' नामक एक ग्रन्थ मिला है जो ब्रजभाषा में है। यह सं० १७८२ में लिखा गया था। रचनाकाल का दोहा यह है:—

सत्रह सै संवत समै वरष बयासी सुद्‌ ।
सित पछु माघव मास को दसमी वार सु बुद्‌ ॥

(२३) परशुराम देव—ये निम्बार्क संप्रदाय के संत थे। इनकी गणना उक्त सम्प्रदाय के प्रमुख आचार्यों में होती है। इनका जन्म जयपुर राज्यान्तर्गत किसी पंच-गौड़ ब्राह्मण कुल में हुआ था। ये हरिव्यासदेव जी के चेले थे। इनका 'परशुरामसागर' मिला है जो इनके छोटे-बड़े २२ ग्रन्थों तथा ७५० के लगभग

फुटकर कविताओं का संग्रह है। इसमें इनका एक ग्रन्थ 'विप्रमति' भी सम्मिलित है जिसके अंत में उसका रचना काल सं १६७७ लिखा हुआ है। अतः इसके आधार पर इनका कविता काल सं० १६७५ निश्चित होता है। परशुराम देव जी की भाषा राजस्थानी मिश्रित व्रजभाषा है। कविता अर्थ गौरवपूर्ण और सामान्य रूप से सरस है।

(२४) पृथ्वीराज—ये सॉंदू शाखा के चारण थे। इन्होंने 'अभय-विलास' नामका एक ग्रन्थ जोधपुर के महाराजा अभयसिंह (राज्यकाल सं० १७८१-१८०६) के आश्रय और समय में बनाया जिसमें उनके वीरोचित कार्यों और शौर्य-पराक्रम का बड़ा सजीव वर्णन किया गया है। ग्रन्थ की भाषा डिंगल है। वीररस की बड़ी प्रौढ़ रचना है।

(२५) प्रतापसिंह—इनका आविर्भाव काल सं० १५४० है। इन्होंने 'चंद कुंवर री वात' नामक ग्रन्थ लिखा जिसकी भाषा बोलचाल की राजस्थानी है।

(२६) फतहराम—इनका आविर्भाव काल सं० १८५० है। ये मेवाड़ राज्य के आर्ज्या ग्राम के निवासी और जाति के वैरागी साधु थे। इनके पिता का नाम बालकृष्ण और दादा का गोवर्धनदास था। राजस्थानी भाषा के अच्छे कवि और गद्य लेखक थे।

(२७) बादर—ये जाति के ढाढ़ी थे। इनका रचनाकाल पंद्रहवीं शताब्दी विक्रमीय है। इन्होंने 'निर्मॉणी वीरमाण री' नाम का एक ग्रन्थ लिखा जिसमें मारवाड़ के राव वीरमजी की वीरता का बड़ा सजीव वर्णन किया गया है। यह ग्रन्थ डिंगल भाषा में है। कविता बहुत सबल और ओजस्विनी है।

(२८) बालकराम—इनका रचनाकाल सं० १८०० से १८२० तक है। ये राजस्थान के प्रसिद्ध महात्मा संतदास (दांतडावाले) की शिष्य परंपरा में मीठाराम के चेले थे। इन्होंने नाभादास के भक्तमाल की टीका लिखी जिसके अंतिम छंद में अपना परिचय इस प्रकार दिया है:—

> नारायण अंग धरा ईंद राय घति राव
> ताकी पद्धति में रामानुज प्रतिकाम है।
> तास पद्धति में रामानंद ताकी पौत्र शिष्य
> श्री पैहारी की प्रनाली में भयौ संतदास है॥
> ताही को बालकदास तास प्रेम जाकी खेम
> खेम को प्रह्लाददास मिष्टराम तास है।

मिश्राम जू को सिष्य सौ बालकराम रची
टीका भक्तदामगुण चित्रनी प्रकास है।

बालकराम की यह रचना कहने मात्र को नाभाजी के भक्तमाल की टीका है। वास्तव में इसे एक स्वतन्त्र ग्रन्थ ही समझना चाहिये। इसकी भाषा व्रजभाषा है, जिसपर राजस्थानी का भी थोड़ा सा रंग लगा हुआ है। कविता बहुत सरस और प्रवाहयुक्त है।

(२६) बालकृष्ण—इनका रचनाकाल अनुमान से सं० १८२० के लगभग है। विशेष वृत्त ज्ञात नहीं है। इनकी 'सुदामा चरित्र' नाम की एक रचना प्राप्त हुई है जिसमें द्वारका में श्रीकृष्ण-सुदामा के मिलन की कथा का वर्णन है। इनकी भाषा व्रजभाषा और कविता बहुत प्रौढ़ एवं व्यवस्थित है। कोई प्रतिभावान् कवि प्रतीत होते हैं। इनकी कविता के दो-एक उदाहरण हम नीचे देते हैं:—

(सवैया)

अवलोक दसा दुज की बरनारि करै मनुहारि महामति हैं।
तुम दीनन तें अति दीन खरे हरि दीन दयाल सुनै अति हैं॥
अघ भंजन आपदा गंजन हैं तहाँ जात हो दारिद कों हति हैं।
कहतें हिय कंपति हैं पति हे ! सुख संपति के पति श्रीपति हैं।

(कवित्त)

गहगहे गहन रसाल जाल जंबु ताल
विविध तमाल लता लखित अपार हैं।
कोकिल कपोत कीर चात्रिक चकोर मोर
डोलैं राजहंस कलहंसन के लार हैं॥
सीतल समीर मिलि सुमन सुगंधनि सौं
मोदन दिगंत अलि करत विहार हैं।
द्वारिका के जात कृज दुज के भगाने सूल
फूले फूले डार भये फूलन के भार हैं।

(३०) भद्रसेन—ये खरतरगच्छीय जैन साधु थे। इन्होंने 'चंदन मलियागिर री वात' नामक ग्रन्थ बीकानेर में लिखा जिसमें चंदन और मलियागिर की प्रेम-कथा वर्णित है। इनका रचना काल सं० १६७५ के लगभग है।

(३१) भान—इनकी 'संकट हरण' नाम की एक बहुत मार्मिक रचना मिली है। लेकिन इससे इनके व्यक्तिगत जीवन के विषय की किसी भी बात का पता नहीं लगता। दुर्भाग्य से उक्त ग्रन्थ की जो हस्तलिखित प्रति प्राप्त हुई है उसमें उसके

लेखन-काल का निर्देश भी नहीं है। ऐसी हालत में इनके रचना काल का अनुमान लगाना भी बहुत कठिन है। भांन की भाषा राजस्थानी मिश्रित व्रजभाषा तथा कविता भक्तिपूर्ण, सरस एव हृदयस्पर्शी है। मिश्रबन्धु विनोद में इसी नाम के एक कवि (नं० ६८१) का उल्लेख हुआ है, पर भाषा-शैली से ये उनसे भिन्न ज्ञात होते हैं। इनकी कविता का थोड़ा सा अंश हम यहाँ देते हैं। प्रसंग द्रौपदी चीर हरण का है:—

अंतरजामी आज वाहर करौ विस्वंभरा।
अबला कीन अवाज सुनत पधारौ स्याम जू॥
केसव तो बिन कौंन कर जोरे तासूँ कहूँ।
भूधर छांडो भौन धावो गोवरधन धरन॥
बोहो नामी व्रजराज हूं सेवक हरि चरन की।
लछमीवर मो लाज राखो तुम राधारमन॥
कांन तुम्हारे कान बेर परी किधुं नींद वस।
भये निबल भगवान परी वाट किधुं प्रीति की॥
निठुर भये हो नाथ तजो विरद किधुं तारिवां।
हरि आयुद ले हाथ आवो क्यों न अनंत जू॥

कहै द्रोपती पुकार सुनों कान दे मुरार
दुस्यासन गहे वार मेरी लेत लाज है।
संतन की जदुवीर संकट में करी भीर
मेरी वेर धीर कैसे करी व्रजराज है॥
नाहीं करत सहाय तुम्हें लागी वाय
कहै और आह. ग्राह तुम्हें नहीं दाज है।
अहूँ लोक वासी भांन करी हैं तो हांसी जान
लाज प्रांन गयें प्रभु आवनो अकाज है॥

(३२) मदनेश—ये मेवाड़ के महाराणा सज्जनसिंह जी के आश्रित थे। इनका 'सज्जन प्रकाश' नामक एक ग्रन्थ मिला है जिसकी रचना-काल सं० १६३४ है। इनकी कविता साधारणतः अच्छी है, पर कोई खास चमत्कार दिखाई नहीं देता।

(३३) माधौदास—इनका कविता-काल सं० १६६४ है। ये दधिवाड़िया गौत्र के चारण थे। इन्होंने 'रामरासौ' नामक एक बहुत बड़ा ग्रंथ डिंगल भाषा में बनाया जिसमें भगवान् श्री रामचन्द्र की कथा बड़े विस्तार के साथ वर्णित है।

(३४) माधौदास—इनका रचा 'गज मोष' नाम का एक छोटा सा ग्रन्थ प्राप्त हुआ है। लेकिन इससे इनके वंश, रचनाकाल आदि के विषय में कुछ भी ज्ञात

नहीं होता। इनकी भाषा डिंगल-पिंगल का मिश्रण और कविता सरस है। ये उपरोक्त माधौदास से भिन्न हैं।

(३५) माधौदास—इनका एक ग्रन्थ 'वन परिक्रमा' मिला है। इसकी अंतिम पंक्ति में इन्होंने अपने गुरू का नाम हरिदास बतलाया है। विशेष वृत्त ज्ञात नहीं है। रचना साधारण है। ये उपरोक्त दोनों मधौदासों से भिन्न कोई तीसरे ही व्यक्ति हैं।

(३६) मारकंडेलाल—ये गाजीपुर के निवासी थे। मेवाड़ के महाराणा सज्जनसिंह जी की आज्ञा से इन्होंने 'सज्जन विनोद' नामक एक रीति ग्रन्थ सं० १६३१ में बनाया था। इसकी भाषा व्रजभाषा है। कविता सरस है। एक उदाहरण देखिये:—

(सवैया)

ब्याहई बाल विदा होइ कै गृह आई मनोज की सुन्दर बेली।
चूंदरी चारु हरी अंगियां न कहूं कहूँ आंगन माह अकेली॥
त्यों चिरजीव विलोकत प्रीत में कांपी उठी उर माह नवेली।
जानि कै सीत जलाय कै आग समीप धरी ललनै अलबेली॥

(३७) मुरली—ये मेवाड़ राज्य के कोठारिया ठिकाने के स्वामी रावत उदयभान के आश्रित थे। इनके लिखे दो ग्रन्थ मिले हैं—'त्रिया विनोद' और 'अश्वमेध यज्ञ'। लेकिन इनसे इनके व्यक्तिगत जीवन के विषय में कुछ भी मालूम नहीं होता, सिर्फ इतना ही सूचित होता है कि 'त्रिया-विनोद' को इन्होंने रावत उदयभान के कहने से सं० १७६३ में और 'अश्वमेध-यज्ञ' को मेवाड़ के महाराणा जयसिंह की आज्ञा से सं० १७५५ में बनाया था। ये दोनों ग्रंथ राजस्थानी मिश्रित व्रजभाषा में हैं। कविता शैली भी दोनों की समान रूप से मधुर और रोचक है।

(३८) रघुराम—इनका रचना काल सं० १७५७ है। ये अहमदाबाद के निवासी जाति के नागर ब्राह्मण थे। मिश्रबंधु विनोद में इनका रचना काल सं० १७०१ बतलाया गया है, जो ग़लत है। अपने रचे 'सभासार' में इन्होंने अपना परिचय इस प्रकार दिया है:—

दिस पस्यम गुर्जर सुधर, सहर अहमदाबाद।
भू पर के सब नगर सर, ऊपर मंडित बाद॥
ता मधि सागरपुर सुभग, सुखदायक सब धाम।
नागर विप्र सुसंग मति, कवि पद रज रघुराम॥
सत्रै सै सतावनां, चैत्र तीज गुरुवार।
पप उज्जल उज्जल सुमति, कवि किय ग्रंथ विचार॥

'सभासार' रघुराम की नीति, उपदेश आदि विभिन्न विषयों की फुटकर कविताओं का संकलन है जिनसे इनके ऊँचे काव्य-कौशल, पैनी दृष्टि और भावुकता का पता लगता है। फूटे ढोल के साथ अस्थिर चित्त मनुष्य की तुलना देखिये:—

(कवित्त)

एक सौं कहत जात एक को विसरि जात
साँझ के विचार और और प्रभात हैं।
जासूँ तासूँ बात सब अंतर की कहै देत
रीझ खीझ एक है न और से जनात हैं॥
जोही भरमावे ताकी बातें सब मानत है
कहत बुराई तासौं अति ही डरात हैं।
बोलत है जेते बोल ऐते सब सोल पोल
ऐसी विधि फूटे ढोल तें नर कहात हैं॥

(३६) रसिकराय—इनके रचे दो ग्रंथ 'रास-विलास' और 'सनेह लीला' मिले हैं। 'रास-विलास' में भगवान् श्रीकृष्ण और गोपियों की रास-क्रीड़ा का वर्णन है। यह सं० १७५५ में लिखा गया था। 'सनेह लीला' में ऊधव-गोपी संवाद है। इसमें इसका रचनाकाल दिया हुआ नहीं है। ये दोनों ग्रंथ ब्रजभाषा में हैं।

(४०) रामराय—इनका जीवन-वृत्त अज्ञात है। मिश्रबन्धु-विनोद के कवि नं० ६२२ अथवा ७४८/२ में से कोई हो सकते हैं। इनकी भाषा ब्रजभाषा है। कविता मधुर है।

(४१) लब्धोदय—ये खरतरगच्छीय जैन साधु जिनमाणिक्य सूरि की परंपरा में ज्ञानराज गणि के शिष्य थे। इन्होंने 'पद्मिनी चरित्र' नामक एक ग्रंथ सं० १७०७ में मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह के समय में बनाया जिसकी भाषा गुजराती मिश्रित बोलचाल की राजस्थानी है। इसमें प्रसंगानुसार प्रायः नवों रसों का समावेश हुआ है और कविता भी साधारणतः अच्छी है।

(४२) लछीराम—इनका एक ग्रंथ 'करुणा भरण नाटक' मिला है। इसके अंत में इन्होंने अपने को कवीन्द्राचार्य्य सरस्वती का शिष्य होना बतलाया है। कवीन्द्राचार्य्य सरस्वती मुगल सम्राट शाहजहाँ (शासन-काल सं० १६८४-१७१६) के समकालजीवी थे। अतः अनुमान से यही समय लछीराम का भी निश्चित होता है। मिश्रबंधुओं ने इनके उक्त ग्रंथ का नाम 'करुणा नाटक' और इनका कविता काल सं० १७६१ लिखा है, जो अशुद्ध है।

नहीं होता। इनकी भाषा डिंगल-पिंगल का मिश्रण और कविता सरस है। ये उपरोक्त माधौदास से भिन्न हैं।

(३५) माधौदास—इनका एक ग्रन्थ 'वन परिक्रमा' मिला है। इसकी अंतिम पंक्ति में इन्होंने अपने गुरु का नाम हरिदास बतलाया है। विशेष वृत्त ज्ञात नहीं है। रचना साधारण है। ये उपरोक्त दोनों मधौदासों से भिन्न कोई तीसरे ही व्यक्ति हैं।

(३६) मारकंडेलाल—ये गाज़ीपुर के निवासी थे। मेवाड़ के महाराणा सज्जनसिंह जी की आज्ञा से इन्होंने 'सज्जन विनोद' नामक एक रीति ग्रन्थ सं० १९३१ में बनाया था। इसकी भाषा ब्रजभाषा है। कविता सरस है। एक उदाहरण देखिये:—

(सवैया)

ब्याहई बाल विदा होइ कै गृह आई मनोज की सुन्दर वेली।
चूंदरी चारु हरी अंगियां न कहै कवौं आंगन माह अकेली॥
त्यों चिरजीव विलोकत शीत में कांपी उठी उर माह नवेली।
जानि कै सीत जलाय कै आग समीप धरी ललनै अलवेली॥

(३७) मुरली—ये मेवाड़ राज्य के कोठारिया ठिकाने के स्वामी रावत उदयभान के आश्रित थे। इनके लिखे दो ग्रन्थ मिले हैं—'त्रिया विनोद' और 'अश्वमेध यज्ञ'। लेकिन इनसे इनके व्यक्तिगत जीवन के विषय में कुछ भी मालूम नहीं होता, सिर्फ इतना ही सूचित होता है कि 'त्रिया-विनोद' को इन्होंने रावत उदयभान के कहने से सं० १७६३ में और 'अश्वमेध-यज्ञ' को मेवाड़ के महाराणा जयसिंह की आज्ञा से सं० १७५५ में बनाया था। ये दोनों ग्रंथ राजस्थानी मिश्रित ब्रजभाषा में हैं। कविता शैली भी दोनों की समान रूप से मधुर और रोचक है।

(३८) रघुराम—इनका रचना काल सं० १७५७ है। ये अहमदाबाद के निवासी जाति के नागर ब्राह्मण थे। मिश्रबंधु विनोद में इनका रचना काल सं० १७०१ बतलाया गया है, जो ग़लत है। अपने रचे 'सभासार' में इन्होंने अपना परिचय इस प्रकार दिया है:—

दिम पश्चम गुर्जर सुधर, सहर अहमदाबाद।
भू पर के सब नगर भर, ऊपर मंडित याद॥
ता मधि सागरपुर सुभग, सुखदायक सब धाम।
नागर विप्र सुसंग मति, कवि पद रज रघुराम॥
सत्रै सै सत्तावनों, चैत्र तीज गुरुवार।
पप उज्जल उज्जल सुमति, कवि किय ग्रंथ विचार॥

'सभासार' रघुराम की नीति, उपदेश आदि विभिन्न विषयों की फुटकर कविताओं का संकलन है जिनसे इनके ऊँचे काव्य-कौशल, पैनी दृष्टि और भावुकता का पता लगता है। फूटे ढोल के साथ अस्थिर चित्त मनुष्य की तुलना देखिये:—

(कवित्त)

एक सों कहत जात एक को विसरि जात
साँझ के विचार और और प्रभात हैं।
जासूँ तासूँ बात सब अंतर की कहै देत
रीझ खीझ एक है न और से जनात हैं॥
जोही भरमावे ताकी बातें सब मानत है
कहत बुराई तासों अति ही डरात हैं।
बोलत है जेते बोल ऐते सब सोल पोल
ऐसी विधि फूटे ढोल तें नर कहात हैं॥

(३९) **रसिकराय**—इनके रचे दो ग्रंथ 'रास-विलास' और 'सनेह लीला' मिले हैं। 'रास-विलास' में भगवान् श्रीकृष्ण और गोपियों की रास-क्रीड़ा का वर्णन है। यह सं० १७५५ में लिखा गया था। 'सनेह लीला' में ऊधव–गोपी संवाद है। इसमें इसका रचनाकाल दिया हुआ नहीं है। ये दोनों ग्रंथ ब्रजभाषा में हैं।

(४०) **रामराय**—इनका जीवन-वृत्त अज्ञात है। मिश्रबन्धु-विनोद के कवि नं० ६२२ अथवा ७४८/२ में से कोई हो सकते हैं। इनकी भाषा ब्रजभाषा है। कविता मधुर है।

(४१) लब्धोदय—ये खरतरगच्छीय जैन साधु जिनमाणिक्य सूरि की परंपरा में ज्ञानराज गणि के शिष्य थे। इन्होंने 'पद्मिनी चरित्र' नामक एक ग्रंथ सं० १७०७ में मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह के समय में बनाया जिसकी भाषा गुजराती मिश्रित बोलचाल की राजस्थानी है। इसमें प्रसंगानुसार प्रायः नवों रसों का समावेश हुआ है और कविता भी साधारणतः अच्छी है।

(४२) **लछीराम**—इनका एक ग्रंथ 'करुणा भरण नाटक' मिला है। इसके अंत में इन्होंने अपने को कवीन्द्राचार्य्य सरस्वती का शिष्य होना बतलाया है। कवीन्द्राचार्य्य सरस्वती मुगल सम्राट शाहजहाँ (शासन-काल सं० १६८४-१७१६) के समकालजीवी थे। अतः अनुमान से यही समय लछीराम का भी निश्चित होता है। मिश्रबंधुओं ने इनके उक्त ग्रंथ का नाम 'करुणा नाटक' और इनका कविता काल सं० १७६१ लिखा है, जो अशुद्ध है।

(४३) लालदास—इनका कुछ भी इतिवृत्त ज्ञात नहीं हो सका है। लेकिन इनके 'भय चिंतामणि' नामक ग्रंथ की जो हस्तलिखित प्रति प्राप्त हुई है वह सं० १७२४ की लिखी हुई है और इसलिए इनका रचना काल उक्त संवत् के पहले होना स्पष्ट है। मिश्रबन्धु विनोद में इसी नाम के दो कवियों (नं० १११/१ और नं० १४६) का सं० १७२४ से पहले होना बतलाया गया है। ये लालदास उन दोनों में से कोई एक हैं अथवा तीसरे ही, इसपर विचार करने का कोई आधार हमारे पास नहीं है। लेकिन 'भय चिंतामणि' के विषय को देखते हुए ये मिश्रबंधु-विनोद के लालदास स्वामी (नं० १११/१) प्रतीत होते हैं जिनका रचना-काल सं० १६१० माना गया है। लेकिन यह हमारा अनुमान ही अनुमान है। रचना साधारण है।

(४४) वीरभद्र—इनका लिखा 'व्रजलीला' नामक एक ग्रन्थ प्रस्तुत खोज में मिला है। मिश्रबंधु-विनोद में भी इसी नाम के एक कवि (नं० १३०१/१) का नामोल्लेख हुआ है जिसका रचनाकाल सं० १८८७ के पूर्व माना गया है। अनुमान होता है, ये दोनों कवि एक ही हैं।

(४५) शिवदास—इनके माता-पिता वंश आदि के विषय में कुछ भी ज्ञात नहीं है। इन्होंने 'रस सरस' नाम का एक बहुत उच्च कोटि का रीति ग्रंथ बनाया जो सं० १७६४ में पूरा हुआ था:—

सत्रह से चौरानवे, संवत सुभ वैशाष।
भयो ग्रंथ पूरन सुं यह छठ ससि बुध सित पाष॥

यह ग्रंथ इन्होंने आगरे के किसी कवि समाज के आग्रह से लिखा था और इसके प्रणयन में इन्हें प्रवीण कवि की सम्मति तथा सूरतराम की सहायता प्राप्त हुई थी। रचना बहुत सरस, प्रौढ़ और परिमार्जित है।

(४६) शिवदास—इनके विषय में कुछ भी ज्ञात नहीं हो सका है। इनका लिखा 'बैताल पचीसी' नामक ग्रंथ मिला है। इसकी भाषा से ये कोई राजपूताने के ही कवि प्रतीत होते हैं।

(४७) शिवनाथ—ये बलरामपुर के अधिवासी मोतीगिर नाम के किसी साधु के चेले थे। इनके पिता का नाम सभासिंह था। अपने गुरू के कहने से इन्होंने 'रोशन नाटक' नाम का ग्रंथ सं० १७८७ में बनाया था। यह नाटक नहीं, बल्कि एक खंडकाव्य है जो काबुल के बादशाह मलूकशाह के चार पुत्रों के विषय में प्रचलित जनश्रुति के आधार पर रचा गया है। मलूकशाह के बाद कौन उनकी गद्दी पर

बिठाया जाय, इस बात का निर्णय करने के लिये उनका दीवान उनके चारों पुत्रों को यह कर विदेश में भेजता है कि उनमें से जो सबसे अधिक वीरता का काम कर घर लौटेगा वही गद्दी का अधिकारी होगा। बादशाह का सबसे छोटा लड़का इस परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध होता है और अंत में उसी को क़ाबुल का राज्य मिलता है। संक्षेप में यही इस कहानी की रूप-रेखा है। इसी के आधार पर 'रोशन नाटक' की रचना की गई है। ग्रंथ की शैली मधुर और भाषा विषयानुकूल सरल है।

(४८) साँया भूला—ये भूला खाँप के चारण ईडर नरेश महाराजा कल्याण-सिंह के आश्रित थे। इनका रचना काल सं० १६४० के लगभग है। इन्होंने 'नाग-दमण' नाम का एक छोटा सा ग्रंथ डिंगल भाषा में बनाया जिसमें वीर और वात्सल्य रस का अच्छा स्फुरण हुआ है।

(४९) सालुव—इनका 'हरि चरित्र' नाम का एक ग्रंथ उपलब्ध हुआ है। इसमें इन्होंने न तो अपने जीवन-इतिहास पर कुछ प्रकाश डाला है, और न ग्रंथ का निर्माण-काल लिखा है। लेकिन कविता-शैली से ये कोई काव्य-कलाभ्यासी व्यक्ति मालूम होते हैं। इनका नाम 'सालुव' भी नया सुनने में आया है। संभव है, लिपि-कार ने भूल से 'साँवलु' (श्यामल का राजस्थानी रूप) के स्थान पर 'सालुव' लिख दिया हो। लेकिन यह कोरा अनुमान ही है। हस्तलिखित प्रति में तीन-चार बार इनका नाम आया है और सभी जगह 'सालुव' ही लिखा गया है। रचना व्यवस्थित और मनोहारिणी है।

(५०) सिद्धसेन—ये खरतरगच्छीय जैन साधु थे। इनका रचना-काल सं० १५५६ है। इन्होंने 'विक्रम पंच दंड चौपई' नाम का ग्रन्थ लिखा जिसकी भाषा गुजराती-राजस्थानी का मिश्रण है। ग्रन्थ भाषा-शास्त्र की दृष्टि से महत्व का है।

(५१) सुमतिहंस—इनका लिखा 'विनोद रस' नामक ग्रन्थ प्राप्त हुआ है। यह सं० १६६१ में जोधपुर में लिखा गया था। इसकी भाषा गुजराती मिश्रित राज-स्थानी है। भाषा-शैली से सुमतिहंस कोई जैन कवि प्रतीत होते हैं।

(५२) हरिनाम—इनका आविर्भाव-काल सं० १७०० के लगभग है। इनका लिखा 'रसोई लीला' नामक छोटा सा ग्रन्थ उपलब्ध हुआ है, जो व्रजभाषा में है। रचना साधारण है।

(५३) हरिराय—इनके जन्म, वंश आदि के विषय में कुछ भी विदित नहीं है। कविता-काल सं० १८३१ से पहले है। इनकी लिखी 'सुदामा जी री बारपड़ी' नामक छोटी सी पुस्तक मिली है। कविता साधारण है।

(५४) हीरकलश—ये खरतरगच्छीय जैन साधु देवतिलक के शिष्य हर्षप्रभु के चेले थे। इनका 'सिंहासन बत्तीसी' नामक ग्रंथ मिला है जिसका रचनाकाल सं० १६३६ है। विशेष वृत्त ज्ञात नहीं है।

(५५) हेमरत्न सूरि—ये मेवाड़ के जैन साधु थे। इनके गुरू का नाम पद्मराज था। इनका 'पद्मिनी चौपई' नामक एक ग्रंथ उपलब्ध हुआ है जो सं० १७६० में रचा गया था। यह ग्रंथ इन्होंने मेवाड़ के महाराणा अमरसिंह (दूसरे) के राजत्व-काल में कुंभलमेर में लिखा था। इसमें मेवाड़ की इतिहास प्रसिद्ध महाराणी पद्मिनी की कथा का वर्णन है। ग्रन्थ जायसीकृत पद्मावत की छायापर लिखा गया प्रतीत होता है। इसकी भाषा बोलचाल की राजस्थानी है। रचना सरस और मनोहारिणी है।

(५६) हृदयानन्द—ये मेवाड़ के महाराणा संग्रामसिंह (दूसरे) के आश्रित थे। इन्होंने 'शकुन समंधर सार' नाम का एक ग्रंथ सं० १७६० में लिखा था। यह वर्षा-विज्ञान का ग्रन्थ है। रचना सरल और मधुर है। दो एक दोहे देखियेः—

तारे अति झलमल करै अंबर हरियो रंग।
जल नहीं मावै मेदिनी, अनभय जोग उपंग॥
अंबर छायो तो तरुन, सुणौ पियारे मित।
ज्यांम दोय के तीन में, जलथल ठेलि भरंत॥
तीतर पंख सु बादुरी, यह पंछी मति जानि।
ज्यांम दोय के तीन में, मुकता मेघ वखानि॥

परिशिष्ट २

[उन कवियों की नामावली जो पहले से ज्ञात थे पर जिनके इस खोज में मिले हुए ग्रंथ नवीन हैं]

नं०	ग्रंथकार का नाम	ग्रंथ का नाम	रचना काल	लिपिकाल
१	अनंतदास	भक्त-परचई	सं० १६४५	सं० १८३१
२	तत्ववेत्ता	तत्ववेत्ता रा सवैया	×	×
३	तुलसीदास	मनोरथ वल्लरी	सं० १७७४	सं० १७६३
४	धर्मदास	अशोगपर्व	×	सं० १८६३
५	ध्रुवदास	वृन्दावन-महात्म	सं० १६८६	सं० १७६३
६	पृथ्वीराज राठौड़	दसम भागवत रा दूहा	×	×
७	महाराजा जसवंतसिंह (जोधपुर)	इच्छा-विवेक	×	सं० १७३३
८	महाराजा जैसिंह जूदेव (रीवाँ)	(१) अनुभव प्रकास	×	सं० १८६१
		(२) उभयमतसार	×	सं० १८६१
		(३) कृष्णचरित्र	×	सं० १८६१
९	महाराजा विश्वनाथ-सिंह जू देव (रीवाँ)	(१) अयोध्या जी के भजन	×	सं० १८६१
		(२) अयोध्या-महात्म	सं० १८६०	सं० १८६१
		(३) चित्रकूट-महात्म	×	सं० १८६१
		(४) राजनीति रा दूहा	×	सं० १८६१
		(५) विनयमाल	×	सं१ १८६१
		(६) शिकार की कविता	×	सं० १८६१
		(७) हनुमान जी की कविता	×	सं० १८६१
१०	मोहनदास	दत्तात्रेय-लीला	×	सं० १७२४
११	रसपुंजदास	चमत्कार चंद्रोदय	×	सं० १८६६
१२	रसिकराय	रास-विलास	सं० १७५५	सं० १८००
१३	रामराय	मनोरथ वल्लरी	×	सं० १८८९
१४	लालदास	भय चिंतामणि	×	सं० १७२४
१५	व्यास	रास	×	सं० १७२४
१६	वीरभद्र	ब्रजलीला	×	सं० १८७६
१७	हरिवल्लभ	(१) रागमाला	×	सं० १८१६
		(२) संगीतदर्पण	×	सं० १८८९

परिशिष्ट ३

[उन ग्रंथकारों की नामावली जो अभी तक अज्ञात थे व जिनका मिश्रबंधु विनोद में उल्लेख नहीं है]

नं०	ग्रंथकार का नाम	ग्रंथ का नाम	रचना काल	लिपिकाल
१	ईसरदास	(१) हरिरस	×	सं० १७४४
		(२) गुण हरिरस	×	सं० १८३१
		(३) हालाँ झालाँ रा कुंडलिया	×	×
२	कल्याणदास	गुण गोव्यंद	सं० १७००	सं० १७२५
३	किशन जी आढ़ा	(१) भीम विलास	सं० १८७६	सं० १८८०
		(२) रघुवर जसप्रकास	सं० १८८१	सं० १८८१
४	किशोरदास	राजप्रकास	×	सं० १७१६
५	कुशललाभ	ढोला मारू री चौपई	सं० १६१७	सं० १७२५
६	केसौराय	(१) केसौ सागर	×	×
		(२) रुक्मिणी मंगल	सं० १७५०	सं० १७५२
७	खेतसी	भाषा भारथ	सं० १७६०	सं० १८२२
८	गणेशदास	सुदामा चरित्र	×	सं० १८३१
९	गरीबगिर	जोग पावड़ी	×	×
१०	जल्ह	बुद्धि रासौ	×	सं० १७०४
११	जवानसिंह	जवानसिंह जी री कविता	×	सं० १८८३
१२	जसविजय	समाधि तंत्र	×	सं० १८८१
१३	जान	रस मंजरी	सं० १७०६	×
१४	जोगीदास	हरि-पिंगल-प्रबंध	सं० १७२१	सं० १७२५
१५	दाम	मदन सतक	×	सं० १७३५
१६	देवकरण	वाराणसी-विलास	सं० १८०३	सं० १८०३
१७	देवीदास	अनूपकृष्ण-चंद्रिका	सं० १७३१	सं० १७३४
१८	नंदराम	(१) जग-विलास	×	सं० १८७८
		(२) शिकार-भाव	सं० १७६०	सं० १८००
१९	नरपतो	राजा रिसालू री वात	×	सं० १८२२
२०	नवनीतराय	रसप्रकास	सं० १७८२	सं० १७६४
२१	प्रतापसिंह	चंदकुंवर री वात	सं० १५४०	सं० १८२२
२२	फतहराम	पंचाख्यान	सं० १६०४	सं० १६०४

२३	बादर	निसाँणी वीरमाण री	×	सं० १८८३
२४	बालकृष्ण	सुदामा चरित्र	×	×
२५	भद्रसेन	चंदन मलियागिर री वात	×	सं० १७६७
२६	भांन	संकट हरण	×	×
२७	मदनेश	सज्जन-प्रकाश	सं० १६३४	सं० १६३४
२८	माधौदास	गज-मोप	×	×
२९	माधौदास	वनपरिक्रमा	×	×
३०	मारकंडेलाल	सज्जन-विनोद	सं० १६३१	सं० १६३१
३१	मुरली	(१) अश्वमेध यज्ञ	सं० १७५५	सं० १८१७
		(२) त्रिया-विनोद	सं० १७६३	सं० १८००
३२	लब्धोदय	पद्मिनी चरित्र	सं० १७०७	सं० १८२३
३३	शिवदास	रस सरस	सं० १७६४	सं० १७६५
३४	शिवदास	वैताल पचीसी	×	सं० १७६५
३५	शिवनाथ	रोशन नाटक	सं० १७५७	सं० १८६८
३६	साँया झूला	नाग दमण	×	सं० १७२४
३७	सालव	हरि चरित्र	×	सं० १८२६
३८	सिद्धसेन	विक्रम पंच दंड चौपई	×	सं० १५५६
३९	सुमतिहंस	विनोद रस	सं० १६६१	×
४०	हरिनाम	रसोई-लीला	×	सं० १७२४
४१	हरिराय	सुदामा जी री बारपड़ी	×	सं० १८३१
४२	हृदयानंद	शकुन समंछर सार	सं० १७६०	×
४३	हीर कलश	मिंहासन बत्तीसी	सं० १६३६	सं० १६४६
४४	हेमरत्न सूरि	पद्मिनी-चौपई	सं० १६६०	सं० १७०१

परिशिष्ट ४

[उन ग्रंथों की नामावली जिनके रचयिताओं के नाम ज्ञात नहीं हैं]

नं०	ग्रंथ का नाम	रचना काल	लिपिकाल
१	अचलदास खीची री वात	×	सं० १८२२
२	अनंतराय सांखला री वात	×	सं० १८०७
३	उदयपुर री ख्यात	×	×
४	ढोला मारू री वात	×	सं० १७६५
५	पना वीरमदे री वात	×	सं० १६१४
६	फूल चेतनी	×	×
७	भगवती जयकर्ण स्तोत्र	सं० १६४८	सं० १७४६
८	मृगसंवाद	×	सं० १८५५
९	रत्न परीक्षा॥	×	सं० १८५७
१०	बीजा सोरठ री वात	×	सं० १८२२
११	सदैवछ सावलिंगा री वात	×	×
१२	सूरजवंश	×	×
१३	हय दर्पण	सं० १७३२	सं० १८२३

॥इसी नामका एक ग्रंथ जैन कवि मथन रत्नशेखर ने भी लिखा है। लेकिन यह उससे भिन्न किसी दूसरे कवि की रचना है।